सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-28 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 16 जुलाई 2024
09 मोहर्रम 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# एएसआई ने भोजशाला का सर्वे पूरा कर हाईकोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

**छानबीन**

- भोजशाला पर 2000 पन्नों की रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश
- सार्वजनिक नहीं होगी रिपोर्ट



**सुप्रीम कोर्ट भी जाएगा मामला**

भोजशाला के मसले पर एक पक्ष पहले ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई को निर्देश दिया था कि साइंटिफिक स्टडी करने के दौरान भोजशाला के भौतिक ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। साथ ही हाईकोर्ट को यह सख्त निर्देश दिए थे कि वह फिलहाल इस पर कोई निर्णय नहीं ले सकेगा। एएसआई ने कार्बन डेटिंग, जीपीएस सहित अन्य तकनीक इस सर्वे में अपनाई है। भोजशाला के बड़े हिस्से में खुदाई भी की गई है। दावा किया गया है कि खुदाई के दौरान पुरानी मूर्तियों के अवशेष, धार्मिक चिह्न मिले हैं। अफसरों ने सर्वे की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई है। सर्वे रिपोर्ट में खुदाई में मिले अवशेषों के फोटो भी प्रस्तुत किए गए।

**इंदौर।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने धार जिले में स्थित भोजशाला का सर्वे पूरा कर अपनी दो हजार पेज की रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच को सौंप दी है।

अब 22 जुलाई को इस मसले पर सुनवाई होगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 23 साल पहले लागू की गई व्यवस्था को क्या हाईकोर्ट इस रिपोर्ट के आधार पर बदल देगा? धार जिले के इस 11वीं सदी में बने परिसर का विवाद नया नहीं है। हिंदू समुदाय भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है। मुस्लिम पक्ष कमाल मौला मस्जिद कहता है। हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस की याचिका पर हाईकोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को आदेश दिया था कि वह छह हफ्ते में भोजशाला परिसर की साइंटिफिक स्टडी कर अपनी रिपोर्ट सौंपे। हालांकि, रिपोर्ट सौंपने के लिए एएसआई ने और वक्त मांगा। तीन बार समय बढ़ाया गया। चार जुलाई को हाईकोर्ट ने एएसआई को निर्देश दिए थे कि 15 जुलाई तक अपनी पूरी रिपोर्ट सौंप दें।

हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस के वकील एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इस मामले में एएसआई रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। एएसआई रिपोर्ट ने हमारे केस को मजबूत किया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच के सामने हमने कहा था कि यह परिसर एक हिंदू मंदिर का है। इसका इस्तेमाल मस्जिद की तरह हो रहा है। 2003 में एएसआई ने जो आदेश पारित किया था, वह पूरी तरह गलत है।

**संसद सुरक्षा चूक केस : दिल्ली पुलिस ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट**

# यूएपीए के तहत आरोपियों के खिलाफ चलेगा केस

**याचिका**

- 1000 पन्नों का आरोपपत्र दायर
- संसद की सुरक्षा में हुई थी चूक
- दिल्ली पुलिस ने धारा 16 और 18 के तहत अभियोजन का अनुरोध किया था



**नई दिल्ली।** संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस मामले में अब आरोपियों को दो अगस्त को कोर्ट में पेश किया जाएगा और सुनवाई होगी।

इस मामले में दिल्ली के राज्यपाल वीके सक्सेना ने सभी आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत केस चलाने की मंजूरी दी है। अब पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दायर कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सात जून को इस मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद के खिलाफ करीब 1000 पन्नों का आरोपपत्र दायर किया था। इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छह आरोपियों पर गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। इन लोगों पर 13 दिसंबर 2023 को सदन की कार्यवाही के दौरान संसद पर कथित रूप से हमला करने का आरोप है। आरोप है कि मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम, ललित झा और महेश कुमावत नामक लोगों ने संसद में अवैध रूप से प्रवेश किया। साथ ही चालू सत्र के दौरान लोकसभा में धुएं के कैन फेंके।

# नीट-यूजी विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**निर्देश**

- 18 जुलाई को फिर होगी सुनवाई
- नया बैच भी शीर्ष अदालत में हो स्थानांतरित



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिकाओं पर निजी पक्षों को नोटिस जारी किये। इन याचिकाओं में एजेंसी के खिलाफ विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है ताकि मुकदमों की अधिकता से बचा जा सके। इससे पहले, पीठ ने 14 जून को एनटीए की इसी तरह की याचिकाओं पर पक्षकारों को नोटिस जारी किए थे।एनटीए ने प्रस्तुत किया था कि प्रश्नपत्र लीक और अन्य कदाचार के आरोपों पर राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 को रद्द करने की मांग वाली कई याचिकाएं कई उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। एनटीए की ओर से पेश अधिवक्ता वर्धमान कौशिक ने सोमवार को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ से आग्रह किया कि याचिकाओं का नया बैच भी शीर्ष अदालत को स्थानांतरित किया जाए क्योंकि वे एक ही मुद्दे से संबंधित हैं। पीठ ने आगे कहा कि नोटिस जारी करें और टैग करें। साथ ही कहा कि इन याचिकाओं पर भी 18 जुलाई को नीट-यूजी विवाद पर लंबित याचिकाओं के साथ सुनवाई की जाएगी। एनटीए ने पीठ से विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित कार्यवाही पर रोक लगाने का भी आग्रह किया। सीजेआई ने कहा कि एक बार जब सुप्रीम कोर्ट ने स्थानांतरण याचिकाओं पर नोटिस जारी कर दिया है, तो उच्च न्यायालय प्रक्रियात्मक रूप से सुनवाई आगे नहीं बढ़ाते हैं। पीठ ने एनटीए के वकील से कहा कि वे इसे संबंधित उच्च न्यायालयों के संज्ञान में लाएं। शीर्ष अदालत विभिन्न उच्च न्यायालयों से मामलों को अपने पास स्थानांतरित करने की मांग वाली पांच याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

# केपी शर्मा बने नेपाल के पीएम

## चौथी बार बने नेपाल के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति पौडेल ने दिलाई शपथ

- चीन के प्रति नरम रुख के लिए जाने जाते हैं ओली
- ओली ने पीएम पद पर पुष्प कमल दहल प्रचंड की जगह ली

**काठमांडू।** केपी शर्मा ओली ने नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। सोमवार को काठमांडू के शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में एक विशेष समारोह में ओली ने पीएम पद की शपथ ली। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नेपाल के पीएम के तौर पर ओली का यह चौथा कार्यकाल है, वह पूर्व में तीन बार पीएम पद पर रह चुके हैं। ओली ने पीएम पद पर पुष्प कमल दहल प्रचंड की जगह ली है। पुष्प कमल दहल ने शुक्रवार को संसद में बहुमत साबित ना कर पाने का बाद पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति पौडेल ने राजनीतिक दलों को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया था। राष्ट्रपति के बुलावे पर 72 वर्षीय ओली अपने नए गठबंधन सहयोगी नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के साथ प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश करने के लिए राष्ट्रपति कार्यालय पहुंचे थे। ओली ने अपने समर्थन में 166 सांसदों (कांग्रेस के 88 और यूएमएल के 78) के हस्ताक्षर वाला पत्र पेश किया था।

**पीएम नरेंद्र मोदी ने दी बधाई**



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को पीएम बनने पर बधाई दी है। मोदी ने दोनों देशों के बीच मैत्री के गहरे संबंधों को और मजबूत करने तथा परस्पर सहयोग को और बढ़ाने के लिए साथ मिलकर काम करने की उम्मीद जताई है। ओली के पीएम बनने ने भारत की दिलचस्पी को नेपाल की राजनीति में बढ़ा दिया है।



## पीएम मोदी से मिले हेमंत सोरेन


**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पांच महीने जेल में बिताने और जेल से रिहा होने तथा फिर से मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली मुलाकात थी। आपको बता दें कि झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इस चुनावी मौसम के बीच, झारखंड के मुख्यमंत्री की दिल्ली यात्रा और पीएम मोदी के साथ उनकी मुलाकात ने कई चर्चाओं को जन्म दिया है। इससे पहले 13 जुलाई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की थी।

## राज्यसभा में घटी बीजेपी की ताकत

**86 पर पहुंची संख्या**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पूर्ण बहुमत गंवाने के बाद अब बीजेपी को राज्यसभा में भी झटका लगा है। राज्यसभा में बीजेपी की संख्या 90 से नीचे आ गई है।

दरअसल, शनिवार को केंद्र सरकार की तरफ से नामित चार सांसदों का कार्यकाल खत्म हो गया. इसके बाद राज्यसभा में बीजेपी सांसदों की संख्या घटकर 86 हो गई है. इससे अब ह्ब्ब के पास ऊपरी सदन में 101 सांसदों की ताकत है, जो कि बहुमत से काफी कम है. राज्यसभा में फिलहाल 226 सदस्य हैं. 19 सीटें अभी खाली हैं. राज्यसभा में 19 सीटें अभी खाली राज्यसभा में जो 19 सीटें अभी खाली हैं उनमें जम्मू-कश्मीर से 4 और नामित सदस्यों की 4 सीटें हैं. वहीं, बाकी की 11 सीटें अलग-अलग राज्यों से हैं जिसमें असम, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश राजस्थान और त्रिपुरा का नाम शामिल है।




**सुप्रीम कोर्ट में सिब्बल ने की अब्दुल्ला की पैरवी**

## पायल से 15 साल से अलग रह रहे हैं, तलाक की मंजूरी दे दीजिए



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने तलाक के मामले में सुप्रीम अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अब्दुल्ला की अर्जी पर अदालत ने उनकी पत्नी पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अब्दुल्ला ने अदालत से कहा कि हमारी शादी टूट चुकी है और अब रिश्ते सुधर नहीं सकते। इसलिए तलाक चाहिए।

इस पर न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी किया और छह सप्ताह के भीतर उनसे जवाब मांगा। इसके साथ ही कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तारीख तय की है। उमर अब्दुल्ला का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, दोनों की शादी खत्म हो चुकी है। दोनों बीते 15 सालों से अलग रह रहे हैं। उनके बीच अब पति और पत्नी जैसा कोई रिश्ता नहीं है। उन्होंने पीठ से मांग की कि वह संविधान के आर्टिकल 142 में वर्णित अधिकार के तहत इस मामले में फैसला सुनाएं।

बता दें, शादियों को लेकर इस नियम का हवाला सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। इसके आधार पर किसी भी तलाक के मामले को वाजिब समझते हुए कोर्ट खुद शादी को भंग करने का आदेश दे सकता है। कपिल सिब्बल की दलील पर जस्टिस धूलिया और जस्टिस अमानुल्लाह ने पायल को नोटिस जारी किया है।

# बिना विलंब सुधारे जाएं ट्रांसफार्मर: योगी

**निर्देश**

- गांव हो या नगरीय क्षेत्र ट्रांसफार्मर खराब हो तो तत्काल सुधार हो: सीएम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ऊर्जा विभाग के मंत्री की उपस्थिति में प्रदेश में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए भविष्य के दृष्टिगत जारी प्रयासों की समीक्षा की।

बैठक में उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ-साथ सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियन्ताओं की भी सहभागिता रही। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बीते सात वर्षों में प्रदेश में सबको बिजली-निर्बाध बिजली का संकल्प पूरा हो रहा है। हर गांव-हर मजरे तक बिजली उपलब्ध पहुंचाई गई है। यह सुखद है कि आज बिना किसी भेदभाव अथवा वीआईपी कल्चर के आपूर्ति की जा रही है। इस बार भीषण गर्मी के बीच आमजन की सुविधा के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हुए 15 मार्च से 30 जून तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गई। विभिन्न हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट के अतिरिक्त आज प्रदेश में अनपरा, हरदुआगंज, ओबरा, पारीछा और जवाहरपुर में 22 थर्मल परियोजनाएं सफलतापूर्वक चल रही हैं। घाटमपुर, पनकी, ओबरा-सी और जवाहरपुर में निर्माणाधीन इकाइयों का कार्य तेजी के साथ पूरा करा लिया जाए। एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित हो रही ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा तापीय परियोजना-द्वितीय चरण के अलावा, टीएचडीसी के साथ निर्माणाधीन खुर्जा तापीय परियोजना का कार्य तेज किये जाने की अपेक्षा है। इन प्रयासों से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी।

रिहंद बांध, ओबरा जलाशय तथा इसके आस पास के क्षेत्र में पम्प स्टोरेज प्लांट स्थापित किये जाने की संभावना का अध्ययन कराया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2018-19 में एक दिन में सर्वाधिक 20062 मेगावॉट की मांग रही, जो इस सत्र में 13 जून को 30618 मेगावॉट तक पहुंच गई थी। आमजनता की आवश्यकता के दृष्टिगत इस वर्ष गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति की गई। मांग के सापेक्ष पर्याप्त बिजली आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित कराएं।

हर घर बिजली-निर्बाध बिजली के संकल्प की पूर्ति में विद्युत पारेषण तंत्र को और बेहतर किया जाना आवश्यक है। नए सब स्टेशन स्थापित करने से पूर्व वहां की आवश्यकता का अध्ययन जरूर किया जाए। अगले पांच वर्ष की आवश्यकता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करते हुए नए सब स्टेशनों की स्थापना कराई जाए। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि गांव हो या नगरीय क्षेत्र ट्रांसफार्मर खराब हो तो बिना विलंब तत्काल सुधार होना चाहिए।

**नियम-कायदे सख्त** | **वेटिंग से यात्रा करने पर रेलवे वसूलेगा भारी जुर्माना**

# कंफर्म टिकट लेकर ही ट्रेन में चढ़ें

**कड़ा रुख**

- नियम को लागू करने में स्टाफ की कमी आएगी आड़े



**मगध एक्सप्रेस में लिया जुर्माना**

शनिवार को पटना से नई दिल्ली आने वाली मगध एक्सप्रेस में इस तरह का मामला भी सामने आया। वेटिंग टिकट पर स्लीपर कोच में सवार यात्रियों को कोच से बाहर किया गया। साथ में उनसे 250 रुपये के करीब जुर्माना वसूला गया। जिनके पास वेटिंग टिकट नहीं था, उनसे 750 रुपया जुर्माना किया गया। मगध एक्सप्रेस से स्लीपर कोच संख्या-6 में सवार होकर नई दिल्ली स्टेशन पहुंचे यात्रियों का कहना था कि रेलवे पहले वेटिंग टिकट वालों को आरक्षित कोच से उतरने को मजबूर नहीं करता था। लेकिन अब सख्ती है।

**नई दिल्ली।** ट्रेनों के आरक्षित कोच में सफर करने की हरी झंडी अब सिर्फ उसे ही मिलेगी, जिनके पास कन्फर्म टिकट होगा। टिकट चेकिंग नियमों को लेकर रेलवे अब सख्त हो गया है।

वेटिंग टिकट पर सफर करने वाले मुसाफिरों की रिजर्व कोच में अब नो एंट्री हो गई है। अगर कोई ऐसा करता है तो उसे 250-440 रुपये के बीच जुर्माना देना पड़ेगा। साथ में अगले स्टेशन पर आरक्षित श्रेणी का कोच भी छोड़ना पड़ेगा। वहीं, अगर जनरल टिकट पर आरक्षित श्रेणी में कोई यात्रा करता है तो उसको ट्रेन शुरू होने से लेकर खत्म होने तक की दूरी का किराया और जुर्माना देना पड़ेगा। साथ में कोच भी छोड़ना पड़ेगा। रेल मंत्रालय की तरफ से हर जोन के रेलवे अधिकारियों को नियम-कायदे सख्ती से लागू करने के मौखिक आदेश दिए गए हैं। ट्रेनों में इन दिनों बेतहाशा भीड़ है। अभी से ही छठ व दिवाली के दौरान किसी भी नियमित ट्रेनों में आरक्षित बर्थ खाली नहीं है। ऐसे में रेलवे ने अपने पुराने कानून को सख्ती से लागू कर रहा है। अब कई रूटों की ट्रेन में उसी यात्री को यात्रा करने की मंजूरी दी जा रही है, जिनके पास उस कोच में कन्फर्म टिकट है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह कोई नया नियम नहीं है। यह पहले से रेलवे बोर्ड का सर्कुलर है। इतना जरूर है कि टिकट चेक करने की प्रक्रिया में सुधार किया जा रहा है ताकि वहीं यात्री सफर कर सके जिन्होंने पहले से आरक्षित बर्थ वाला कन्फर्म टिकट की बुकिंग की है। रेलवे अपने सभी विभागों में स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। टीटीई के साथ ही आरपीएफ के भी कई पद खाली है। एक ही टीटीई कई कोच का निरीक्षण करता है। ऐसे में इस नियम को सभी ट्रेनों में सख्ती से पालन कराना फिलहाल मुश्किल हो रहा है।

# आईएएस पूजा खेडकर की खुल गई पोल

- मेडिकल कॉलेज से आया सर्टिफिकेट का सच
- पूजा खेडकर पर लगातार कसता जा रहा शिकंजा
- पूजा ने मेडिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र किया था प्रस्तुत



**पुणे।** महाराष्ट्र कैडर की ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर इन दिनों चर्चा पर है। उन पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। अब पूजा खेड़कर के सर्टिफिकेट का सच भी सामने आ गया है। श्रीमती काशीबाई नवले मेडिकल कॉलेज और जनरल अस्पताल के निदेशक ने पूजा के सर्टिफिकेट्स को लेकर सच्चाई बताई है। श्रीमती काशीबाई नवले मेडिकल कॉलेज एवं जनरल हॉस्पिटल निदेशक अरविंद भोरे ने बताया की पूजा ने 2007 में प्रवेश लिया था। उन्हें सीईटी के माध्यम से प्रवेश मिला था, जहां उन्होंने आरक्षण के कुछ प्रमाण पत्र दिए थे। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र, जाति वैधता और गैर-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। उन्होंने मेडिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया था, जिसमें किसी विकलांगता का उल्लेख नहीं है। पूजा पर आरोप है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुने जाने के लिए उन्होंने दिव्यांगता और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा का कथित तौर पर दुरुपयोग किया था।

# सपा का प्रतिनिधिमंडल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया व्यापक दौरा और बाढ़ प्रभावित से समस्याओं को सुना

अवधनामा संवाददाता



- डीएम के द्वारा दिया गया मुख्यमंत्री को ज्ञापन
- पलिया, निघासन, गोला व लखीमपुर सदर तहसील के सैकडों ग्राम बाढ़ से प्रभावित

**लखीमपुर खीरी।** गत सप्ताह 7 जुलाई 2024 से शुरू आकस्मिक बाढ ने जनपद लखीमपुर खीरी में पलिया निघासन गोला व लखीमपुर सदर तहसील के सैकडों ग्राम बाढ से प्रभावित है तथा हजारों नागरिक की हजारों एकड फसल बर्बाद हुई है। दिनांक 10 जुलाई से समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल बाढ प्रभावित क्षेत्रों का व्यापक दौरा किया और बाढ प्रभावित से समस्याओं को सुना- राहत सामग्री की कमी, तमाम विकास कार्यो की आवश्यकता, भविष्य में क्षेत्र की स्थिति चिंता जनक हो जायेगी। मित्र राष्ट नेपाल से आने वाला अनियत्रित बाढ का पानी तथा बरसात का पानी भविष्य में और समस्याएं खडी करेगा। समस्याओं को हल कराने के निम्न बिंदुओं के माध्यम से मांग की बाढ पीडित अधिकांश स्थानो पर नदी के किनारे बंधो पर तथा घरों की छतों पर आश्रय लिए मिले जिन्हे त्रिपाल की आवश्यकता है। भविष्य में बाढ के समय राहत सामग्री के साथ त्रिपाल, पशुचारा तथा दवाईयों की आपूर्ति सुनिश्चित हो। राजस्व कर्मी कई गांवों में बाढ के तीसरे चौथे दिन तक भी नही पहुंच सके है पलिया के पास शारदा नदी द्वारा रेल पटरी व सडक कटने से बाढ ने मुखधारा का स्थान बदल दिया है और पलिया भीरा आवागमन बाधित हो गया है वहां के ग्राम अतरिया, पतवारा, धोबियाना, सैयदपुरवा, बिजौरिया, सरावनपुरवा, सरखना पश्चिम, खैरहना, बवौरा, नौगवां, विश्नुपुर, चौडी, खालेपुरवा, तथा धेबहा में फसल पूर्ण तरह बर्बाद है। तहासील गोला के विकास खण्ड बिजुआ में ग्राम जौहरो, गुजारा, तनसुखपुरवा, मुडिया, रूरा सुल्तानपुर, करसौर, बेचेपुरवा, हुजुरपुरवा, फुटहा, बेलहा, सिकिटहा, बलदेवपुरवा, रेवतीपुरवा, बझौडा, गडरियनपुरवा, बखिया खुर्द में फसल नष्ट हुई है। ब्लाक फूलबेहड के बालूगंज, गोपालपुरवा, खाम्भी, बडागांव, मेहदी, खामरिया, खगईपुरवा, बसहा, चफरीपुरवा आदि ग्राम में फसल प्रभावित है। ब्लाक निघासन की ग्राम पंचायत लुधौरी, दुबहा, गंगाबेहड ब्लाक रमियाबेहड तथा नेपाल सीमा के कीकर गंगानगर, खरैटिया आदि बुरी राहत प्रभावित है जहां पर फसलों की पूर्ति हेतु राहत सामग्री की आवश्यकता है नेपाल सीमा से आ रही मोहाना नदी व अन्य छोटी नदियों से अनियंत्रित पानी ने थारू क्षेत्र में ग्राम सोनहा में मोहाना से कटान को रोकने के लिए जियों बैक तत्काल लगवाये जाये तथा इस गांव के लिए नाव की व्यवस्था ग्राम देवराही ने नदी कटान कर रही है। 1500 से ज्यादा आबादी को खतरा है। ग्राम कीरतपुर में भी नेपाल से आये पानी ने एक सप्ताह जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है यहां पर तत्काल फसल क्षति का आंकलन जरूरी है तथा बाढ के कारण कई विकास कार्य क्षतिग्रस्त हुए निकी मरम्मत आवश्यक है जिनका विवरण निम्न है- नवनिर्मित टेलीफोन टावर कीरतपुर, मसानखम्भ, सुरसा व बंदर भरारी अभी शुरू नही हुये है कुछ की मशीने बाढ से प्रीाावित है इन्हे तत्काल शुरू करवाये जाए। ग्राम कीरतपुर विद्युत आपूर्ति हेतु मिनी सोलर पावर स्टेशन बाढ से क्षतिग्रस्थ है इसे ठीक करवाकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्राम परसिया में जनजाति बालिका छात्रावास प्रारम्भ हो। चन्दन चौकी स्थित परियोजना का अस्पताल का संचालन शून्य के बराबर है यहां करोड की मशीनों को उपयोग नही हो पर रहा है इसे सुचारू रूप से चलाया जायें प्रमुख कटान क्षेत्रों में तटबंध सुरक्षा- ग्राम सुजानपुर रामनगर बगहा ब्लाक रमियाबेहड घाघरा कटान कर रही है। ग्राम कीरतपुर सोनहा देवराही ब्लाक पलिया थारू क्षेत्र कटान से प्रभावित है। जसनगर ब्लाक रमियाबेहड में मोहाना व कारनाली नदी से कटान। ग्राम खैरटिया ब्लाक रमियाबेहड में कटान। ग्राम रननगर, गंगानगर से दीपनगर नेपाल बार्डर पर कटान। जंगल हसननगर में पुल तक संभावित कटान। ग्राम परसपुर तहसील पलिया में नाले की सफाई कराई जाये। खजुरिया से गोविन्दनगर मार्ग पर अलीशेर के खेत के पास सुतिया परर पुल। ग्राम धरमपुरी मजरा खजुरिया में सुतिया से लगभग 5 किलोमीटर लम्बे बांधो का निर्माण करया जाये। ग्राम मिर्चिया से हंसनगर तहसील पलिया के नाले की गहराई करके सफाई करायी जाये और जंगल के किनारे एक पुल बनाया जाय जिससे चारों तरफ बसे 5 गांवों का आवागमन ठीक हो सके।उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि जनपद का बडा हिस्सा बाढ प्रभावित है और अर्न्तराष्ट्रीय प्रसिद्ध दुधवा वन्य पार्क वन्य जीवन को भी क्षति हो रही है। सिंचाई विभाग की लापरवाही भी स्पष्ट हुई है। समाजवादी पार्टी ने प्रशासन से मांग की है कि बाढ प्रभावित कई क्षेत्रों में अभी भी राहत सामग्री की आवश्यकता है। कटान क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर तटबंध बनवाया जाये। सिंचाई विभाग अभिलम्ब शारदानगर के भूलनपुर साइफन, लौखनिया, सुखनी व मल्लबेहड की सफाई करवाए। फसलों के नुकसान के लिए अविलम्ब आकलन करवा कर क्षतिपूर्ति राहत किसानों को दी जाये। बाढ प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। भीरा पलिया एनएच रोड व मैलानी पलिया रेल मार्ग बाढ से कट गया है। जनहित में अविलम्ब मरम्मत कराकर चालू किया जाये जिससे आवगमन सुचारू रूप से चल सके। बाढ का स्थाई समाधान हेतु शारदा नदी को सीधा कर शारदा नदी के दोनो तरफ तटबंध का निर्माण कराया जाए। शारदानगर से खमरिया तक नदी के दक्षिणी तटबंध का भी निर्माण कराया जायें। आगामी तीन माह के वर्षा के मौसम को देखते हुए मोबाइल टावर, एम्बुलेस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बाढ से प्रभावित किसानों के सभी प्रकार के सरकारी कर्ज की व विद्युत बिल की वसूली तत्काल रोकी जायें। बाढ में डूबने से हुई मृत्यु पर लोगों को तत्काल मुआवजा दिया जाये। समाजवादी पार्टी के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। ज्ञापन देने के मौके पर समाजवादी पार्टी 28 खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा, जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व विधायक रामसरन, जिला महासचिव अंसार महलूद, प्रीतेन्द्र सिंह कक्कू, अशोक वर्मा, तृप्ति अवस्थी, शेरसिंह, अजय सिंह आदि सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## बच्चों से फीता कटवाकर किया गया नवनिर्मित पुलिस चौकी छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा गोला गोकर्णनाथ में नवनिर्मित पुलिस चौकी छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ का उद्घाटन विधिविधान से पूजा पाठ कर बच्चों से फीता कटवाकर किया गया पुलिस चौकी छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ मंदिर परिसर के नीलकंठ मैदान पर बनी इस पुलिस चौकी पर उप निरीक्षक पद के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं तथा आगामी सावन माह व श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत पुरुष व महिला आरक्षी के साथ साथ होमगार्ड की नियुक्ति भी की गई है पुलिस चौकी को आम नागरिकों व श्रृद्धालुओं की सुरक्षा हेतु विकसित किया गया है। पुलिस चौकी के माध्यम से सावन के मेले में श्रद्धालु की निरंतर मदद की जा सकेगी, मंदिर व मेला परिसर में सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लगातार सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जाएगी, पुलिस चौकी पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया जाएगा पुलिस चौकी के उद्घाटन के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय पत्रकार बंधुओ से प्रेस वार्ता की गई तथा भविष्य में छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की संभावना को देखते हुए पुलिस चौकी की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया पुलिस अधीक्षक द्वारा बर्ष-2023 के पिछले सावन माह मेला को सकुशल सम्पन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट एवं पुलिस वालेन्टियर (30 महिला व 70 पुरुष) को सम्मिलित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया इस अवसर पर विजय शुक्ल (रिकूं), चेयरमैन नगरपालिका परिषद, श्री-अजेन्द्र यादव, क्षेत्राधिकारी गोला, रमेश चन्द्र पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक गोला, सामाजिक संगठन, श्रृद्धालु आदि मौजूद रहे।

## पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम जारी

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी सदर, निघासन, धौरहरा, पलिया और गोला तहसील में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व, मार्गदर्शन में राहत किट वितरित कार्यक्रम जारी है। सभी प्रभावित तहसील क्षेत्र में एसडीएम, तहसीलदार जनप्रतिनिधियों के हाथों से प्रभावित परिवारों को राहत किट बाट रहे है।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर पीड़ित परिवारों को लगातार राहत सामग्री वितरण किया जा रहा है। फिर भी यदि कोई अपरिहार्य कारणों से छूट जाता है तो वह तहसील प्रशासन को अपना विवरण नोट करा दें सत्यापन के उपरान्त उन्हें भी राशन किट उपलब्ध करा दी जायेगी। जिले में फसलों की क्षति के आंकलन का कार्य भी युद्ध स्तर पर गतिमान है। शीघ्र ही प्रभावित किसानों को मुआवजा भी दिलाया जायेगा।आपदा की इस घड़ी में सरकार हर पीड़ित व्यक्ति कि साथ खड़ी है। जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की 02 कम्पनियां तथा पीएसी की एक कम्पनी बाढ़ बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

एसडीएम कार्तिकेय सिंह के नेतृत्व व अगुवाई में पलिया तहसील के बाढ़ प्रभावित ग्राम श्रीनगर और मझगई के सभी प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण किया गया। इस दौरान राजस्व अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से उनका दुख दर्द जानते हुए हर संभव मदद के लिए भरोसा दिया लखीमपुर सदर तहसील क्षेत्र के प्रभावित ग्राम गोपालापुर और खगईपुरवा के प्रभावित परिवारों को विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी और उप जिलाधिकारी (सदर) अश्विनी कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अश्विनी कुमार ने खाद्यान्न किट प्रदान की। इस दौरान विधायक मंजू त्यागी ने प्रभावित परिवारों को भरोसा देते हुए कहा कि घबराने की नहीं है बात, प्रदेश सरकार है आपके साथ धौरहरा एसडीएम राजेश कुमार ने बाढ़ प्रभावित ग्राम गोढ़ी, कैरातीपुरवा, ईसापुर, सैनापुर सहित विभिन्न ग्रामों में भ्रमणशील रहकर प्रभावित परिवारों को फूड पैकेट का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ स्वयं भी फूड पैकेट खाया और उन्हें हर संभव मदद के लिए भरोसा दिलाया निघासन एसडीएम राजीव कुमार निगम व तहसीलदार भीमसेन ने तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुखदर्द जाना। आश्वस्त किया कि आपदा की इस घड़ी में पूरा शासन-प्रशासन हर पीड़ित के साथ पूरी संवेदनशीलता से खड़ा है। प्रत्येक पीड़ित तक हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। एसडीएम में तहसीलदार संग छतुईपुरवा में 500, उद्धवनगर में 250 खाद्यान्न किट का वितरण किया एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने तहसीलदार सुखबीर सिंह के साथ तहसील क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान ग्राम बझेड़ा में 210 व ग्राम रूरा सुल्तानपुर में कुल 290 इस प्रकार कुल 500 राहत किटों का वितरण विधायक प्रतिनिधि अजय गिरी उर्फ़ शफ़्लू ने एसडीएम विनोद गुप्ता, तहसीलदार संग तहसील टीम गोला के साथ बाढ़ पीड़ितों को वितरित किया गया। प्रशासन इस आपदा का युद्ध स्तर पर मजबूती से सामना कर रहा है। संकट की इस घड़ी में केंद्र-राज्य सरकार हर पीड़ित के साथ खड़ी है।मिलने वाली प्रत्येक ड्राई राशन किट में लाई (धान की ) 05 किग्रा, भूना चना 02 किग्रा, गुण (प्लास्टिक पैक में) 01 किग्रा, बिस्कुट 10 पैकेट (50 ग्राम प्रति पैकेट ), मचिस 01 पैकेट (06 पीस प्रति पैकेट ), मोमबत्ती मोटी 50 ग्राम प्रति पैकेट 01 पैकेट, नहाने के साबुन 02, जरीकेन 01 (20 लीटर), तिरपाल 01, आटा और चावल 10-10 किग्रा, अरहर दाल 02 कि0ग्रा0, आलू 10 किग्रा, हल्दी 200 ग्राम, मिर्च 100 ग्राम, सब्जी मसाला 200 ग्राम, सरसों का तेल एक लीटर, नमक आयोडाइज्ड एक किग्रा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### 16 से 22 जुलाई तक मनाया जायेगा भूजल सप्ताह

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल संरक्षण को लेकर जनसामान्य के मध्य जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले में 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह मनाया जाएगा। आयोजन के लिए इस वर्ष का मुख्य विचार बिन्दु जल संरक्षण का करो प्रयास- जल ही है जीवन की आस रखा गया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि भूजल संरक्षण का संदेश आम जनता तक पहुँचे और वह इसके प्रति संवेदनशील बन सके। इस अवधि में भूगर्भ जल संपदा के महत्व के प्रति आम जनमानस को जागरूक किया जाएगा। भूजल संरक्षण के प्रति जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यालयों में जागरूकता एवं प्रचार- प्रसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भूजल सप्ताह के सफल क्रियान्वयन के लिए डीएम ने निर्देश दिए कि बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा एवं अन्य राजकीय शिक्षण संस्थाए अपने नियंत्रणाधीन स्कूल-कालेजों विश्वविद्यालयों व शैक्षिक संस्थानों में परिचर्चा, संवाद, निबन्ध, वाद-विवाद, चित्रकला, स्लोगन राइटिंग कंपटीशन, कठपुतली प्रदर्शन, लोक नृत्य, गीत, नुक्कड नाटक आयोजन, पोस्टर्स, होर्डिंग, बैनर्स, प्रदर्शनी, मेलों, उत्सव आयोजन, पद यात्राओं, रैलियो, संगोष्ठियों, साइकिल परेड कार्यक्रम आयोजित किया जाए। आयोजन के लिए सम्बन्धित अधिकारी जरूरी दिशा निर्देश निर्गत करते हुये कार्यक्रम के आयोजन का अनुश्रवण करेगें। जन सामान्य की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से डीएम ने अफसरो को निर्देश दिए कि केन्द्रीय संस्थानों/ प्रतिष्ठानों, गैर-सरकारी संगठ्नों एवं स्वंय सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठ्नों का भी यथासम्भव सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाए।

### तीन नफर वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी -थाना नीमगांव पुलिस द्वारा 03 नफर वारंटी अभियुक्तों 1. बीरु पुत्र चन्द्रिका लोनिया निवासी ग्राम तिगोडवा थाना नीमगाव जनपद खीरी को मा0 न्या0 के मु0न0 945/19 राजप्रति वीरु धारा 4/25 एक्ट थाना नीमगांव 2. ओमकार पुत्र दिल्लीपति निवासी ग्राम नीमगाव थाना नीमगाव जनपद खीरी को मा0 न्या0 के मु0नं0 587/21 राज्यप्रति ओमकार जि0पं0अधि0 नीमगांव 3. जसीव पुत्र जाहिद खा निवासी ग्राम मलिकपुर थाना नीमगांव जनपद खीरी को मा0न्या0 के मु0न0 4327-15 धारा 3/8 व 11(1)क पशुक्रूरता अधि0 थाना नीमगांव को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### ऑनलाइन उपस्थिति का शिक्षकों ने किया विरोध

**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** विभिन्न संगठ्नों से जुड़े शिक्षकों ने ऑनलाईन उपस्थिति के विरोध में जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कर्मचारी संयुक्त मोर्चो के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चे के घटक संगठ्नों के जिलाध्यक्षों ने कहा कि हमें ऑनलाइन उपस्थिति देने से कोई गुरेज हैं, लेकिन उससे पहले शिक्षकों की मूलभूत मांगो को पूरा किया जाये।

## चोरी की चार बाईकों समेत दो शातिर वाहन चोर दबोचे गये

**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने 02 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी की 04 मोटर साइकिल व 01 बन्दूक पौना 12 बोर व 05 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किए है। पुलिस ने शातिर वाहन चोरों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना बिहारीगढ़ प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके व उपनिरीक्षक विनित चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज 02 शातिर वाहन चोर अमित उर्फ बोना पुत्र रतन व भीम पुत्र शिवराज सिंह निवासीगण ग्राम भगवतपुर थाना बिहारीगढ़ को सुन्दरपुर कुरडी खेड़ा मार्ग से पटाखा फैक्ट्री की तरफजाने वाले तिराहे पर वाहनों की चैंकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए वाहन चोरों के कब्जे से 04 मोटर साइकिल व 01 बन्दूक पौना 12 बोर व 05 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह दोनों अपने एक अन्य साथी जो ग्राम खुशहालीपुर का रहने वाला है, उसके साथ मिलकर छुटमलपुर, फतेहपुर, बेहट व सहारनपुर शहर से अलग-अलग जगहों से मोटर साईकिल चोरी करके बेच देते हैं। हमें जो पैसा मिलता है उसे आपस में बांट लेते है।

## सीडीओ ने गोवंश पशुओं के टीकाकरण के लिए पशु चिकित्सा वाहनों को किया रवाना

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 जुलाई 2024 से 30 अगस्त 2024 तक गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में खुरपका



मुँहपका रोग (एफ0एम0डी0) टीकाकरण अभियान के चतुर्थ चरण का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय के द्वारा विकास भवन से पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपद में समस्त पशुपालकों के कुल 855500 गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं को निःशुल्क टीकाकरण द्वारा आच्छादित किया जायेगा। अभियान की अवधि 15 जुलाई से 30 अगस्त 2024 कुल 45 दिवसों तक विकास खण्ड स्तरीय उप मुख्य / पशु चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में गठित अधीनस्त पशुधन प्रसार अधिकारियों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं पशुमित्रों / वैक्सीनेटर्स आदि की टीमों द्वारा किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं उसके मजरों में पशुपालकों के द्वार पर उनके गोवंशीय महिषवंशीय पशुओं तथा संचालित समस्त अस्थायी / स्थायी गोवंश आश्रय स्थलों, वृहद गो-संरक्षण केन्द्रों तथा कान्हा उपवनों में संरक्षित निराश्रित / बेसहारा गोवंशों को खुरपका मुँहपका रोग से बचाव हेतु निःशुल्क टीकाकरण किया जायेगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने कहा है कि समस्त कृषकों / पशुपालकों से अपेक्षा है कि पशुपालन विभाग के कर्मचारियों द्वारा आपके पशुओं में लगाये जाने वाले ईयर टैग/कान का छल्ला लगवाने में अनिवार्य रूप से सहयोग करें। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार, नोडल अधिकारी डा0 पी0एस0 निरंजन, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर डा0 संजय कुमार सिंह व पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी आदि कार्मिक मौजूद थे।

# अंतरराज्यीय गिरोह के दो शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों से दो लाख 15 हजार रुपये, बाइक और तमंचा व कारतूस हुए बरामद

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से दो लाख 15 हजार रुपये, बाइक और तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपियों में मनोज कुमार उर्फ राहुल बस्ती और किशोर बिहार के कटिहार जिले का रहने वाला है। दोनों वर्तमान में भटपुरवा कॉलोनी थाना गोला (लखीमपुर खीरी) में रहते थे। पुलिस ने सोमवार सुबह गोमती पुल के पास से दोनों को गिरफ्तार किया लूट की घटना के अनावरण के लिए 40 सीसीटीवी फुटेज बैंक से लेकर और आने जाने वाले रास्ते तक के खंगाले गए, जिसमें कई स्थानों से इनके फुटेज प्राप्त हुए। टीम ने विभिन्न स्थानों पर जाकर जानकारी जुटाई। दोनों आरोपी बैंकों में जाकर वृद्ध/ कमजोर व्यक्ति को चिन्हित करते थे, जो पैसे निकाल रहे हों। बैंक में घुसते समय हमेशा इनमें से एक के पास कोई न कोई एक थैला रहता था, जिसमें पासबुक रहती थी, ताकि जरूरत पड़ने पर यह बता सके कि हम पैसा निकालने आए हैं बैंक के ग्राहक रकम को बाइक या स्कूटी की डिग्गी में रखते थे आरोपी मौका मिलते ही डिग्गी तोड़कर रकम निकाल लेते थे अगर चिन्हित व्यक्ति नहीं रुका तो उससे छीन लेते थे। आरोपी मनोज बाइक चलाता था। किशोर पीछे बैठकर रकम छीनने का काम करता है शातिर मनोज कभी भी अपने साथ मोबाइल नहीं रखता है। उसके विरुद्ध प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बहराइच, कुशीनगर, बस्ती, अयोध्या, बनारस, मऊ, बरेली आदि में लगभग 31 मुकदमे दर्ज हैं मनोज थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती का हिस्ट्रीशीटर भी है इसकी मां के खिलाफ भी गैंगस्टर आदि के मुकदमे हैं आरोपी किशोर भी शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध बिहार के कटिहार व बेतिया जिले में कई मुकदमे पंजीकृत हैं और यह सजायाफ्ता भी है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25000 रुपये से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

सीतापुर के कोतवाली इलाके में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सीतापुर से दो लाख रुपये चोरी किए सीतापुर के कोतवाली इलाके में पक्का पुल पर मीट की दुकान के सामने से 20 हजार रुपये लूटे सीतापुर के कोतवाली इलाके में एसडीएम ऑफिस के पास से 20 हजार रुपये लूटे खीरी के थाना मोहम्मदी इलाके में एचडीएफसी बैंक के बाहर ठेले के पास गोला मोहम्मदी रोड से तीन लाख रुपये से भरा थैला चोरी किया था खीरी के थाना मोहम्मदी इलाके में गुरुद्वारा गेट के पास से एक लाख 60 हजार रुपये छीने थे खीरी के मितौली इलाके में कस्बा कस्ता मितौली में प्रमोद मेडिकल स्टोर के सामने 50 हजार रुपये का बैग चोरी किया।

### 480 नशीले कैप्सूल बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**बेहट।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान कार सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर बिक्री हेतु ले जाए जा रहे 480 नशीले कैप्सूल बरामद किए है। पुलिस द्वारा पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। थाना मिर्जापुर प्रभारी बीनू सिंह ने बताया कि सोमवार को मिर्जापुर पुलिस बादशाही बाग बैरियर चौकी पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान बेहट की ओर से आ रही एक कार संख्या एचपी 17 डी-1889 आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को रुकवा कर जब उसकी तलाशी ली तो उसमें 480 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने कार चालक अवनीश कुमार पुत्र स्व. महेंद्र सिंह निवासी शमशेरपुर, थाना पोंटा, जनपद सिरमौर, हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह बेहट से नशीले कैप्सूल खरीद कर हिमाचल प्रदेश में बेचता है। पुलिस द्वारा पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफसंबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर व वृक्षारोपण कार्यक्रम

**सहारनपुर।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में प्रख्यात समाज सेवी सतपाल महाराज की प्रेरणा व गुरुपूजा के उपलक्ष्य में निशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन के साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया। स्थानीय आईटीसी रोड स्थित मानव कल्याण आश्रम में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर व वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व काबीना मंत्री साहब सिंह सैनी के बेटे मयंक सैनी, पार्षद अमित त्यागी व पार्षद अनिल गर्ग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने आश्रम के पदाधिकारियों के साथ पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। निशुल्क चिकित्सा शिविर मे डॉक्टर शशी व डॉक्टर अविनाश कुमार ने रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें समुचित परामर्श दिया। कल्याण आश्रम की प्रभारी महात्मा रिद्धि बाई ने कहा कि मानव उत्थान सेवा समिति एक अखिल भारतीय आध्यात्मिक व सामाजिक संस्था है। जो सतपाल महाराज की प्रेरणा से विश्व स्तर पर आध्यात्मिक ज्ञान प्रचार के अलावा सामाजिक सेवा कार्य निरन्तर कर रही है।

## उपजिलाधिकारी को धमकी देने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

अवधनामा संवाददाता



- घटना में प्रयुक्त मोबाइल, 3 मोबाइल फोन समेत 11 सिम बरामद

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली नकुड़ पुलिस ने उपजिलाधिकारी नकुड़ को धमकी देने वाले 25,000 के ईनामी व जनपद गोरखपुर के गैंगस्टर में 15,000 का ईनामिया घोषित बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल, 03 मोबाईल फोन सहित 11 सिम बरामद किए है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि विगत् दिवस 08 जुलाई को उपजिला मजिस्ट्रेट नकुड़ द्वारा उनके मोबाइल 9454416973 पर गाली गलौच करते हुए अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर उपहति करने की धमकी देने तथा लोक सेवक के कार्य को बाधित करने के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर आरोपी संजय सिंह निवासी देवरिया मण्डल गोरखपुर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। श्री जैन ने बताया कि थाना नकुड़ प्रभारी धर्मेन्द्र गौतम व अतिरिक्त निरीक्षक सिराजुद्दीन व उपनिरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी के मोबाइल नम्बर 9454460072 को सीडीआर व कैफ आईडी के माध्यम से आरोपी चादंनी उर्फ चन्दन पुत्र गुलाब कन्नौजिया निवासी ग्राम तिलौली धरमेर थाना लार (बनकटा) जनपद देवरिया व ग्राम छतौनी थाना रसाड़ा जिला बलिया को मेरठ सरधना नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 03 मोबाईल फोन व 11 विभिन्न कम्पनी के मोबाईल सिम व 720 रूपये बरामद किए गये। पकड़े गए आरोपी चांदनी उर्फचन्दन ने पूछताछ में बताया कि उसने पूर्वांचल के जिला बलिया, देवरिया, मऊ, गोरखपुर जिले के कई अधिकारियो को रौब में काम करवाने के लिए फोन पर गाली गलौच व धमकी दी थी, जिस कारण वर्ष 2018 से अब तक उसके खिलाफ करीब दो दर्जन मुकदमें पंजीकृत है तथा थाना झंगड़ा गोरखपुर में उसके खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा है, जिसमें उसके ऊपर 15000 रूपये का इनाम भी घोषित है। आरोपी चांदनी उर्फचंदन ने बताया कि करीब 15 दिन पहले जिला सहारनपुर के एक प्रधान का काम कराने के लिए उसने अपने मोबाइल से स्वयं को कृषि मंत्री का पीए बताकर महिला एसडीएम नकुड़ जिला सहारनपुर के मोबाइल पर फोन करके गाली गलौच व धमकी दे दी थी और काम न करने पर कपॉल फोड़ने व जूते से मारने तथा चक्का जाम करने की धमकी भी दी थी। यह नम्बर मेरे लावा कम्पनी के की पैड फोन में पड़ा है। यह नम्बर उसने करीब तीन चार महीने पहले अपने नाम पते से लिया था। मेरा कृषि मंत्री अथवा कृषि मंत्री के पीए से कोई मतलब है और न ही कभी कृषि मंत्री का पीए रहा है। उसने प्रधान का काम कराने के लिए उपरोक्त प्रधान हरेन्द्र पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम बीनपुर थाना गंगोह जिला सहारनुर से 15000 रूपये मोबाईल फोन के माध्यम से लिये थे। जिनमें से कुछ रूपये मेरे खाते में है तथा कुछ रूपये खर्च हो गये।

# बहन की शादी से एक दिन पहले हुई भाई की मौत

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मैलानी क्षेत्र के सलावतनगर गांव में बहन की शादी से पहले भाई की मौत हो गई। शादी वाले घर में रविवार रात युवक कुर्सी पर बैठा था। पास में ही डीजे बज रहा था। युवक अचानक कुर्सी से गिर गया और कुछ ही पलों में उसकी मौत हो गई। सोमवार को होने वाली बहन की शादी की खुशियां मातम में बदल गई मैलानी से सटे गांव सलावतनगर निवासी स्वर्गीय लालाराम की बेटी कंचन की शादी सोमवार को है। रविवार को घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। डीजे पर लोग डांस कर रहे थे। कंचन का भाई राजीव कुमार (25 वर्ष) कामकाज में जुटा था। रात करीब नौ बजे कामकाज निपटाने के बाद राजीव ने नहा धोकर खाना खाया और सबको डांस के लिए बोलने के बाद रात लगभग 10 बजे बरामदे में पड़ी कुर्सी पर जाकर बैठ गया। उसके भाई मनीष ने बताया कि राजीव अचानक कुर्सी से लुढ़क गया। यह देख सब लोग पास पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो गई थी। सांस की आस में परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए, लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया। आशंका है कि युवक की हार्ट अटैक से जान गई है मनीष के मुताबिक राजीव न तो बीमार था और न ही कोई तकलीफ थी। दिन में पूरनपुर से सब्जियां, शाम को टेंट से बर्तन आदि सामान खुद ही लाया था। अचानक क्या हुआ, कुछ पता ही नहीं चला। नौजवान बेटे फर्नीचर मिस्त्री राजीव की मौत से मां, भाई, बहन का रो रोकर बुरा हाल है। शादी वाले घर में मातम पसरा हुआ है जिस घर में शादी का माहौल था, डीजे बज रहा था, लोग डीजे की धुन पर डांस कर रहे थे। सोमवार को बहन कंचन की शाहजहांपुर से बारात आनी है। रविवार को लगभग सभी तैयारियां खुद राजीव ने ही की थीं। प्रकृति को कुछ और ही मंजूर था। पिता की गैरमौजूदगी में बहन को विदा करने का सपना राजीव का था, लेकिन उसे क्या पता था कि विदाई से पहले वह खुद दुनिया से विदा हो जाएगा पूर्व चेयरमैन अनीता यादव ने अपनी गाड़ी से राजीव के शव को उसके गांव तक पहुंचाया। मैलानी में एक अस्पताल में लाने पर डॉक्टर ने राजीव को मृत घोषित किया। उसी दौरान पूर्व चेयरमैन अनीता यादव अपने पति नरेश यादव के साथ शादी समारोह से लौट रहे थे। परिजनों को बिलखते देख रात में कोई साधन न होने पर उन्होंने दरियादिली दिखाते हुए शव को उसके घर तक पहुंचाया राजीव की मौत की मौत की बाबत कंचन की ससुरालवालों को बताया गया, जिसके चलते बहन कंचन की शादी सादगीपूर्ण माहौल में पड़ोसी के घर में की गई। बहन की विदाई के बाद राजीव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# निवर्तमान डीएम अखण्ड प्रताप सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह के स्थानांतरण होने पर सोमवार को विकास भवन के गांधी सभागार में राजस्व व विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा निवर्तमान डीएम अखण्ड प्रताप सिंह को माला पहनाया गया, बुके दिया गया एवं स्मृति चिह्न भेंट किया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा नवागत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के संयुक्त संयोजन में विदाई समारोह आयोजित कर निवर्तमान जिलाधिकारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि स्थानांतरण सर्विस का एक अभिन्न अंग है। अपने लगभग एक वर्ष से अधिक कार्यकाल के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताया। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनकी कार्यो की सराहना की। उन्होंने मेरी जगह आए नवागत डीएम दिव्या मित्तल कर्मठ, अनुभवी एवं व्यापक दृष्टिकोण के अधिकारी है। इनकी कर्मठता से जनपद में विकास के कार्य को और गति मिलेगी। नवागत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि इस सम्मारोह में सभी अधिकारियों के द्वारा निवर्तमान जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह के बारे में किए गए कार्यो की बताया गया। आगे भी सभी कार्यो से मुझे अवगत कराते रहे, जिससे कोई भी काम अधूरा न रहे। अक्सर देखा जाता है कि किसी भी जिलाधिकारी का स्थानांतरण हो जाने से वहां का कार्य बाधित होता है। इनके द्वारा किए गए कार्यो के अनुरूप उसी दिशा में हम लोग आगे भी कार्य करेंगे। जिलाधिकारी श्री सिंह से भी अपेक्षा है कि देवरिया का भी ध्यान रखेंगे तथा मार्गदर्शन देते रहेंगे। उन्होंने

**सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनकी कार्यो की सराहना की**

निवर्तमान जिलाधिकारी को शुभकामनाए दी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि जिलाधिकारी के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में पुलिस और प्रशासन का बढ़िया सामंजस्य रहा और जनपद में लोक सभा चुनाव कुशल और शांतिपूर्ण ढंग संपन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सीडीओ के पद पर पहली पोस्टिंग में यहां जिलाधिकारी के पॉजिटिव आइडिया और नए-नए सजेशन से बहुत कुछ सीखने को मिला। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि हर समस्याओं के निवारण में जिलाधिकारी मार्गदर्शन देते रहे है। लोकसभा का चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप इनके कार्यकल में संपन्न हुआ कोई दिक्कत नहीं हुई।

## रामगंगा का जलस्तर घटा पुलिया चटकी सड़क क्षतिग्रस्त

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** अचानक रामगंगा में पानी बढ़ जाने के कारण सैलाब की स्थिति तटवर्ती इलाकों में गंभीर हो गई। एक दर्जन से अधिक गांव सैलाब से प्रभावित हुए और सैकड़ो बीघा फसल खराब हो गई। जिसमें मूंगफली और मक्के की फसल को भारी नुकसान हुआ। आवागमन के रास्ते प्रभावित हुए और सड़क छतिग्रस्त हो गई। पानी की स्थिति घटने के बाद नुकसान दिखाई देने लगा। राजपुर गुडेरा संपर्क मार्ग पर बनी अमैयापुर पुलिया चटक गई। जिससे अब उस पुलिया की स्थिति अच्छी नहीं रही। संपर्क मार्ग पर भी जल भराव होने के कारण सड़क टूट कर छतिग्रस्त हो गई जिससे आवागमन में परेशानी होने लगी। नदी के बढे जल स्तर से अमैयापुर गुडेरा चपरा हीरानगर भावन खाखिन रुलापुर आदि गांव प्रभावित हुए। नदी का जल स्तर घटने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है लेकिन स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं ने लोगों को जकड़ना शुरू कर दिया। परंतु जिला प्रशासन की सतर्कता के चलते स्वास्थ्य विभाग अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में पहुंच गया।

# बाढ़ के दौरान 132 केबी डुमरियागंज उपकेंद्र में बन्द 40 एमवीए ट्रांसफार्मर को चालू किया गया

## विधिवत निरीक्षण के उपरांत 40 एमवीए ट्रांसफार्मर 1 को ऊर्जीकृत किया गया

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राप्ती नदी के बढ़ते जलस्तर के चलते आई बाढ़ के पानी के जलस्तर के कम होने के शुरुआत में 132के बी डुमरियागंज उपकेन्द्र के स्विच यार्ड मे लगे 40 एम वी ए ट्रान्सफार्मर को 11 जुलाई को अधिक पानी होने के कारण सुरक्षा के दृष्टि से बन्द करना पड़ा था। सोमवार को उपखंड अधिकारी रमेश पटेल अपने अधीनस्थों के साथ मिल कर स्विच यार्ड मे लगे 40 एम वी ए ट्रान्सफार्मर, ब्रेकर एवं अन्य सभी विद्युत उपकरणों कि गहनता से परीक्षण किया और 40 एम वी ए ट्रांसफार्मर 1 को 11:25 बजे ऊर्जीकृत किया गया।

132के बी सिरसिया डुमरियागंज उपकेन्द्र एवं उपकेन्द्र का आवासीय कालोनी राप्ती नदी के बाढ के कहर से पूरी तरह जलमग्न हो गया था। उपकेन्द्र के सभी बिजली कर्मचारियों ने 24 घण्टे उपकेन्द्र के कंट्रोल रूम मे रहकर 33 के वी डुमरियागंज, भानपुर तहसील, भारतभारी, तिलगड़िया, खानतारा, तरहर, कठौतिया एवं बिथरिया पम्प कैनाल की विद्युत आपूर्ति करते रहे, जिससे बाढ़ के समय ग्रमीण जनता को पूर्ण रूप से विद्युत आपूर्ति मिलती रही।

अधिशाषी अभियंता खालिद फजल ने बताया कि इस विषम परिस्थिति में सिरसिया विद्युत उपकेन्द्र के उपखंड अधिकारी रमेश पटेल, अवर अभियंता रामकमल त्रिपाठी, एस एस ओ लालजी शर्मा, देवेन्द्र मौर्य, संजय गिरि, रंजन गुप्त, शिव कुमार, जितेन्द्र,अशोक कुमार, कृष्णा, जय करन, विनीत आदि सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी का बहुत ही सफलता पूर्वक निर्वहन कर रहे थे। डुमरियागंज, इटवा एवं भानपुर तहसील को बिद्युत आपूर्ति के लिये सिरसिया उपकेन्द्र के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी बधाई के पात्र है।

## मनरेगा घोटाले में बीडीओ व अकाउंटेंट भी दोषी

**महमूदाबाद (सीतापुर) अवधनामा संवाददाता।** महमूदाबाद ब्लॉक में भाजपा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के धड़ाम होम के बाद मनरेगा महाघोटाले में दोषी करार दिए जाने के बाद ब्लॉक की चार ग्रामपंचायतो के चार ग्राम प्रधान, तीन सचिव समेत 12 लोगो पर सरकारी धन का गमन करने के आरोप मे महमूदाबाद कोतवाली मे मुकदमा दर्ज हुआ है। इसी प्रकरण मे नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अतरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंप कर महमूदाबाद बीडीओ श्रीश कुमार गुप्ता व एकाउंटेंट पर भी मुकदमा दर्ज करने की माग की है। आरोप है की बीडीओ ने विकास कार्यों का बिना सत्यापन किए, बिना स्थलीय निरीक्षण किए पेमेंट कैसे कर दिया। इस प्रकरण में यह लोग भी बराबर के दोषी है इनपर भी कार्यवाई होनी चाहिए। चार ग्राम पंचायतों में 3 ग्राम विकास अधिकारी व प्रधान सहित 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई है। उसमें बीडीओ और अकाउंटेंट भी बराबर के दोषी हैं उन पर भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।



## गाज़ी अब्बास की याद में निकला जुलूस



**महमूदाबाद सीतापुर अवधनामा संवाददाता।** हजरत इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास की याद में आज आठ मोहर्रम को 10 बजे राजा महमूदाबाद के किले से डॉक्टर अली खान की क्यादत में जुलूस निकाला गया इस जुलूस में जुल्जना ताबूत और अलम थे। छोटे छोटे बच्चे नंगे पैर अलम उठाए या हुसैन या अब्बास की सदाए बुलंद करते हुए जुलूस के आगे चल रहे थे सोगवारो ने अपने-अपने घरों पर सबील का इंतजाम किया था हर मजहब और मिल्लत के लोगों ने जुलूस का इस्तक़बाल शरबत और पानी पिलाकर किया अजाखानों में गाजी अब्बास की नजर कराई गई द्य जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ मोहल्ला पुरानी बाजार महमूदाबाद खास खुदागंज कैथी टोला होते कर्बला मार्ग होते हुए मोतीपुर बीबीपुर कटरा संगत किला भट्ठा पैगंबरपुर आदि मोहल्ले से होता हुआ किला के पीछे पहुँचा यहाँ से अंजुमन हैदरी अंजुमन सज्जादिया अंजुमन अब्बसिया नौहा ख्वानी वा सीना ज़नी करते हुए जूलियस के साथ फिल्म के अंदर पहुंची खबर लिखे जाने तक जुलूस खत्म नहीं हुआ था जुलूस में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

## मोहित अपहरण कांड को लेकर सपा का धरना जारी

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मोहित अपहरण कांड के विरोध में सपा जिलाध्यक्ष व सदर विधायक महेन्द्र यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने कचहरी स्थित शास्त्री चौक पर दूसरे दिन भी धरना देकर अनशन किया। सदर विधायक ने मोहित की सकुशल बरामदगी और अपहर्ताओं पर कार्रवाई के लिए डीएम-एसपी को ज्ञापन देकर धरने का अल्टीमेटम दिया था।अनशन स्थल पर अपहृत मोहित की मां बदामा देवी व बड़ा भाई मनीष यादव की मौजूद रहा। इस दौरान एडीएम प्रतिपाल चौहान, एएसपी ओपी सिंह, एसडीएम शत्रुहन पाठक, सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी ने सदर विधायक से बातचीत की अब तक मोहित अपहरण कांड में पुलिस की ओर से हुई कार्रवाई की उन्हें जानकारी दी। बताया कि पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रहीं अपहर्ता व उनके द्वारा प्रयुक्त वाहन बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने सपाइयों से अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया। वहीं पर आज सरदार सेना के कई पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया है

## एक वर्ष बीतने के बावजूद भी मजदूर को नहीं मिली मजदूरी

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड राजेपुर के ग्राम खंडोली में मजदूर को मजदूरी का पैसा नहीं मिला। जिसने कई बार प्रधान को अवगत कराया लेकिन उसके बावजूद भी प्रधान ने ग्रामीण की एक नहीं सुनी। रजनीश निवासी खंडौली ने बताया है कि उन्हें एक साल से अधिक समय कार्य किए हो गए है लेकिन अभी तक उन्हें नरेगा का पैसा नहीं मिला। कई बार प्रधान को भी अवगत कराया लेकिन उसके बावजूद भी प्रधान ने कोई ध्यान नहीं दिया।

# ऑनलाइन हाजिरी का विरोध : शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता



कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक संघ

**पडरौना, कुशीनगर।** परिषदीय शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित परिषदीय विद्यालयों में डिजिटल आनलाइन हाजिरी को अव्यवहारिक, गैर तार्किक बताते हुए इसे निरस्त किए जाने की मांग की तथा मुख्यमंत्री को संबोधित 7 सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

शिक्षक शिक्षा मित्रों अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पूर्व नियोजित योजना के तहत सोमवार को शिक्षण कार्य करने के बाद अपराह्न 3 बजे कलेक्ट्रेट पर पहुंचे शिक्षकों ने कहा कि उच्च प्रशानिक अफसरों ने आनलाइन हाजिरी को लेकर मुख्यमंत्री को न सिर्फ बरगलाया है, बल्कि गलत रिपोर्ट भी दिया है जिससे सरकार ऐसा कठोर कदम उठाने को सोच रही है जो कि बिल्कुल दोषपूर्ण व शिक्षक विरोधी प्रयास है। अलग-अलग मौसम में कहीं 10 तो कही 20 से 50 किमी की लंबी यात्रा तय कर स्कूल पहुंचने वाले शिक्षक शिक्षण कार्य कर समाज को नई दिशा देने में तत्पर हैं, बावजूद इसके अचानक आनलाइन हाजिरी का निर्णय लेकर सरकार ने शिक्षकों को संदेह के कटघरे में खड्डा कर दिया है। जिससे प्रदेश भर के शिक्षकों में आक्रोश व उबाल है। पदाधिकारियों ने कहा सरकार को शिक्षकों की 7 सूत्री मांगों पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। पदाधिकारियों ने शिक्षकों की सेवा की परिस्थितियों के दृष्टिगत आनलाइन हाजिरी को अव्यवहारिक, नियमों व सेवा शर्तो के विपरीत बताते हुए तत्काल प्रभाव से निरस्त करने, 30 अर्जित अवकाश, हाफ डे सीएल, अवकाश अवधि में विभागीय, सरकारी कार्य के लिए बुलाने पर प्रतिकर अवकाश देने की मांग की। पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने, सभी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक का पद बहाल करते हुए पदोन्नति के लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों को नियमित करने, आरटीई एक्ट 2009 व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में समस्त गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त करने, सामूहिक बीमा, प्रीमियम मुक्त कैशलेस चिकित्सा सुविधा से आच्छादित करने की मांग जोरदार मांग की। इस दौरान जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, छेदी प्रसाद, कलमदानी सिंह, कुंजेश्वर सिंह, इन्द्रजीत मणि, अंजनी सिंह, अजय शर्मा, मद्धेश मिश्र, ऐजूल हक, महेश रज्जक, सतीश पासवान, राजेश गुप्ता, विनोद सिंह, राजेश प्रसाद, बांके बिहारी, योगेन्द्र शर्मा, विजेन्द्र मणि, देवानंद धर दूबे, श्रीप्रकाश चौहान, दिनेश सिंह, मोलई प्रसाद, रजनीश सिंह, संजीव कुमार, पारसनाथ साहनी, वेदप्रकाश गुप्ता, रामेश्वर सिंह, ओमप्रकाश, सत्यजीत दूबे आदि मौजूद रहे।

## बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में पहुंचे अपर जिलाधिकारी ने पुलिया व सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** रामगंगा नदी में सैलाब के चलते क्षेत्रीय लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। फसले बर्बाद हुई सड़के खराब हो गई और गांव तक जाने वाले संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए। राजपुर गुडेरा से अमैयापुर जाने वाली पुलिया में दरारें आने से खराब हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र की गंभीरता से देखते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। आज अपर जिलाधिकारी संतोष प्रजापति रामगंगा क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त गांवो में जाकर लोगों से मिले और उनसे जानकारी हासिल की। पीडब्ल्यूडी के अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि वह क्षतिग्रस्त पुलिया को 2 फीट ऊंचा करके बनाएं और उसके किनारो पर रेलिंग अवश्य लगाये। जिससे बाढ आने के दौरान किसी प्रकार का कोई हादसा ना हो सके। खराब हुई सड़कों को जल्दी दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए। राजस्व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह बाढ़ के दौरान किसानों की फसलों के नुकसान का आकलन करें और इसकी जानकारी मुख्यालय को दें। जिससे इन किसानों को समय रहते मुआवजा दिया जा सके। क्षेत्र में चल रही चकबंदी के बारे में किसानों से जानकारी ली और उनसे कहा कि वह चकबंदी के दौरान नाप के बाद में खेतों की हदें खींच लें। जिससे विवाद की स्थिति ना हो। किसी प्रकार की समस्या होने पर आपस में विवाद ना करें। शासन और प्रशासन का सहयोग लें जिससे समस्या का समाधान किया जा सके। इस मौके पर बाढ़ प्रबंधन आयुष ब तहसील के कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का सीडीओ ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत 15 जुलाई से खुरपका- मुंहपका टीकाकरण अभियान का तृतीय चरण जनपद में प्रारम्भ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम

**पशु चिकित्सा सचल वाहन एवं मोबाईल वेटनरी यूनिक के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

के अन्तर्गत जनपद में समस्त गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं (04 माह से छोटे पशु तथा 08 माह से अधिक के ग्यावन पशुओं को छोड़ कर) का टीकाकरण किया जाना है।

इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने विकास भवन परिसर से जनपद के समस्त बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा सचल वाहन एवं मोबाईल वेटनरी यूनिक के वाहनों को टीकाकरण टीम सहित हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि खुरपका-मुंहपका एक विषाणुजनित संक्रामक रोग है, जिसके संक्रमण से ग्रसित पशुओं को तेज बुखार, मुंह से लार गिरना, मुंह एवं पैरों में छाले पड़ जाते है। संक्रमित पशु धीरे-धीरे चारा खाना छोड़ देता है है तथा दूध कम देने लगता है। यदि समय पर इलाज नहीं होता है तो पशु की मौत भी हो जाती है। इस रोग से बचाव हेतु मात्र टीकाकरण ही विकल्प है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम केन्द्र सरकार एवं पोषित व राज्य सरकार द्वारा संचालित है। टीकाकरण कार्य पशुपालकों के द्वार पर निःशुल्क किया जाना है। यह अभियान आज से प्रारम्भ होकर 31 अगस्त 2024 तक (45 दिन) तक संचालित किया जाएगा। टीकाकरण कार्य हेतु 16 टीमों का गठन किया गया है, जिनके द्वारा जनपद के 16 विकास खण्डों के कुल 430900 पशुओं में टीकाकरण किया जायेगा। पशुपालकों से अपील की गई है कि अभियान के दौरान टीका कर्मिकों का सहयोग करते हुए अपने पशुओं को टीका अवश्य लगवायें।

## मनरेगा के तहत बनाई गई मॉडल शॉप दुकान के सामने भरा पानी

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** ग्राम पंचायतो में राशन वितरण व्यवस्था को लेकर प्रदेश की सरकार अत्यंत गंभीर रवैया अपनाये हुए हैं। गरीब राशन कार्ड धारकों को समय से खाद्यान्न मिल सके। इसके लिए उचित व्यवस्थाएं की गई है। ग्राम पंचायत रतनपुर पमारान में अन्नपूर्णा भवन के नाम से मॉडल साप दुकान का निर्माण मनरेगा योजना के तहत 7 लाख 58 हजार रुपये में कराया गया। इस दुकान का उद्देश्य लोगों को राशन व्यवस्था सुचारू बनाए रखने का है। दुकान से कार्ड धारकों को समय पर खाद्यान्न मिलता रहे और नियमानुसार दुकान भी खुलती रहे ऐसी व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। बरसात के इन दिनों में पानी बरसने के बाद इस दुकान के सामने पानी भर गया और वहां से निकलना मुश्किल हो गया।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51245215 | Supply, Installation and Commissioning of EOT Crane Cap-25 Ton as per Attached Technical Specification No. C&W/LKO/EOTC/25T | 02 Nos | 02.09.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
टेंडर नोटिस संख्या : 51245215 दिनांक : 15.07.2024 2152/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग, लखनऊ
पत्रांक : 843/ई0ई0(एच0क्यू0)/2024–25 दि0: 15.07.2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 22–7–24 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ल निविदायें दिनांक 22–7–24 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स मे प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 22–7–24 को उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग ऐशबाग मुख्यालय में ओल्ड पम्परूम में रूम के पीछे बने 11/0.40 के0वी0 के पैनल रूप की छत की Dismantling कराते हुए पुनर्निर्माण इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 8,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00

2. जलकल विभाग ऐशबाग मुख्यालय में ओल्ड पम्परूम में जेनरेटर रूम के कमरे की छत की मरम्मत इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 8,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ


# फिल्मी स्टाइल में किडनैपिंग थार व एसयूवी का हुआ इस्तेमाल

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** मोहित अपहरण कांड की पटकथा पहले से ही रची गई मालूम पड़ती है। पूरी फिल्मी स्टाइल में घर से जबरन निकाल कर किडनैपिंग की घटना को अंजाम दिया गया इस दौरान अपहृता के साथ मारपीट भी की गई।

सीसीटीवी फुटेज में किराए के मकान से अपहरण कर बाइक ले जाते समय पांच लोग साफ-साफ दिख रहे हैं। इसके बाद जैसे ही वह मालवीय रोड की मुख्य संड़क पर आते हैं। वहां पहले से खड़ी एसयुवी में उसे डाल कर साथ में एक थार गाड़ी लेकर निकल गए। प्लानिंग इस लीक प्रूफ थी कि डायल 112 के घटना स्थल पर पहुंचने के बाद हरकत में आई पुलिस अपहर्ताओं को ट्रेस नहीं कर सकी। पुलिस अधिकारी ने बताया सभी के

**तीन हफ्ते पहले दोनो गुटों में हुई थी मारपीट**

अपहर्ताओ और अपहृत के बीच तीन सप्ताह पहले भी दो अलग-अलग स्थानों पर मारपीट हुई थी। जानकारी के मंताबिक 22 जून 2024 को सक्सेरिया कालेज के ग्राउंड में नुमाइश लगी थी वहां पर मोहित के गुट ने आदित्य विक्रम के गुट से जुड़े लोगो की पिटाई कर दी थी। इस घटना से खार खाए आदित्य विक्रम के गुट ने 24 जून को सरेशाम कटेश्वर पार्क के सामने मोहित पर हमला कर उसकी बाइक को तोड़ दिया था।

**जिले में अर्से बाद हुई दिन-दहाड़े अपहरण की घटना**

मोबाइल स्वीच आफ मिल रहे थे। शहर में सरेआम अपहरण का दुस्साहस पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई। शहर में अपहरण की इस घटना ने तकरीबन 23 साल पहले हुई दो बहुचर्चित राहुल मद्देशिया व पीयूष मोदी अपहरण कांड का यादें ताजा कर दी। इस घटना की जानकारी लगते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने जिले भर में नाकाबंदी करवाई। सीसीटीवी चेक किए तो बेहद चौकाने वाले थे। सर्विलांस पुलिस की तकनीकी टीम की मदद से पुलिस ने बदमाशों की गाड़ी का पता लगाया जा रहा है।

अपहर्ता इतने शातिर थे कि उन्हें मालूम था कि पुलिस उनका पीछा करेगी, ऐसे में बचने के लिए प्लानिंग के तहत बदमाशों ने अपहरण करने के पहले से ही अपने-अपने मोबाइल बंद कर दिए।फिल्मी स्टाइल में हुई अपहरण की वारदात का वर्कआउट करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि पुलिस अधिकारियों को भरोसा है कि वह अपहरण कांड का खुलासा जल्द कर लेंगे। हालांकि आपका अपना 'हिन्दुस्तान समाचार पत्र' किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

**टशन, गुटबाजी, वर्चस्व को लेकर हुई घटना**

मोहित अपहरण कांड टशन, गुटबाजी और बर्चस्व को लेकर बताया जाता है। एक दूसरे पर हावी होने के लिए इन दिनो टकराव बढ़ गया था। दोनो गुटो के बीच कई बार मारपीट की घटनाएं हुई लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि दोनो में से किसी भी गुट की ओर से पुलिस को मारपीट की न तो तहरीर दी गई और ना तो पुलिस को सूचना देकर बताया गया। अपहरण के बाद एफआइआर भी घर के मेंबर या साथी की जगह मकान मालिक ने दर्ज कराई।

## किशोरी के साथ किया सामूहिक दुष्कर्म

**फर्रुखाबाद।** जनपद के थाना मऊदरवाजा की रहने वाली पीड़िता ने सोमवार को आजाद समाज पार्टी के साथ फतेहगढ़ पहुंचकर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी को 14 वर्षीय नाबालिक पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें कहा है कि सत्यवीर बलवीर पुत्रगण जदुनाथ कुशवाह अंकित पुत्र मनोहर कुशवाह मेरी पुत्री को जबरदस्ती खींच कर गांव में बने बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र में ले गया और तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया चीख पुकार करने पर उसे मार पीटा और चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी दी जब पुत्री देर रात तक वापस नहीं आई तो पीड़िता खेत में अपनी पुत्री को ढूंढने गई और पुत्री की आवाज सुनकर स्वास्थ्य केंद्र में गई तो देखा की पुत्री स्वास्थ्य केंद्र की लैट्रिन में बंद है बाहर से कुंडी लगी थी पीड़िता ने पुत्री को बाहर निकाला और घर ले गई तब पुत्री ने सारी बात बताई पीड़िता जब रिपोर्ट लिखाने थाना मऊदरवाजा पहुंची परंतु उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई उल्टा पुलिस वाले पीड़िता की पुत्री को गाड़ी में बैठा कर ले गए।


कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता,
जोन-7, इन्दिरा नगर, जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

जल कल विभाग लखनऊ जल सं जल ही जीवन है

प0सं0- 82/एल.जे.एस/ईई-7 दिनाँक- 15-7-24

अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनाँक- 22-7-24 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक- 22-7-24 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांयकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निचिदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत मकान नं0-सी-1145 से मकान नं0-सी-1143 एवं गाजीपुर गाँव में 110 एम0एम0 डाया की पी0वी0सी0 पाइप लाइन डालकर इण्टरकनेक्शन कार्य कराने का कार्य | 200.00 | 3800.00 |
| 02 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत जोनल कार्यालय में कैश काउन्ट में केबिन बनवाने का कार्य एवं 01 नग इन्वर्टर लगाने का कार्य। | 200.00 | 2200.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

अधिशासी अभियन्ता जोन-7
जलकल विभाग

# आई ए एस रमेश चंद्र वर्मा का पैतृक गांव जयनगर पहुंचने पर जोरदार स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पूरा बाजार विकासखंड पूरा बाजार के जयनगरा निवासी रमेश चंद्र वर्मा ने सिविल सेवा परीक्षा में 150 में रैंक हासिल कर किया था परीक्षा फल अप्रैल 2024 में घोषित हुआ था रमेश चंद्र वर्मा उस समय दिल्ली में थे और उनका पूरा परिवार बड़ौदा में रहता है रमेश चंद्र वर्मा अपने पिता मंसाराम वर्मा व माता सिरंजना वर्मा के साथ अपने पैतृक गांव जयनगरा विकासखंड पूरा बाजार पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया । रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि उनका जन्म 25 जून 1992 को जय नगरा गांव में हुआ था उन्होंने बताया कि उनके पिता एयरफोर्स में कार्यरत थे इसलिए उनकी प्राइमरी शिक्षा पठानकोट हाई स्कूल की शिक्षा भुज तथा इंटरमीडिएट की शिक्षा बड़ौदा गुजरात व ग्रेजुएशन की शिक्षा एन आई टी सूरत से प्राप्त किया इसके बाद तैयारी में लग गए उन्होंने कहा कि आठवीं प्रयास में उन्हें सिविल सेवा परीक्षा में 150 रैंक मिली ।रमेश चंद्र वर्मा ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम से सफलता अर्जित की जा सकती है उन्होंने सफलता का श्रेय अपनी माता सिरजना देवी को देते हुए कहा कि वह हमेशा हमें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती रहती थी रमेश चंद्र बर्मा के परिवार सहित पैतृक गांव पहुंचने पर जयनगर गांव में व उनके परिवार में खुशी का माहौल है परिवार के सदस्यों बाबा संतोषी वर्मा भाई अशोक वर्मा व रामजी वर्मा पवन वर्मा तथा बबलू वर्मा तथा डॉ संतोष कुमार वर्मा तेज बहादुर वर्मा राजकुमार वर्मा कृष्ण कुमार वर्मा राधेश्याम वर्मा सुनील कुमार वर्मा कुसुम वर्मा सहित ग्रामीणों ने रमेश चंद्र वर्मा का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया भाजपा नेता भगवान बक्श सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मराज ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र सिंह व नरेंद्र सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू ने भी जयनगर पहुंचकर रमेश चंद्र वर्मा को बधाई दिया।

# तीन ब्लाकों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या जिले के विकासखंड मया बाजार स्थित द्वापर विद्यालय पीठ इंटर कॉलेज के प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 22 जोड़ो का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में पूरे वर्ष में अयोध्या जिले के लिए 1671 जोड़ों का सामूहिक विवाह का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान बक्स सिंह जो गोसाईगंज विधानसभा के विधायक अभय सिंह के पिता,कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश प्रताप सिंह कप्तान सिंह ब्लाक प्रमुख ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में दान बहादुर सिंह, द्वापर विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रबंधक और प्रधानाचार्य सुनील कुमार द्विवेदी अतिथियों को साफा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भगवान बक्स सिंह ने अपने भाषण में कहा कि दहेज की समस्या के कारण बेटियों का बलिदान हो




जाता है और कन्या का विवाह करना हर परिवार के लिए एक बड़ा कर्तव्य होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। दान बहादुर सिंह ने नवविवाहित जोड़ो को संबोधित करते हुए कहा कि वे हर परिस्थिति में वैवाहिक बंधन का सम्मान करें और साथ निभाएं। उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों को लाभ पहुंचाना है। समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह ने पिछले वर्ष के 1900 सामूहिक विवाहों का उल्लेख करते हुए बताया कि इस वर्ष अयोध्या जिले के लिए 1671 जोड़ो का लक्ष्य रखा गया है। विकासखंड मया बाजार में 7, पूरा बाजार में 6 और तारून बाजार में 9 जोड़ो का प्रतीकात्मक विवाह आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि नवंबर और दिसंबर माह में और भी विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार सिंह ने किया और अंत में खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने नवविवाहित जोड़ो और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिनमें कृष्ण कुमार सिंह, दिनेश कुमार पाठक, शिवानी सिंह और शुभांजलि चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## पीड़ित महिला ने डीएम अयोध्या को पत्र देकर कार्रवाई की मांग

**गोसाईगंज- अयोध्या।** गत दिवस आई आंधी तूफान में गिरा शीशम कासूखा पेड़ को काटकर हटाने के मामले में विपक्षी दबंग महिला द्वारा नया बखेड़ा करने पर पीड़ित महिला ने डीएम अयोध्या को पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया मिली जानकारी के अनुसार थाना गोसाईगंज अंतर्गत ग्राम बंदनपुर माजरा चोरारी निवासी संतराजी ने जिला अधिकारी उप जिला अधिकारी व थाना गोसाईगंज को दिये गये पत्र में कहा गतदो सप्ताह पूर्व रात्रि को आई आधी तूफान में गाटा संख्या 1306 बैनामे की भूमि पर शीशम का पेड़ लगा था जो सुख गया था आंधी में टूट कर गिर गया इस पेड़ को काटकर हटा रही थी गांव के कुछ छूट भैया कथित लोगोंके उकसाने पर विपक्षी महिला शोभावती ने कहा यह मेरा पेड़ है जो मेरे नाम भूमि अंकित है तो संतरा जी ने कहा कि इस भूमि पर पेड़ हम लगाए हैं जो भूमि मेरे कब्जे में है तुम्हारे पति ने यह जमीन बेच दिया है।

## क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भाजपा नेता ने कैसरगंज सांसद को सौपा पत्र मिला सहयोग का आश्वासन



**करनैलगंज(गोंडा)।** क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा नेता ने कैसरगंज सांसद को पत्र दिया है। नगर के मुकेश कुमार वैश्य भाजपा जिला सह संयोजक अवध क्षेत्र सहयोग आपदीय राहत एवं सेवाएं विभाग ने लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज के सांसद करन भूषण सिंह को विभिन्न मांगो का मांग पत्र दिया है। जिसमें नव निर्मित पॉलिटेक्निक कालेज, कृषि महाविद्यालय, मत्स्य शोध संस्थान को संचालित कराने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकों की नियुक्ति कराने, ओ.टी. की मरम्मत कराकर जनता को सर्जरी व आपरेशन की सुविधा मुहैया कराने, करनैलगंज रेलवे स्टेशन पर बाघ एक्सप्रेस व सुशासन ट्रेन का स्टापेज कराने, करनैलगंज-हुजूरपुर व कटरा बाजार मार्ग के साथ गोंडा लखनऊ मार्ग स्थित सरयू व जहांगिरवा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कराने, सरयू नदी की स्थित को देखते हुए नदी में पानी के बहाव की व्यवस्था / रेगुलेटर लगवाने की मांग की गई है।कैसरगंज भाजपा सांसद करनभूषण सिंह ने भाजपा नेता को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है ।

## बांसुरी वादन में शतप्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली रमा वर्मा को संस्था ने किया सम्मानित



**अयोध्या।** ज़िले के बेनीगंज देवकाली निवासी रमा वर्मा ने एकल विषय संगीत वादन (बासुरी वादन) में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर ज़िले व परिवार का नाम रोशन किया ! इस ख़ुशी के मौक़े पर दि आयुष्मान फ़ाउन्डेशन व आशीष फ़ाउन्डेशन के सदस्यों ने उनके निज निवास पर पहुँच कर अंग वस्त्र, बुके, स्मृति चिन्ह दे कर मिष्ठान खिला कर सम्मानित किया ! संस्था की तरफ़ से पहुंची शशि रावत ने इस सफलता का श्रेय पूछने पर रमा ने अपने पिता शीतला वर्मा का दिया जो कि अयोध्या ज़िले के सदर तहसील में कलेक्ट्रेट में कार्यरत है जिन्होंने संगीत के लिए अनेकों उपलब्धियां हासिल की है और उसी में अपना जीवन समर्पित कर दिया है। शीतला वर्मा की इस उपलब्धि से प्रभावित होकर अपना दल एस के जिलाध्यक्ष कृष्ण देव वर्मा ने उन्हें अंग वस्त्र भेट करते हुए शुभकामनाएं दी ! इस मौक़े पर आशीष कौर, सुरेंद्र कोरी, पवन पटेल मौजूद रहे।

## जानवरों को साफ पानी पीने के लिए फाउंडेशन ने स्थापित की पानी की हौदी



**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज द्वारा बेजुबान जानवरों को भोजन कराने के साथ-साथ साफ पानी पीने के लिए हौदी स्थापित किया। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि संरक्षक वसंत राम के नेतृत्व में संस्था टीम जानवरो के लिए साप्ताहिक भोजन व्यवस्था के साथ पानी पीने के लिए भी उचित स्थान पर हौदी स्थापित किया गया बताया कि हौदी उस स्थान पर रखी जाती है जहां पर जनमानस हौदी में पानी भर सके इसी प्रकार बछड़ा सुलतानपुर मे हौदी स्थापित किया। संरक्षक बसंत राम ने हौदी में पानी डालकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था संरक्षक बसंत राम ने बताया कि प्रकृति के नियमों में बेजुबान जानवर भी आते हैं हमें इनका भी ख्याल रखना चाहिए यह मानव का कर्तव्य है। प्रत्येक वर्ष उचित स्थान पर बेजुबान जानवरों के लिए पानी की हौदी रखकर पानी पीने की व्यवस्था की जाती है इसी माह में पांच स्थानों पर और हौदी स्थापित किया जाएगा। सेवा कार्यक्रम में विनय प्रकाश मौर्य, प्रज्ञा श्रीवास्तव, विकास रस्तोगी, सुबोध श्रीवास्तव, नीलम रस्तोगी, अमरेश सिंहा,लवी रस्तोगी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# राम सर्वकालिक, राम के व्यवहार का अध्ययन करें: महासचिव चंपत राय

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में सोमवार को अवध विवि, बी.एन.के.बी पी. जी. कॉलेज, अम्बेडकर नगर और सावित्री बाई फुले अकादमिक शोध एवं सामाजिक विकास संस्थान, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मर्यादा पुरुषोत्तम रामः एक वैश्विक आदर्श' विषयक अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल, अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चम्पत राय और सिद्धपीठ श्री हनुमत निवास के महंथ मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप-प्रज्ज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं श्रीराम तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने कहा कि राम किस युग में हुए, सन्त लोग कहेंगे त्रेता। किस कल्प का त्रेता। राम कब हुए यह विद्वानों का विषय है। वैश्विक क्या है एक-सारे विश्व के लिए, दूसरा-सर्वकालिक। राम सर्वकालिक हैं। राम के व्यवहार का अध्ययन कीजिए, किसी एक का पालन कीजिए। राम का व्यवहार



सर्वकालिक है। दुनियाभर में सुख-शांति के लिए आदर्श है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि प्रभु राम की कथा नर से नारायण और नारायण से नर होने की कथा है। प्रभु राम का जीवन मर्यादाओं का पालन करते हुए आदर्श जीवन का उदाहरण है।संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सिद्धपीठ श्री हनुमत निवास के महंथ मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज ने कहा कि अभी विश्व की दृष्टि पर मोतिया चढ़ा हुआ है, विश्व-मैत्री में ही राम के संबंधों का उपयोग अन्य देश करते हैं। राम के चरित्र में आदर्श क्या है? भारतीय संदर्भों में हर दिन पाना ही आदर्श है। हम आदर्श का मतलब नैतिक उच्चता से समझते हैं, जबकि आदर्श संस्कृत का शब्द है, जिसका ठीक-ठीक अर्थ है-दर्पण। किसी विशिष्ट के समक्ष खड़े होकर दर्पण में स्वयं को देख पाना ही आदर्श है। दर्पण श्रंगार नहीं करता बल्कि आपका परीक्षण करता है। राम सार्वभौमिक हैं-देस काल दिसि बिदिसिहु माही। कहहु सो कहाँ जहाँ प्रभु नाही।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि एक चरित्र के तौर पर भगवान राम के चरित्र जैसी व्याप्ति अन्य किसी चरित्र में नहीं है। विश्व के अन्य चरित्रों की व्याप्ति के पीछे राजनीतिक या अन्य कारण होंगे, जबकि राम की व्याप्ति के पीछे ऐसा कोई कारण नहीं है। 135 देशों में राम के चरित्रों की पौराणिक-सांस्कृतिक व्याप्ति है। भौगोलिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक अतिक्रमण करते हुए विश्व व्याप्ति है। संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता के. एस. साकेत पीजी कॉलेज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. जनार्दन उपाध्याय ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एक शाश्वत एवं चिरन्तर संस्कृति है और प्रायः सभी महान विचारक यहाँ की संस्कृति को श्रीराम संस्कृति का प्रतीक मानते हैं। मर्यादा श्री राम के विविध आदर्श एवं मानवीय मूल्यों का वह मूल तत्व है, जिससे उसकी सार्वभौमिक संस्कृति देश-देशांतर में गई है।

# एसडीओ उपेंद्र के संग रिश्तो की डोर में बंधी शिवानी



*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार- अयोध्या।** विकासखंड पूरा बाजार क्षेत्र के ग्राम सभा सरायराशि निवासी उदयेन्द्र प्रताप सिंह की पुत्री शिवानी का वैवाहिक समारोह वैदिक रीति रिवाज एव मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। विधायकों के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि साक्षी बने और इस वैवाहिक समारोह में राजनैतिक हस्तियों ने वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अयोध्या रोली सिंह के गांव निवासी उमेश्वर प्रताप सिंह उर्फ बबलू की भतीजी शिवानी की शादी एसडीओ उपेंद्र प्रताप सिंह निवासी बाराबंकी के साथ वैदिक रीति रिवाज एव मंत्रोच्चारण के साथ होटल त्रिमूर्ति अयोध्या में सम्पन्न हुआ। उपेंद्र और शिवानी ने अपने जीवन साथी के गले में जयमाला डालकर रिश्तों की डोर के साथ ही परिणय सूत्र में बंध गई। इस वैवाहिक समारोह में पूर्व सांसद फैजाबाद लल्लू सिंह ,अयोध्या विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता ,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ,प्रधान प्रतिनिधि रणधीर सिंह लल्ला ,गन्ना समिति अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ,जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ,धर्मेंद्र सिंह टिल्लू सहित अन्य तमाम राजनैतिक दलों के नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने वर वधू को आशीर्वाद दिया।

# शराब की दुकान हटाने को लेकर प्रदर्शन जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** कोल्हुई थानाक्षेत्र अंतर्गत भागीरथपुर में देसी शराब की दुकान हटाने को लेकर सोमवार को नौतनवा तहसील परिसर में कुछ लोगों द्वारा अनशन जारी किया गया हैं। अनशन दे रहे लोगों ने बताया कि देसी शराब की दुकान भागीरथपुर में दो वर्षों से भागीरथी कृषक इंटर कॉलेज भागीरथपुर के मुख्य गेट के सामने महज 50 मीटर की दूरी पर संचालित है। क्रमिक अनशन शुरु करने के बाद किसान नेता नागेंद्र शुक्ला एडवोकट ने कहा कि आबकारी विभाग की मिली भगत से हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन हो रहा है। शराब की दुकान के ठेकेदार मनमानी ढंग से विद्यालय के गेट पर दुकान चल रहा है। इसके बाद भी आबकारी विभाग मूक दर्शक बना हुआ है पहले भी श्री शुक्ला विगत 27 मार्च 2024 भागीरथपुर में अनशन पर बैठे थे उसे समय उप जिलाधिकारी नौतनवा के निर्देश पर जांच आख्या भेज कर अनशन तुड़वा दिया गया था। आश्वाशन मिला



था कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भागीरथपुर में इंटर कॉलेज के सामने स्थित देसी शराब की दुकान हटा दिया जाएगा। लेकिन अब तक देसी शराब की दुकान का हटाए जाने से किसान नेता ने अपने गांव के लोगों के अलावा तमाम अधिवक्ताओं के साथ नौतनवा तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है।

# पौधों को लगाने के साथ साथ उनकी सुरक्षा भी जरुरी: जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी अनुनय झा ने जिला वृक्षारोपण समिति और जिला पर्यावरण की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागों को लक्ष्य प्राप्त हो चुका है। दो दिन के भीतर के भीतर संबंधित विभाग वृक्षारोपण हेतु खोदे गए गड्ढों और पौधों की मांग (डिमांड) की सूचना वन विभाग को प्रेषित कर दें, ताकि पौधों का वितरण ससमय सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य में वृद्धि के उपरांत अतिरिक्त पौधों की आपूर्ति हेतु वन विभाग इंडेंट जारी करते हुए, विभागों से डिमांड प्राप्त लें और सुनिश्चित करें कि संबंधित विभागों द्वारा समय से पौधों की उठान हो जाए। जिलाधिकारी ने सड़कों के किनारे एवेन्यू प्लांटेशन (वीथि वृक्षारोपण), नगर पालिकाओं में मियावाकी वन, गोसदन मधवलिया में नंदन वन और उद्यान विभाग को औषधि वन के तर्ज पर वृक्षारोपण की तैयारियों 20 जुलाई से पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए बाड़ेबंदी का कार्य मनरेगा के माध्यम से करने का भी निर्देश दिया। साथ ही पौधों के सिंचाई की भी उपयुक्त व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधों को गंभीरता से लें और सुनिश्चित करें कि अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी घर-घर तक पहुंचाने का निर्देश देते हुए अपील की प्रत्येक जनपदवासी न्यूनतम एक पौधा अपनी माता के नाम अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करे।



लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा और देखभाल भी जरूरी है। उन्होंने वृक्षारोपण को सफल बनाने हेतु बड़े क्षेत्रफल वाले स्थलों को चिन्हित करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग वृक्षारोपण अभियान को बैठक में सीडीओ अनुराज जैन, कमांडेंट 22 वाहिनी एसएसबी शंकर सिंह, एडीएम डॉ पंकज कुमार वर्मा, पीडी राम दरश चौधरी, एआर कॉपरेटिव सुनील गुप्ता, डिप्टी सीवीओ डॉ विनोद विश्वकर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुघर्टना में युवक की मौत

**बीकापुर-अयोध्या।** देर रात टोल प्लाजा भरतकुंड से बाइक पर सवार होकर अपने घर चांदपुर आते समय जलालपुर के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार से टक्कर होने पर बाइक सवार सूरज कुमार पुत्र दिलीप कुमार निवासी चांदपुर की दुर्घटना होने पर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। टोल प्लाजा के निकट दिलीप कुमार की चाय का स्टाल संचालित करता है। वहीं मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर निवासी दिलीप कुमार के पुत्र सूरज 24वर्ष होनहार युवक था उसकी भरतकुंड टोल के पास जलपान की दुकान थी कल रात स्कूटी से आपने घर आ रहा था।

# अखंड रामायण कहने नाव से जा रहे तीन लोग नदी में डूबे दो की हुई मौत, एक तैरकर बाहर निकला

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** तरबगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत राँगी के तीन लोग नाव से नदी पार कर अखंड रामायण कहने जारहे थे की नदी के बीच नाव अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे तीनो लोग डूब गए नदी का बहाव तेज होने के कारण दो लोगो की मौत हो गई व एक लोग तैरकर बाहर निकले। बताते चले की तरबगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत राँगी निवासी तीन व्यक्ति अंजनी कुमार पाण्डेय 60 पुत्र स्व.गयाप्रसादपाण्डेय सत्यनारायण पाण्डेय 54 पुत्र स्व.अवध नरेश पाण्डेय व बेदप्रकाश पाण्डेय44 पुत्र राम विलास पाण्डेय भगला नदी पारकर नवाबगंज के गोकुला गाँव के सम्मय माता मंदिर पर 14जुलाई शाम 6.30बजे नाव पर बैठकर अखंड रामायण पाठ करने जारहे थे





की अचानक नदी के बीचो बीच नाव अनियंत्रित हो गई और पलट गई जिससे तीनो लोग नदी में डूबने लगे किसी तरह से नाव चला रहे अंजनी कुमार पाण्डेय तैरकर बाहर निकल आए और दो लोग पानी का बहाव तेज होने के कारण नही निकल सके और डूब गए सूचना मिलते ही गाँव में कोहराम मच गया सभी लोग नदी पर पहुँचे और सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को दी गई मौके पर पहुँचे तहसील प्रशासन व पुलिस की कड़ी मशक्कत से एक शव निकाला गया और दूसरे शव को ढूढ़ा जाने लगा लेकिन दूसरे शव का कुछ पता नही चल पाया फिर गोताखोर की टीम ने पहुँचकर नदी में ढूढ़ना शुरू किया रात होने की वजह से शव ढूढ़ने में परेशानी हो रही थी काफी देर के बाद शव बाहर निकाला जा सका। दोनो शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेजा गया है व मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक सत्यनारायण पाण्डेय के दो पुत्र व एक पुत्री थी खेत बारी ना होने के कारण गरीबी का जीवन जी रहे थे एक लड़के की शादी कर चुके थे और लड़की की शादी करने की तैयारी कर रहे थे की अचानक हुए हादसे का शिकार हो गए जिससे घर वालो के आंसू नही रूक रहे है। वही दूसरे मृतक बेदप्रकाश पाण्डेय जो दिल्ली में रहकर नौकरी कर रहे थे जो एक वर्ष पहले पिता का एक्सीडेंट हो गया था और पैर फैक्चर हो गया था पिता की सेवा करने के लिए आये हुए थे की अचानक हुए हादसे में जिन्दगी खत्म हो गई और परिवार दिल्ली में ही रह रहा था।

थानाध्यक्ष तरबगंज दुर्ग विजय सिंह ने बताया की तीन लोग डूबे थे जिसमे दो की मौत हो गई है और दोनो शव को पानी से निकाल लिया गया है पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेजा गया है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 31 जोड़े एक दूजे के हुए

**रुदौली-अयोध्या।** समाज कल्याण विभाग की तरफ से रुदौली तहसील में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 31जोड़े जिसमे रुदौली ब्लॉक के 15,अमानीगंज ब्लॉक के 5 व मवई ब्लॉक से 11 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक राम चन्द्र यादव रहे।आये हुए अतिथियों ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जिसमे 01 मुस्लिम जोड़ा का निकाह हुआ।निकाह के बाद जयमाल की रस्म संपन्न हुई। 30 हिन्दुओ का विवाह वैदिक रीति रिवाज से ब्राह्मणों ने कराया तो मुस्लिमों के विवाह में मौलवियों ने निकाह पढ़ा। खण्ड विकास अधिकारी रुदौली अखिलेश कुमार गुप्ता व खंड विकास अधिकारी मवई अनुपम वर्मा ने सभी जोड़ो को सरकार की तरफ से 10 हजार रुपये सामान पायल,बिछुआ,गैस चूल्हा आदि दिया गया। 35 हजार रुपये उनके खाते में भेजे गए।विधायक ने कहा कि आदर्श आचार संहिता हटते ही सर्व प्रथम रुदौली में प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीबों के बेटियों के हाथ पीले करने का कार्य कर रही है किसी भी गरीब को बेटी की शादी के लिए अब कर्ज लेने की जरूरत नहीं है।उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों को बताया कि उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा सरकार बनी है तब से बहन बेटियां अपने आपको सुरक्षित महसूस करती है। एसडीएम प्रवीण यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया रघुवर कोमल कमलनयन को,यह पुण्य मुहूर्त स्वर्णिम अवसर, फिर नहीं आने वाला पहनाओ जयमाला श्री रघुवर कोमल कमलनयन को, पहनाओ जयमाला.पगड़ी पहने दूल्हों के गले में जब लाल चुनरी में सजी दुल्हनों ने वरमाला पहनाई और लोगों ने पुष्प वर्षा की तो बेटियों की आंखों में खुशी के आशू झलक पड़े। वर-वधु ने एक दूसरे का हाथ थामा तथा जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाने की शपथ ली कार्यक्रम का आयोजन रुदौली ब्लॉक के प्रांगण में आयोजित हुआ।

अवधनामा



# आठवीं मोहर्रम पर निकला अलम के साथ मातमी जुलूस

अवधनामा संवाददाता



डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। सोमवार को क्षेत्र के हल्लौर में दरगाह हजरत अब्बास अस. से सुबह कस्बे की दोनों कदीमी अंजुमन क्रमशः अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 व अंजुमन फरोग मातम रजि0 के बैनर तले अलम का मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस कस्बे में भ्रमण करते हुए शाम 4:30 डुमरियागंज बस्ती मार्ग पर पहुँचा। यहाँ मातमदार नंगे पैर या हुसैन या अली व या अब्बास या सकीना की सदाए बुलंद करते हुए मातम करते रहे। मुख्य मार्ग पर मातम के बाद जुलूस कस्बे के अन्य हिस्सों से होता हुआ रात करीब 8 बजे दरगाह हज़रत अब्बास में पहुँचकर सपन्न हुआ।

**शिद्दत की गर्मी में शिया समुदाय ने किया मातम :** पड़ रही उमस भरी गर्मी में जहाँ लोगो को एक पल पंखे के सामने से हटना गवारा नही होता वही सोमवार को हल्लौर के मुख्य मार्ग पर मातमी दस्ते के पहुँचते ही लोग कतार बनाकर गर्मी की परवाह न करते हुए करीब दो घंटे तक मातम कर अपने गम का इज़हार करते रहे।

**मातमदारों के लिए सबील हुसैन का व्यापक इंतज़ाम :** मुख्य मार्ग डुमरियागंज बस्ती मार्ग पर जगह जगह मातमदारों और बाहर से आये मातमी जुलूस देखने वालों के लिए सबीले हुसैन के नाम पर विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ के साथ पानी की बोतलें वितरित की गई।

**क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में रहा सुरक्षा का पुख्ता इंतज़ाम :** जुलूस में किसी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो इसके लिए क्षेत्राधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा के दिशा निर्देश पर मुख्य मार्ग का आवागमन बन्द कर दिया गया था साथ ही मुख्य मुख्य जगहों पर पुलिस की टुकड़ी की तैनाती की गई थी। थानाध्यक्ष रमेश कुमार यादव ने बताया कि मरीजों को किसी प्रकार की दिक्क़त न आये इसका विशेष ध्यान रखा गया था।

■ क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में रहा सुरक्षा का पुख्ता इंतज़ाम

### रात आठ बजे आयोजित हुई मजलिस

कस्बा हल्लौर के दोनों कदीमी अंजुमनों के मातमदार नौहा पढ़ते मातम करते हुए रात करीब आठ बजे दरगाह हज़रत अब्बास अस. में पहुँचा। जहाँ कदीमी मजलिस को ज़ाकिरे अहलेबैत शजर हैदर ने अपने मख़सूस अंदाज़ में मीर अनीस का मर्सिया पेश किया। जिसे सुनकर लोग रो पड़े। आखिर में एक बार फिर या सकीना या अब्बास की सदाओं के साथ करीब दो घंटे तक मातम हुआ।

## नौहा मातम के साथ निकला मेंहदी का जुलूस



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** रविवार को सातवीं मोहर्रम की रात क्षेत्र के हल्लौर स्थित इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी से मोतवल्ली नौशाद हैदर एडवोकेट के ज़ेरे निगरानी में हज़रत इमाम हुसैन के भतीजे हज़रत कासिम की याद में मेंहदी का जुलूस निकाला गया। मुकामी नौहाख्वानो ने देर रात तक नौहा मातम और हज़रत कासिम की मेहदी के साथ कस्बे में घर घर दस्तक देते रहे। रविवार की रात हल्लौर स्थित बड़े इमामबारगाह से जुलूस होने से पहले मजलिस आयोजित की गई जिसमें हज़रत कासिम के मसाएब बयान किया गया। ततपश्चात मेंहदी के साथ मातमी जुलूस बरामद हुआ। इस दौरान तबस्सुम असग़र, अंजुम, काज़िम रज़ा, मोहम्मद हैदर शब्लू, तसकीन हैदर, अख्तर एडवोकेट, महमूद, शबाब, बबलू, कामयाब, खुशबू, मेंहदी, अज़ीम, नफीस, असग़र जमील, मनव्वर रिज़्वी, गुड्डू, नबी हसन, ज़ईम, सलमान, मनव्वर रज़ा, काशान, इक़्तेदार मेंहदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# विशेष दुलदुल जुलूस निकाला



अवधनामा संवाददाता

टांडा अम्बेडकरनगर। सातवीं मुहरम के राजा साहब टांडा की कोठी से जब विशेष दुल्दुल जुलूस बरामद हुआ तो सैयद रिज़वान हुसैन के आवास पर सबीले हुसैन का विशेष रूप से एहतेमाम किया गया था जो विगत कई वर्षो से होता चला आ रहा था विशेष दुल्दुल जुलूस मे बड़ी संख्या मे लोगो ने नौहाख़्वानी व सीनाज़नी करते हुए जुलूस अपने परम्परागत मार्गो से होता हुआ नगर के विभिन्न चौक पर होता हुआ जब नगर के आर्य कन्या विद्यालय के पास पहुंचा तो नगर के मीरानपुरा की अंजुमन हुसैनिया के सदस्यों ने कमा ज़जीर का मातम कर अपने को लहूलुहान कर लिया क़र्बला के 72 शहीदों की क़ुरबानी की याद मे सातवीं मोहर्रम को उठने वाला विशेष दुल्दुल जुलूस देर राजा साहब के नेतृत्व मे कोठी राजा काज़िम रज़ा की अगुवाई मे सम्पन्न हुआ जुलूस मे विशेष रूप से कमा व ज़जीर का मातम करने वालों मे अलीशान सफ़ी हसन पप्पू सोनू सलमान आमिर सहित दर्जनों छोटे बच्चों ने भी ज़जीर का मातम कर अपना जज़्बा दिखाया जुलूस को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिये सीओ टांडा कोतवाल टांडा एसओ अलीगंज सहित सैकड़ो सुरक्षाबलों के जवान तैनात रहे।

# बाढ़ग्रस्त गांवों के बच्चों को शिक्षा व एमडीएम उपलब्ध कराने पर ज़ोर



अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर द्वारा बाढ़ग्रस्त विद्यालयों के बच्चों को सुरक्षित स्थान पर शिक्षा व मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश के बाद बेसिक शिक्षा विभाग की सक्रियता का असर दिखने लगा है। इन विद्यालयों के शिक्षक गांव में किसी सुरक्षित स्थान पर बच्चों की कक्षाएं संचालित करने के साथ मध्याह्न भोजन भी उपलब्ध करा रहे हैं।

विकासखंड इटवा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दुबिहार, कंपोजिट विद्यालय खाखरा, प्राथमिक विद्यालय कठेलाशर्की, मुडिलिया, भैसाही जंगल में कक्षाएं सुरक्षित स्थान पर संचालित हो रही हैं। विकासखंड बढ़नी अंतर्गत बाढ़ प्रभावित कंपोजिट विद्यालय खैरी शीतल प्रसाद, प्राथमिक विद्यालय बानगाई नानकार, बाजारडीह द्वितीय पेंदा आदि विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर कक्षाएं संचालित करते हुए भोजन भी वितरित कराया जा रहा है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि बैठक में मिले निर्देश के क्रम में बाढ़ प्रभावित विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सुरक्षित स्थानों पर कक्षाएं संचालित करने व गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## बीडीओ टांडा ने क़र्बला शाहबाग का किया निरिक्षण

**टांडा अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** टांडा बीडीओ ने मोहर्रम के ताज़िया जुलूस को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए क़र्बला शाहबाग के आस पास क्षेत्रों का अपने अधीनस्थ के साथ निरिक्षण करते हुए ताज़िया मार्ग की सफाई व्यवस्था मार्ग पर जलभराव की समस्या का समाधान कीटनाशक दवाओं का छिड़काव क़र्बला के पास बने सुलभ शौचालय की समुचित व्यवस्था करनावा अन्य दिशा निर्देश ग्राम पंचायत सचिव शैलजा व ग्राम प्रधान को दिया और कहा कि किसी प्रकार की कमी उनको कतई बर्दाश्त नहीं है जितना भी संसाधन की आवश्यकता पड़े वह व्यवस्था करें। अपने निरिक्षण के समय तमाम सफाई कर्मचारी सहित मुत्वल्ली वक्फ राजा काज़िम रज़ा के ज्येष्ठ पुत्र सालिम आब्दी व अन्य लोग मौजूद रहे।



# बाढ़ से बन्द रहे 40 एमवीए ट्रान्सफार्मर को पुनः किया उर्जिकृत

अवधनामा संवाददाता



डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। बाढ़ के दौरान 132 केबी डुमरियागंज उपकेंद्र के बन्द 40 एम वी ए ट्रान्सफार्मर को उपकेन्द्र के विद्युत कर्मियों ने सोमवार 11:25 बजे उर्जिकृत किया।

बाढ के पानी के जलस्तर के कम होने के शुरुआत मे ही सोमवार को 132के बी डुमरियागंज उपकेन्द्र के स्विच यार्ड मे लगे 40 एम वी ए ट्रान्सफार्मर जो 11 जुलाई को अधिक पानी होने के कारण सुरक्षा के दृष्टि से बन्द करना पड़ा था। अधिशासी अभियंता खालिद फजल के निर्देश पर उपखंड अधिकारी रमेश पटेल, अवर अभियंता राम कमल त्रिपाठी, एस एस ओ लालजी शर्मा, देवेन्द्र मौर्य, संजय गिरि, रंजन गुप्त एवं शिव कुमार, जितेन्द्र, अशोक कुमार, कृष्णा,जय करन, विनीत आदि के साथ मिलकर स्विच यार्ड मे लगे 40 एमवीए ट्रान्सफार्मर, ब्रेकर एवं अन्य सभी विद्युत उपकरणों कि गहनता से परीक्षण का कार्य किया गया एवं 40 एमवीए ट्रांसफार्मर 1 को 11:25 बजे उर्जिकृत किया गया।

■ सिरसिया उपकेन्द्र के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी बधाई के पात्र है : अधिशासी अभियंता

132के बी सिरसिया /डुमरियागंज उपकेन्द्र एवं उपकेन्द्र का आवासीय कालोनी जो राप्ती नदी के बाढ के कहर से पूरी तरह जलमग्न हो गया है। उपकेन्द्र के सभी बिजली कर्मचारियों ने 24 घण्टे उपकेन्द्र के कंट्रोल रूम मे रहकर 33के वी डुमरियागंज, भानपुर तहसील, भारतभारी, तिल गड़िया, खान तारा, तरहर, कठौतिया एवं बिथरिया पम्प कैनाल की विद्युत आपूर्ति करते रहे, जिससे बाढ़ के समय ग्रामीण जनता को पूर्ण रूप से विद्युत आपूर्ति मिलती रही। इस विषम परिस्थिति मे सिरसिया विद्युत उपकेन्द्र के सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी का बहुत ही सफलता पुर्वक निर्वहन कर रहे हैं। डुमरियागंज तहसील, इटवा तहसील एवं भानपुर तहसील को बिद्युत आपूर्ति करने के लिये सिरसिया उपकेन्द्र के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी बधाई के पात्र है।

# शाहपुर भोजपुर बांध का पूर्व विधायक ने किया निरीक्षण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राप्ती नदी के बढ़ते जलस्तर के चलते आई बाढ़ के लेकर सोमवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने शाहपुर भोजपुर बंधे का निरीक्षणकर बाढ़ पीड़ितों के समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने उनसे शाहपुर भोजपुर बंधे पर रमवापुर गैप के पास रेगुलेटर निर्माण और बांधे के पुराने गैप को भरे बिना नए काटना के गैप को न भरने की मांग की। रेगुलेटर निर्माण के संदर्भ में पूर्व विधायक ने आई सी डी विभाग के जेई विकास मिश्रा के साथ निरीक्षण कर जानकारी ली। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि नेपाल राष्ट्र द्वारा हर वर्ष बारिश का पानी छोड़ने से राप्ती नदी व अन्य सहायक नदियों का जलस्तर काफी बढ़ जाता है, जिससे बाढ़ की विकट समस्या उत्पन्न हो जाती है। शाहपुर भोजपुर बांध के गैप पूरी तरफ से नहीं भरे जाने के कारण एक बहुत बड़ी आबादी को बाढ़ की त्रासदी झेलना पड़ता है। इस बार आई बाढ़ में जहां डुमरियागंज क्षेत्र के 80 से ज्यादा गांव बाढ़ ग्रस्त थे, वही इसमें से प्रशासन द्वारा 44 गांव मैरूंड घोषित किए गए हैं। इस बार बाढ़ में शाहपुर भोजपुर बांध के आगे के गैप से पानी डुमरियागंज क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भर गया था, जब बाढ़ के पानी का दबाव ज्यादा हो गया तो रमवापुर नेबुआ के पास बना नया बंधा रात में कट गया था, जिससे आबादी के क्षेत्र में भरा सारा पानी राप्ती नदी में जा रहा है और बाढ़ से धीरे धीरे सबकों निजात मिल रहा हैं। ऐसे ने प्रशासन के लोग उक्त पानी के बहाव वाले कटान को बंद करना चाह रहे हैं, जबकि ग्रामीणों का कहना हैं कि जब तक शाहपुर भोजपुर बांध के आगे के गैप को न भर दिया जाए तब तक इस कटान को बंद करने का कोई औचित्य नहीं है। पूर्व विधायक ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई निर्माण खण्ड सिद्धार्थनगर को पत्र लिखकर शाहपुर भोजपुर बंधे का सर्वेक्षण कराकर रेगुलेटर निर्माण की बात की और बताया कि बिना रेगुलेटर बने गैप बंद कर दिया जायेगा तो कई गांवो में जल जमाव की समस्या से जनता तबाह हो जाएगी। ऐसे में बिना रेगुलेटर बने गैप भरने की कार्यवाही रोकना जनहित में आवश्यक है। इस दौरान समाजसेवी रमेश लाल श्रीवास्तव, संतोष पासवान, राजेश शर्मा आदि सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

# बाढ़ राहत सामग्री का हुआ वितरण



अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। राप्ती नदी के जल से जलमग्न हुए मैरुंड गांवों के लिए प्रशासन ने बाढ़ राहत कीट की व्यवस्था की हैं। सोमवार को नवीन मंडी परिषद में मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के रमवापुर उर्फ नेबुआ गांव के 550 लोगों को बाढ़ राहत कीट(राशन सामग्री) का वितरण किया गया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि भाजपा की योगी सरकार पूरी तरह से बाढ़ पीड़ितों की हर सम्भव मदद के लिये वचनबद्ध है, प्रत्येक नागरिक का जीवन हमारे लिये बहुमूल्य है, जिसके लिये राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा हैं, जलजमाव से उत्पन्न बीमारियों के इलाज के लिए दवाओं की भरपूर व्यवस्था कर दी गई है।

### बाढ़ राहत सामग्री में मौजूद सामग्री

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बाढ़ पीड़ितों को वितरित किए जाने वाले बाढ़ राहत सामग्री में एक त्रिपाल, पानी पीने हेतु एक गैलेन, 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो दाल, 10 किलो आलू, 5 किलो लाई, 2 किलो भूजा चना, हल्दी 200 ग्राम, मिर्च 100 ग्राम, सब्जी मसाला 200 ग्राम, सरसों तेल एक लीटर, एक किलो गुड़, नमक एक किलो, बिस्कुट 10 पैकेट, माचिस एक पैकेट, मोमबत्ती एक पैकेट, नहाने का साबुन 2 पीस आदि सहित कुल 18 घरेलू उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं।

## पीएम आवास में अपात्र सप्ताह के भीतर करें साक्ष्य प्रस्तुत

इटवा सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 85 लाभार्थी अपात्र घोषित हो गए हैं। उन्हें साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है। अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर उन्हें अपात्र मान लिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी डूडा सुनीता सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अन्तर्गत नगर पंचायत में 1476 का डीपीआर बना था जिसमे जांच करने पर 85 लोग अपात्र पाए गए है। जिनकी सूची नगर निकाय कार्यालय में चस्पा करा दी गई है। सम्बन्धित लाभार्थी उक्त सूची का अवलोकन कर लें और अपनी पात्रता के सम्बन्ध में अपना अभिलेखीय साक्ष्य 7 दिन के अंदर सम्बन्धित नगर निकाय कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरान्त किसी भी लाभार्थी का दावा मान्य नहीं होगा और सूची में अंकित लाभार्थियों को अन्तिम रुप से अपात्र मानते हुए कर्टलमेन्ट किए जाने के लिए लाभार्थी सूची डूडा मुख्यालय लखनऊ को प्रेषित कर दी जाएगी।

# एसपी ने थाना उसका बाजार का किया वार्षिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने सोमवार को थाना उसका बाजार का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप, मेस, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस., बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क तथा थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

थाने के विभिन्न अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-भवन रजिस्टर एवं मालखाना रजिस्टर-2023 का भी गहनता से निरीक्षण किया गया। एसपी द्वारा वाहन चोरी, लूट, नकबजनी,चोरी, महिलाओं से संबंधित होने वाले अपराध की घटनाओं की रोकथाम एवं रूटीन पैदल गश्त, वाहन चेकिंग, बैंक चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों आदि की चेकिंग प्रभावी तरीके से थानाक्षेत्र में करते रहने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु थानाध्यक्ष उसका बाजार को अपने अधीनस्थों का कुशल पर्यवेक्षण करते हुए पूर्णनिष्ठा से, निष्पक्ष रूप से कार्यवाही कराते हुये बेहतर परिणाम उपलब्ध कराने हेतु कहा गया तथा थाना स्थानीय के ग्राम प्रहरीगण के साथ गोष्ठी कर उनके कर्तव्यों से अवगत कराते हुए हर छोटी व बड़ी सूचना को अपने बीट पुलिस अधिकारी को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया तथा ग्राम प्रहरीगण को छाता, साफा इत्यादि का वितरण किया। वार्षिक निरीक्षण के पश्चात् थाने पर नियुक्त अधि0/कर्मचारीगण से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, थानाध्यक्ष उसका बाजार, वाचक पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व ग्राम प्रहरीगण मौजूद रहे।

■ ग्राम प्रहरीगण में किया छाता, साफा इत्यादि का वितरण

# बाढ़ पीड़ितों के मदद के लिए पूरी तरह मुस्तैद जिला प्रशासन : एसडीएम



अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। बाढ़ पीड़ितों के मदद के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उक्त बातें उपजिलाधिकारी सदर डॉ0 ललित कुमार मिश्र ने कही। उपजिलाधिकारी सदर डॉ0 ललित कुमार मिश्र, नायब तहसीलदार माधुर्य यादव द्वारा धौरीकुईया, गुदराही गांवों में लंच पैकेट, राशन किट का वितरण किया गया। एसडीएम ने कहा कि कोई समस्या हो तो तहसील के कन्ट्रोल नम्बर पर फोन करें। इस बाढ़ आपदा की घड़ी में जिला प्रशासन बाढ़ पीड़ितों के साथ है।राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, गयादीन मौर्य, राजेश गुप्ता, गिरीश मिश्र, श्यामनारायन, लेखपाल रामकरन गुप्ता, सुनील आजाद, विजय यादव राजीव गुप्ता, महेन्द्र साहनी,अमीन संघ अध्यक्ष राजेश मिश्र आदि उपस्थित रहे। तहसीलदार सदर पीयूष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव उसका क्षेत्र के हथिवडतालताल, वगहिया, चौबाहे आदि गांवों में लंच पैकेट व राशन किट वितरण किया गया।

# डीएम ने सीएचसी मिठवल का किया निरीक्षण




अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। सोमवार को जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिठवल का निरीक्षण किया गया। मिली खामियों पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने एक महीने के भीतर दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

सोमवार पूर्वान्ह 09:00 बजे तिलौली स्थित सीएचसी मिठवल पर पहुंचे जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर परिसर व इर्दगिर्द फैली गंदगी को देख नाखुश दिखे। उन्होंने साफ- सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। मौके पर 07 डाक्टर उपस्थित रहे। एमओआईसी द्वारा बताया गया कि 01 डाक्टर ट्रेनिंग पर हैं तथा एक डाक्टर की ड्यूटी रात में है। बताया गया कि 03 फार्मासिस्ट में से 02 उपस्थित हैं तथा एक फार्मासिस्ट की ड्यूटी रात्रि में है। मौके पर सभी 03 स्टाप नर्स कार्यरत मिली। लेबर रुम की व्यवस्था से भी वह नाखुश दिखे।जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा एक्स-रे, टेक्निशियन, जनरल वार्ड, ओपीडी, जननी सुरक्षा, डाट्स टी.बी. कक्ष, औषधि भण्डारण कक्ष, का भी निरीक्षण किया गया। दवाओ का रख- रखाव ठीक न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 01 माह के अन्दर सुधार लाने का निर्देश दिया। व्यवस्था से नाखुश डीएम की नाराजगी इस कदर थी कि उन्होंने फार्मासिस्ट ओमकार चौधरी तथा सर्वेन्द्र चौधर का स्पष्टीकरण का निर्देश दे दिया। डीएम द्वारा प्रयोगशाला, नेत्र परीक्षण कक्ष, दन्त चिकित्सा, आपरेशन थियेटर आदि सभी वार्डो का भी निरीक्षण किया गया। वीपीएम, वीसीपीएम, डीसीपीएम का भी स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित डीसीपीएम राधेश्याम अपने कार्य के बारे में जानकारी न दे सके। उनको भी एक माह के अन्दर सुधार लाने का निर्देश दिया।

# संयुक्त मोर्चा ने भरी हुंकार, ऑनलाइन का बहिष्कार



अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले के शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा जिला अधिकारी कार्यालय पर ऑनलाइन उपस्थिति सहित सहित सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र उप जिला अधिकारी सदर ललित कुमार मिश्र को सौंप कर समस्याओं के निदान की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि प्रदेश के बेसिक शिक्षकों की ऑनलाइन डिजिटल उपस्थिति हेतु आदेश अव्यवहारिक है। ऐसा आदेश जारी करने से पहले शिक्षक प्रतिनिधियों और परिषद के सदस्यों से बात करनी चाहिए, और जमीनी स्तर की समस्या को समझनी चाहिए। प्रदेश के बहुत से क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं रहता, छत पर चढ़कर नेटवर्क तलाशना पड़ता है, तमाम विद्यालय ऐसी जगहों पर है जहां पहुंचने के लिए कई सवारियां बदलनी पड़ती है , भौतिक स्थिति ऐसी है जहां बरसात के मौसम में जलभराव हो जाता है।

# खुरपका मुंहपका रोग के 45 दिवसीय टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण योजना अंतर्गत चतुर्थ चरण खुरपका मुंहपका रोग का टीकाकरण अभियान 15 जुलाई से प्रारंभ हुआ जो अनवरत 45 दिन तक 28 अगस्त तक चलेगा। अभियान अंतर्गत जनपद के 280016 गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं को खुरपका मुंहपका रोग के टीके से आच्छादित किया जाएगा। निदेशालय पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर को 253000 डोज आवंटित किया गया है। जिसको जनपद के सभी विकास खण्डो को लक्ष्य के अनुसार वितरण किया जा चुका है तथा प्रत्येक विकासखंड में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी/ पशु चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित कर टीम का गठन भी कर दिया गया है। एक टीम में चार सदस्यों को रखा गया है। यह टीम सर्वप्रथम जनपद के सभी बाढ़ प्रभावित गांवों में टीकाकरण कार्य करेगी तदोपरांत शेष बचे ग्रामों में टीकाकरण कार्य रोस्टर के अनुसार किया जाएगा। जनपद के सभी नोडल अधिकारियों एवं उनके साथ लगे टीमों में कर्मचारियों को सभी पशुओं को 2 द्वद्य डीप इंट्रामस्कुलर इंजेक्शन लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। अभियान की शुरुआत करते हुए जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने हरी झंडी दिखाकर वाहन सहित टीम को रवाना किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जीवन लाल ने बताया कि खुरपका मुंहपका रोग एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से गाय, भैंस, भेड़, बकरी और सूअर जैसे पालतू पशुओं को प्रभावित करता है। खुरपका मुंहपका रोग के लक्षण प्रारंभिक चरण में पशुओं को बुखार आना तथा बाद मे पशुओं के मुंह, जीभ, मसूड़े, थन एवं खुरों पर छाले व फफोले बन जाते हैं।

■ डीएम ने हरी झंडी दिखवाकर वाहन सहित टीम को किया रवाना

## दबाव में प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में अधिक दबाव और तनाव में रहेंगे। बुनियादी कारण यह है कि भाजपा के पक्ष में सामान्य बहुमत नहीं है, लिहाजा गठबंधन का सहारा लेना पड़ा है। पहले दो कार्यकालों में अकेली भाजपा को लबालब बहुमत हासिल था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए को बरकरार रखा और कैबिनेट में भी स्थान दिया था। अब स्थितियां ऐसी नहीं हैं कि प्रधानमंत्री के करिश्मे और प्रभाव से ही सब कुछ संचालित होता रहे। चुनाव लड़ना और जीतना 'बायें हाथ का खेल' समझा जाए। बेशक देश के 20 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। संसद के दोनों सदनों में सर्वाधिक सांसद हैं। विधायक भी सबसे अधिक हैं। इनके बावजूद प्रधानमंत्री का दबाव और तनाव में रहना तार्किक न लगे, लेकिन हालात ऐसे ही बनते जा रहे हैं। सबसे पहले तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) को ही लें, जिसके 16 लोकसभा सांसदों का समर्थन मोदी सरकार के स्थायित्व के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। टीडीपी अध्यक्ष एवं आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू बीते दिनों दिल्ली प्रवास पर थे। उन्होंने सरकार से एक लाख करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज तुरंत मांगा था। उसमें से 50,000 करोड़ रुपए उन्हें अविलंब चाहिए थे, क्योंकि आंध्र की नई राजधानी अमरावती और दूसरे रूटीन के खर्चों के लिए उन्हें धन की आवश्यकता थी। आंध्र भारी कर्ज के बोझ तले दबा है। चंद्रबाबू की इस मांग पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असमर्थता जताई कि इतने अतिरिक्त धन की व्यवस्था देखनी पड़ेगी। नायडू ने प्रधानमंत्री से मिल कर आग्रह किया कि एक कमेटी बनाई जाए, जिसकी अध्यक्षता उन्हें सौंपी जाए। चंद्रबाबू के ये तेवर ही मोदी सरकार पर दबावों की शुरुआत हैं।

बिहार में 'विशेष राज्य के दर्जे' की मांग मजबूत होती जा रही है। घटक दलों के नेताओं के बयान आ रहे हैं कि यह बिहार का बुनियादी अधिकार है। बिहार से जद-यू के 12 सांसद हैं। उन्हें भी जानकारी है कि यह दर्जा दिया जाना कानूनन संभव नहीं है, क्योंकि वित्त आयोग इस व्यवस्था को 2014 में ही निरस्त कर चुका है। बहरहाल गठबंधन में दरार, दरकने और टूटने के कोई आसार नहीं हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर गठबंधन में अलगाव आने लगता है, तो राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन कैसे और कब तक बरकरार रह सकता है? संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को सदन में बजट पेश करेंगी। उसके मद्देनजर भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ और स्वदेशी जागरण मंच ने अपने-अपने मांग-पत्र वित्त मंत्री को सौंपे हैं। ये सभी संगठन आरएसएस के हैं, लिहाजा उनकी मांगों को यूं ही नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे कई और भी संगठन होंगे, जो बजट में अपनी मांगों को पूरा कराना चाहते होंगे! इसके अलावा, राजनीति और चुनावों के अलग तनाव और दबाव हैं। आम चुनाव, 2024 से लेकर हालिया 13 उपचुनावों तक जनादेश 'भाजपाई' नहीं रहा है। लोकसभा में भाजपा के 63 सांसद पराजित हुए हैं और 10 उपचुनाव विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के पक्ष में रहे हैं। भाजपा के हिस्से मात्र दो जीत ही आई हैं। अभी तो उप्र में कई सीटों पर उपचुनाव होने हैं। इसी अक्तूबर-नवंबर में हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे। भाजपा का वर्चस्व दांव पर है।

अब लगता है कि ध्रुवीकरण, दलबदलुओं, हिंदुत्व, सांप्रदायिकता आदि से चुनाव जीते नहीं जा सकते। अब भाजपा को रणनीति बदलनी पड़ेगी। अब भाजपा को पूरी ताकत, दिमाग, विचारधारा और काडर के सहयोग से चुनाव लड़ने होंगे, तभी राजनीतिक हैसियत बरकरार रह सकती है। हालांकि जो चुनाव होने हैं, वे देश की सत्ता को बिल्कुल भी प्रभावित नहीं करेंगे।

आपात काल का एक सकारात्मक पक्ष भी है उस समय पूरा तन्त्र चाक चौबंद हो गया था सरकारी दफ्तरों में अफसर और कर्मचारी समय से आते और जाते थे फाइलें लटकाई नहीं जाती थीं बड़े से बड़े और अदना से अदना कर्मचारी की हिम्मत नहीं थी कि वह काम के लिए जनता से सुविधा शुल्क (रिश्वत) मांग सके ट्रेनें बिलकुल समय से आती जाती थीं स्टेशनों और गाड़ियों के अंदर सफाई सुथराई व्यवस्था बिलकुल टाइट थी स्कूलों से ले कर विश्वविद्यालयों तक पढाई लिखाई में कोई व्यवधान नहीं था दुकानदारों को स्टॉक और भाव दूकान पर लिख कर टांगना होता था जिससे काला बाजारी और मुनाफ़ा खोरी बिलकुल बंद हो गयी थी।

# बगावत के लिए खिलाफ आपात काल घोषित करना जरूरी था

जब संवैधानिक तौर से चुनी गयी एक सरकार के खिलाफ सेना और पुलिस बलों को बगावत के इए उकसाया जा रहा हो, जब बडौदा (अब वडोदरा ) में बैठ कर रेल की पटरियों को डायनामाईट से उड़ा कर हज़ारों यात्रियों को मौत के घाट उतारने की साज़िश रची जा रही हो,



उबैदउल्लाह नासिर

सम्पूर्ण क्रांति के नाम पर नवजवानों और क्षात्रों को वर्गाला कर देश में निराज की सी स्थिति पैदा की जा रही हो तो उस समय एक ज़िम्मेदार सरकार के पास इन मंसूबों को विफल करने के लिए ठोस और कठोर क़दम उठाने के अलावा और क्या रास्ता बचता है? सोचिये 1971 की हार और अपना एक बाजू कट जाने से बिलबिलाया पाकिस्तान क्या भारत में फैल रहे ऐसे निराज और सेना को बगावत के लिए उकसाए जाने का फायदा उठा कर भारत पर आक्रमण नहीं कर सकता था? स्व जय प्रकाश नारायण (जे पी ) के उक्त गैर जिम्मेदाराना और अविवेकपूर्ण आचरण के बाद देश को निराज और विदेशी आक्रमण से बचाने के लिए तत्कालीन प्रधान मंत्री स्व इंदिरा गांधी के पास ठोस और कठोर संवैधानिक क़दम उठाने के अलावा और क्या रास्ता बचा था उन्होंने संविधान में दिए गए अधिकार के तहत देश में आपात काल घोषित कर के आंतरिक सुरक्षा कानून (MISA) और भारत की सुरक्षा कानून (DIR) के अंतर्गत गिरिफ्तारियाँ कीं और थोड़ी अवधि के लिए राष्ट्र हित में नागरिकों के अधिकार भी जब्त किये गए। ऐसे हालात में लगायी गए आपात काल को आज लगभग 50 वर्षों बाद जब मोदी सरकर उक्त तारीख को हर साल संविधान हत्या दिवस मानाने का एलान करती है तो यह उसकी धूर्तता और राजनैतिक चाल के अलावा और कुछ नहीं है। आपात काल लागू करना उस समय हालात की मजबूरी और आवश्यकता थी। यह संविधान सम्मत भी था क्योंकि संविधान ने तीन परिस्थितियों में आपात काल लागू करने का अधिकार सरकार को दिया है,यह तीन परिस्थितयां है देश में निराज फैलने का खतरा दूसरा देश पर विदेशी आक्रमण का खतरा और तीसरा संवैधानिक देश में आपात काल लागू किया गया था तो यह तीनो खतरे एक साथ देश के सामने खड़े हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने भी आपात गतिरोध। जब काल के खिलाफ दायर याचिका में उसे असंवैधानिक नहीं माना था।

इससे इंकार नहीं किया जा सकता की आपात काल के दौरान बहुत अत्याचार हुए थे, पूरे देश विशेषकर उत्तरी भारत को एक बड़ी जेल में बदल दिया गया था, विपक्ष के छोटे बड़े सभी कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद कर दिया गया था, प्रेस का गला घोट दिया गया था, सरकार की मन मनमानी चरम पर थी, स्व संजय गांधी संविधान से इतर सत्ता और अधिकार का केंद्र (E&tra Constitutional authority) बन गए थे, कहा जाता है कि उन्होंने इंदिरा गांधी को एक प्रकार से खाना क़ैद कर दिया था वही सब निर्णय लेते



थे। बढ़ती हुई आबादी देश के लिए एक समस्या ज़रूर है संजय गांधी ने इस समस्या के हल के लिए युद्ध स्तर पर नसबंदी का प्रोग्राम आरम्भ कराया इस प्रोग्राम को सफल बना कर संजय का कृपा पात्र बनने के लिए अधिकारियों और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया था। नसबंदी कराने वालों को संख्या बढाने के लिए 10 साल के बच्चे से ले कर 70 साल के बूढ़े तक की नसबन्दी कर दी गयी। सौन्दर्यीकरण के नाम पर देहली के तुर्कमान गेट इलाके पर बुलडोज़र चलाया गया (यह बुलडोज़र देहली के तत्कालीन लेफ्तिनेनेट गवर्नर जगमोहन के आदेश पर चलाया गया था जो आरएसएस के चहीते थे जिनको बाद में कश्मीर का गवर्नर, केद्र में मंत्री बनाया गया था)।

आपात काल का एक सकारात्मक पक्ष भी है उस समय पूरा तन्त्र चाक चौबंद हो गया था सरकारी दफ्तरों में अफसर और कर्मचारी समय से आते और जाते थे फाइलें लटकाई नहीं जाती थीं बड़े से बड़े और अदना से अदना कर्मचारी की हिम्मत नहीं थी कि वह काम के लिए जनता से सुविधा शुल्क (रिश्वत) मांग सके ट्रेनें बिलकुल समय से आती जाती थीं स्टेशनों और गाड़ियों के अंदर सफाई सुथराई व्यवस्था बिलकुल टाइट थी स्कूलों से ले कर विश्वविद्यालयों तक पढाई लिखाई में कोई व्यवधान नहीं था दुकानदारों को स्टॉक और भाव दूकान पर लिख कर टांगना होता था जिससे काला बाजारी और मुनाफ़ा खोरी बिलकुल बंद हो गयी थी और जनता को आवश्यक वस्तुएं आसानी से और उचित दामों पर मिल जाति थीं। इसके अतिरिक्त देश के विकास और जनता के हित में बीस सूत्रीय कार्यक्रम और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और उनके शैक्षिक व आर्थिक विकास के लिए पंद्रह सूत्रीय कार्यक्रम भी शुरू किया गया था। इसी कारण गांधीवादी नेता आचार्य विनोबा भावे ने आपातकाल को अनुशासन पर्व कहा था। उन्होंने जय प्रकाश नारायण से भी कहा था की तुम बापू के हत्यारों और एक सम्प्रदायिक फासीवादी संगठन आरएसएस को साथ ले कर गलती कर रहे हो मगर उस समय उनपर आरएसएस से प्रेम और इंदिरा से घृणा का ऐसा भूत सवार था की उन्होंने विनोबा भावे को दो टूक जवाब दिया कि÷यदि आरएसएस फासिस्ट है तो मैं भी फासिस्ट हूँ।,

इंदिरा गांधी ने उस समय दो और महत्वपूर्ण काम किये पहला आरएसएस के फैलाव (जो की स्व लोहिया जी की देन था) और उससे देश के संवैधानिक लोकतंत्र और धर्मनिर्पेक्ष स्वरुप के खतरे को भांपते हुए उससे बचने के लिए संविधान में दो संशोधन किये पहला संविधान के प्रस्तावना में ही सेक्युलर सोशलिस्ट लोकतंत्र शब्द शामिल कर दिया दुसरा लोक सभा का कार्यकाल 5 साल से बढ़ा कर 6 साल कर दिया। यही नहीं संविधान पर विश्वास न रखने वाले दो संगठनों आरएसएस और जमात इस्लामी पर प्रतिबंध भी लगा दिया। जहाँ एक ओर आरएसएस आरम्भ से ही संविधान की जगह मनु स्मृत लागू करने और देश को हिन्दू राष्ट घोषित कराना अपना लक्ष्य बनाए थी वही जमात इस्लामी भी मौजूदा लोकतान्त्रिक व्यवस्था के बजाये अपने विचार की ÷हुकूमत इलाहिया÷( अल्लाह की हुकूमत ) का सपना देखती थी इस कारण अपने सदस्यों को वोट देने से भी मना किये हुए थी।इंदिरा गांधी ने इस दोनों संगठनों पर प्रतिबंध लगा कर इनके नेताओं और कार्यकर्ताओं को जेल भेज दिया था। दिलचस्प तथ्य यह है की इस बार भी आरएसएस ने वीर सावरकर की अंग्रेजों से माफ़ी और गुरु गोल्वालकर की पंडित नेहरु और सरदार पटेल से माफ़ी की परिपाटी को जारी रखते हुए सरसंघ चालक भाऊ राव देवरस ने जेल से इंदिरा गांधी को पत्र लिखा कि आरएसएस पर से प्रतिबंध हटाया जाए और सभी कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया जाये तो संघ जनहित में जारी किये गए उनके बीस सूत्रीय कार्यक्रम का समर्थन करेगा।

वास्तव में जय प्रकाश नरायण का सम्पूर्ण क्रान्ति का यह अभियान आरएसएस द्वारा ही चलाया जा रहा था जिसमे उसकी राजनैतिक शाखा जनसंघ के अलावा स्व चरण सिंह का लोकदल और स्व लोहिया जी की सोशलिस्ट पार्टी जो कई धडों में बंट चुकी थी शामिल हो गयी थीं। इंदिरा विरोधी यह अभियान इलाहबाद हाई कोर्ट के एक फैसले से आरम्भ हुआ था जिसकी कथा भी रोचक है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा और सरकारी स्कूलों की स्थिति

शारदा बताती हैं कि उनके दो बेटे हैं जो रसूलपुरा में स्थित माध्यमिक उच्च विद्यालय में 6वीं और 8वीं में पढ़ते हैं। लेकिन वह प्रतिदिन स्कूल जाते हैं या नहीं, इसकी उन्हें खबर नहीं है, क्योंकि वह और उनके पति दोनों ही सुबह मज़दूरी करने के लिए निकल जाते हैं। जिसकी वजह से वह अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। शारदा कहती हैं कि अगर कमाने नहीं जाएंगे तो बच्चों को क्या खिलाएंगे? पति के अकेले कमाई से घर का खर्च पूरा नहीं हो पाता है, इसलिए मुझे भी साथ में मज़दूरी करने जाना पड़ता है। वहीं 36 वर्षीय दयाराम कहते हैं कि उनके पास ज़मीन का एक छोटा टुकड़ा है जिस पर वह खेती करते हैं। ऐसे में वह गांव में ही रहते हैं। जिसकी वजह से वह अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देते हैं।

राजस्थान में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी सरकारी स्कूलों का जिला स्तर पर निगरानी करने का फैसला किया है। इसके लिए प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। जो अपने-अपने प्रभारित जिले में प्रतिमाह दो दिवसीय दौरा कर राजकीय विद्यालयों का अवलोकन करेंगे। इसका मुख्य



बबन मिश्रा

उद्देश्य राज्य में संचालित सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति और क्रियान्वयन के लिए निगरानी रखना है। अक्सर यह देखा गया है कि सरकार की ओर से विकास की योजनाओं को लागू करने की घोषणा कर दी जाती है। लेकिन वह कितना सफल हुआ है इसकी निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं होती है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था कमजोर नजर आती है। जिसकी वजह से बच्चे स्कूल से दूर होने लगते हैं। ऐसे में वह शिक्षा के प्रति कितने गंभीर हैं? इसका अंदाजा नहीं लग पाता है।

अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में कई वर्षों तक शिक्षकों के पद खाली रहते हैं। एक शिक्षक के ऊपर अपने विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों को पढ़ाने और समय पर सिलेबस खत्म करने की जिम्मेदारी होती है। जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती है। इन सरकारी स्कूलों में अधिकतर आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे ही पढ़ने आते हैं। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता या तो साक्षर नहीं होते हैं या फिर घर की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण दोनों ही मजदूरी करने निकल जाते हैं। ऐसे में वह ध्यान नहीं रख पाते हैं कि उनके बच्चे स्कूल जा भी रहे हैं या नहीं? ऐसी जमीनी हकीकत राजस्थान के धुवालिया नाडा गांव में भी देखने को मिली है, जहां कई माता-पिता ऐसे हैं जो रोजी-रोटी कमाने निकल जाते हैं, वहीं उनके बच्चे स्कूल जाने की जगह इधर-उधर समय बर्बाद करते हैं। कुछ बच्चे गलत संगत में आकर बुरी आदतों में लिप्त हो जाते हैं।



इस गांव में केवल एक प्राथमिक विद्यालय है। जहां कक्षा एक से पांचवीं तक की पढ़ाई होती है। जबकि इसके आगे की शिक्षा के लिए इस गांव के बच्चों को रसूलपुरा जाना पड़ता है। जो धुवालिया नाडा से करीब दो किमी दूर है। इस संबंध में गांव की 40 वर्षीय शारदा बताती हैं कि उनके दो बेटे हैं जो रसूलपुरा में स्थित माध्यमिक उच्च विद्यालय में 6वीं और 8वीं में पढ़ते हैं। लेकिन वह प्रतिदिन स्कूल जाते हैं या नहीं, इसकी उन्हें खबर नहीं है, क्योंकि वह और उनके पति दोनों ही सुबह मज़दूरी करने के लिए निकल जाते हैं। जिसकी वजह से वह अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। शारदा कहती हैं कि अगर कमाने नहीं जाएंगे तो बच्चों को क्या खिलाएंगे? पति के अकेले कमाई से घर का खर्च पूरा नहीं हो पाता है, इसलिए मुझे भी साथ में मज़दूरी करने जाना पड़ता है। वहीं 36 वर्षीय दयाराम कहते हैं कि उनके पास ज़मीन का एक छोटा टुकड़ा है जिस पर वह खेती करते हैं। ऐसे में वह गांव में ही रहते हैं। जिसकी वजह से वह अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देते हैं। उनके तीन बच्चे हैं जिनमें दो रसूलपुरा जाते हैं जबकि एक गांव के प्राथमिक विद्यालय में ही पढता है। वह कहते हैं कि सरकारी स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था बहुत संतोषजनक नहीं है। अगर बच्चों विशेषकर लड़कों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाएगा तो वह स्कूल जाने की जगह इधर-उधर घूमने निकल जाते हैं।

सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा धुवालिया नाडा राज्य के अजमेर जिला स्थित रसूलपुरा पंचायत के अंतर्गत स्थित है। जहां अनुसूचित जनजाति भील और रैगर समुदाय की बहुलता है। गांव के अधिकतर पुरुष मार्बल की फैक्ट्रियों में काम करते हैं। कुछ खेती और कुछ गृह निर्माण में दैनिक मज़दूर के रूप में काम करते हैं। गांव के शुरू में ही कुछ घर मुस्लिम परिवारों के भी हैं। जिनकी अधिकतर जनरल स्टोर और अन्य ज़रूरी सामानों की दुकानें हैं। धुवालिया नाडा रसूलपुरा पंचायत का एक छोटा गांव है। जिसमें लगभग 50 घर हैं। यह गांव न केवल सामाजिक और आर्थिक रूप से बल्कि शैक्षणिक रूप से भी काफी पिछड़ा हुआ है। दरअसल आर्थिक रूप से कमज़ोर होने के कारण लोग पढ़ने से कहीं अधिक कमाने पर फोकस करते हैं। ऐसे में वह अपने बच्चों की शिक्षा पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देते हैं। वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण भी बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है। यदि गांव में ही 12वीं तक स्कूल खुल जाए तो स्थिति में परिवर्तन की उम्मीद की जा सकती है।

देश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी सबसे बड़ी समस्या के रूप में सामने आती है। अकेले राजस्थान में ही शिक्षकों के लगभग 25 हज़ार पद खाली हैं। पिछले वर्ष राज्य सभा में पूछे गए एक प्रश्न का जवाब देते हुए तत्कालीन शिक्षा राज्य मंत्री ने बताया था कि राजस्थान में कक्षा एक से आठ तक के शिक्षकों के 25 हजार 369 पद खाली हैं। जबकि प्रदेश में इन कक्षाओं के लिए शिक्षकों के दो लाख 99 हजार 387 पद स्वीकृत हैं। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर के एक समाचारपत्र ने एक खबर प्रकाशित करते हुए बताया है कि राजस्थान के सरकारी स्कूलों में उप प्रधानाचार्य सहित लगभग 37 हज़ार 500 पद खाली हैं। इन कमियों का सबसे अधिक प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी स्कूलों में देखने को मिलता है। जहां एक शिक्षक पर बच्चों को पढ़ाने के साथ साथ स्कूल से जुड़े विभिन्न औपचारिकताओं को पूरा करने की भी अतिरिक्त ज़िम्मेदारी होती है। ऐसे में सरकार और संबंधित विभाग के साथ साथ समाज की भी ज़िम्मेदारी बनती है कि वह इन कमियों को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाए। वह एक ऐसे परिवेश का निर्माण करें जिससे कि सभी बच्चों का स्कूल तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। (चरखा फीचर)

## लखनऊ के आलम-ए-शबे अशूर का इतिहास और महत्व

उज़ैर हसन रिज़वी

उर्दू अज़ादारी में लखनऊ का लंबे समय से योगदान रहा है। दक्षिण एशियाई लोगों में, वह जहाँ भी बस्ते हो, उनकी अज़ादारी का स्रोत लखनऊ से है। अज़ादारी अवध (लखनऊ) के नवाबों, के शासनकाल के दौरान खूब फला-फूली। नवाबों के शासनकाल से अब तक लखनऊ के शियाओं ने मुहर्रम के महीने में पैगंबर ए इस्लाम के नवासे हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में कई महत्वपूर्ण धार्मिक सभाओं (मजलिस) और जुलूसों की स्थापना की है।

उनमें से एक मुहर्रम के नौवें दिन निकाला जाने वाला आलम-ए-शबे-ए-अशूर है। जुलूस पहली बार 1920 के दशक में निकाला गया था और फिर इसे यादगर-ए-हुसैनी समिति के तत्वावधान में यादगर-ए-हुसैनी आलम के नाम से जाना जाता है। जिसमें प्रसिद्ध मौलवी और उल्लेखनीय व्यक्ति शामिल थे।1939 में समिति के विघटन के बाद, इसका नाम बदलकर आलम-ए-शबे-ए-अशूर कर दिया गया और स्वर्गीय सैयद क़ैसर हुसैन रिज़वी के मार्गदर्शन में इसे निकाला जाने लगा। यह जुलूस 1977 तक विक्टोरिया स्ट्रीट पर इमामबाड़ा नाज़िम साहब से शुरू होता था और अकबरी गेट और गुलाम हुसैन पुल से होता हुआ और दरगाह हज़रत अब्बास पहुँच कर समाप्त होता था। लेकिन सांप्रदायिक संघर्षों के कारण 70 के दशक के आख़िर से शियाओं धार्मिक जुलूसों को रोक दिया गया। उन दिनों, स्वर्गीय मौलाना सैयद कल्बे हुसैन, जिन्हें कब्बन साहब के नाम से जाना जाता था, रात में जुलूस से पहले इस मजलिस का पढ़ा करते थे। कब्बन साहब की मृत्यु के बाद, उनके बेटे स्वर्गीय कल्बे आबिद साहब ने इमामबाड़ा नाज़िम साहब में उसी मजलि को पढ़ा।

आलम को रज़ाकार (वालंटियर) के एक घेरे में ऐहराम के साथ लेकर चलते थे ।हर अक़ीदमंद को घेरे में प्रवेश करने से पहले अपने जूते उतारने होते थे। अलम के साथ अगरदान और गुलाबपाश को भी कश्ती में बड़े करीने से ले जाया जाता था। अज़ादार पूरे रास्ते में हाय हुसैन- या हुसैन करते करते हुए हाथों से मातम करते थे। यह लखनऊ सबसे लोकप्रिय जुलूसों में से एक है जिसमें कई लाख लोग भाग लेते हैं। स्वर्गीय क़ैसर हुसैन रिज़वी पेशे से वकील थे, लेकिन लखनऊ की अज़ादारी में उनका बहुत बड़ा योगदान था ।उन्होंने दरगाह हजरत अब्बास में क़ैदक़ाना या हज़रत सकीना के रोज़े के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा।

वह शायर-ए-अहलेबैत भी थे और उन्होंने कई मर्सिया और नौहा लिखे थे। जिनमें मशहूर नौहे भी शामिल हैं, जो अभी भी लखनऊ और उर्दू अज़ादारी के विभिन्न हिस्सों में पढ़े जाते हैं- ऐ जाने-दिल-हैदर ए कर्रार आलमदार–खून में जब डूबा हुआ आलम अब्बास का–नादान सकीना आ जाओ–भूके प्यासों की ये हजारी है–आशूरा पर सुनाई और शाह क़ैदखाने में तशरीफ़ लाईये। क़ैसर साहब की कोई संतान नहीं थी, 1971 में उनकी मृत्यु के बाद, नक्खास स्थित शहंशाह बिल्डिंग में रहने वाले उनके भतीजों ने इस जुलूस की जिम्मेदारी उठाई।जिसमें सैयद इम्तेनान हुसैन रिज़वी उर्फ अली सरदार, सैयद अख़लाक़ हुसैन रिज़वी (वकील ) उर्फ हसन सरदार और सैयद साबिर हुसैन रिज़वी उर्फ नकी सरदार शामिल थे।

क़ैसर साहब के एक और भतीजे शायर-ए-अहलेबैत मरहूम आरिफ रज़ा अंजुमन-ए-शहीद-ए-फुरात के संस्थापक हैं। क़रीब 20 साल के लंबे अंतराल के बाद, 1998 में अज़ादारी फिर से शुरू हुई और मौलाना कल्बे जवाद ने जूलूस से पहले मजलिस पढ़ना शुरू कर दिया।अब जुलूस इमामबाड़ा नाज़िम साहब विक्टोरिया स्ट्रीट से शुरू होकर अशरफाबाद, मंसूर नगर तक एक नये मार्ग से जाता है,और दरगाह हज़रत अब्बास पहुँच कर समाप्त होता है। 2007 में इम्तेनान साहब की मृत्यु के बाद उनके दो भाइयों अख़लाक़ साहब और साबिर साहब ने आलम की ज़िम्मेदारी सम्भाली। अख़लाक़ साहब का भी 2020 में निधन हो गया और अब जूलूस का नेतृत्व साबिर साहब और उनके भतीजों के संरक्षण में होता है ।

# आतंक के विरुद्ध जिहाद की सबसे बड़ी मिसाल है 'करबला'

इस्लाम को बदनाम करने व इसपर आतंकवाद का लेबल चिपकने की विश्वव्यापी कोशिशें की जा रही हैं। ऐसे में इस बहस पर चर्चा होना लाज़िमी है कि इस्लाम का वास्तविक संरक्षक व मार्गदर्शक कौन है? क्या सिर पर इस्लामी टोपी पहनने से, क़ुरआन की आयतें पढ़ने से, हाफ़िज़ व क़ारी बनने से, मुफ़्ती व मौलवी कहलाने से अज़ान, नमाज़ व रोज़े अदा करने, कलमा पढ़ने, हज, ज़कात अदा करने आदि के आधार पर किसी को सच्चा मुसलमान कहा जा सकता है?

इन दिनों पूरे विश्व में इस्लामिक कलेण्डर के पहले महीने यानी माह ए मुहर्रम के दौरान इस्लामी इतिहास की शहादत की सबसे अज़ीम घटना को याद किया जा रहा है। लगभग 1450 वर्ष पूर्व 10 अक्टूबर 680 अथवा इस्लामिक कलेण्डर के अनुसार 10 मुहर्रम 61 हिजरी को इराक़ के करबला क्षेत्र में इसी मुहर्रम महीने के दौरान स्वयं को मुसलमान कहने वाले एक अधर्मी शासक यज़ीद इब्ने मुआविया ने पैग़ंबर हज़रत मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन व उनके



तनवीर जाफ़री

पूरे परिवार को क़त्ल करने का आदेश अपनी लाखों की सेना को दिया था। उधर हुसैन ने अपने 72 परिजनों व सहयोगियों के साथ दसवीं मुहर्रम को कर्बला में तेज़ गर्मी के तपते रेगिस्तानी मैदान में तीन दिनों तक भूखे व प्यासे रहते हुये अपनी व अपने परिवार के अनेक लोगों की बेशक़ीमती शहादत देकर यह साबित किया था कि हज़रत मोहम्मद के परिजनों व इस्लाम के वास्तविक वारिसों द्वारा अहंकारी, अधर्मी, अय्याश व क्रूर शासक को कभी भी इस्लामी साम्राज्य के शासक के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती।

करबला के मैदान में हज़रत इमाम हुसैन ने अपनी, अपने छः महीने के मासूम बच्चे अली असग़र जवान बेटे अली अकबर व भाई अब्बास जैसे बहत्तर साथियों को अधर्म के विरुद्ध जिहाद बोलते हुये क़ुर्बान किया इन शहादतों की कोई दूसरी मिसाल नहीं है। उधर दूसरी तरफ़ यज़ीद व उसकी सेना द्वारा यहीं पर क्रूरता का वह इतिहास रचा गया जिसकी दूसरी मिसाल पूरी पृथ्वी पर कहीं नहीं मिलती। यही वजह है कि दास्तान - ए - करबला को ग़लत (बातिल) के विरुद्ध सत्य (हक़) के लिए संघर्ष और अन्याय और झूठ के ख़िलाफ़ न्याय और सत्य के लिए बलिदान के प्रतीक के रूप में हमेशा जाना जाता रहेगा। करबला में इमाम हुसैन ने अपनी क़ुर्बानी देकर पूरे विश्व के सभी धर्मों व सम्प्रदाय के लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसीलिये आज पूरी पृथ्वी पर हज़रत हुसैन के चाहने वाले व उनका ग़म मनाने वाले मिल जायेंगे।

आज इस्लाम को बदनाम करने व इसपर आतंकवाद का लेबल चिपकने की विश्वव्यापी कोशिशें की जा रही हैं। ऐसे में इस बहस पर चर्चा होना लाज़िमी है कि इस्लाम का वास्तविक संरक्षक व मार्गदर्शक कौन है? क्या सिर पर इस्लामी टोपी पहनने से, क़ुरआन की आयतें पढ़ने से, हाफ़िज़ व क़ारी बनने से,मुफ़्ती व मौलवी कहलाने से अज़ान,नमाज़ व रोज़े अदा करने, कलमा पढ़ने,हज,ज़कात अदा करने आदि के आधार पर किसी को सच्चा मुसलमान कहा जा सकता है? यदि मुसलमान होने के लिये उपरोक्त दलीलें काफ़ी हैं फिर तो करबला में यज़ीदी सेना के सिपाही व अधिकारी भी उस



समय के नमाज़ी, क़ारी, कल्मागो, हाजी, हाफ़िज़ व रोज़दार थे? यदि यही बातें किसी को सच्चा मुसलमान बनाती हैं फिर तो अलक़ायदा में भी सभी लंबी दाढ़ी रखने वाले नमाज़ी व हाजी,हाफ़िज़ क़ारी मिलेंगे? आई एस आई एस में भी ऐसे ही वेशधारी मुसलमान मिल जायेंगे? फिर तो क्रूर तालिबानियों का भी सच्चा मुसलमान कहने का दवा सही है? पाकिस्तान से लेकर भारत व बांग्लादेश और भी कई देशों में ऐसे ही संगठनों द्वारा इस्लाम व मुसलमान के नाम पर किये जा रहे आतंकी हमलों को भी क्या इस्लामी शिक्षा से प्रेरित कहा जा सकता है? जैसा कि वैश्विक स्तर पर प्रयास भी किया जा रहा है?

जी नहीं, यज़ीद से लेकर अलक़ायदा,आई एस और तालिबानों जैसे अनेक आतंकी संगठन सभी लगभग एक ही विचारधारा से प्रेरित हैं। यह इस्लाम और मुसलमानों का नाम केवल इसलिये लेते हैं ताकि इस्लामी जगत को धोखे में रखकर उसका नैतिक समर्थन हासिल किया जा सके। इनका वजूद पूर्णतयः राजनैतिक मक़सदों को हासिल करने के लिये है। इन्हें सत्ता चाहिये और सत्ता का विस्तार चाहिये। करबला में हज़रत हुसैन ने अपने समय के सर्वशक्तिशाली चरित्रहीन सीरियाई शासक यज़ीद को इस्लामी शासक के रूप में मान्यता देने व उसे इस्लामी शासक स्वीकार करने से इसीलिये इनकार कर दिया था ताकि इतिहास इस बात का गवाह रहे कि हज़रत मुहम्मद के इस्लामी सिद्धांत किसी दुश्चरित्र अपवित्र अहंकारी व ज़ालिम बादशाह को इस्लामी सल्तनत का बादशाह स्वीकार करने की क़तई इजाज़त नहीं देते। इसीलिये हज़रत हुसैन ने इस्लामी मूल्यों की रक्षा के लिये यज़ीदी आतंक व यज़ीदी विचारधारा के विरुद्ध जिहाद किया था। नतीजतन हज़रत हुसैन को अपने पूरे कुंबे की क़ुरबानी देनी पड़ी थी?

आज भी दुनिया के अनेक देश या तो आतंकी संगठनों की गिरफ़्त में हैं,या वहां ऐसी ही विचारधाराओं के लोग सत्ता में हैं। और जिस वर्ग का भी व्यक्ति या जमाअत इन्हें बेनक़ाब करती है, जो भी इनका यज़ीदी कनेक्शन सार्वजनिक करते हैं यह उनकी जान के दुश्मन बन जाते हैं। ये मस्जिदों,दरगाहों, ईमामबारगाहों ,जुलूस व मीलाद पर होने वाले हमले,मस्जिदों में व मुहर्रम के जुलूसों में हो रहे आत्मघाती हमले, वक़्त वक़्त पर आतंकी संगठनों द्वारा घोषित फ़र्ज़ी जिहाद, यह सब यज़ीदी विचारधारा को पोषित करने वाले संगठनों व उनसे जुड़े लोगों के काम हैं। परन्तु चूँकि यह लोग अपनी सभी अमानवीय गतिविधियां इस्लाम का नाम लेकर और हाथों में इस्लामी कलमा लिखा झंडा लेकर अंजाम देते हैं इसलिये पारम्परिक रूप से इस्लाम विरोधी पूर्वाग्रह रखने वाला विश्व का एक बड़ा वर्ग इसे इस्लामी शिक्षा व समग्र मुस्लिम कृत्य के रूप में पेश करता है।

जबकि दरअसल असली जिहाद तो करबला में हज़रत हुसैन को उन्हीं ज़ालिम ताक़तों के विरुद्ध करना पड़ा था जो इस्लामी चोले में छुपकर इस्लाम पर नियंत्रण हासिल करना चाह रहे थे। परन्तु हुसैन ने एक अज़ीम क़ुरबानी पेशकर दुनिया को यह बता दिया कि असली इस्लाम,बादशाहों,तानाशाहों व शासकों का नहीं बल्कि मुहम्मद के घराने वालों का है। आज भी जो इस्लाम, सल्तनत की सियासत में उलझा है दरअसल वह इस्लाम नहीं बल्कि पैग़ंबरों, रसूल, इमामों, फ़क़ीरों, सूफ़ियों, त्यागी, तपस्वी व वास्तविक अध्यात्म वादियों द्वारा पोषित इस्लाम ही सच्चा इस्लाम है। ग़ज़नवी से लेकर सद्दाम,लादेन,मुल्ला उमर और ग़द्दाफ़ी तक ऐसे अनेक आतंकी,आक्रांता व तानाशाह लोगों ने धर्म के नाम का दुरूपयोग केवल अपनी सत्ता को बचाने या विस्तार के लिये किया। जबकि वास्तविक इस्लाम करुणा, प्रेम, भाईचारा, शांति, अहिंसा और सद्भाव पेश करता है। और हज़रत मुहम्मद के इसी सच्चे इस्लाम की रक्षा के लिये उनके नवासे हज़रत हुसैन ने करबला में 72 लोगों की शहादत देकर आतंक के विरुद्ध जिहाद की सबसे बड़ी मिसाल पेश की थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# बाढ़ग्रस्त जिलों में निराश्रित गोवंश के संरक्षण का कार्य प्राथमिकता से करें

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि बाढ़ग्रस्त जनपदों में निराश्रित गोवंश के संरक्षण का कार्य प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाये। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से गोवंश के बचाव हेतु गोशालाओं की समुचित व्यवस्था की जाये। गोशालाओं में मृत गोवंश के शव का तत्काल समुचित निस्तारण होना चाहिए, ताकि अन्य गोवंश में कोई संक्रमण न फैलने पाये। उन्होंने कहा कि गोवंश को बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण कार्य को प्राथमिकता दी जाये और इसकी सूचना पोर्टल पर अपलोड कराई जाये। टीकाकरण में कम प्रगति वाले जनपदों के अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

धर्मपाल सिंह आज विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित



गोवंश को गो-आश्रय स्थल तक पहुंचाने एवं वर्षा से बचाव हेतु गोशालाओं की समुचित व्यवस्था हेतु आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अपर्याप्त गोवंश संरक्षण वाले जनपदों में संरक्षण स्थल का प्राथमिकता से निर्माण कराया जाये। सभी गौशालाओं में वृक्षारोपण का कार्य कराया जाये। गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए भूमि पर गोवंश के लिए चारा उगाने का कार्य किया जाये। साथ ही कब्जामुक्त 20 हजार हेक्टेयर गोचर भूमि पर आगामी 15 अगस्त तक हरा चारा बुवाई कराये जाने के सख्त निर्देश दिये।

बैठक में प्रमुख सचिव श्री रविन्द्र ने मंत्री जी को आश्वस्त किया कि मंत्री जी द्वारा दिए गये सभी दिशा-निर्देशों का पालन पूर्ण रूप से सुनिश्चित कराया जायेगा। गौवंश के टीकाकरण का कार्य यथाशीघ्र पूरा कराने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों गोवंश के

**■ गोशालाओं में मृत गोवंश के शव का तत्काल निस्तारण होना चाहिए**

बचाव का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है और पर्याप्त चारा, भूसा, दवाईयों आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। कार्यो में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी जनपदों के अधिकारियों द्वारा वर्षाकाल के दृष्टिगत पशुधन की सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं । बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव श्री देवेन्द्र पांडे, पशुपालन विभाग के निदेशक, प्रशासन एवं विकास डॉ0 रघुनाथ सिंह, निदेशक रोग नियंत्रण प्रक्षेत्र डॉ0 पी0एन0 सिंह, अपर निदेशक डॉ0 जयकेश कुमार पाण्डेय तथा अपर निदेशक डॉ0 अरविन्द कुमार सिंह तथा शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## उचित दर दुकानों के निर्माण के लिए 5650 से अधिक स्थानों का चिन्हांकन

लखनऊ। प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारन्टी अधिनियम के तहत अन्नपूर्णा या मॉडल उचित दर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत प्रदेश में प्रस्तावित मॉडल उचित दर दुकानों के निर्माण के लिए 5650 से अधिक स्थानों का चिन्हांकन किया गया है, जिनमें से 4100 से अधिक दुकानों का निर्माण कार्य प्रगतिमान है और 2072 मॉडल उचित दर दुकानें निर्मित, जिनके माध्यम से कार्डधारकों/आम जनमानस को सी.एस.सी. सेवाएं, रोजमर्रा की जनोपयोगी वस्तुएं और 05 कि0ग्रा0 के छोटे घरेलू सिलेण्डर प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है।

खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 450 उचित दर दुकानों में वितरण कार्य प्रारम्भ भी किया जा चुका है।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान : केशव मौर्य

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में आये अगन्तूको को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा।उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय-7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना



न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना। जनता दर्शन में लगभग 3 दर्जन ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत सम्बन्धित जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

# पांच दिवसीय तीसरा उर्मिल रंग महोत्सव' आज से

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। अभिनेता डा.अनिल रस्तोगी और विजय वास्तव को उर्मिल रंग सम्मान से अलंकृत करने के साथ ही डा.उर्मिलकुमार थपलियाल फाउण्डेशन द्वारा कल से संग गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह गोमतीनगर में तीसरा उर्मिल रंग महोत्सव प्रारम्भ हो जायेगा। डा.उर्मिलकुमार थपलियाल की स्मृति में कल पहले दिन 16 जुलाई को डा.थपलियाल रचित नौटंकी 'हरिश्चन्नर की लड़ाई' के 1984 में हुये प्रथम प्रदर्शन के सभी अदाकारों का सम्मान इस प्रस्तुति के रितुन थपलियाल के निर्देशन में होने वाले प्रदर्शन के साथ होगा। 20 जुलाई तक चलने वाले इस रंग उत्सव में रंगप्रेमियों को प्रदेश की लोकनाट्य विधा नौटंकी के पांच अलग-अलग रंग देखने को मिलेंगे।

महोत्सव के दूसरे दिन 17 जुलाई

**■ लखनऊ, कौशांबी, बांदा, प्रयागराज और कानपुर की प्रस्तुतिया होंगी शामिल**

को द्वारिका लोकनाट्य कला उत्थान समिंत कौशांबी के कलाकार संतोषकुमार के निर्देशन में नौटंकी 'केवट के राम' का मंचन करेंगे। इसी क्रम में बांदा का बुंदेलखण्ड लोक कला संस्थान विजय बहादुर श्रीवास्तव के निर्देशन में सुप्रसिद्ध नौटंकी रचना 'राजा भर्तृहरि' को 18 जुलाई को मंच पर उतारेगी। रंग उत्सव की चौथी शाम 19 जुलाई को प्रयागराज के विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान रंगमण्डल की ओर से विनोद रस्तोगी लिखित और अजय मुखर्जी निर्देशित नौटंकी 'बंटवारे की आग' का मंचन होगा। अंतिम संध्या 20 जुलाई को रसरंग फाउण्डेशन कानपुर की ओर से नीरज कुशवाहा के निर्देशन में नौटंकी 'मातादीन' का मंचन किया जायेगा।

# 'निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें'

## आइजीआरएस के प्रकरणों को प्राथमिकता पर निस्तारण करें : डा दयाशंकर मिश्र दयालु

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एम0ओ0एस) डा0 दयाशंकर मिश्र दयालु आज उ0 प्र0 राज्य आयुष सोसाईटी के सभागार में आयुष (आयुवेद, युनानी, होमोपैथ) तथा उ0प्र0 राज सोसाईटी विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आइ0जी0आर0एस0 प्रकरणों को प्राथमिकता पर निस्तारण करें। उन्होंने प्रदेश के सभी आयुष विभाग के अन्तर्गत आने वाले मेडिकल कालेजों में छात्रावास एवं मेस की सर्वोत्तम व्यवस्था बनाने के भी निर्देश दिये।

डा0 दयालु ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 50 वेडेड अस्पतालों का कार्य प्राथमिकता पर कराये जाए। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग के अन्तर्गत कराये जा रहें निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष



ध्यान दिया जाये। उन्होंने गुणवत्ता एवं समयबद्धता के लिए संयुक्त दल का गठन कर इसकी नियमित रूप से निगरानी करने निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुय कहा कि कराये जा रहें निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की अधेमानक सामग्री का प्रयोग नहीं होना चाहिए।

आयुष मंत्री ने कहा कि आयुष के अन्तर्गत आने वाले प्रदेश के सभी आस्पालों में दवाईयों की कमी न होने पाये, जिसे मरीजों को कोई समास्या न होने पाये। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयें के कैम्पस की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि आस्पातलों में स्वच्छता का वातावरण बना रहें। उन्होंने लैब को आधुनिक बनाने के लिए और प्रभावी कार्यवाही कराने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आयुष श्रीमती लीना जौहरी, उ0प्र0 राज आयुष सोसाइटी के निदेशक श्री महेन्द्र वर्मा, विशेष सचिव आयुष श्री हरिकेश चौरसिया निदेशक आयुर्वेद डा0 पी0सी0 सक्सेना, निदेशक होम्पोपैथ डा0 ए0के0 वर्मा सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# भाषा विवि के विद्यार्थियों ने किया फील्ड विजिट



अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग़ द्वारा विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय एजुकेशनल फील्ड विजिट का आयोजन हुआ। माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के निर्देशन में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विशविद्यालय लखनऊ में स्थापित ''फैकल्टी आफ फार्मेसी'' के विद्यार्थियों ने शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत तीन दिवसीय फील्ड विजिट में प्रतिभाग किया।

यह विजिट दिनाकं 11,13 एवं 15-07-2024 को सुनिश्चित की गयी जिसका उददेश्य विद्यार्थियों में भैषजिक विज्ञान कि समझ को विकसित करना, भैषजिक विज्ञान में वनस्पतियों के मूल्य को जनना तथा फार्मा उद्योग में अपशिष्ट उपचार की प्रकिया को समझना था। पहले दिन छात्रों ने वानस्पति की अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया जहॉ वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ0 मनीश एस0 भोयर से छात्रों ने पौधो के औषधीय गुणो के बारे मे विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही शोधर्थी कुलभूशण मणी त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को परिसर मे स्थपित बोन्साई पौधो, रसीले पौधो, कैक्टस पौधो एवं पौधो की लुप्तप्राय प्रजातियों से अवगत कराया।

# माले ने पार्टी कार्यालय की अनुचित कुर्की के खिलाफ राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस मनाया

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भाकपा (माले) ने सोनभद्र पार्टी कार्यालय की अनुचित कुर्की के खिलाफ सोमवार (15 जुलाई) को राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस मनाया। साथ ही, पार्टी कार्यालय की पुनर्बहाली के लिए राबर्ट्सगंज में जिला मुख्यालय पर आज से अनिश्चित कालीन धरना शुरु कर दिया।

अन्य जिलों में मार्च व प्रदर्शन कर प्रतिवाद दिवस मनाया गया और पार्टी इकाइयों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिले के अधिकारियों के माध्यम से भेजा। प्रतिवाद दिवस मनाने के जरिये पार्टी ने कुर्की की अनुचित कार्रवाई रद्द कर माले जिला कार्यालय को पुनर्बहाल करने और तहसील प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि राबर्ट्सगंज में तीन दशक से भी ज्यादा समय से चल रहे भाकपा (माले) के जिला कार्यालय को 11 जुलाई 2024 को पुलिस बल





**■ राबर्ट्सगंज में जिला मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना शुरु**

लगाकर अनुचित तरीके से बेदखल कर दिया गया। नजूल भूमि पर लंबे समय से बने तमाम घरों व भवनों के बीच सिर्फ भाकपा (माले) कार्यालय को निशाना बनाया गया। यह तब किया गया, जब एसडीएम (राबर्ट्सगंज) के पार्टी कार्यालय की कुर्की (145 सीआरपीसी) के आदेश के विरुद्ध जिला जज न्यायालय में अपील विचाराधीन है। इसकी सुनवाई लगातार चल रही है। अंतिम निर्णय अभी आना है। इस बीच तहसीलकर्मियों ने अनावश्यक तेजी दिखाते हुए विपक्षी अपराधियों के साथ मिलीभगत कर यह कार्रवाई की। न सिर्फ कार्यालय के पूरे सामान को सड़क पर करवा दिया, बल्कि पार्टी के बोर्ड, झंडे आदि को फेंकवा दिया। यह निहायत ही मनमानापूर्ण व अपमानित करने की कार्रवाई है। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने बताया कि प्रतिवाद दिवस लखनऊ, बनारस, प्रयागराज, अयोध्या, रायबरेली, चंदौली, मिर्जापुर, भदोही, देवरिया, गोंडा, बस्ती, बलिया, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़ व अन्य जिलों में मनाया गया।

# कुंवर आनन्द व अनीता चंद्रिका सम्मान से हुए सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित अनागत काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह सकुशल सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ माँ सुरसति की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्ज्वलन, डॉ कुसुम चौधरी की सुमधुर वाणी वन्दना एवं डॉ प्रवीण पाण्डेय आवारा के कुशल संचालन से हुआ। लखनऊ शहर के जाने माने शायर डॉक्टर एल पी गुर्जर गुर्जर लखनवी समारोह के अध्यक्ष, डॉ राम लखन यादव पवन कौशांम्बवी मुख्य अतिथि, विजय शंकर शुक्ला अवशेष और डॉक्टर कुसुम चौधरी विशिष्ट अतिथि रहे। काव्य गोष्ठी के मध्य सम्पन्न सम्मान समारोह में प्रकाशक एवं साहित्यकार कुंवर आनन्द श्रीवास्तव को अनागत मार्तंड सम्मान व वरिष्ठ कवयित्री श्रीमती अनीता अरोरा को अनागत कविता चंद्रिका सम्मान से अंग वस्त्र व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रवीण पाण्डेय, अयोध्या से पधारे शायर प्रसून श्रीवास्तव, सत्यदेव सिंह, आकाश श्रीवास्तव, श्रीमती नीतू आनंद श्रीवास्तव जी, आशुतोष तिवारी आशु, विजय लक्ष्मी मौर्या, राम राज भारती, अनिता अरोड़ा, आदि ने अपनी अनागत कविताओं का पाठ किया।

# 'संविधान हत्या दिवस का विरोध कर अपनी पार्टी के विचारों से विमुख हो गये हैं अखिलेश'

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। संविधान हत्या दिवस की अधिसूचना जारी होने पर समाजवादी पार्टी सहित कुछ विपक्षी दल काफी हो-हल्ला कर रहे हैं। सपा तो आज यह भी भूल गयी कि उसकी बुनियाद ही आपात काल के विरोध में पड़ी थी। अखिलेश यादव को सबसे पहले आगे आकर संविधान हत्या दिवस का समर्थन करना चाहिए। इससे उनके पिता की आत्मा खुश होती। ये बातें प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री और भाजपा नेत्री स्वाती सिंह ने कही।

स्वाती सिंह ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि मुलायम सिंह यादव आपातकाल के समय 19 माह जेल में रहे थे। मुलायम सिंह जब तक जिंदा रहे, आपातकाल की निंदा करते रहे। नौ सितंबर 2006 को पहली बार मुलायम सिंह ने ही पूरे प्रदेश के लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को लखनऊ बुलाया था



और परिवहन सुविधा की स्वीकृति दी थी। भाजपा के शासनकाल में अब उनके सम्मान को बढ़ाते हुए 15000 प्रतिमाह से अधिक भत्ता कर दिया। उन्होंने कहा कि लालू, मुलायम सहित तमाम नेता कांग्रेस के धुर विरोधी लोहिया का नाम लेकर आज भी राजनीति करते हैं। आज वे ही कांग्रेस का समर्थन कर रहे हैं, जबकि इनका जन्म ही कांग्रेस के विरोध में हुआ था।

पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के कुछ लोग कह रहे हैं कि पचास साल बाद इसे याद करने की क्या जरूरत है। यदि स्वतंत्रता के 78 साल बाद भी कांग्रेस कुछ लोगों को नाम लेकर वोट मांग सकती है तो लोकतंत्र की हत्या जब हुई थी, तो उसको क्यों नहीं याद किया जाय। इसको आज विस्तार से घर-घर बताने की जरूरत है। आपातकाल में अंग्रेजों के शासनकाल से ज्यादा अत्याचार हुए थे। 42वां संशोधन कर संविधान की मूल भावना के साथ छेड़छाड़ किया गया।

स्वाती सिंह ने कहा कि दरअसल कांग्रेस ने संविधान को सबसे ज्यादा ठेस पहुंचाया है। कांग्रेस ने हर समय मनमानी की है। कांग्रेस ने केंद्र में रहते हुए 80 बार विधानसभाओं में चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया है। भाजपा ने कभी सत्ता का दुरुपयोग नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन देश के लिए समर्पित है। वे गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए हर वक्त प्रयासरत रहते हैं। वहीं कांग्रेस सहित कुछ परिवारवादी पार्टियों के लिए उनका परिवार ही सब कुछ है।

## 21वीं पशुगणना संबंधी राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में उ0प्र0 सरकार के पशुधन विभाग द्वारा कल 16 जुलाई को पं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ में 21वीं पशुगणना संबंधी राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उ0प्र0 के कैबिनेट मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास श्री धर्मपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थित होगी।

यह जानकारी निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन डा0 आर0एन0 सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार के पशुपालन विभाग के सचिव तथा उ0प्र0 के पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव श्री रविन्द्र भी सहभागिता करेंगे। इसके अलावा संचार एवं सोशल मीडिया एवं एक्ट के बारे में भी जानकारी दी जायेगी।

# 'सावन माह में घर बैठे स्पीड पोस्ट से प्राप्त करें श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद'

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भगवन शिव को समर्पित सावन माह 22 जुलाई से आरंभ हो रहा है। हर किसी की इच्छा होती है कि वह भगवान शिव के ज्योतिर्लिङ्ग स्वरूप का दर्शन और आशीर्वाद स्वरुप प्रसाद पा सके। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। ऐसे में डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोग गुजरात सहित देश के किसी भी कोने में घर बैठे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद मँगा सकते हैं। सावन माह में डाक विभाग ने इसके लिए विशेष प्रबंध किये हैं। उक्त जानकारी अहमदाबाद परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने दी, जो हाल ही में वाराणसी से ट्रांसफर होकर यहाँ कार्यभार ग्रहण किये हैं।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार



यादव ने बताया कि डाक विभाग और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के बीच हुये एक एग्रीमेण्ट के तहत देश के किसी भी कोने में रह रहे श्रद्धालु स्पीड पोस्ट से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद मँगा सकते हैं। इसके तहत अपने नजदीकी डाकघर से मात्र ? 251 रूपये का इलेक्ट्रानिक मनीआर्डर प्रवर अधीक्षक डाकघर, वाराणसी (पूर्वी) मंडल-221001 के नाम भेजना होगा। ई-मनीऑर्डर प्राप्त होते ही डाक विभाग द्वारा तत्काल दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जाएगा। डिब्बा बंद

**■ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद डाक विभाग के माध्यम से मात्र 251 रूपये का ई-मनीआर्डर भेजकर घर बैठे प्राप्त करें**

प्रसाद टेंपर प्रूफ इनवेलप में होगा, जिसके ऊपर वाराणसी के घाट पर जारी डाक टिकट की प्रतिकृति भी अंकित होगी। इससे किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है।

**श्री काशी विश्वनाथ प्रसाद में शामिल वस्तुएं-** पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि प्रसाद में श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिङ्ग की छवि, महामृत्युंजय यंत्र, श्री शिव चालीसा, 108 दाने की रुद्राक्ष की माला, बेलपत्र, माता अन्नपूर्णा से भिक्षाटन करते भोले बाबा की छवि अंकित सिक्का, भभूति, रक्षा सूत्र, रुद्राक्ष मनका, मेवा, मिश्री का पैकेट इत्यादि शामिल हैं। सूखा होने के कारण यह प्रसाद लम्बे समय तक उपयोग में बना रहता है।

# गुजारा भत्ता संबंधी सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आज बज़्म ए ख्वातीन के तत्वाधान में जनाना पार्क अमीनाबाद में तलाकशुदा महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शामिल महिलाओं ने कहा की हर महिला को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है चाहे वह किसी भी धर्म की हो

इस संगोष्ठी में तलाकशुदा महिलाओं तरन्नुम खान, तमन्ना खान, रुकैया बानो, नसरीन अंसारी, शेनजिला सिद्दीकी ने अपने विचार रखें ,जीनत वाहिद ने कहा के मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक और गुजारा भत्ते की परंपरा के कारण हमेशा से अत्याचार सहन करती आ रही हैं तीन तलाक के विरुद्ध कानून बनने से उन्हें काफी राहत मिली और इसमें बज़्म ए खूवातीन का बड़ा योगदान रहा है क्योंकि भारतीय समाज में अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद अपने पति पर निर्भर हैं अगर किन्हीं परिस्थितियों



**■ तलाकशुदा महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया**

में पति उनको छोड़ देता है तो उनका भरण पोषण मुश्किल हो जाता है ऐसे में गुजारा भत्ता कानून सराहनीय है

अध्यक्ष बज्म ए ख्वातीन बेगम शहनाज सिदरत ने कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता संबंधी सर्वोच्च न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक है उन्होंने कहा कि तीन तलाक के विरुद्ध कानून बन जाने से महिलाओं को काफी राहत मिली है अब उन्हें गुजारा भत्ता पाने का कानून स्थापित होने से बहुत राहत मिलेगी वह अब दावा पेश कर सकेंगे क्योंकि जिन महिलाओं के पति छोड़ देते हैं उन महिलाओं के कंधों पर बच्चों को पालने ,पढ़ने लिखाने का बोझ तो होता ही है साथ ही मुसीबत का पहाड़ टूट जाता है इस पर यह फैसला उन्हें राहत देगा ,मुसलमानों को इस पर आपत्ति नहीं जतानी चाहिए क्योंकि अभी तक उनकी तरफ से मुस्लिम ख्वातीन के लिए कोई भी पॉजिटिव काम नहीं किया गया है ना तो उनके लिए शेल्टर होम्स बनाए गए ना ही कोई बैतूलमाल, अब अगर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से उनकी मुसीबतें कम हो रही हैं तो यह सराहनीय कदम है।

बेगम शहनाज सिदरत ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, नया आईपीसी इंसाफ के लिए एक नया प्रयास है हमें उम्मीद है कि इसका उद्देश्य किसी को दंडित करना नहीं बल्कि न्याय देना होगा क्योंकि आजकल बच्चों में भी अपराधिक प्रवृत्ति पाई जा रही है साथ ही हमारी सरकार से गुजारिश है कि वह स्कूलों के सिलेबस में नैतिक शिक्षा को जरूरी करार दे। गोष्ठी में आफरीन बानो ,मेहरुनिसा जैनब, जिक्रा आदि ने भी विचार व्यक्त किये गोष्ठी का संचालन नशत हयातुल्लाह ने किया।

# मुनि अक्षय सागर ससंघ का वर्णी नगर मड़ावरा में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

■ नगर की सीमा से श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे से की ऐतिहासिक आगवानी

अवधनामा संवाददाता

**मड़ावरा (ललितपुर)।** वर्ष 2024 के मंगल चातुर्मास हेतु आचार्य भगवन विद्यासागर जी महामुनिराज के मंगल आशीष एवं नवाचार्य समय सागरजी की महती अनुकंपा से रविवार को वर्णी नगर मड़ावरा में मुनि अक्षय सागर जी ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ।

मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल कुंडलपुर से वर्णी नगर मड़ावरा चतुर्मास हेतु विहाररत मुनि अक्षय सागर एवं ऐलक उपशम सागर का रविवार को वर्णी नगर मड़ावरा में भव्य मंगल प्रवेश हुआ सकल दिगम्बर जैन समाज एवं चतुर्माश व्यवस्था समिति के नेतृत्व में नगर की सीमा से मुनि संघ की भव्य आगवानी की गयी। इस दौरान



श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला हर तरफ पचरंगा झंडा और मुनिश्री की फोटो रहित तख्तियां ही नजर आ रहीं थीं। महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश लेकर चल रहीं थी। तो वहीं युवा व बच्चे पूरे जोश के साथ दिव्यघोष बजाते हुए चल रहे थे। इस भव्य व ऐतिहासिक आगवानी यात्रा को मोती महाराज मंदिर तिराहा से होकर गिरार तिराहा तत्पश्चात बस स्टैंड मुख्य मार्ग होते हुए ब्लाक के पास स्तिथ श्री महावीर स्वामी जिनालय तक ले जाया गया, जहां धर्मसभा में मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए धर्म का मर्म समझाते हुए कहा कि पाप रूपी कीचड़ में रहने वाले जीव को विषय कषाय ही अच्छा लगता है। आचार्यो ने कहा है कि कहीं भोग कर्मो के बाद यह जैन धर्म हमें मिला है। जैन दर्शन में साधु परमेष्टि होते है भगवान को तो हमने देखा ही नहीं है तो साधु संगत कर ही अपना भव सुधारने का कार्य कर सकते हैं। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य भगवन विद्यासागर के चित्र के समक्ष चातुर्मास कमेटी व सभी मंदिरों के प्रबंधक गणों ने दीप प्रज्वलन कर किया गया।

## वृंदावन में प्राथमिक विद्यालय की छत के पत्थर टूट कर गिरे

**मथुरा।** वृंदावन में रविवार को एक प्राथमिक विद्यालय की छत का प्लास्टर टूट कर गिर गया। रविवार को स्कूल की छुट्टी थी इस लिए कोई हादसा नहीं हुआ। प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं। सोमवार को गोपीनाथ नगला स्थित एक ही इमारत में चल रहे निताई चरण स्कूल और राजकीय जूनियर स्कूल को खुलने के दौरान देखा गया। जहां जर्जर स्कूल की छत का प्लास्टर टूट कर गिर गया। गनीमत यह रही कि रविवार को अवकाश होने के कारण एक बड़ी घटना होने से टल गई। यहां बताते चले कि पूर्व में भी एक बार इसी जर्जर स्कूल की छत गिर गई थी। इस संबंध में शिक्षामित्र अनिशा ने बताया कि दोनों पाठशालाओं में लगभग 80 बच्चे पढ़ते है। रविवार का अवकाश होने पर स्कूल नहीं आए थे। सोमवार को जब स्कूल खुला तो जर्जर इमारत की छत का प्लास्टर नीचे गिरी हुई थी। इस संबंध में अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बुद्ध सेन सिंह से बात कि शिक्षिका द्वारा प्राथमिक विद्यालय नित्याई चरण की छत गिरने की सूचना दी मिली है।

# भारतीय किसान यूनियन ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल/चन्दौसी।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर 11 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी चन्दौसी सौंपा गया और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। बिना विवादित दाखिला खारिज को तय सीमा में निस्तारण किया जाए। तहसील क्षेत्र में आवारापशुओं ने किसानों का जीना दुश्वार कर दिया हैं आर्थिक हानि के साथ साथ जनहानि हो रही हैं आवारा पशुओं से तुरंत निजात दिलाई जाए रजिस्ट्री कार्यालय में बिना सुविधा शुल्क के बैनामा नही होते किसानों को तरह तरह से परेशान किया जाता है। खतौनी गाटा संख्या की दी जा हमारी मांग हैं अगर एक गांव की खतौनी हैं तो कितने भी नम्बर हैं एक ही खतौनी जारी की जाए। ठियाबन्दी को तय सीमा के अनुसार निस्तारण किया जाए जिससे किसानों का शोषण रोका जाए। सर्किल बेरनी पर लेखपाल विकास भाटिया को तुरंत स्थानांतरण किया जाए। तहसील क्षेत्र के अधिकतर बिजली घर ओवरलोड



हैं जिस कारण किसानों की धान की फ़सल चौपट हो रही ओवरलोड बिजलीघरों की क्षमता वर्द्धि की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र लोगों के राशन कार्ड नही बन रहे है जिस कारण वह राशन लेने से वंचित है पत्रों ग्रामीणों के राशन कार्ड शीघ्र बनवाये जाए। तहसील के सामने वाला नाला अरिल नदी तक बनबाया जाए। ग्राम समाज की भूमि जैसे खाद के गड्ढे चकरोडों अवैध निर्माण हटवाया जाए। आदि मांगो समाधान की मांग की गयी और कहा गया अगर उक्त समस्याओं का शीघ्र निस्तारण नही किया जाता हैं तो भविष्य तहसील मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन आंदोलन होगा। प्रदेश प्रमुख महासचिव/प्रभारी पश्चिमी उत्तरप्रदेश विजेंद्र सिंह यादव व जिलाध्यक्ष मानपाल सिंह यादव ने कहा हैं सरकार की करनी कथनी में अंतर उसी के अनुसार स्थानीय प्रशासन किसानों की अनदेखी कर रहा हैं जिससे किसानों में रोष हैं जिसे भारतीय किसान यूनियन बर्दाश्त नही करेगी उन्होंने किसानों से कहा भारतीय किसान यूनियन का विस्तार करें संगठन की मजबूती ही किसानों की समस्याओं का समाधान हैं शासन प्रशासन को कुम्भकर्णी नींद से जगाने वाला एक मात्र संगठन भारतीय किसान यूनियन हैं ज्ञापन सौंपने के बाद उपजिलाधिकारी व तहसीलदार से सभी समस्याओं पर बिंदु बार वार्ता की गई उनके द्वारा समाधान का आश्वासन दिया गया सभी किसान नेताओं ने कहा अगर किसानों की समस्याओं की अनदेखी की गई तो अगली बार तहसील मुख्यालय पर आरपार आंदोलन होगा। इस अवसर पर प्रमुख रुप से जिलाध्यक्ष मानपाल सिंह मुकेश यादव रामवीर सिंह यादव राजपाल सिंह नेता जी महावीर सिंह यादव देशराज सिंह हाजी अजीम सैफी योगेंद्र यादव विपिन यादव धर्मेंद्र प्रधान उदयवीर सिंह विनोद यादव संजीव शर्मा लल्लाबाबू प्रधान महीपाल सिंह यादव शिवनारायण यादव राकेश यादव अजयपाल सिंह सुलेराम सिंह अमरपाल सिंह रनवीर सिंह यादव अध्यक्षता ऋषिपाल सिंह संचालन तहसील अध्यक्ष महेश यादव ने किया।

# जुलूस में दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर किया मातम

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** नगर के मुहल्ला नूरियो सराय मे मेहंदी के मातमी जुलूस में दहकते अंगरो पर नंगे पॉव चलकर मातम किया। इमामबाडा सगीर हसन से हजरत कासिम की याद में दुलदुल ( घोडा) व अलम बरामद किये गये हुसैनी चोक में अजॉदारो ने या अली या हुसैन की सदाओ के साथ दहकते हुए अंगरो पर चलकर हैरत अंगेज मातम किया इन अजॉदारो में छोटे छोटे बच्चे भी शमिल थे जिनको देख कर कर्बला का मंजर को याद करके रोने की आवाजें बुलंद हो ने लगी कर्बला के मैदान मे पैगंबर ए इस्लाम के नाती हजरत इमाम हुसैन और इनके साथ बहत्तर लोगो को शहीद करके यजीद के ज़ालिम सैनिक कर्बला की गर्म जमीन पर शहीदो के शवो से सर काट कर बेसर शव छोडकर चल गये थे अपने साथ औरतों बच्चो और इमाम हुसैन के बेटे इमाम जैनुल आबेदीन को कैदी बना कर ले गये थे इसी की यादगार में अजॉदार दहकते अंगारो पर चल कर मातम करते है !



इस गमजदा माहौल मे कुछ अजॉदारो ने जंजीरो से मातम करके अपनी पीठ को जख्मी करके खून से रंगीन कर लिया मातमी जुलूस अपने तयशुदा रास्तो से हो कर सोमवार की सुबह चार बजे इमामबाडा फ़रमान हुसैन मे पहुंचा जहॉ मजलिस की गयी मजलिस के बाद मातमी जुलूस समाप्त हुआ मातमी जुलूस में नैय्यर अब्बास मोहसिन रजा रहबर हुसैन अली अब्बास अजीम मेहदी सरफ़राज शाह आलम अरशद हसन शाने अब्बास उरुज मेहदी अली सादिक हुसैन जहीर हसन जहीर साजिद आदि मौजूद रहे।

## भारतीय मानव कल्याण समिति के तत्वाधान में किया गया वृक्षारोपण

**सम्भल/चन्दौसी।** सोमवार को सीता आश्रम स्थित माता बगियावाली मंदिर परिसर में जामुन, अर्जुन, शीशम, जंगल जलेबी, सैजन, सागौन, अमरूद आंवला आदि के एक सौ एक वृक्ष लगाए गए। भारतीय मानव कल्याण समिति के प्रबंधक डॉ0टी0एस0पाल ने बताया की समिति द्वारा प्रतिवर्ष एक ही बार पौधारोपण किया जाता है, जिसमें 51 पौधे लगाए जाते हैं, लेकिन इस वर्ष समिति के रजिस्ट्रेशन को 25 वर्ष पूर्ण होने पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत 101 पौधों का रोपण किया गया।साथ ही प्रत्येक समिति सदस्य के लिए पांच पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पर्यावरण संरक्षण, प्राणियों के जीवन एवं प्राकृतिक सौंदर्य के लिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को एक संकल्प के साथ पौधारोपण करने की आवश्यकता है, जोकि अपने जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, मांगलिक दिवस जैसे मौके पर तथा किसी की स्मृति में वृक्ष लगाने चाहिए। जब किसी वृक्ष के साथ हमारी यादें जुड़ जाएंगी तो निश्चित ही हम उसकी देखभाल बहुत ही सही तरीके से कर पाएंगे।

# सातवीं मोहर्रम को निकला अलम का जुलूस

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सातवीं मोहर्रम पर ललितपुर शहर भर में अलम का जुलूस निकला। दोपहर बाद अकीदतमंद झंडा, अलम के साथ हजरत इमाम हुसैन ( रजि. ) को याद करते हुए नदीपुरा इमाम चौक तक गए। इस दौरान ढोल ताशे भी बजे। दरूदो सलाम पड़ते हुए, नियाज और फातिहा पढ़ा गया। इमाम हुसैन को बड़े अदब के साथ याद किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। युवा वर्ग हाथों में हुसैन के निशान के रूप में झंडे लहरा रहे थे। तो कुछ रास्ते भर नगाड़ों की गूंज करते रहे। जगह-जगह जलपान के इंतजाम किए गए थे। मुस्लिम समुदाय के लोग मिलकर अकीदतमंदों की सेवा करते दिखे। शहर के लोगों ने जुलूस में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। यह जुलूस शहर के हज़रत बाबा सदन शाह के मजार से लेकर पानी की बड़ी टंकी सदर कांटा घंटाघर सनीचर चौराहा आजाद चौक होते हुए इमाम चौक पर जुलूस तक गया। यहां फातिहा खानी के बाद अकीदत मंदों



को शरबत पिलाया गया। इसके बाद वापस लौटा। बच्चों की चहलकदमी रास्ते भर रही। युवा, बुजुर्ग सभी पूरे जोश में हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत को याद करते रहे। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। मोहर्रम कमेटी के सदर रमजान अली दादा सादिक,अली, मु. कलीम साहब मुहम्मद नसीम, सदर रज्जब अली, हमीद मंसूरी साहब, जाहिद खां मंसूरी, मुहम्मद अन्जू बाबा, मु. इमरान मंसूरी, मीडिया प्रभारी मु.जावेद अली, अब्दुल साकिर, सादिक अली, अबरार खान आदि मौजूद रहे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र मिश्रा, निरीक्षक नरेंद्र सिंह यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक आलोक तिवारी, सदर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनुराग शर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही।

## संक्षिप्त समाचार

### 8 मोहर्रम खानकाहे नसीरीया से निकला जुलूस-ए-हूसैनी



**बिलग्राम।** हर साल कि तरह इस साल भी इतिहासिक मोरो का मातम ताज़ीया अलम का जुलूस सरकार सैय्यद शाह मोहम्मद अफसर अली नसीरी चिश्ती की सरपरस्ती में अपने कदीमी रास्ते से होता हुआ वापस खानकाहे नसीरीया पहुंचा जिसमें मर्सिया व अंजुमन बज़्म अज़ाए हूसैन ने नोहा खानी की। जुलूस के बाद लंगर व सबील तकसीम हुआ सरकार सैय्यद अफसर मियां साहब क़िब्ला ने मजलिस में शाहादत ए मौला हूसैन अलैहिस्सलाम बयान की कर्बला के मैदान में मौला हूसैन को 72 साथियों के साथ प्यासा शहीद कर दिया गया था हम सभी को कर्बला के पैगाम को आम करना चाहिए इमाम हुसैन अ स ने कर्बला में इंसानियत का पैगाम दिया हम सभी को इंसानियत मोहब्बत को आम करना चाहिए। जुलूस ए हूसैनी में सैय्यद काशिफ अली नसीरी सैय्यद औसाफ वलिउललाह वाजिद हूसैन दुदू नसीरी नदीम नसीर की दानिश अली सै बासिर नसीर सैय्यद काशिफ मियां मतीन दास्ता मैनेजार सैफ अली जाफरी अरक़म जैदी परवेज़ बिलग्रामी अरबाज अली जाफरी मोमेनिन मौजूद रहे।

### अनंत सेवा ने किया हनुमान मंदिर मे वृक्षारोपण पौधा रोपण कर इसके महत्व को समझाया



**ललितपुर।** अनंत सेवा ग्रुप के तत्वाधान में हनुमान मंदिर कचहरी प्रागंण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें सर्वप्रथम भगवान के पूजन के साथ वृक्षों का पूजन किया गया। महेन्द्र सविता ने कहा अनादि निधनोदेव शंख गदाधारी अक्षय पुण्डरीकाक्ष पितृ मोक्ष प्रदोभव, हे शंख चक्रधर वृक्षारोपण रूप में आप हम सब को शीतलता प्रदान करे। साथ ही वैदिक बिधि के साथ ही वृक्षारोपण कार्यकम का शुभारंभ किया गया। अनंत सेवा ग्रुप के सभी सदस्यों ने प्रार्थना की कि प्रभु हम सभी को ऐसे ही देश हित में कायों की प्रेरणा देवें और सारे कार्य निर्विघ्न रूप से समपन्न होते रहे और वासुदेव पटवा ने कहा कि हर घर हरयाली हो तो यह अति उत्तम स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है। वृक्षारोपण को महा महोत्सव के रुप हम सभी लोग कर्तव्य समझे। संस्था द्वारा निरन्तर फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण व संरक्षण किया जाएगा। कार्यक्रम में मनमोहन जडिया़, संजय डियोडिया, दीपक सोनी, सुलभ गुप्ता, मनीष दुबे, लोकेंद्र राठौर, पंकज मालवीय, सत्यनारायण शुक्ला, डा.प्रबल सक्सेना, विनोद जयसवाल, प्रशांत श्रीवास्तव, संजीव खरे, रामेश्वर मालवीय, भरत रिछारिया, जितेंद्र राठौर आदि उपस्थित रहे।

### सद्गुरू के जन्मोत्सव पर रोपित किये पौधे

**ललितपुर।** सदगुरु कबीर आश्रम कंचनधाम पर वर्तमान समय के महान दार्शनिक, ब्रह्मज्ञानी, परम पूज्य गुरुदेव, कबीर दर्शनाचार्य श्रीश्री 108 श्रीरामजीवन शास्त्री साहिब आचार्य गद्दी कबीर धाम सागर मध्य प्रदेश के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर जमुना प्रसाद दीवान के सान्निध्य में कबीर सैनिक सेवार्थी संघ के पदाधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। संघ ने गुरूजी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। संघ के पदाधिकारियों ने वृक्षों की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि वन है तो जीवन है, एक वृक्ष 10 पुत्र समान वन है तो हम हैं, हमें अपने जीवन में कम से कम 5 पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम में मनीष साध अध्यक्ष, महेन्द्र पंथ, द्वारिका प्रसाद मालवीय, विनय कफारिया, मुकेश साध एवं जगदीश पुजारी उपस्थित रहे।

# एसपी सुरक्षा बजरंगबली ने निभाया पुलिसिया धर्म

अवधनामा संवाददाता

■ घर से नाराज होकर निकली महिला को परिवार से मिलाया

**मथुरा।** मुंबई की एक महिला अपने बेटे से नाराज होकर बगैर खाना खाये घर से निकल गई। यूपी के मथुरा में एसपी सुरक्षा बजरंगबली ने रात में ही रेलवे स्टेशन पहुंचकर ट्रेन में खोज निकाला। उसे खाना खिलाया और गेस्टहाउस में ठहराकर बेटे को सूचित कर दिया। सुबह बेटे के आने पर मां-बेटे का मिलन करा दिया। बेटे से मिलकर मां फूटफूट कर रोने लगी।

काफी ढूंढने के बाद जब कहीं पता नहीं चला तो घरवाले परेशान हो गए। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि वह हरिद्वार एक्सप्रेस से गई हैं। लोकेशन पता की तो ट्रेन मथुरा पहुंचने वाली थी।

बेटे ने बुधवार की रात मथुरा के पुलिस विभाग के एक सीयूजी नंबर पर फोन किया। फोन करीब 11ः15 बजे श्री कृष्ण जन्मस्थान पर तैनात एसपी सुरक्षा बजरंगबली आवास पर बजा। वह सोने की तैयारी कर रहे थे। अनजान फोन आया तो उन्होंने रिसीव किया। सामने वाले ने जो कहा उसे सुनकर वह सोना भूल गए और कर्तव्य पथ पर निकल लिए।

फोन करने वाले युवक ने कहा कि, सर मैं मलाड, मुंबई से बोल रहा हूं। घर में थोड़ी सी नोकझोंक होने के बाद मां घर छोड़कर चली गई हैं। वह हरिद्वार एक्सप्रेस से निकली हैं। कृपया मदद कर दीजिए। मेरी मां मिल जाएंगी। पहले तो उन्होंने जीआरपी से संपर्क करने की बात कही। लेकिन जब फोन करने वाले ने कहा कि कई बार संपर्क के बाद भी सपर्क नहीं हुआ, तो वह पसीज गए।

वह बिस्तर छोड़कर युवक की मां को ढूंढने मथुरा जंक्शन के लिए निकल पड़े। उधर जीआरपी को महिला का कोच नंबर और फोटो भेजकर खोजने को कहा। वह स्टेशन पहुंचे तो पता चला कि ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर चार पर आने वाली है। यहां जीआरपी के एसआई मनोज कुमार महिला व पुरुष कांस्टेबल के साथ मौजूद मिले। ट्रेन आने पर सर्च करना शुरू किया। चौथे जनरल कोच में महिला मिल गई।

इसके बाद एसपी ने महिला को समझाकर नीचे उतारा। बाहर लेकर आए। एक गेस्ट हाउस में ठहराया। खाना खिलाया। साथ ही उसके बेटे को सूचना दी। अगले दिन महिला को कपड़े दिलाए। श्री कृष्ण जन्मस्थान के दर्शन भी कराए। बेटा पहुंचा तो उसे मां से मिलवाकर खुशी खुशी घर भेजा। बेटे से मिलते ही बेटे की आंखें छलक पड़ीं। उसने एसपी बजरंगबली का आभार व्यक्त किया।

एसपी सुरक्षा बजरंगबली ने बेटे के आने पर पूछा घर से चली जाने के बाद कैसे पता चला कि वह हरिद्वार एक्सप्रेस से मथुरा की तरफ आ रही हैं। इस पर बेटे ने बताया कि मुंबई स्टेशन पर पहुंचा था। वहां सीसीटीवी चेक करवाए। वीडियो में पता चला कि वह इस ट्रेन के कोच संख्या-181959 में बैठी हैं। इसके बाद उसने एसपी सुरक्षा बजरंगबली को फोन किया। कहा कि पहले गूगल से नंबर निकालकर कई अन्य फोन मिलाए। लेकिन कोई नहीं लगा। बजरंगबली का फोन लगा और उन्होंने उठाया भी।

एसपी सुरक्षा बजरंगबली ने बताया कि भले ही रेलवे, जीआरपी से मेरा कोई मतलब नहीं था। लेकिन, हम पुलिसवालों की तो ड्यूटी ही यही है कि जो भी सूचना मिले उसे फॉलो करें। लड़के का फोन आया तो मुझे लगा कि मुझे जाना चाहिए।

# सेफ सिटी परियोजनाओं को लेकर बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन के तिराहे चौराहे पर आई टी एम एस कंट्रोल रूम में यातायात व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। इसी के साथ सेफ सिटी परियोजना अंतर्गत नगर के मुख्य मार्ग एवम सार्वजनिक स्थलों पर स्थित दुकानों ,प्रतिष्ठानों, स्कूल, पेट्रोल पंप, औद्योगिक इकाइयों के परिसर के बाहर सीसीटीवी कैमरों को भी कंट्रोल रूम से इंटीग्रेटेड किया जाना हैं। कंट्रोल रुम से अब तक लगभग 5000 सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से लूप किया गया है।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के द्वारा उपस्थित जी.एम.डी.आई.सी से अपेक्षा की गई नगर में औद्योगिक इकाइयों के संचालकों से समन्वय कर परिसर के बाहर स्थापित कैमरों की फीड को कंट्रोल रूम से लूप करने हेतु कहा जाए। इसी प्रकार जिला विद्यालय निरीक्षक से अपेक्षा की गई कि नगर में स्थित स्कूल परिसरों के बाहर स्थापित सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से लूप करने हेतू प्रेरित किया जाय। इसी प्रकार जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बांट माप अधिकारी, आबकारी अधिकारी आदि विभाग के अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले प्रतिष्ठानों के संचालकों से समन्वय कर प्रतिष्ठानों के बाहर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की फीड को कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट कराने हेतु प्रेरित किया जाए। जिससे नगर में समुचित निगरानी हो सके एवं निगरानी से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# प्रतिभावान ग्रामीण बच्चों का कैरियर संवार रहा ब्रज धरा फाउंडेशन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उप राज्यपाल (दिल्ली) के सचिव सुरेन्द्र सिंह आईएएस और उनके अग्रज राजस्थान विधि सेवा परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सिकरवार ने अपने गांव सैदपुर (कासिमपुर) व आसपास के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं को उपहार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इन बच्चों ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाया था। आईएएस सुरेन्द्र सिंह के पिता स्व. हरी सिंह जी और माता स्व. लहर कौर की स्मृति में स्थापित ब्रज धरा फाउंडेशन द्वारा सैदपुर में ये सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करायी थी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले बच्चों के नामों की घोषणा की गयी। इस अवसर पर आईएएस सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि हर बच्चे को पढ़ाई के दौरान ही एक लक्ष्य साधना होगा। उस लक्ष्य पर चलकर ही सरकारी सेवा में बड़े पद पर पहुंचा जा सकता है। अपने स्वर्गीय माता-पिता का उदाहरण देते हुए श्री सिंह ने अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों के कैरियर पर शुरु से ही ध्यान दें, उन्हे लक्ष्य सौंपे। बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। गांव की लाइब्रेरी में आकर वे वाचनालय में स्टडी करें। राजस्थान विधि सेवा परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने ग्रामीण बच्चों को कैरियर बनाने के लिए अनेक उपयोगी सुझाव दिए। प्राचार्य बच्चू सिंह ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ पर्यावरण जैसे सामाजिक कार्यो में रुचि लेने को प्रोत्साहित किया। सम्मान समारोह के आयोजक दीपक सिकरवार ने बताया कि ÷स्व हरी सिंह व स्व लहर कौर स्मृति पुस्तकालय÷ में अध्ययन कर गांव सैदपुर के दो युवक सरकारी सर्विस में उच्च पदों पर पहुंच गए हैं। कई और बच्चे मंजिल पाने के लक्ष्य पर चल रहे हैं। कार्यक्रम में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया कि स्व हरि सिंह जी की स्मृति में पुस्तकालय स्थापना के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं।

## हुसैन ने कर्बला में इस्लाम के साथ इंसानियत को भी बचायाः मौलाना कामिल

**मथुरा।** भार्गव गली मे जैदी के अजाखाने मे मजलिस हुई। मजलिस मे रेहान जैदी, सलमान जैदी ने सौज सलाम पड़े। नौहा जेन अब्बास जैदी, रेहान जैदी आदि ने पढ़ा। मजलिस को लखनऊ से आये मौलाना सैय्यद कामिल अब्बास नकवी साहब ने खिताब करते हुए कहा, कि मुहर्रम त्यौहार का नाम नहीं है मानवता की राह में सब कुछ कुर्बान करने वाले शहीदों की याद है। कर्बला में इस्लाम के साथ इंसानियत को भी बचाया। इमाम हुसैन की शहादत की याद में दुनियाभर में मुहर्रम मनाते हैं। इमाम हुसैन, पैगंबर मोहम्मद के नाती थे, जो कर्बला की जंग में शहीद हुए। इमाम हुसैन ने इस्लाम और मानवता के लिए अपनी जान कुर्बान की थी। बातिल अपनी पूरी ताकत के साथ हक के सामने था यजीद लोगों पर जुल्म करता था इसकी हुकूमत जालिम की हुकूमत थी और इधर इमाम हुसैन अ. स. हक के साथ थे और यजीद बातिल के साथ था। इस्लाम धर्म के लोगों के लिए यह महीना बहुत अहम होता है, क्योंकि इसी महीने में हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी।

# ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पर दिखाई ताकत

अवधनामा संवाददाता

■ संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शिक्षक, शिक्षामित्र ने दिखाई ताकत

**मथुरा।** ऑनलाइन हाजरी के फरमान को शिक्षक हजम नहीं कर पा रहे हैं। अभी छुटपुट हो रहा विरोध संगठित होने लगा है। सोमवार को शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पर शक्ति प्रदर्शन किया। शिक्षकों की मांग है कि इस आदेश में कुछ संशोधन किए जाएं। इस आदेश में आकस्मिक अवकास का प्रावधान नहीं है। इसी तरह के कई संशोधन शिक्षक चाहते हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों की मांगों पर बिना विचार किए डिजिटाइजेशन थोपा जा रहा है। शिक्षकों ने इस फैसले को अव्यवहारिक निर्णय बताया है। विरोध में शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशक व कर्मचारियों के संयुक्त मोर्चा द्वारा डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन सिटी मिजस्ट्रेट ने लिया। विरोध प्रदर्शन में बडी संख्या में शिक्षक व कर्मियों ने भाग लिया। प्रदेश स्तर पर गठित संयुक्त मोर्चे में शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों समेत परिषदीय कर्मचारियों से जुड़े सभी संगठन शामिल हैं। संयुक्त मोर्चा में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, अटेवा, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन, टीएससीटी, यूटा, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ, आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन, अनुसूचित जाति शिक्षक संघ, उर्दू शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, यूटा व अनुदेशक संघ शामिल हैं। सभी घटक दलों के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने एकस्वर से कहा कि जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाता तब तक डिजिटाइजेशन का विरोध जारी रहेगा। प्रांतीय आह्वान जनपद भर के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व कर्मचारी हजारों की संख्या में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले टैंक चौराहे पर एकत्रित हुए और जुलूस के रूप में कलैक्ट्रेट को प्रस्थान किया। भीड़ को देखकर पुलिस प्रशासन के भी हाथ पैर फूले रहे। शिक्षकों ने कहा कि यदि उनकी मांग पर विचार नहीं किया जाता है तो महानिदेशक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन में अंजना शर्मा, गोवर्धन दास गुप्ता, हेमराज सिंह, रविन्द्र चौधरी, गोवन्द सिंह चौहान, योगराज सिंह चाहर, विशाल पचौरी, अंशुल गौतम, चन्द्रशेखर सिंह, अशोक प्रिय, खुर्शीद अहमद, खेम सिंह चौधरी, राजकुमार चौधरी, दुष्यंत सारस्वत, विनीत पाराशर, अरविन्द सारस्वत, सुजीत वर्मा, राजीव पचौरी, हरीश चौधरी, दिव्या मिश्रा, उर्वशी त्रिपाठी, शिप्रा चौधरी, कौशल किशोर, लोकेन्द्र मिश्रा समेत शिक्षक व शिक्षामित्र संगठनों पदाधिकारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत ने किया।

# महानगर के चप्पे चप्पे पर रहेगी तीसरी आंख की नजर

**मथुरा।** महानगर के चप्पे चप्पे पर तीसरी आंख की नजर रहेगी। सार्वजनिक स्थलों पर लगे निजी सीसीटीवी कैमरों को भी कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। अब तक 5000 सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा जा चुका है। जिलाधिकारी मथुरा की अध्यक्षता में, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा एवं नगर आयुक्त मथुरा वृंदावन की उपस्थिति में सेफ सिटी परियोजना अंतर्गत सीसीटीवी कैमरों को इंटीग्रेटेड किए जाने के लिए जनपद के विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। नगर निगम मथुरा वृंदावन के विभिन्न तिराहे चौराहे पर आईटीएमएस कंट्रोल रूम में यातायात व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। इसी के साथ सेफ सिटी परियोजना अंतर्गत नगर के मुख्य मार्ग एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्थित दुकानों, प्रतिष्ठानों, स्कूल, पेट्रोल पंप, औद्योगिक इकाइयों के परिसर के बाहर सीसीटीवी कैमरों को भी कंट्रोल रूम से इंटीग्रेटेड किया जाना हैं। कंट्रोल रुम से अब तक लगभग 5000 सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से लूप किया गया है। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के द्वारा उपस्थित जी.एम.डी.आई.सी से अपेक्षा की गई नगर में औद्योगिक इकाइयों के संचालकों से समन्वय कर परिसर के बाहर स्थापित कैमरों की फीड को कंट्रोल रूम से लूप करने के लिए कहा जाए। इसी प्रकार जिला विद्यालय निरीक्षक से अपेक्षा की गई कि नगर में स्थित स्कूल परिसरों के बाहर स्थापित सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से लूप करने के लिए प्रेरित किया जाये। इस कार्य के क्रियान्वयन के लिए नगर निगम मथुरा वृंदावन से अपर नगर आयुक्त रामजी लाल को प्रभारी नियुक्त किया गया।

# अब भारत के सामने श्रीलंका की चुनौती, दोनों टीमों के बीच होंगे 6 मैच

भारत का जिम्बाब्वे दौरा सुखद रहा और शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया ने 5 टी20आई सीरीज को 4-1 से जीत लिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए इस टी20आई सीरीज के बाद अब टीम इंडिया श्रीलंका दौरे पर जाएगी। जहां दोनों टीमों के बीच 6 मैच खेले जाएंगे। इनमें तीन टी20आई मैच जबकि 3 वनडे मैच होंगे।

श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टी20टीम में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं होगा जबंकि वनडे टीम पूरी तरह से बदली नजर आएगी। टी20आई सीरीज की बात करें तो इसमें हो सकता है कि टीम की कमान हार्दिक पंड्या के कंधों पर हो जबकि वनडे सीरीज में केएल राहुल कप्तान की भूमिका में रहे। श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी जैसे रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है ऐसे में ये सभी इस दौरे पर नजर नहीं आएंगे।

भारत और श्रीलंका के बीच पहले 3 मैचों की टी20आई सीरीज खेली जाएगी। जिसका पहला मुकाबला 27 जुलाई से होगा जबकि दूसरा मैच 28 जुलाई को खेला जाएगा। इस सीरीज का तीसरा मैच 30 जुलाई को होगा। इसके बाद 3 मैचों की



वनडे सीरीज का आयोजन किया जाएगा जिसकी शुरुआत 2 अगस्त से होगी। जबकि वनडे सीरीज का दूसरा मैच 4 अगस्त को तो वहीं तीसरा मैच 7 अगस्त को खेला जाएगा। श्रीलंका दौरे पर टी20 मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे जबकि वनडे मैचों का आयोजन दोपहर 2.30 बजे से होगा।

***भारत-श्रीलंका टी20आई सीरीज***

पहला टी20आई मैच- 27 जुलाई, पल्लेकेले, शाम 7 बजे

दूसरा टी20आई मैच- 28 जुलाई, पल्लेकेले, शाम 7 बजे

तीसरा टी20 मैच- 30 जुलाई, पल्लेकेले, शाम 7 बजे

भारत-श्रीलंका वनडे मैचों का शेड्यूल

पहला वनडे मैच- 2 अगस्त, कोलंबो, दोपहर 2.30 बजे

दूसरा वनडे मैच- 4 अगस्त, कोलंबो, दोपहर 2.30 बजे

तीसरा वनडे मैच- 7 अगस्त, कोलंबो, दोपहर 2.30 बजे

# पीसीबी ने बीसीसीआई से लिखित में मांगा सबूत, कहा अगर भारत सरकार ने नहीं मंजूरी...

अगले साल पाकिस्तान में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच खींचतान जारी है। वहीं अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि बीसीसीआई इस बात का लिखित में सबूत दे कि भारत सरकार ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सुरक्षा कारणों से टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पीसीबी के एक सूत्र के हवाले से ये खबर दी है।

वहीं इससे पहले पीसीबी ने कथित तौर पर धमकी दी थी कि अगर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार करती है, तो वह भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाली 2026 टी20आई वर्ल्ड कप का बहिष्कार करेगा। पीसीबी ये सारी कवायद इसलिए कर रहा है कि क्योंकि



चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को पूरी तरह से अपने क्षेत्र में आयोजित कराना चाहते हैं। मामला राजस्व से भी जुड़ा हुआ है।

वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि मामला जल्दी से सुलझाया जाए, क्योंकि टूर्नामेंट अगले साल फरवरी-मार्च में होना है। आईसीसी की सालाना कांफ्रेंस 19 जुलाई को कोलंबो में होगी जिसमें हाइब्रिड मॉडल पर चर्चा एजेंडे में नहीं है। इसके तहत भारतीय टीम अपने मैच यूएई में खेलेगी। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि, अगर भारत सरकार ने अनुमति नहीं दी है तो उसे लिखित में देना होगा और बीसीसीआई को चाहिए कि आईसीसी को वह पत्र तत्काल दे। हम लगातार कह रहे हैं कि बीसीसीआई 5-6 महीने पहले टूर्नामेंट के लिए टीम के पाकिस्तान जाने के बारे में आईसीसी को लिखित में सूचित करे।

बीसीसीआई हमेशा से कहता आया है कि पाकिस्तान में खेलने का फैसला सरकार का होगा। साल 2023 वनडे एशिया कप में भी भारत के मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले गए थे। पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंप दिया है। जिसमें भारत के सारे मैच, सेमीफाइनल और फाइनल लाहौर में होंगे। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला एक मार्च 2025 को होना है। टूर्नामेंट 19 फरवरी को कराची में शुरू होगा और फाइनल 9 मार्च 2025 को लाहौर में होगा। फाइनल में एक दिन रिजर्व का होगा। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाने वाली है। ऐसी स्थिति में आईसीसी प्रबंधन अतिरिक्त बजट आवंटन कर सकता है।

# अर्जेंटीना ने अपने नाम किया कोपा अमेरिका का खिताब, लियोनेल मेसी की चौथी इंटरनेशनल ट्रॉफी



अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका का खिताब जीत लिया है। कोलंबिया के खिताब खिताबी मुकाबले में निर्धारित समय तक 0-0 की बराबरी पर था। लेकिन पहले एक्स्ट्रा हाफ में भी दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। 112वें मिनट में अर्जेंटीना के लिए लौटारो मार्टिनेज ने गोल कर दिया। अंत यह तक बढ़त कायम रही और मेसी की टीम 1-0 से जीतकर चैंपियन बनी। अर्जेंटीना ने 16वीं बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है। 2021 में टीम ने ब्राजील को खिताब मुकाबले में मात दी थी। वहीं कोपा अमेरिका के फाइनल को लियोनेल मेसी पूरा नहीं खेल पाए। मैच के दूसरे हाफ में मेसी को पैर में चोट लगी जिसके बाद उन्हें 66वें मिनट में बाहर बैठना पड़ा। उनके दाहिने एंकल पर आइस पैक लगा हुआ था। हालांकि, इस दौरान टीम को उनकी कमी नहीं खली। जोवानी लो सेल्सो के असिस्ट पर मार्टिनेज ने गोल किया। स्पेन ने 2008 से 2012 के बीच में लगातार तीन इंटरनेशनल खिताब जीते थे। टीम ने तब दो यूरो के साथ ही फीफा वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। अब अर्जेंटीना ने भी लगातार तीन ट्रॉफी जीत ली है। दो कोपा अमेरिका खिताब के साथ मेसी की टीम के पास भी फीफा वर्ल्ड कप है। बता दें कि, लियोनेल मेसी की ये करियर की अंतर्राष्ट्रीय ट्रॉफी है। 2021 में कोपा अमेरिका के रूप में ही उन्होंने अपनी पहली ट्रॉफी जीती थी। 2022 में यूरो और कोपा अमेरिका के विजेता के बीच होने वाली अर्टेमियो फ्रेंची कप पर भी अर्जेंटीना ने ही कब्जा किया था। उसी साल मेसी ने अपना पहला फीफा वर्ल्ड कप जीता था।

# वनडे और टेस्ट से रिटायरमेंट के प्लान पर रोहित शर्मा ने दिया बड़ा बयान, क्या खेलेंगे 2027 का वर्ल्ड कप?

हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने लंबे प्रारूपों में अपने भविष्य के बारे में खुल कर बात की है। रोहित ने पिछले महीने भारत को टी20 विश्व कप 2024 का खिताब दिलाया था। इसके कुछ ही घंटों बाद उन्होंने खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी। डलास में ड्यूरिना के हालिया कार्यक्रम में रोहित से उनके खेल के भविष्य के बारे में पूछा गया। जबकि रोहित ने कहा कि वह उन लोगों में से नहीं हैं जो बहुत आगे के बारे में सोचते हैं, भारतीय कप्तान ने जोर देकर कहा कि उनके पास अभी भी देने के लिए बहुत कुछ है।

रोहित ने एक कार्यक्रम में कहा, मैंने अभी कहा। मैं इतना आगे नहीं बढ़ता। तो जाहिर है, आप मुझे कुछ समय तक खेलते हुए देखेंगे। 159 मैचों में 4231 रनों के साथ, रोहित इस प्रारूप के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक शतक



(पांच) का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। उन्होंने दो टी20 विश्व कप जीते हैं पहला 2007 में प्रतिस्पर्धा करते हुए और वर्तमान 2024 में कप्तान के रूप में। भारत के टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित और विराट दोनों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया। भारत के पास अब सबसे छोटे प्रारूप में नया कप्तान होगा, लेकिन रोहित वनडे और टेस्ट में नेतृत्व जारी रखेंगे।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का आखिरी मैच भी था। रोहित, जो इस साल 37 साल के हो जाएंगे, निस्संदेह अपने करियर के अंतिम पड़ाव के करीब हैं। हालांकि, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने प्रशंसकों को आश्वासन दिया है कि रोहित कम से कम अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तक शीर्ष पर बने रहेंगे, बशर्ते भारत अगले साल खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई कर ले। शाह ने हाल ही में पुष्टि की कि रोहित 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं और डब्ल्यूटीसी अभियान के माध्यम से अपनी कप्तानी जारी रखेंगे, जहां भारत का लक्ष्य लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचना है।

रोहित, कोहली और जडेजा अभी भी एकदिवसीय और टेस्ट प्रारूपों के अभिन्न अंग होने के बावजूद, भारत इस महीने के अंत में एक नए युग में प्रवेश करेगा जब टीम श्रीलंका का दौरा करेगी। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर टीम के नए मुख्य कोच के रूप में शामिल होंगे। गंभीर ने राहुल द्रविड़ का स्थान लिया है, जिन्होंने पिछले महीने खिताबी जीत के साथ अपने कार्यकाल का समापन शानदार तरीके से किया। अपने स्पष्टवादी स्वभाव के लिए जाने जाने वाले गंभीर, द्रविड़ के शांत और कूटनीतिक आचरण के बिल्कुल विपरीत हैं। इस बदलाव से टीम में नई ऊर्जा और अलग रणनीति आने की उम्मीद है, खासकर कप्तान रोहित शर्मा के साथ साझेदारी में।

# कोलंबिया के खिलाफ चोटिल होने के बाद मैदान पर रोते दिखे लियोनेल मेसी



अर्जेंटीना ने कोलंबिया को हराकर कोपा अमेरिका 2024 का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार अपने नाम किया। 90 मिनट के दौरान कोई गोल नहीं हुआ। इसके बाद लाउटारो मार्टिनेस ने एक्स्ट्रा टाइम में गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिलाई। वह 97नें मिनट में जूलियन अल्वारेज की जगह मैदान पर उतरे। 26 साल के खिलाड़ी ने 112वें मिनट में गोल किया। इस एडिशन में पांचवां गोल करके गोल्डेन बूट भी अपने नाम किया।

हालांकि, अर्जेंटीन के कप्तान लियोनेस मेसी के लिए दिन अच्छा नहीं रहा। उनको चोट के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। मेसी को 64वें मिनट में टखने में चोट लग गई। निकोलस गोंजालेज उनकी जगह मैदान पर उतरे। मैदान से बाहर जाते समय मेसी को दर्द से कराहते हुए देखा गया। मेसी गेंद का पीछा करते हुए लड़खड़ा गए और तुरंत अर्जेंटीना के डगआउट की ओर मदद के लिए इशारा किया। फाइनल मैच नियमित समय में 0-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। मैदान से बाहर जाने के बाद 37वर्षीय मेसी को अपना चेहरा ढकते हुए देखा गया और वे रो रहे थे। उनके दाहिने टखने में सूजन थी और उस पर आइस पैक बंधा हुआ था।

# कार्दशियन ने नवविवाहित अनंत-राधिका के साथ तस्वीर साझा की, लिखा भारत मेरा दिल है



रियलिटी टीवी स्टार और अरबपति किम कार्दशियन मुंबई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के विवाह समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शुभ आशीर्वाद समारोह की तस्वीरें साझा कीं, जो 13 जुलाई को हुआ था। पोस्ट में नवविवाहित जोड़े के साथ एक तस्वीर भी शामिल थी। फोटो में किम अनंत और राधिका के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं, जो उनसे मिलकर बेहद खुश लग रहे थे। किम ने पोस्ट को कैप्शन दिया, भारत मेरा दिल है।

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के जश्न में कार्दशियन के दूसरे दिन का जश्न प्रशंसकों के लिए एक शानदार अनुभव रहा। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें भव्य उत्सव की झलक दिखाई गई। एक तस्वीर में किम ईशा अंबानी के साथ पोज देती नजर आई। किम ने डिजाइनर गौरव गुप्ता की अलमारियों से फ्लेम ऑरेंज शिफॉन-ड्रेप्ड सर्पेन्टाइन टॉप और स्कर्ट चुना और अपने लुक को पन्ना रत्नों से सजाया। एक अन्य तस्वीर में किम नवविवाहित जोड़े अनंत और राधिका के साथ नजर आई, जहां वे उनसे बातचीत कर रहे थे।

अंबानी विवाह समारोह में कई बॉलीवुड हस्तियां और बिजनेस टाइकून शामिल हुए। किम की मौजूदगी ने इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और उनके इंस्टाग्राम पोस्ट ने उनके प्रशंसकों को भव्य उत्सव की झलक दिखाई, जिसमें उन्होंने देश और इसकी जीवंत संस्कृति के लिए अपने प्यार को व्यक्त किया।

# नागा चैतन्य से तलाक और गंभीर बीमारी से कैसे लड़ी सामंथा रूथ प्रभु ने जंग? एट्रेस ने कहा आग के सफर से गुजरी हूं

सामंथा रूथ प्रभु ने एक बार फिर अपने स्वास्थ्य और सार्वजनिक रूप से तलाक से निपटने के बारे में बात की है। एले इंडिया के साथ एक नए साक्षात्कार में, सामंथा ने पिछले कुछ वर्षों में अपने सामने आई चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। सामंथा ने पहले अभिनेता नागा चैतन्य से शादी की थी। 2022 में, उन्होंने एक दुर्लभ ऑटोइम्यून बीमारी, मायोसिटिस से पीड़ित होने के बाद काम से ब्रेक ले लिया।

जब उनसे पूछा गया कि क्या ऐसा कुछ है जो वह चाहती थीं कि उन्होंने अलग तरीके से किया होता, तो सामंथा रूथ प्रभु ने कहा, हम सभी चाहते हैं कि हम अपने जीवन के बारे में कुछ चीजें बदल सकें, और मुझे कभी-कभी आश्चर्य होता है कि क्या मुझे उन चीजों से गुजरना चाहिए था जो मैंने की हैं। लेकिन पीछे मुड़कर देखने पर, मैं इसे किसी और तरीके से नहीं चाहती। मैं कुछ समय पहले अपने दोस्त के साथ इस पर चर्चा कर रही थी, और मैंने हमेशा सोचा था कि मैं नहीं चाहती कि पिछले तीन साल ऐसे ही हों, लेकिन अब मुझे लगता है कि आपको जीवन में आने वाली हर चुनौती से निपटना होगा। और जब तक आप इससे बाहर निकलते हैं, तब तक आप जीत चुके होते हैं। मैं पहले से कहीं ज़्यादा मज़बूत और दृढ़ महसूस करती हूँ। ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं यहाँ तक पहुँचने के लिए आग से गुज़री हूँ... इसे आध्यात्मिक जागृति कहें।

अभिनेता ने कहा, आध्यात्मिकता मेरे व्यक्तिगत विकास के लिए बेहद अभिन्न रही है, और यह मेरे काम में भी झलकती है। यह मेरे जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित करती है- संचार, धारणा और संघर्ष से निपटना। आध्यात्मिकता वह ताकत रही है जिसकी मुझे कई बाधाओं को पार करने के लिए ज़रूरत



थी। आज की दुनिया में, आपको आध्यात्मिकता की पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरत है क्योंकि बहुत दर्द और बीमारी है। मेरा मानना? है कि आध्यात्मिकता आपका सबसे अच्छा दोस्त और ताकत का अंतहीन स्रोत हो सकता है।

सामंथा रूथ प्रभु ने अक्टूबर 2017 में नागा चैतन्य से शादी की थी। दोनों ने अपनी शादी खत्म करने से पहले लगभग चार साल तक शादी की थी। दोनों ने अक्टूबर 2021 में अलग होने की घोषणा की। उस समय उन्होंने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बयान जारी किए थे।

2021 में रिश्ता खत्म होने के बाद से ही चैतन्य का नाम शोभिता धुलिपाला से जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने भी चैतन्य से तलाक के बाद आगे बढ़ने की बात कही है और कहा है कि अब उनका ध्यान अपने स्वास्थ्य और काम पर है। 2022 में, सामंथा ने मायोसिटिस का पता चलने के बाद काम से ब्रेक ले लिया था। वह अपनी तेलुगु फिल्म कुशी की शूटिंग कर रही थीं, जब उन्हें इस बीमारी का पता चला।

# नेटिज़न्स ने त्रासदी और विनाश के लिए रमाकांत पंडित की जिद को जिम्मेदार ठहराया

मिर्जापुर सीजन 3 को रिलीज़ हुए कुछ दिन हो चुके हैं, लेकिन इंटरनेट पर शो के किरदारों के बारे में लोगों की राय अभी भी खत्म नहीं हुई है। कालीन भैया और गुड्डू पंडित के अलावा, एक पुरुष किरदार जिसकी आलोचना की गई और उन्हें पसंद भी किया गया, वह है रमाकांत पंडित। राजेश तैलंग द्वारा निभाया गया, अमेज़न प्राइम वीडियो सीरीज़ मिर्जापुर का मुख्य किरदार एक ऐसा व्यक्ति है जो अपने ही जिद्दी सिद्धांतों में गहराई से डूबा हुआ है, जिसके दूरगामी और विनाशकारी परिणाम हैं। पूरी सीरीज़ में, उसे हमेशा गुस्से और समाज और व्यवस्था के प्रति आक्रोश की भावना के साथ दिखाया गया है, जो मानता है कि उन्होंने उसके साथ गलत किया है।

नेटिज़न ने बताया कि मिर्जापुर के शक्तिशाली माफिया डॉन कालीन भैया के खिलाफ कानूनी मुकदमा लड़ने पर उनका अटूट आग्रह बढ़ते संघर्ष के लिए मंच तैयार करता है। भारी मुश्किलों के बावजूद भी



पीछे हटने से इनकार करने से एक ऐसा झगड़ा शुरू होता है जो न केवल उसके अपने जीवन को बल्कि उसके आस-पास के लोगों के जीवन को भी लील जाता है। रमाकांत के कार्यों के परिणाम शुरू से ही स्पष्ट हैं। उसकी जिद मुन्ना भैया, कालीन भैया के बेटे को उसके घर आने से रोकती है, एक ऐसा इशारा जो तनाव को कम कर सकता था। इसके बजाय, दोनों परिवारों के बीच दुश्मनी बढ़ती जाती है, जिससे मुन्ना और रमाकांत के बड़े बेटे गुड्डू के बीच घातक टकराव होता है।

रमाकांत के कार्यों के दुखद नतीजे दूरगामी हैं। उसका छोटा बेटा बबलू, उसकी बहू स्वीटी और उसका दामाद रॉबिन सभी हिंसा के शिकार हो जाते हैं। उसका बड़ा बेटा गुड्डू बदला लेने की प्यास और न्याय की विकृत भावना से प्रेरित एक क्रूर गैंगस्टर में बदल जाता है। रमाकांत की जिद का असर उसके परिवार से आगे बढ़कर पूर्वांचल और बिहार के पूरे इलाके पर पड़ता है। प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच गोलीबारी में सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान चली जाती है, यह सब रमाकांत के समझौता करने से इनकार करने से शुरू हुए शुरुआती संघर्ष से उपजा है।

रमाकांत पंडित एक चेतावनी देने वाली कहानी के रूप में कांम करते हैं, जो परिणामों पर विचार किए बिना अपने सिद्धांतों का अंधाधुंध पालन करने के खतरों की याद दिलाते हैं। उनका चरित्र लचीलेपन, समझौता करने और यह पहचानने की क्षमता के महत्व को उजागर करता है कि कब किसी के कार्य अच्छे से ज़्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

# हैदराबाद पुलिस ने ड्रग्स मामले में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के भाई अमन को किया गिरफ्तार

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के भाई अमन प्रीत सिंह और 4 अन्य को हैदराबाद पुलिस ने कथित ड्रग्स मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया, अधिकारियों ने बताया।

***तेलंगाना एंटी***-नारकोटिक्स डिपार्टमेंट ने पाया कि 2.6 किलोग्राम कोकीन हैदराबाद में बिक्री के लिए लाया जा रहा था, जिसके बाद अमन और अन्य आरोपियों को दिन में पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम ने ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया और तस्करी के 30 ग्राहकों की पहचान की, जिसमें अमन प्रीत सिंह भी शामिल था।

सभी पांच आरोपी, जिनकी पहचान अमन प्रीत सिंह, अनिकेत रेड्डी, प्रसाद, मधुसूदन और निखिल दमन के रूप में हुई है, फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और मेडिकल जांच के बाद उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा।

एक अधिकारी ने कहा, उपभोक्ता



के तौर पर, हमने पांच लोगों को उठाया और उन्हें पुलिस स्टेशन ले आए। मूत्र परीक्षण किट में, वे सभी पॉजिटिव पाए गए। उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। अब हम उन्हें विस्तृत मेडिकल जांच के लिए भेज रहे हैं। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय ने रकुल प्रीत सिंह को भी 2022 और 2021 में ड्रग तस्करी और सेवन के मामले में तलब किया है। पिछले साल भी जांच एजेंसी ने इस सिलसिले में उनका बयान दर्ज किया था।

रकुल के अलावा राणा दग्गुबाती, चार्मी कौर, नवदीप, रवि तेजा और पुरी जगन्नाथ को भी ड्रग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। ईडी पिछले चार साल से ड्रग तस्करी और सेवन के मामले की जांच कर रहा है। यह जांच तेलंगाना के निषेध और उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा 2017 में एक हाई-एंड ड्रग कार्टेल के भंडा फोड़ के बाद शुरू हुई थी। कार्टेल एलएसडी, एमडीएमए और अन्य नशीले पदार्थों की आपूर्ति कर रहा था।

# संजय राऊत ने पार्टी और चुनाव चिन्ह को लेकर सुप्रीम कोर्ट में तारीख पर तारीख को बताया संविधान की हत्या

**रकम**

**संजय राऊत ने कहा कि गद्दार विधायकों पर 200 करोड़ की धनराशि लुटाई गई। 10 से 25 करोड़ तक की नकद रकम दी गई।**



**मुंबई (हि.स.)।** शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत ने पार्टी और चुनाव चिन्ह की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई स्थगित किए जाने से नाराज होकर सोमवार को कहा कि हमें मिलने वाली हर तारीख संविधान की हत्या है। संजय राऊत ने यह भी कहा कि कोर्ट, गृह मंत्रालय और पीएमओ गद्दार विधायकों को बढ़ावा दे रहे हैं।संजय राऊत ने कहा कि अब लोगों को संदेह होने लगा है कि हमारी अदालतें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के दबाव में काम कर रही हैं। संजय राऊत ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि हर चुनाव में विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सरकार चलाई जा रही है। इसके लिए देश की न्यायपालिका जिम्मेदार है। शिवसेना की याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई होनी थी। इसे 14 अगस्त तक के लिए टाल दिया गया। इससे विधायकों का हौसला बढ़ रहा है। संजय राऊत ने कहा कि महाराष्ट्र में हुई क्रॉस वोटिंग न्यायपालिका और दलबदल कानूनों की खामियों के लिए जिम्मेदार है। उनके कारण गद्दारों का डर कम हो गया है। एक पार्टी के टिकट पर निर्वाचित होना और सरकार में शामिल होना, करोड़ों रुपये लेना और दूसरी पार्टी को वोट देना चल रहा है। अगर आप इसके खिलाफ अदालत में अपील करते हैं तो वे तारीख पर तारीख देते हैं। भले ही मुख्य न्यायाधीश ने कहा हो कि महाराष्ट्र में सरकार असंवैधानिक और अवैध है, लेकिन यह संविधान और लोकतंत्र का दुर्भाग्य है कि इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता है। सरकार संविधान हत्या दिवस मनाएगी।संजय राऊत ने कहा कि यह सही है कि कांग्रेस ने गद्दारों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है। हम और एनसीपी भी कह रहे हैं कि संविधान की अनुसूची 40 के अनुसार न्याय मिलना चाहिए, लेकिन हमें केवल तारीखें दी जाती हैं।

संजय राऊत ने कहा कि गद्दार विधायकों पर 200 करोड़ की धनराशि लुटाई गई। 10 से 25 करोड़ तक की नकद रकम दी गई। क्रासवोटिंग करने वाले कुछ विधायकों को जमीन दी गई है। क्या ये सब संविधान सम्मत है? 25 जून संविधान हत्या दिवस परिपत्रक जारी किया गया है तो फिर केंद्र सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि महाराष्ट्र की सरकार संविधान के मुताबिक है या नहीं।

# विश्वभारती में बांग्लादेशी संग्रहालय को और विकसित करने पर जोर

**कोलकाता(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के ऐतिहासिक विश्व भारती विश्वविद्यालय में बांग्लादेश को समर्पित संग्रहालय को और विकसित किया जाएगा। यह निर्णय बांग्लादेश सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल के विश्व भारती विश्वविद्यालय के दौरे के बाद लिया गया है।

सोमवार को विश्वविद्यालय के सूत्रों ने बताया है की प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश भवन में संग्रहालय के नवीनीकरण और विस्तार पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना ने 25 मई 2018 को बांग्लादेश भवन का उद्घाटन किया था। इस भवन का उद्देश्य भारत और बांग्लादेश के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करना है।

विश्वभारती ने सोमवार को एक बयान में कहा कि बांग्लादेश सरकार के संस्कृति मंत्रालय की टीम ने 13 जुलाई को कार्यकारी कुलपति अरविंद मंडल और बांग्लादेश भवन के मुख्य समन्वयक मानवेंद्र मुखोपाध्याय के साथ बातचीत की। इस बैठक में 'बंगबंधु' शेख मुजीबुर रहमान की मूर्ति और कुछ अन्य कलाकृतियों को विश्व-भारती के अधिकारियों को सौंपा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने विश्व भारती के रजिस्ट्रार अशोक महतो से भी मुलाकात की और संग्रहालय की प्रदर्शनी को संरक्षित और बनाए रखने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधिमंडल में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के उप सचिव, मोहम्मद सैफुल इस्लाम, और बांग्लादेश राष्ट्रीय संग्रहालय के तीन प्रतिनिधि शामिल थे।

उन्होंने बांग्लादेश भवन संग्रहालय की देखभाल, रखरखाव और नवीनीकरण के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। विश्व भारती के अधिकारियों ने बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल के दौरे को सराहा और कहा कि यह दौरा भारत और बांग्लादेश के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और मजबूत करने में मदद करेगा।

# विवादित प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता की पुलिस को सरगर्मी से तलाश



**मुंबई( हि.स.) ।** पुणे में किसान को धमकाने के मामले में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की माता मनोरमा और पिता दिलीप सहित सात लोगों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। इन सभी पर पुणे के दौंड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज है, जिसके बाद सभी भूमिगत हो गए हैं। पुणे ग्रामीण के एसपी पंकज देशमुख ने सोमवार को कहा, ÷आरोपित भाग गए हैं। हम उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन वे उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि उनके फोन बंद हैं। हम उनके घर भी पहुंचे लेकिन वे उपलब्ध नहीं हैं।

देशमुख ने कहा कि पुलिस टीमें खेडकर के माता-पिता की तलाश कर रही हैं। उन्होंने कहा, ÷स्थानीय अपराध शाखा और स्थानीय पुलिस स्टेशनों के अधिकारियों सहित कई टीमें पुणे और आसपास के स्थानों पर कुछ फार्महाउसों और आवासों में उनकी तलाश कर रही हैं। जब वे मिल जाएंगे तो हम उनसे पूछताछ करेंगे और उसके अनुसार कार्रवाई करेंगे।

उल्लेखनीय है कि मनोरमा और दिलीप खेडकर उन सात लोगों में शामिल हैं, जिन पर स्थानीय किसान की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। किसान ने दावा किया है कि उसे प्रोबेशनरी आईएएस अधिकारी की मां मनोरमा खेडकर ने धमकाया है। हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो में मनोरमा को पुणे जिले के मुलशी तहसील में बंदूक लहराते और ग्रामीणों को धमकाते हुए देखा गया था। पुलिस के मुताबिक वीडियो जून 2023 में रिकॉर्ड किया गया था। जांच के बाद आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504, 506, 143, 144, 147, 148 और 149 और शस्त्र अधिनियम की धारा 3 (25) के तहत मामला दर्ज किया गया। हालांकि, परिवार ने अपने वकील के माध्यम से दावा किया है कि वीडियो में दिख रही बंदूक का इस्तेमाल बहस को और बढ़ने से रोकने और आत्मरक्षा में किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास हथियार रखने की सभी वैध अनुमतियां हैं।

# मणिपुर में बलिदान हुए बिहार के लाल का पार्थिव शरीर विशेष विमान से आएगा पटना



**पटना(हि.स.)।** मणिपुर के जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव में कुकी उग्रवादियों के हमले में बिहार के मधुबनी जिले के मदनपुर प्रखंड के बांकीपुर गांव निवासी सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा का बलिदान हो गया। आज शहीद के पार्थिव शरीर को विशेष विमान से पटना लाया जाएगा।एयरपोर्ट से सीधे शहीद के पार्थिव शरीर को सड़क मार्ग से उनके पैतृक गांव ले जाया जाएगा। शहीद के माता-पिता मधुबनी गांव में रहते हैं जबकि उनके बच्चे एवं पत्नी मुजफ्फरपुर स्थित सीआरपीएफ कैंप में ही रहती हैं।

जवान के परिजन से मिली जानकारी के अनुसार, अजय कुमार झा जल्दी ही गांव आने वाले थे लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। सीआरपीएफ जवान अजय मणिपुर के जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव में कुकी उग्रवादियों के हमले में बलिदान हो गए जबकि एक अन्य जवान घायल है।

घटना उस वक्त हुई जब सीआरपीएफ की टुकड़ी हमले के एक दिन पूर्व मोंगबुंग गांव में हुई गोलीबारी के सर्च ऑपरेशन में जा रही थी। इसी दौरान उग्रवादियों ने सीआरपीएफ की गाड़ी चला रहे अजय कुमार झा के सिर में गोली मार दी थी।

# एएसआई ने हाईकोर्ट में पेश की दो हजार पन्नों की भोजशाला की सर्वे रिपोर्ट

**भोपाल(हि.स.)।** मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक भोजशाला मामले में लगातार 98 दिन तक चले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वे की रिपोर्ट मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में प्रस्तुत की गई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील हिमांशु जोशी ने सोमवार को रिपोर्ट इंदौर हाई कोर्ट में पेश की। यह रिपोर्ट मीडिया से शेयर नहीं करने के निर्देश सभी पक्षों को दिए गए हैं। पता चला है कि यह रिपोर्ट 2000 से ज्यादा पन्नों में है। सर्वे और खुदाई के दौरान मिले 1700 से ज्यादा प्रमाण-अवशेष इस रिपोर्ट में शामिल किए गए हैं। इस पर आगामी 22 जुलाई को सुनवाई होगी। एएसआई के वकील हिमांशु जोशी ने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक से की गई विज्ञानी सर्वे की रिपोर्ट पेश कर दी है। उनका कहना है कि रिपोर्ट दो हजार पेज की है। इससे ज्यादा कुछ नहीं बता सकते।

इस रिपोर्ट में 98 दिन चले सर्वे में एकत्रित किए 1700 से ज्यादा प्रमाण और खुदाई में मिले अवशेषों का विश्लेषण शामिल किया गया है। इस रिपोर्ट की एक-एक प्रति मामले से जुड़े सभी पक्षकारों को उपलब्ध करवाई गई है। इसके बावजूद रिपोर्ट में क्या है, यह अब तक रहस्य बना हुआ है। इस रिपोर्ट के सार्वजनिक होने के बाद ही पता चलेगा कि धार भोजशाला मंदिर है या मस्जिद।इधर, हिंदू पक्ष के लोग दावा कर रहे हैं कि जो सर्वे रिपोर्ट पेश हुई है, उससे साफ हो जाएगा कि इसे राजा भोज ने बनाया था। हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने दावा किया कि जो सर्वे हमारे सामने हुआ था, उस आधार पर हम कह रहे हैं कि यह इमारत राजा भोज के काल की ही साबित होगी, जिसे वर्ष 1034 में बनाया गया था।



एएसआई को इस सर्वे में कई प्राचीन मूर्तियां मिली हैं, जो परमारकालीन हो सकती हैं। इस तरह ये परमारकालीन इमारत है। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान सामने आए अवशेषों से लगभग तय माना जा रहा है कि यह परमारकालीन यानी 9वीं से 11वीं शताब्दी के बीच का निर्माण है। इस बीच, गर्भगृह के पास 27 फीट लंबी दीवार भी मिली है, जो ईंटों से बनी है। पुरातत्वविदों का मानना है कि ईंटों से निर्माण और भी प्राचीन समय में होता था। मोहन जोदड़ो सभ्यता के समय, यानी यह स्थान और भी प्राचीन हो सकता है।

गौरतलब है कि भोजशाला को लेकर दशकों से विवाद चल रहा है। हिंदू फॉर जस्टिस ने एक वर्ष पहले मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के समक्ष एक याचिका दायर कर भोजशाला परिसर में शुक्रवार को होने वाली नमाज रोकने की गुहार लगाई थी। याचिकाकर्ता का कहना है कि हिंदू लोग मंगलवार को भोजशाला में पूजा करते हैं और मुस्लिम लोग शुक्रवार को वहां नमाज कर उसे अपवित्र कर देते हैं। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 11 मार्च 2024 को आदेश दिया था कि एएसआई भोजशाला का विज्ञानी सर्वे कर रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करे। यह सर्वे 98 दिन चला।

# छड़ी मुबारक से जुड़े कार्यक्रम 21 जुलाई को पहलगाम में किए जाएंगे : महंत दीपेंद्र गिरि

**श्रीनगर(हि.स.)।** महंत दीपेंद्र गिरि महंत छड़ी मुबारक स्वामी अमरनाथ जी ने सोमवार को घोषणा की है कि सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार छड़ी मुबारक स्वामी अमरनाथ जी की वार्षिक तीर्थयात्रा के पारंपरिक शुभारंभ से जुड़े भूमि-पूजन, नवग्रह पूजन और ध्वजारोहण जैसे अनुष्ठान इस वर्ष 21



जुलाई को पड़ने वाली आषाढ़-पूर्णिमा (व्यास-पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर पहलगाम में किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छड़ी मुबारक को 4 अगस्त को ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर और 5 अगस्त को शारिका भवानी मंदिर ले जाया जाएगा। उसके बाद 7 अगस्त को श्री अमरेश्वर मंदिर दशनामी अखाड़ा श्रीनगर में छड़ी स्थापना के लिए अनुष्ठान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को 'नाग-पंचमी' के अवसर पर दशनामी अखाड़ा श्रीनगर में छड़ी पूजन करने के बाद महंत दीपेंद्र गिरि जी पवित्र छड़ी को स्वामी अमरनाथ जी के पवित्र तीर्थ पर ले जाएंगे और पूजन करेंगे। 14 और 15 अगस्त को पहलगाम, 16 अगस्त को चंदनवाड़ी, 17 अगस्त को शेषनाग और 18 अगस्त को पंचतरणी में रात्रि विश्राम के बाद 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर दर्शन होंगे। सरकार को भेजे गए पत्र में महंत दीपेंद्र गिरि जी ने सदियों पुरानी परंपराओं को बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने और तय कार्यक्रम के अनुसार छड़ी मुबारक की आवाजाही सुनिश्चित करने तथा पवित्र छड़ी के साथ आने वाले साधुओं और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी उचित निवारक उपाय करने का आग्रह किया है।

# संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के बाद जम्मू, डोडा और रियासी जिलों में चलाया गया तलाशी अभियान

**जम्मू,(हि.स.)।** संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सोमवार को जम्मू, डोडा और रियासी जिलों में तलाशी अभियान चलाया है। एक ग्रामीण ने कमबैट पोशाक में तीन व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी थी, जिसके बाद सोमवार तड़के जम्मू के अखनूर सेक्टर के लोअर घरोटा, थाथी और आसपास के इलाकों में पुलिस और सीआरपीएफ कर्मियों ने संयुक्त अभियान चलायाा। हालांकि, दो घंटे से अधिक समय तक चली तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि इसी बीच डोडा जिले के कोटी वन क्षेत्र में पुलिस ने सेना की सहायता से आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सुबह करीब साढ़े नौ बजे घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

# केपी शर्मा ओली ने ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, चौथी बार बने प्रधानमंत्री

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सोमवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने शपथग्रहण कराया। केपी शर्मा ओली ने चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री



पद की शपथ ली। नेपाल में संविधान जारी करने के बाद यह तीसरी बार है जब उन्होंने शपथ ली है। संविधान जारी होने के बाद पहले कार्यकाल में दो बार और संविधान सभा के दौरान एक बार पहले भी ओली प्रधानमंत्री बन चुके हैं। इस बार नेपाली कांग्रेस के समर्थन से वो प्रधानमंत्री बने हैं। प्रधानमंत्री ओली के साथ दो उप प्रधानमंत्रियों ने भी आज शपथ ली है। नेपाली कांग्रेस से प्रकाशमान सिंह ने शहरी विकास मंत्रालय के साथ उप प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो एमाले पार्टी से वित्त मंत्रालय के साथ विष्णु पौडेल ने उप प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

इनके अतिरिक्त 19 कैबिनेट मंत्रियों को ओली मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। आज शपथ लेने वाले मंत्रियों में नेपाली कांग्रेस से 9, नेकपा एमाले से 8, जनता समाजवादी पार्टी से 2 और लोकतान्त्रिक समाजवादी पार्टी से एक मंत्री ने शपथ ली है। इनमें कांग्रेस से आरजू राणा ने विदेश मंत्री, रमेश लेखक ने गृहमंत्री, दीपक खड्का ने ऊर्जा, अजय चौरसिया ने कानून, प्रदीप पौडेल ने स्वास्थ्य, बद्री पाण्डे ने पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन, तेजुलाल चौधरी ने युवा तथा खेलकूद, रामनाथ अधिकारी ने कृषि और ऐन बहादुर महर ने वन मंत्री के रूप में शपथ ली है। इसी तरह एमाले की तरफ से पृथ्वीसुब्बा गुरूंग ने सूचना तथा संचार, विद्या भट्टराई ने शिक्षा, दामोदर भण्डारी ने उद्योग, देवेन्द्र दाहाल भौतिक पूर्वाधार, राज कुमार गुप्ता संसदीय कार्य मंत्रालय, मानवीर राई, बलराम अधिकारी भूमि व्यवस्था मंत्रालय की शपथ ली है।

छोटे दलों से शरत सिंह भण्डारी ने श्रम, पिरदीप यादव ने पेयजल, नवल किशोर साह ने महिला, बालबालिका तथा ज्येष्ठ नागरिक मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया।

# नेपाल में भूस्खलन की चपेट में आई दो बसें नदी में बह गईं, 7 शव बरामद; मृतकों में तीन भारतीय शामिल



**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार को भूस्खलन के कारण राजमार्ग से दो बसें उफनती नदी में बह गईं, जिसके बाद कम से कम 66 लोग लापता बताए जा रहे हैं। सोमवार को बचावकर्मियों ने नदी से कुल सात शव बरामद किए हैं। बचावकर्मी नदी के किनारे अलग-अलग स्थानों पर शवों को खोजने में जुटे हुए है, जबकि लापता बसों और उनमें सवार लोगों की तलाश जारी है। सरकारी प्रशासक खीमा नंदा भूसल ने बताया कि शवों की पहचान कर ली गई है और उनके रिश्तेदारों से संपर्क किया गया है। मृतकों में तीन भारतीय हैं और बाकी चार नेपाली नागरिक हैं। जानकारी के लिए बता दें कि ये बसें काठमांडू को देश के दक्षिणी भागों से जोड़ने वाले प्रमुख राजमार्ग पर थीं। शुक्रवार की सुबह काठमांडू से लगभग 120 किलोमीटर (75 मील) पश्चिम में सिमलताल के पास बस बह गईं थी। बचाव प्रयासों में मदद के लिए अतिरिक्त बचाव दल और सुरक्षा बलों को इलाके में भेजा गया है। भूसल ने कहा कि एक बस में 24 लोग सवार थे जबकि दूसरी में 42 लोग सवार थे, लेकिन हो सकता है कि रास्ते में बस में और लोग सवार हो गए हों। जानकारी के लिए बता दें कि जून में शुरू होने वाला और सितंबर में खत्म होने वाला मानसून सीजन नेपाल में भारी बारिश लाता है, जिससे आमतौर पर हिमालयी देश में भूस्खलन होता है।

## ट्रंप पर हमला करने वाले थॉमस क्रुक्स की ये है हिस्ट्री, हाई स्कूल का सच जानकर आप भी रह जाएंगे हैरान

**पेन्सिलवेनिया।** रविवार को पेन्सिलवेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला करने वाले हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रुक्स की तस्वीर सामने आई है। ट्रंप पर गोली चलाने के कुछ ही सेकंड बाद सीक्रेट सर्विस ने हमलावर के सिर पर गोली मारकर उसका नामोनिशान खत्म कर दिया। अब संघीय जांच ब्यूरो ने थॉमस की तस्वीर जारी की है। 20 साल का युवा, आखों पर चशमा और कैमरे की तरफ देखकर मुस्कुराता हुआ चेहरा... इस तस्वीर को कोई भी देखेगा तो उसके जहन में बस यही आएगा की आखिर इतना मासूम सा दिखने वाला शख्स देश के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर गोली कैसे चला सकता है। एजेंसी ने बताया कि थॉमस काफी शांत स्वभाव का इंसान था। वह काफी अकेले रहता था और 2022 में बेथेल पार्क हाई स्कूल से उसने ग्रेजुएशन पूरी की थी। बताया जाता है कि थॉमस ने राष्ट्रीय गणित और विज्ञान पहल से 500 डॉलर का स्टार अवॉर्ड भी हासिल किया था। वह एक रजिस्टर्ड रिपब्लिकन पार्टी से था और आगामी 5 नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव में पहली बार मतदान करने वाला था।

# केपी शर्मा ओली आज फिर संभालेंगे नेपाल की कमान, सुबह 11 बजे लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

**दाहाल**

**72 वर्षीय ओली को चीन समर्थक माना जाता है। ओली ने पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की जगह लेंगे।**



**काठमांडू(हि.स.)।** नेपाल में सीपीएन-यूएमएल पार्टी अध्यक्ष केपी शर्मा ओली आज प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। उन्हें कल नई गठबंधन सरकार का चौथी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। 72 वर्षीय ओली को चीन समर्थक माना जाता है। ओली ने पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की जगह लेंगे। सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के अध्यक्ष प्रचंड शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हार गए थे। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने ओली को नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस गठबंधन सरकार का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने। राष्ट्रपति भवन के मुख्य भवन शीतल निवास में आज सुबह 11 बजे ओली का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इससे पहले शुक्रवार देररात ओली ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के समर्थन से सरकार बनाने का दावा पेश किया और प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला समर्थन पत्र सौंपा। इस पर उनकी पार्टी से 77 और नेपाली कांग्रेस से 88 सदस्यों के हस्ताक्षर थे। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए एक जुलाई को सात सूत्री समझौते पर आगे बढ़े और हस्ताक्षर किए थे। दोनों नेता इस बात पर सहमत जता चुके हैं कि प्रधानमंत्री का शेष कार्यकाल बारी-बारी से उनके बीच साझा किया जाएगा। नेपाल में 2027 में आम चुनाव होने हैं। नई गठबंधन सरकार में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी नेपाल, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, जनमत पार्टी और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों के भी सरकार में शामिल होने की संभावना है। ओली ने 11 अक्टूबर 2015 से तीन अगस्त 2016 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। इस दौरान नई दिल्ली के साथ काठमांडू के संबंध तनावपूर्ण रहे। इसके बाद वह पांच फरवरी 2018 से 13 मई 2021 तक फिर प्रधानमंत्री रहे। इसके बाद भी वह तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी की वजह से 13 मई 2021 से 13 जुलाई 2021 तक पद पर बने रहे। बाद में नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि ओली का प्रधानमंत्री पद पर बने रहना असंवैधानिक है। उल्लेखनीय है कि नेपाल लंबे समय से राजनीतिक उथल-पुथल का सामना कर रहा है। गणतंत्र प्रणाली लागू होने के बाद पिछले 16 वर्ष में नेपाल के नागरिक 14 सरकारें देख चुके हैं।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और बुशरा बीबी की बढ़ी मुश्किलें, अदालत ने तोशाखाना केस में 8 दिन की रिमांड पर भेजा

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की तोशाखाना मामले में सुनवाई हुई। उन्हें इसके बाद 8 दिन की फिजिकल रिमांड पर भेज दिया गया। बता दें कि हाल ही में उन्हें इद्दत मामले में बरी किया गया था। पाकिस्तान की एआरवाई न्यूज ने इसकी जानकारी दी है। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत के न्यायाधीश ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को इमरान खान और उनकी पत्नी की जांच करने का आदेश दिया था। संघीय सरकार से मंजूरी के बाद, पाकिस्तानी कानून और न्याय मंत्रालय ने एक ताजा तोशखाना मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी के खिलाफ जेल की सजा को मंजूरी देते हुए एक अधिसूचना जारी की।

# बाइडेन ने कहा, यह समय शांत रहने का, हमले में घायल ट्रंप रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए मिल्वौकी पहुंचे

**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है, सुरक्षा अधिकारियों ने चुनावी वर्ष में हिंसा के जोखिम की चेतावनी दी है। यह समय शांत रहने का है। हम बहस करते हैं और असहमत होते हैं। हम उम्मीदवारों के चरित्र, रिकॉर्ड, मुद्दों, एजेंडे और विजन की तुलना भी करते हैं। हम मतदान का सहारा लेते हैं, गोलियों का नहीं।



लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण ढंग से काम होना चाहिए। उन्होंने प्राइम टाइम संबोधन में यह बेहद अहम टिप्पणी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए कातिलाना हमले के बाद की है। ट्रंप इस हमले में गोली लगने से घायल हुए हैं। उन्होंने कहा है कि अमेरिका को बदलने की शक्ति हमेशा आम लोगों के हाथों में होनी चाहिए, न कि संभावित हत्यारों के हाथों में। उन्होंने अमेरिका को पृथ्वी का सबसे महान देश करार दिया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप गोली लगने के एक दिन बाद रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए मिल्वौकी पहुंच चुके हैं। बाइडेन इस सप्ताह फिर से चुनाव प्रचार में उतरेंगे। उल्लेखनीय है कि पेंसिल्वेनिया राज्य के बटलर शहर में शनिवार रात डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला किया गया। वह रैली को संबोधित कर रहे थे। गोली पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के कान को चीरती हुई निकल गई। यह देख सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उन्हें घेर लिया।

इसके बाद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने शूटर को मार गिराया। एफबीआई ने हमलावर की पहचान थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में की है। क्रुक्स क्लेयरटन स्पोर्ट्समैन क्लब का सदस्य था। इस क्लब के पास पीट्सबर्ग की दक्षिणी पहाड़ियों में 200-यार्ड राइफल रेंज की सुविधा है। जांचकर्ताओं ने कहा है कि वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसने गोली चलाने का कहां प्रशिक्षण लिया।

# डिजिटल हाजिरी के खिलाफ शिक्षक लामबंद

- महानिदेशक के फरमान का पुरजोर विरोध,
- बीएसए को सौंपा ज्ञापन 23 जुलाई को होगा धरना प्रदर्शन
- शिक्षकों की मानी जाए मांग फिर हो डिजिटाइजेशन
- शिक्षकों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: अरविंद शुक्ला



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** डिजिटल हाजिरी लिए जाने के फरमान के विरोध में परिषदीय स्कूलों के शिक्षक लामबंद हो गए हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सोमवार को विद्यालय के समय के बाद टाउन हाल के मैदान में बड़ी संख्या में शिक्षकों की जुटान हुई। शिक्षक नेताओं ने महानिदेशक के फरमान और विभागीय अधिकारियों की जोर जबर्दस्ती के विरोध में जमकर भड़ास निकाली। संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर बिना झुके बिना रुके हम आरपार की लड़ाई को तैयार हैं। शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन योजना, विभागीयअधिकारियों-कर्मचारियों की तरह हमारी लीव मैन्युअल, साल में 31 उपार्जित अवकाश, हाफ सीएल की व्यवस्था, द्वितीय शनिवार को अवकाश आदि सुनिश्चित करके ही डिजिटाइजेशन लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि हमारी मांगे नहीं मानी गई और शिक्षकों का उत्पीड़न हुआ तो शिक्षक समुदाय आगामी 23 जुलाई को बीएसए कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि दुर्गम इलाकों में विपरीत परिस्थितियों में सेवा दे रहे शिक्षकों के हितों की अनदेखी किया जाना नितांत दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके बाद शिक्षक नेताओं ने डिजिटल हाजिरी को लेकर शिक्षकों की असहमति जताते हुए बीएसए को चार सूत्रीय मांगपत्र का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर लाल साहब यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, रामदुलार यादव ,राजेश सिंह मुन्ना , संजय यादव, आलोक सिंह,लक्ष्मीकांत सिंह,मनोज यादव,शिवेंद्र रानू, अनिल दीप चौधरी, हेमंत सिंह,विक्रम प्रकाश, रणंजय सिंह ,राकेश पांडे, संजय सिंह, बृजेश नारायण सिंह ,उषा सिंह, छाया सिंह ,मालविका सिंह,अरुण यादव, अरुण सिंह ,चंद्र बहादुर सिंह, राम प्रसाद यादव ,प्रमोद दुबे, लाल साहब ,सुधीर सिंह, अनिल पांडे, राजेश सिंह, अरविंद यादव, देशबंधु यादव ,धीरेंद्र यादव ,विष्णु ,संतोष सिंह, संतोष सिंह, अखिलेश दुबे ,पवन सिंह, कमलेश सिंह, इमरान, श्यामलाल मौर्य सहित सैकड़ो में शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रही।

## अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त- उज्जवल

**प्रयागराज।** सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त हो गई हैं। सांसद ने लगातार जमुनापार का दौरा कर देखा कि सम्पूर्ण जमुनापार में 15-18 घंटे बिजली गायब रहतीं हैं जिससे जनता मे बहुत आक्रोश हैं वो लगातार शिकायत दर्ज करा रहे हैं कि इस भीषण गर्मी में बिना लाईट के जीवनयापन मुश्किल हो रहा है और साथ में ही धान की रोपाई का समय हैं वर्षा हो नहीं रही हैं सिंचाई के लिए बिजली मिल नहीं रही हैं इस वजह से बुआई भी पिछड़ रही हैं और मोहर्रम के महीने में बिजली कटौती अत्यंत दुखदाई हैं। सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि जनता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सांसद उज्जवल रमण सिंह ने तत्काल उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा से टेलीफोन पर वार्ता कर कहा कि कुंवर रेवती रमण सिंह बिजली मंत्री थे तो सम्पूर्ण जमुनापार को बुंदेलखंड घोषित कराया था जिससे 20 घंटे बिजली की आपूर्ति होती थी। लेकिन आज स्थिति यह हो गई हैं कि बहुत से ऐसे गांव हैं जहां आज 20 घंटे बिजली गायब रहतीं हैं।

# डीएम ने खुरपका- मुँहपका टीकाकरण वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** राष्ट्रीय पशु रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत खुरपका-मुँहपका टीकाकरण (चतुर्थ चरण) अभियान का उद्घाटन 15 जुलाई 2024 को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी साँई तेजा सीलम के द्वारा बहुउद्देशीय सचल वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि खुरपका-मुँहपका टीकाकरण अभियान 15 जूलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक चलाया जायेगा। जनपद को कुल 1009250 वैक्सीन प्राप्त हुई है। जिसे गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में लगाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 21 विकास खण्डों में कुल 63 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में 01 पशुचिकित्साधिकारी, 01 पशुधन प्रसार अधिकारी, 01 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा 02 पशुमित्र रखे गयें हैं। डा0 श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि 08 माह के ऊपर गर्भित पशु एवं 04 माह के नीचे के बच्चों को (बछिया/बछड़ा, पड़िया/पड़वा) को टीका नही लगाया जाना है। शेष समस्त पशुओं को लगाया जाना है। खुरपका-मुँहपका रोग एक विषाणु जनित/संक्रामक बीमारी है। जिसमें पशुओं के खुर एवं मुँह में घाँव हो जाता है तथा पशु को खाने एवं चलने फिरने में दिक्कत होती है। इसमें मृत्यु दर कम है, परन्तु दुग्ध उत्पादन क्षमता काफी प्रभावित हो जाती है। रोग के रोकथाम हेतु टीकाकरण ही एक मात्र बचाव है। कार्यक्रम के दौरान डा0 सुनील कुमार, डा0 धर्मेन्द्र सिंह, डा0 संजय कुमार पाण्डेय, डा0 पवन कुमार, डा0 अल्का मनीषा, डा0 बृजेश कुमार, डा0 स्वतंत्र कुमार एवं पशु प्रसार अधिकारी-विजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, अजय चर्तुवेदी, हनुमान प्रसाद शुक्ला, नरेन्द्र सिंह, मानवेन्द्र सिंह, राजकुमार, सुजान, सर्वेश मौर्य, महिमा श्रीवास्तव, मनीष कुमार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

# श्रीमठ बाघम्बरी गद्दी में नवनिर्मित गोशाला का हुआ उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** श्री बाघम्बरी गद्दी में गोशाला के उद्घाटन के लिए तीन दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन गोवंश का प्रवेश कराया गया। इससे पहले नवनिर्मित और अत्याधुनिक गोशाला का उद्घाटन श्रीमठ बाघम्बरी गद्दी के महंत बलवीर गिरि जी महाराज, मुख्यातिथि निरंजनी आखाड़ा महामंडलेश्वर महेशानंद जी महाराज, महंत हरगोविंद पुरी जी महाराज, महंत केशवपुरी जी महाराज, महंत नरेश गिरी जी महाराज, महंत ओंकर गिरी जी महाराज, महंत राधे गिरी जी महाराज ने किया। सुबह मूर्ति प्रतिष्ठा, गो पूजन, प्रतिष्ठा हवन पूर्णाहुति हुई।

श्री बाघम्बरी गद्दी में गोशाला के लिए तीन दिवसीय अनुष्ठान का शुभारंभ 13 जुलाई को श्रीमठ बाघम्बरी गद्दी के महंत बलवीर गिरि जी महाराज ने विधिविधान से किया था। इस दौरान निरंजनी अखाड़े के साधु-संतों के अलावा उत्तर दक्षिण के ब्राह्मण भी मौजूद थे। 15 जुलाई को सुबह मूर्ति प्रतिष्ठा, गो पूजन, प्रतिष्ठा हवन पूर्णाहुति और शाम को महा सुदर्शन हवन, दिग्बली पूजन हुआ। दोपहर को गोशाला का उद्घाटन के पश्चात गोवंश को माला पहनाकर आरती कर गोशाला में प्रवेश कराया गया। वहीं, 16 जुलाई को सुबहलक्ष्मी नारायण हृदय हवन, दंपती अराधना, ब्राह्मण आराधना की जाएगी। कार्यक्रम में निरंजनी अखाड़ा, जूना अखाड़ा, महानिर्वाण अखाड़ा, अटल अखाड़ा, आह्वान अखाड़ा, आनंद अखाड़ा, पंचाग्नि अखाड़ा, नागपंथी गोरखनाथ अखाड़ा, वैष्णव अखाड़ा, उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा, उदासीन नया अखाड़ा, निर्मल पंचायती अखाड़ा और निर्मोही अखाड़ा के महंत और खडदर्शन साधु समाज के साधु भी मौजूद रहे।

# उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का किया पदभार ग्रहण

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक उत्तर रेलवे के पद पर कार्यरत थे। नए नवागत महाप्रबंधक 1988 बैच के अधिकारी हैं और उन्होंने भारतीय रेल में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। यातायात से संबंधित मुद्दों में अपने व्यापक अनुभव के अलावा उन्हें सामान्य प्रशासन में भी व्यापक अनुभव है। उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने अपनी रेल सेवा की शुरुआत सहायक परिचालन प्रबंधक समस्तीपुर के रूप में की। उसके बाद डीओएम और डीसीएम लखनऊ के रूप में कार्य किया और उसके बाद क्रमशः सीनियर डीओएम वाराणसी और इज्जतनगर मंडलों के रूप में पदस्थापित हुए। उन्होंने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक और उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया है। फिर उन्होंने उत्तर पश्चिम मुख्यालय में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक और सीनियर डीसीएम जोधपुर के रूप में



भी काम किया। उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने उत्तर रेलवे में सीसीएम, आईटी के पद पर कार्य किया तथा क्रिस में भी कार्य किया, जहां उन्होंने परियोजना प्रमुख के रूप में नियंत्रण कार्यालय एप्लीकेशन (सीओए) के कार्यान्वयन एवं एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके परिणामस्वरूप रेलवे परिचालन का केन्द्र माने जाने वाले नियंत्रण कार्यालयों का ऑटोमेशन हुआ। सीओए राष्ट्रीय रेल पूछताछ प्रणाली का आधार है, जो भारतीय रेल यात्रियों को वास्तविक समय पर ऑनलाइन रेलगाड़ियों की जानकारी देता है। उन्होंने रेलवे बोर्ड में ईडीपीएम, कोटा मंडल में मंडल रेल प्रबंधक तथा खान मंत्रालय में संयुक्त सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के मूल निवासी उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने प्रारंभिक शिक्षा रानीखेत अल्मोड़ा से प्राप्त की, तत्पश्चात उन्होंने प्रतिष्ठित आईआईटी कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक एवं परास्नातक की डिग्री प्राप्त की। आज औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। सभी मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार आया है। इन प्रयासों के प्रति जनता के रुझान के कारण, ग्राहक इंटरफेस में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कर्मचारियों के व्यवहार में भी सुधार हुआ है, पहले वे मात्र रेलवे के लिए काम करते थे, अब हमारे फ्रंटलाइन कर्मचारी सम्मानित ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए काम करते हैं। वर्तमान में हमारे सामने अपने ग्राहकों को वास्तविक समय पर प्रतिक्रिया प्रदान करने की चुनौती है, हम सभी को चुनौती से निपटने और प्रश्नों, शिकायतों का समय पर निवारण सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए। हमें संरक्षायुक्त परिचालन भी सुनिश्चित करना चाहिए और जनता में विश्वास पैदा करना चाहिए। उन्होंने समय पालन पर भी बल दिया क्योंकि यह सिर्फ समय सारिणी नहीं है बल्कि यात्रियों को समय पर उनके गंतव्य तक पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमे आधारभूत संरचना का निर्माण आमजन की आकांक्षाओं को पूरा करने के स्रोत के रूप में करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अमृत भारत स्टेशनों और माल ग्राहकों की मांगों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। आगामी कुंभ मेले के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य, नागरिक और मेला प्राधिकारियों के साथ समन्वय में एक टीम के रूप में कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कुंभ से संबंधित सभी बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य उचित समय-सीमा में पूरे किए जाएं और पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएं, ताकि प्रयागराज आने वाले तीर्थयात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### एक वृक्ष माँ के नाम पौध रोपण के क्रम में डीएम व सीडीओ ने पौधारोपण

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक वृक्ष माँ के नाम पौध रोपण के क्रम में 15 जूलाई 2024 को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण में मौलसरी व महोगनी के पौध का पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के समय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, जौनपुर प्रवीन खरे व उप प्रभागीय वनाधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी, जौनपुर व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें। पौधरोपण पश्चात उपस्थित लोगो व जनमानस से मां के नाम एक पौध रोपण करने का आह्वान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण हेतु सहभागिता एवं सहयोग प्राप्त करने एवं वृक्षारोपण को जन आन्दोलन के रूप में मनाने की अपेक्षा की गई।

### मारपीट के बाद गांव के दो गुटों में तनाव

**जौनपुर (खुटहन)** लवायन गांव के दो मजरे के लोग गांव के चौराहे पर रविवार की देर शाम आपस में भिड़ गए गाली गलौज के साथ जमकर लात-घूसे हाथा पाई होती रही इस बीच एक बाइक को ग्रामीणों ने ईट पत्थर मारकर तोड़ दिया ।घंटों चौराहे पर हंगामा होता रहा मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों गुट के लोग भाग निकले तनाव को देखते हुए गांव के चौराहे पर पुलिस बल तैनात हैं ।मामले में इंस्पेक्टर दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा गांव के चौराहे पर मारपीट तोड़ फोड़ का मामला प्रकाश में आया है जिसमें दोनों पक्षों द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है जिसमें एक पक्ष के लोग के खिलाफ बाइक तोड़ने का मुकदमा दर्ज किया गया है चोंट किसी को नहीं लगी है।

### पुलिस ने दो शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** लाइनबाजार थानान्तर्गत पुलिस द्वारा चोरी के तीन मोबाइल व एक मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। लाइन बाजार थानाध्यक्ष किशोर कुमार चौबे ने पुलिस टीम के साथ सोमवार को कचगाँव रेलवे क्रासिंग के पास से दो शातिर चोर प्रियांशु यादव (19) पुत्र जयप्रकाश यादव निवासी मोहद्दीपुर जफराबाद थानान्तर्गत, व ऋषभ यादव (19) पुत्र सत्येन्द्र यादव उर्फ गणेश यादव निवासी मोहद्दीपुर थाना जफराबाद को चोरी के तीन मोबाईल व एक मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

### जावेद अख़्तर के हाथ से मिलेगा गुफ़्तगू एवार्ड

**प्रयागराज।** साहित्यिक संस्था 'गुफ़्तगू' की तरफ से प्रत्येक वर्ष दिये जाने वाले एवार्ड फंक्शन में इस बार मुंबई से जावेद अख़्तर मुख्य अतिथि के रूप में तशरीफ ला रहे हैं। वही अपने हाथ से लोगों को एवार्ड देंगे।

'गुफ़्तगू' की तरफ से प्रत्येक वर्ष 'सुभद्रा कुमारी चौहान एवार्ड', 'कैलाश गौतम एवार्ड', 'कुलदीप नैयर एवार्ड', 'सीमा अपराजिता एवार्ड', 'मिल्खा सिंह एवार्ड', 'डॉ. सुधाकर पांडेय एवार्ड' और 'उमेश नारायण शर्मा एवार्ड' प्रदान किया जाता है। इसके लिए जनवरी महीने से ही प्रत्येक वर्ष आवेदन मंगाए जाते हैं। हजारों की संख्या में इस बार भी आवेदन प्राप्त हुए हैं। 28 जुलाई को गुफ़्तगू कार्यकारिणी की बैठक होगी। इसी बैठक में एवार्ड के लिए लोगों का चयन किया जाएगा।

### साई क्लब को पूरे अंक

**प्रयागराज।** साई क्लब ने फाफामऊ क्लब को 58 रन से हराकर स्पोर्ट्स जंक्शन अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। फाफामऊ मैदान पर खेले गए मैच में साई क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 127 रन (अमित 46, शिवेश पाण्डेय 25, रिशु पटेल 19, नैतिक मिश्र 2/17, आर्यन कुमार व लक्ष्य तिवारी एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में फाफामऊ क्लब की टीम 18.1 ओवर में 69 रन (रमन सिंह 23, उत्कर्ष 3/05, शिवेश पाण्डेय 2/05, आयुष कुमार 2/08) पर सिमट गई।

### यूनाइटेड ग्रुप के वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि



**प्रयागराज।** संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के गैथर्सबर्ग, मैरीलैंड की प्रतिष्ठित मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी ने उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित यूनाइटेड ग्रुप के वाइस चेयरमैन डॉ. सतपाल गुलाटी को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। रविवार को नई दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों द्वारा डॉ. गुलाटी को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. गुलाटी को यह उपाधि शिक्षा और सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया है। वह लगभग पिछले 50 वर्षों से यूनाइटेड ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं तथा प्रयागराज के विकास में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। यूनाइटेड ग्रुप के चेयरमैन जीजी गुलाटी, प्रेसिडेंट डॉ. जगदीश गुलाटी सहित यूनाइटेड परिवार के सदस्यों और प्रयागराजवासियों ने डॉ. सतपाल गुलाटी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं।

# क्षेत्रीय प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला में बताए गए प्रश्न पत्र निर्माण करने के तरीके

- रानी रेवती देवी में आज उद्घाटन हुआ यह कार्यशाला 17 जुलाई तक चलेगी



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज में आज प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे के नेतृत्व में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा आयोजित प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन से हुआ। कार्यशाला में आए सभी अतिथियों का परिचय व स्वागत काशी प्रदेश के परीक्षा प्रमुख एवं प्रधानाचार्य सुरेश तिवारी ने कराया। प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश राजबहादुर सिंह ने बताया कि इस प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों से प्राश्निको की उपस्थिति में कार्यशाला संपन्न हो रही है, जिसमें अर्द्धवार्षिक, वार्षिक और पूर्वानुमानिक परीक्षाओं का प्रश्न पत्र तैयार हो रहा है। प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति गोरख प्रदेश जियालाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें 21वीं सदी के स्किल के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्रश्न पत्र का निर्माण करना है। प्रश्न पत्र में सभी प्रकार के छात्रों के बुद्धि स्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र निर्मित करना है, जिसमें सभी छात्रों का समुचित मूल्यांकन हो सके। उन्होंने सीबीएसई के पाठ्यक्रम के अनुसार प्रश्न पत्र निर्माण करने की सलाह दी। संभाग निरीक्षक काशी प्रदेश गोपाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रश्न पत्र को देखकर छात्र तनाव में ना आएं, इस प्रकार के प्रश्न पत्र का निर्माण हो। संगठन मंत्री काशी प्रांत डॉक्टर राम मनोहर ने अपने निरीक्षण में प्रश्नपत्र निर्माणकों की टोली और पाठ्यक्रम विभाजन के बारे में प्राश्निक बंधुओं को अवगत कराया तथा पत्र निर्माण कार्यशाला का प्रारंभ कराया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए प्रधानाचार्य बंधुओं के साथ- साथ संतोष कुमार पांडे, दिग्विजय नाथ मिश्रा, अमित नायक, सत्यप्रकाश पांडे सहित लगभग 100 प्रश्निकों एवं भगिनियों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने किया।

## महिला दरोगा के कमरे में घुसा दिवान

**आजमगढ़।** जनपद के रौनापार थाना परिसर स्थित आवास में रहने वाली महिला दरोगा ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि दीवान उनके आवास में बिना इजाजत के घुस आया। वहीं एसपी ने कार्यों में लापरवाही को लेकर दीवान को निलंबित कर दिया। जानकारी के अनुसार रौनापार थाने में तैनात महिला दरोगा थाना परिसर में ही बने आवास में रहती है। रविवार को वह अपने आवास पर थी इसी बीच थाने पर तैनात दीवान उनके कमरे में घुस गया। उसके द्वारा महिला दरोगा से अभद्रता की गई। महिला दरोगा ने इसकी शिकायत एसपी से कर दी। शिकायत पत्र मिलने पर एसपी ने सीओ सगड़ी को इस मामले की जांच सौंपी है। वहीं आरोपी दीवान को कार्यों में लापरवाही के आरोप में एसपी ने आरोपी को निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि आरोपी हेड कांस्टेबल को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और जन मानस में अच्छी छवि न होने के कारण एसपी हेमराज मीना ने निलंबित कर दिया है।

# युवा पीढ़ी ही विकसित भारत का मुख्य आधार: प्रो. प्रदीप

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** भारतीय शिक्षण मंडल युवा आयाम द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता ष् विजन फॉर विकसित भारतष् का पोस्टर विमोचन महाराजा सुहेलदेव विश्विद्यालय आजमगढ़ के मा0 कुलपति प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा के द्वारा ,कैम्प कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख डॉ अनिल कुमार सिंह,भारतीय शिक्षण मंडल गोरक्ष के प्रांत मंत्री प्रदीप सिंह,अंजनी कुमार द्विवेदी ( प्रांत सह शैक्षिक प्रकल्प प्रमुख )भारतीय शिक्षण मंडल गोरक्ष प्रांत और भारतीय शिक्षण मंडल गोरक्ष प्रांत के युवा आयाम सह प्रमुख डॉ पंकज सिंह,डॉ0 प्रकाश चंद श्रीवास्तव,सर्वोदय महाविद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव,डॉ0 संतोष सिंह, डॉ0 उमेश पाण्डेय एवं एन सी सी,एन एस एस, रोवर्स रेंजर्स के छात्रध्छात्राएं उपस्थित रहे।

यह शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता चार स्तरों पर आयोजित की जा रही है। जिसमें स्नातक स्तर , परास्नातक स्तर, रिसर्च स्कॉलर और एक ओपन कैटेगरी जिसमे 40 वर्ष से नीचे का कोई भी प्रतिभागी शोध पत्र लिख सकते हैं ।प्रांत स्तर पर चयनित शोधार्थी ळज् विश्वविद्यालय गुरुग्राम हरियाणा में नेशनल रिसर्च कांक्लेव में 15 से 17 नवंबर तक प्रतिभाग करेंगे जिसमें देश भर से लगभग 1000 शोधार्थी, विषय विशेषज्ञ, उद्योगपति और देश विदेश की प्रतिष्ठित हस्तियां सम्मिलित होगी। राष्ट्रीय स्तर पर स्तर पर चयनित शोधार्थियों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों जैसे डीआरडीओ ,इसरो आदि में शोध करने का अवसर प्राप्त होगा। शोध पत्र लेखन प्रतियगिता का पंजीयन 17 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है और 31 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया ऑनलाइन ॄ.इेउ्इींतंज.वतह पर किया जा सकता है।

# उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

- निराश्रित बच्चों का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है: डॉ. देवेन्द्र शर्मा



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा ने कहा है कि बच्चे देश की आत्मा हैं, इसलिए इन्हें नशे से मुक्त रखने के लिए तत्काल प्रहरी क्लब की स्थापना कर पूर्व में इसके लिए जारी दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित किया जाय। डा. शर्मा ने सोमवार को मण्डलायुक्त सभागार में मुख्यमन्त्री बाल सेवा योजना, पीकू वार्ड एवं बाल संरक्षण से जुड़ी योजनओं से सम्बन्धित कार्यों की मण्डल स्तर पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ऐसे बच्चे जिनको संरक्षण देने वाला कोई नहीं है, उनका संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने बैठक में बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े मुख्य बिन्दुओं यथा नशा, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल भिक्षावृत्ति को विशेष रूप से रेखांकित किया। डा. शर्मा ने तीनों जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद, ब्लाक, वार्ड, ग्राम स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियॉ यदि अब तक नहीं बनाई गयी हैं तो तत्काल बना लिया जाये। उन्होंने उप निदेशक, महिला कल्याण को गठित समितियों के सम्बन्ध में 15 दिन के अन्दर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। आयोग के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि पूर्व में जारी गाइड लाइन के अनुसार विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में पान, बीड़ी, सिग्रेट, गुटखा आदि की कोई दुकाने नहीं होनी चाहिए, इस दिशा में सख्ती से कार्यवाही की जाय। इसी क्रम में उन्होंने तीनों जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षकों से कहा कि कक्षा 6 से ऊपर के विद्यालयों के लिए तत्काल प्रहरी क्लब बनाया जाय तथा नियमित रूप से इसकी मानीटरिंग की जाय, प्रहरी क्लब नशा मुक्ति की दिशा में अत्यन्त सार्थक सिद्ध होगा। उन्होंने औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों को नशे की लत से दूर रखने केलिए सभी मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाय कि बच्चों को एच-1 मॉडल की दवाइयॉ किसी भी दशा में नहीं दी जायेगी तथा सभी मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी भी लगवाया जाय। नशा मुक्ति के सम्बन्ध में डा. शर्मा ने तीनों जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशे से होने वाले भयंकर दुष्परिणामों के सम्बन्ध में लोगों में जागरूकता पैदा करने हेतु स्टीकरण छपवायें तथा पुलिस के माध्यम से आटो पर चस्पा करायें। उन्होंने कहा कि इस बार दीपावली पर हमारा संकल्प होगा कि ''एक दिया नशे के विरुद्ध जलाना है, देश को नशामुक्त बनाना है।'' डा. शर्मा ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के समाज के बुद्धजीवी वर्ग के माध्यम से जागरूक किया जाय तथा पूर्व में जारी गाइड लाइने के अनुसार सार्थक प्रयास कर बाल विवाह को हर हालत में समाज से खत्म किया जाय। उन्होंने बाल श्रम के सम्बन्ध में कहा कि शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याणार्थ कई कल्याणकारी योजनायें संचालित की गयी हैं।

उन्होंने कहा जनपदों में किसी भी दशा में बाल श्रम नहीं होना चाहिए तथा इसके लिए जनपदों में जिलाधिकारी द्वारा गठित टास्कफोर्स की नियमित रूप से बैठकें होनी चाहिए। आयोग के अध्यक्ष डा. शर्मा ने कहा कि चाइल्ड ट्रैफिकिंग के माध्यम से बाल भिक्षावृत्ति, बाल बन्धुआ मजदूरी आदि जैसी अनेक कुरीतियों और बुराईयों को बढ़ावा मिलता है, इसलिए इसे रोकने के लिए हमें अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए सजग रहकर इसे हर हालत में रोकना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराकर उन्हें शिक्षा की ओर लाना है।

# रियलएक्स ने अयोध्या प्रॉपर्टी डील के साथ कमर्शियल रियल एस्टेट में स्थापित किया नया बेंचमार्क

**लखनऊ।** फ्रैक्शनल ओनरशिप प्लेटफार्म रियलएक्स ने हाल ही में अयोध्या में अपनी कमर्शियल लैंड प्रॉपर्टी डील को पूरा किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में 57 निवेशकों ने भाग लिया, जिन्होंने संपत्ति में प्रोपोरशनेट ओनरशिप अधिकार प्राप्त करने के लिए ?50,000 से ?25 लाख के बीच निवेश किया। यह डील फ्रैक्शनल ओनरशिप और प्रॉपर्टी टोकनाइजेशन के माध्यम से व्यापक दर्शकों के लिए उच्च-मूल्य वाली अचल संपत्ति को सुलभ बनाने की दिशा में एक कदम है। फंडबेज़ी ने इस डील में रियलएक्स को एक रणनीतिक भागीदार के रूप में सहायता की।

फ्रैक्शनल ओनरशिप महंगी संपत्तियों जैसे रियल एस्टेट, याट और प्राइवेट जेट के स्वामित्व की उच्च लागत में कार्य करता है। पारंपरिक स्वामित्व के लिए महत्वपूर्ण पूंजी और रखरखाव की आवश्यकता होती है, जो अक्सर कई लोगों के लिए वहन करने योग्य नहीं होता। इन लागतों को कई निवेशकों के बीच बाँट कर, फ्रैक्शनल ओनरशिप अधिक वित्तीय



बोझ लिए बिना उच्च-मूल्य वाली संपत्तियों का अनुभव देता है। यह मॉडल विविधीकरण डाइवर्सिफिकेशन और जोखिम कम करने को भी बढ़ावा देता है, जिससे संभावित रिटर्न में वृद्धि होती है।

अयोध्या को चुनने पर, रियलएक्स के सह-संस्थापक और सीईओ मनीष कुमार कहते हैं, अयोध्या आज देश के सबसे तेजी से बढ़ते प्रॉपर्टी मार्केट में से एक है। केंद्र और राज्य सरकारों के समर्थन से, यह शहर तेजी से विकास करने के लिए तैयार है। विक्रेताओं के बाजार के कारण एक प्रमुख संपत्ति हासिल करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन यह फ्रैक्शनल ओनरशिप के लिए एकदम उपयुक्त था। इस अवसर को लोगों के सामने लाकर, हम इसे एक सहभागी निवेश की कहानी बनाना चाहते हैं। रियलएक्स फ्रैक्शनल ओनरशिप प्लेटफार्म द्वारा अपनाए जाने वाले पारंपरिक एपीवी रूट से बचते हुए, निवेशकों को सीधे संपत्ति अधिकार प्रदान करता है। रियलएक्स दो ओनरशिप मोड प्रदान करता है- रजिस्टर्ड को-ओनरशिप ऑप्शन और प्रॉपर्टी टोकन (ब्लॉकचैन पर)। पहला निवेशक को संपत्ति का डायरेक्ट को-ओनर बनाता है, जबकि दूसरा साइड लीगल नोट से टोकन में डायरेक्ट और लीगल बेनेफिशिअल राईट प्रदान करता है।

मनीष कुमार ने कहा, शुरू में कई निवेशकों को उत्तर प्रदेश में एक साफ लेनदेन को निष्पादित करने, खासकर डिजिटल रूप से और फ्रैक्शनल ओनरशिप मोड में चिंताओं के कारण झिझक महसूस हुई। हमने चुनौती को स्वीकार कर लिया और निर्धारित समयसीमा के भीतर लेनदेन पूरा कर लिया, यहां तक कि प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए खुद एक हिस्से की सदस्यता भी ली।

# इक्ज़िगो और एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक ने लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** नेक्स्ट बिलियन यूज़र्स के लिए भारत के प्रमुख ओटीए इक्ज़िगो और देश के सबसे बड़े स्मॉल फाइनैंस बैंक एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक ने अपने प्रीमियम को-ब्राण्डेड इक्ज़िगो-एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक ट्रैवल क्रेडिट कार्ड के लिए रूपे वेरिएन्ट का लॉन्च किया है, और इसके साथ यूपीआई-आधारित पेमेंट और रिवॉर्ड्स को आसान बना दिया है। आधुनिक यात्रियों को ज़्यादा फायदे जैसे बेहतर सुविधा, व्यापक पहुंच, सुरक्षा और सुलभता प्रदान करने के प्रयास में यह नई पेशकश लाई गई है। इक्ज़िगो और एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक की सफल साझेदारी के तहत, रूपे वेरिएन्ट यात्रियों की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कई फीचर्स लेकर आया है। कार्डधारक अपने रूपे क्रेडिट कार्ड को किसी भी यूपीआई पेमेंट ऐप के ज़रिए यूपीआई पर लिंक कर सकते हैं, इससे यूपीआई के ज़रिए क्रेडिट कार्ड का भुगतान आसान हो जाता है। यात्रियों को ऑनलाईन यूपीआई लेनदेन पर 10 रिवॉर्ड पॉइन्ट और ऑफलाईन यूपीआई लेनदेन पर 5 रिवॉर्ड पॉइन्ट मिलेंगे। इसके अलावा वे प्रीमियम 24/7 कंसीयज सर्विस,




2 लाख तक के व्यापक बीमा कवर (पर्सनल एक्सीडेन्ट इंश्योरेन्स और परमानेन्ट डिसेबिलिटी कवर) तथा डाइनिंग, शॉपिंग, वैलनैस एवं एंटरटेनमेन्ट में एक्सक्लुज़िव रूपे ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

कार्ड के साथ सभी ट्रैवल मोड्स में इसके मौजूदा फायदे और अन्य मूल्य प्रस्ताव भी जारी रहेंगे जैसे इक्ज़िगो ऐप के माध्यम से रेल बुकिंग पर शून्य पीजी शुल्क तथा उड़ान, बस और होटल पर 10 फीसदी छूट तथा रूपे कार्डधारकों के एक्सक्लुज़िव फायदे। कार्डधारकों को 30 दिनों के भीतर पहला लेनदेन पूरा करने पर 1000 रिवॉर्ड पॉइन्ट्स, रु 1000 इक्ज़िगो मनी, ईंधन अधिभार में 1 फीसदी छूट तथा रेल लेनदेन पर 10 फीसदी रिवॉर्ड पॉइन्ट्स मिलेंगे। कार्डधारक इंटरनेशनल खर्च पर ज़ीरो फोरेक्स मार्कअप, कॉम्पलीमेंटरी 8 रेलवे लाउंज एक्सेस, 8 एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस और 1 इंटरनेशनल लाउंज एक्सेस प्रति वर्ष का लाभ भी उठा सकते हैं। संजय अग्रवाल, संस्थापक और एमडी एवं सीईओ, एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक ने कहा, ''इक्ज़िगो के साथ हमारी साझेदारी यात्रा उद्योग में नए बेंचमार्क स्थापित करते हुए आधुनिक यात्रियों को बेजोड़ फायदे प्रदान कर रही है। यह लॉन्च उपभोक्ताओं को आधुनिक एवं समावेशी वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। रूपे वेरिएन्ट उपभोक्ताओं को बेहतरीन रिवॉर्ड और रूपे के व्यापक नेटवर्क के फायदे देकर महत्वाकांक्षी भारत की आकांक्षाओं को साकार करने में योगदान देगा। हम उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण के साथ भारत में हमारे उपभोक्ताओं की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं।'

# डीपीआई पर भारत के जी-20 टास्क फोर्स ने केंद्र सरकार को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) को मजबूत करने के उद्देश्य से जी-20 के लिए भारत के शेरपा अमिताभ कांत और नंदन नीलेकणी की सह-अध्यक्षता वाली जी-20 टास्क फोर्स ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। टास्क फोर्स की रिपोर्ट का उद्देश्य दुनियाभर में डीपीआई की नींव को मजबूत करना है।

ये पूरी रिपोर्ट वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि आर्थिक परिवर्तन, वित्तीय समावेशन और विकास के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पर भारत के जी-20 टास्क फोर्स की अंतिम रिपोर्ट नई दिल्ली में जारी की गई है। इस टास्क फोर्स का गठन भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत की अध्यक्षता और इंफोसिस के सह-संस्थापक एवं अध्यक्ष और यूआईडीएआई (आधार) के संस्थापक अध्यक्ष नंदन नीलेकणी की सह-अध्यक्षता में किया गया था।

# श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा को आगे बढ़ाने के लिए फेलिक्स इंडस्ट्रीज के साथ नए समझौते पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** वित्तीय समाधानों में अग्रणी श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड ने घोषणा की है कि श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (श्रेष्ठ) और फेलिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (फेलिक्स) के बीच मौजूदा व्यापार व्यवस्था को जारी रखते हुए एक सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर करके एक बार फिर हाथ मिलाया है। नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता पहलों को आगे बढ़ाते हुए, जहां श्रेष्ठ सतत विकास के उद्देश्य से नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ जल से संबंधित परियोजनाओं में ऋण देने की दिशा में आगे बढ़ेगा। इस नए समझौते के माध्यम से, फेलिक्स नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ पानी और जल रीसाइक्लिंग से संबंधित परियोजना के लिए फेलिक्स द्वारा आरती इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ खरीदे गए ऑर्डर के लिए संयंत्र स्थापना के पूंजीगत कार्य के लिए लगभग रु. दो चरणों में कुल मिलाकर 50 मिलियन का वित्तपोषण किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा और जल क्षेत्र में विविध क्षेत्रों को मजबूत वित्तीय सहायता प्रदान करने, स्थिरता को बढ़ावा देने और हरित पर्यावरण और टिकाऊ परियोजनाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था फेलिक्स को वित्तीय सहायता को मजबूत करेगी। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसने नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता पहल को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर के माध्यम से फेलिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (फेलिक्स) के साथ हाथ मिलाया है। उक्त समझौते पर हस्ताक्षर करने से श्रेष्ठ के लिए सतत विकास के उद्देश्य से नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ जल से संबंधित परियोजनाओं में ऋण देने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस समझौते के माध्यम से, फेलिक्स अपनी नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ जल और जल पुनर्चक्रण संबंधी परियोजनाओं के लिए धन सुरक्षित करने की अच्छी स्थिति में है। सुविधा समझौते में नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता संबंधी परियोजनाओं के लिए समर्थन बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रावधान शामिल हैं। श्रेष्ठ रुपये का वित्तपोषण करेगी। अगले 1-2 वर्षों में उपरोक्त मिशन को लक्षित करने के लिए 250 मिलियन और नई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अपने पदचिह्न का विस्तार भी करेगा। इससे पहले, कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए शानदार कमाई की घोषणा की थी। 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने परिचालन से राजस्व रु। 391.85 लाख, सालाना 462.36 प्रतिशत की वृद्धि। पीएटी रुपये पर सूचित किया गया था. 506 लाख, और शुद्ध कुल व्यापक आय रु. 1767.74 लाख 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने परिचालन से अपने राजस्व में 269 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखी, जो रुपये से बढ़ रही है। 274.56 लाख से रु. 1013.01 लाख । पीएटी रुपये पर आया. 173.86 लाख (वित्तीय वर्ष 24), जबकि शुद्ध पीएटी (कुल व्यापक आय) रु. 2404 लाख श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड वित्तीय समाधान के क्षेत्र में अग्रणी है, जो व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के लिए व्यापक समाधान पेश करता है। भारतीय वित्तीय परिदृश्य में जो मुख्य रूप से पारंपरिक वित्तपोषण मार्गों पर निर्भर है, श्रेष्ठ फिनवेस्ट इस क्षेत्र में विशेष खिलाड़ियों की कमी के कारण पैदा होने वाली कमियों को पहचानता है। कंपनी, संरचित वित्तीय समाधानों की अनुपस्थिति, सीमित कौशल सेट और वित्तीय संस्थानों से अनुरूप पेशकशों को प्रतिबंधित करने वाली नियामक बाधाओं को देखते हुए, अनुकूलित समाधानों को नया करने और वितरित करने का अवसर समझती है। ऋण व्यवसाय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए, श्रेष्ठ फिनवेस्ट भारतीय कॉरपोरेट्स और व्यक्तियों दोनों को विशेष और व्यापक समाधान प्रदान करने, उनके विकास प्रयासों को पोषित और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कंपनी मजबूत नकदी प्रवाह द्वारा समर्थित संरचित क्रेडिट उत्पादों को प्राथमिकता देती है, एक सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले थोक ऋण पोर्टफोलियो को सुनिश्चित करती है। थोक ऋण व्यवसाय के भीतर, कंपनी परियोजना वित्तपोषण, मेजेनाइन वित्तपोषण, अधिग्रहण वित्तपोषण, ब्रिज वित्तपोषण, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और व्यक्तिगत वित्त सहित विविध क्रेडिट समाधानों की सुविधा प्रदान करती है।

# वेविन ने भारत के टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया

**लखनऊ।** ऑर्बिया बिज़नेस एवं इनोवेटिव पाईपिंग समाधानों और एडवांस्ड वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम्स में ग्लोबल लीडर, वेविन ने भारत के लिए रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है, जिन्होंने हाल ही में देश को टी20 वर्ल्ड कप दिलाया। 60 सालों से ज्यादा समय के अनुभव के साथ वेविन उसी प्रकार परफॉर्मेंस और ड्यूरेबिलिटी के मानक स्थापित करता है, जैसे भारत के कप्तान और हिटमैन रोहित शर्मा करते हैं।

वेविन पाईपिंग और वाटर स्टोरेज/मैनेजमेंट के विस्तृत समाधान प्रदान करता है। यह पिछले कुछ सालों से भारत में अपना काफी विस्तार कर चुका है। इसने विकसित होते देश की जरूरतों को पूरा करते हुए उद्योग के लिए मानक स्थापित कर दिए हैं। भारत में कंपनी दो ब्रांड्स, वेविन और वेक्टस पाईप्स का संचालन करती है और अपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पादों द्वारा देश




में ड्रेनेज और प्लम्बिंग की समस्याओं का समाधान करती है। कंपनी के पास शोध एवं विकास का दशकों पुराना इतिहास है। रोहित शर्मा और वेविन के बीच गठबंधन देश की जनता के साथ अपना जुड़ाव बढ़ाने के कंपनी के उद्देश्य के अनुरूप है, साथ ही, कंपनी रोहित शर्मा के करियर और छवि का प्रदर्शन करने वाली उत्कृष्टता की ओर अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करना चाहती है।

ऑर्बिया इंडिया के प्रेसिडेंट, श्री रणधीर चौहान ने कहा, ''सालों से वेविन भारत के विभिन्न शहरों और समुदायों में उच्च गुणवत्ता के प्लम्बिंग और ड्रेनेज सिस्टम उपलब्ध कराते हुए विकसित होते देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। हमें अब रोहित शर्मा को अपनी कंपनी का चेहरा बनाने की खुशी है। उन्हें अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए देश के लाखों लोग प्यार करते हैं। इस गठबंधन से अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के समाधान और बेहतर उत्पाद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

# टीटीके प्रेस्टीज ने लॉन्च किया प्रेस्टीज न्यूट्री मिक्स 2.0

## यह आपकी सेहतमंद जिंदगी के लिए एक भरोसेमंद साथी है

**नई दिल्ली।** टीटीके प्रेस्टीज, रसोई उपकरण उद्योग में भारत की प्रमुख कंपनी, ने अपने नए प्रोडक्ट - प्रेस्टीज न्यूट्री मिक्स 2.0 मिक्सर




ग्राइंडर को लॉन्च किया है। ये कॉम्पैक्ट और बहुपयोगी घरेलू उपकरण सामग्री को ब्लेंड करने, पीसने और जूस बनाने की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह निश्चित रूप से आधुनिक किचन का एक अनिवार्य साथी है। प्रेस्टीज न्यूट्री मिक्स 2.0 को बनाने में सहूलियत और एफिशिएंसी का पूरा ध्यान रखा गया है। इसमें कई फीचर्स मौजूद हैं जो खाना पकाने के अनुभव को बेहतरीन बनाते हैं।

न्यूट्री मिक्स 2.0 को बड़े ही कॉम्पैक्ट तरीके से बनाया गया है, इससे परफॉर्मेंस से कोई समझौता किये बगैर किचन में स्पेस बचता है। इसके उच्च दक्षता वाले जार, स्मूदी, जूस, नट मिल्क, चटनी और सूखे मसाला पाउडर बनाने के लिए काफी अच्छे हैं। इसके साथ ही न्यूट्री मिक्स 2.0 के साथ दिए गए सभी जार बहुपयोगी हैं, जिसकी वजह से सामग्री डालते ही झटपट काम हो जाता है।

इस मिक्सर ग्राइंडर में दो अनोखे जार बेस हैं और हरेक जार में दिए गए ब्लेड सूखी पिसाई और ब्लेंड करने की क्षमता से लैस हैं। हरेक जार के तले में बेहद ही अच्छी क्वालिटी के स्टेनलेस स्टील जार बेस प्लेट दी गई है। इससे आपको सुरक्षित और प्रभावी पिसाई मिलती है। इसमें स्टोरेज के लिए अलग से किसी डिब्बे की जरूरत नहीं, क्योंकि ये अतिरिक्त ढक्कन के साथ आते हैं जिससे आप सामग्री को जार में ही सुरक्षित तरीके से रख सकते हैं।

न्यूट्री-मिक्स 2.0 में सुरक्षा सबसे अहम है; ड्यूल इंटरलॉक की सुरक्षा प्रणाली के साथ यह मिक्सर ग्राइंडर तब तक चालू नहीं होगा जब तक कि जार मिक्सर की बॉडी से अच्छी तरह लॉक ना हो जाए। इससे आप हर बार ही सुरक्षित तरीके से मिक्सर को चला सकते हैं। न्यूट्री मिक्स 2.0 मिल्कशेक, स्मूदी और जूस को झटपट व्हिप करने के लिए सटीक है और आपके दिन की एक पौष्टिक शुरूआत करने में मदद करता है।

प्रेस्टीज न्यूट्री मिक्स 2.0 की कीमत 3445 रुपए है और इसकी शुरूआती कीमत 2410 रुपए है। यह एक साल की वारंटी के साथ आता है। ये प्रोडक्ट अब प्रमुख रिटेल आउटलेट और ऑनलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध है। इस नए मिक्सर ग्राइंडर की बहुपयोगिता का अनुभव करें, वह भी पूरी सहूलियत के साथ, और अपने पाककला के जादू को नई ऊंचाईयों पर लेकर जाएं।

**टीटीके प्रेस्टीज के विषय में**

टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड, टीटीके ग्रुप का हिस्सा है। पिछले छह दशकों में टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी रसोईघर उपकरण कंपनी के तौर पर उभरी है और देश की गृहिणियों की जरूरतों को पूरा कर रही है। प्रेस्टीज ब्राण्ड का हर उत्पाद सुरक्षा, नवाचार, टिकाऊपन और विश्वास के स्तंभों पर बना है और इस ब्राण्ड को लाखों घरों की पहली पसंद बनाता है। कंपनी ने अप्रैल 2016 में यूके स्थित हॉरवुड होमवेयर्स को खरीदा था और अगस्त 2017 में भारत में जज ब्राण्ड लॉन्च किया था।

# आईकू ने लांच किया फुली लोडेड 5G स्मार्टफोन iQOO 9 Lite 5G, कीमत 9,999 से शुरू

**नई दिल्ली।** हाई-परफॉरमेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज भारत में अपनी फुली लोडेड ' सीरीज़ का लेटेस्ट एडिशन- iQOO Z9 Lite 5G लॉन्च किया। यह स्मार्टफोन शक्तिशाली प्रोसेसर, शानदार डिज़ाइन और सोनी प्राइमरी कैमरे के साथ पहली बार 5G इस्तेमाल करने वालों के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, आईकू के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, निपुन मार्या ने कहा, आईकू में, हम युवाओं की लगातार बदलती मांगों को पूरा करने के लिए टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वैल्यूबल कंज्यूमर फीडबैक, इंडस्ट्री के रुझानों और हमारी ' सीरीज स्मार्टफोनों की जबरदस्त प्रतिक्रिया से प्रेरित होकर, हमें iQOO Z9 Lite 5G को पेश कर रहे हैं। यह स्मार्टफोन उन लोगों के लिए आदर्श है जो 4G से 5G में अपग्रेड करना चाहते हैं, जो दमदार प्रदर्शन, स्टाइलिश डिजाइन और स्थायी टिकाऊपन प्रदान करता है। तेज रफ्तार वाली लाइफस्टाइल और अलग अलग जरूरतों वाले जेन ज़ी और छात्रों के लिए बनाया गया, iQOO Z9 Lite



उनकी गतिशील दुनिया के साथ बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है। iQOO Z9 Lite एक पूरी तरह से लोडेड 5G स्मार्टफोन है, जो मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 5G मोबाइल प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित है। इसकी 8-कोर CPU आर्किटेक्चर, जो लेटेस्ट 6nm प्रोसेस टेक्नोलॉजी पर बनाया गया है, 414K+ से अधिक का प्रभावशाली AnTuTu स्कोर प्राप्त करता है, जो सहज मल्टीटास्किंग, लेग-फ्री गेमिंग और आसान ऐप स्क्रॉलिंग सुनिश्चित करता है। सुपरफास्ट डाउनलोडिंग स्पीड, डुअल सिम 5G, भविष्य के लिए तैयार तकनीक और 8 5G बैंड के साथ स्थिर 5G कनेक्टिविटी के साथ, iQOO Z9 Lite गति और कनेक्टिविटी को फिर से परिभाषित करता है।

# पीसी ज्वैलर्स की बड़ी योजनाः 2705 करोड़ रुपये जुटाने का फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की जानी-मानी और तेजी से बढ़ती गहनों की कंपनी पीसी ज्वैलर लिमिटेड ने एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने 13 जुलाई, 2024 को हुई अपनी बैठक में आईसीडीआर नियमों और अन्य लागू कानूनों के अनुसार, 56.20 रुपये प्रति वारंट के इशू प्राइस पर फुल कनवर्टिबल वारंट के प्रेफरेंशियल इश्यू से 2705 करोड़ रुपये तक की धनराशि जुटाने को मंजूरी दे दी है। ये सारा काम कंपनी सरकार के नियमों के मुताबिक करेगी। इसके लिए कंपनी को अपने मेंबर्स और दूसरे जरूरी दफ्तरों से मंजूरी लेनी होगी। इस योजना में कंपनी के मालिक परिवार और कुछ विदेशी निवेशक भी शामिल हैं। कंपनी के मालिक परिवार की कंपनियां और सदस्य, जैसे न्यूज ट्रैक गारमेंट्स, बलराम गर्ग और पूजा गर्ग इसमें पैसा लगाएंगे। साथ ही, कई विदेशी निवेशक भी इस योजना में शामिल हैं।

पीसी ज्वैलर्स की शुरुआत 2005 में नई दिल्ली के करोल बाग में एक छोटी सी दुकान से हुई थी। आज यह कंपनी देश के 17 से ज्यादा राज्यों में फैली हुई है। पीसी ज्वैलर्स की खासियत है इसके खूबसूरत और नए डिजाइन के गहने। चाहे शादी के भारी गहने हों या रोज पहनने के हल्के गहने, पीसी ज्वैलर्स हर तरह के गहने बनाती है।

कंपनी की सफलता का राज है इसकी ग्राहकों के प्रति ईमानदारी। पीसी ज्वैलर्स सिर्फ प्रमाणित गहने ही बेचती है, जिससे ग्राहकों को गहनों की शुद्धता का भरोसा रहता है। कंपनी बड़े-बड़े शोरूम खोलती है जहां हर तरह के और हर कीमत के गहने मिलते हैं। खास बात यह है कि ग्राहक अपनी पसंद के गहने भी बनवा सकते हैं। पीसी ज्वैलर्स गहनों के डिजाइन से लेकर बनाने और बेचने तक, हर काम बड़ी सावधानी से करती है। कंपनी ग्राहकों की पसंद का ध्यान रखती है और उसी हिसाब से गहने बनाती है। गहनों की शुद्धता और गुणवत्ता की कड़ी जांच की जाती है।

## सरोवर होटल्स ने पेश किया सरोवर पोर्टिको सहारनपुर

# सहारनपुर, यूपी में पहला ब्रांडेड होटल



**लखनऊ।** सरोवर होटल्स ने एसवीएस होटल लिमिटेड के सहयोग से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में सरोवर पोर्टिको के उद्घाटन की घोषणा की। यह लॉन्च इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यूपी में सरोवर के बढ़ते पोर्टफोलियो में शामिल हो गया है। अंबाला हाईवे पर स्थित, सरोवर पोर्टिको सहारनपुर शहर का पहला ब्रांडेड होटल है जो विलासिता और आराम का एक शानदार संगम पेश करता है। अपने तीन विशिष्ट श्रेणियों डीलक्स रूम्स, एक्ज़ीक्यूटिव सूट और सुइट्स में 97 परिष्कृत रूप से नियुक्त कमरों के साथ, होटल आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जो मेहमानों की समझदारी की जरूरतों को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गई हैं। होटल का पूरे दिन का भोजन रेस्तरां, फ्लेवर्स मल्टी-कुजीन डिलाइट की एक विविध श्रृंखला प्रस्तुत करता है, जो मेहमानों के लिए एक असाधारण गैस्ट्रोनॉमिक जर्नी सुनिश्चित करता है। आधुनिक आवास और भोजन विकल्पों के अलावा, सरोवर पोर्टिको सहारनपुर में शहर की सबसे बड़ी भोज और सम्मेलन सुविधाएं हैं, जो 48,000 वर्ग फुट में फैली हुई हैं। स्थानों में द पाम कोर्ट (लॉन), ग्रैंड क्रिस्टल, गार्नेट और ओपल शामिल हैं, जो सभी आकारों की शादियों, सम्मेलनों और सामाजिक समारोहों के लिए एक शानदार पृष्ठभूमि प्रदान करते हैं। सरोवर होटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और लौवर होटल्स इंडिया के डायरेक्टर अजय के. बकाया ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ÷हमें सरोवर पोर्टिको सहारनपुर का शुभारंभ करते हुए खुशी हो रही है, जो यात्रियों को एक बेजोड़ आतिथ्य अनुभव प्रदान करता है। उत्कृष्टता के प्रति हमारे अटूट समर्पण, सहारनपुर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से पूरित होकर, इस संपत्ति को अवकाश और व्यापार दोनों यात्रियों के लिए सर्वोत्तम विकल्प के रूप में मजबूती से स्थापित करता है।÷

# नीरज चोपड़ा की ज़िद्दि फॉर मोर ने अंडर आर्मर के ब्रांड कैंपेन को किया

**नई दिल्ली।** अंडर आर्मर का कैंपेन नीरज चोपड़ा की दृढ़ता, संकल्प और जिद्द से प्रेरित है। 'ज़िद्दि फॉर मोर' कैंपेन ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की इस जिद्दी मानसिकता को गहराई से दर्शाता है कि वह अपने लक्ष्य को कभी नहीं छोड़ते और राष्ट्र को और भी बड़ा गौरव दिलाने का प्रयास करते हैं।अंडरडॉग एथलेटिक्स के प्रबंध निदेशक, अंडर आर्मर के लिए विशेष भारतीय वितरक और लाइसेंसधारी तुषार गोकुलदास ने कहा, हम नीरज के साथ अपनी लंबी साझेदारी पर गर्व महसूस करते हैं, जो भारत के महानतम एथलीटों में से एक हैं और आज की पीढ़ी के आइकन हैं, जो ब्रांड के मूल मूल्यों को दर्शाते हैं- दृढ़ता, संकल्प और जिद्द। इस अभियान के माध्यम से हम सभी एथलीटों को प्रेरित करने और अंडर आर्मर को भारत का सबसे पसंदीदा एथलेटिक



परफॉरमेंस ब्रांड बनाने का प्रयास करते हैं।

नीरज चोपड़ा ने कहा, यह बहुत अच्छा है कि अंडर आर्मर न केवल मेरे प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के दौरान मेरे प्रदर्शन को बेहतर बनाने वाले उच्च प्रदर्शन गियर के साथ मेरा समर्थन कर रहा है, बल्कि मेरे यात्रा को साझा करके अगली पीढ़ी के भारतीय एथलीटों को प्रेरित करने में भी मदद कर रहा है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य परिचालन अधिकारी, दिव्यांशु सिंह ने कहा, ÷हम नीरज, हमारे प्रमुख एथलीट और अंडर आर्मर के भारत में पहले ब्रांड एंबेसडर के साथ अंडर आर्मर के ज़िद्दि फॉर मोर अभियान को जीवंत होते देखकर उत्साहित हैं। नीरज ने अगली पीढ़ी के भारतीय एथलीटों को काफी प्रेरित किया है और भारत में एथलेटिक्स के विकास में योगदान दिया है। उनकी सफलता ने देश में ओलंपिक खेलों की विपणन क्षमता को बढ़ाया है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में, हम देखते हैं कि हमारी प्रतिभा सूची भारतीय खेल और प्रायोजकों को ऊंचाई पर ले जा रही है, और अंडर आर्मर जैसे अभियान इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# एक्सएटी ने अकादमिक वर्ष 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किए

**लखनऊ/कानपुर।** भारत की सबसे प्रख्यात राष्ट्रीय स्तर की एमबीए प्रवेश परीक्षाओं में से एक ज़ेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (एक्सएटी) ने एक्सएटी 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने की घोषणा की है। 15 जुलाई 2024 से छात्र इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए रजिस्टर कर सकते हैं और बिज़नेस की डायनामिक दुनिया में उत्कृष्टता की ओर कदम बढ़ा सकते हैं डॉ राहुल शुक्ला, कन्वेनर एडमिशन्स, एक्सएटी ने कहा, ''हम उम्मीदवारों को मैनेजमेन्ट में करियर बनाने के लिए ज़रूरी कौशल एवं ज्ञान प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना चाहते हैं। 250 से अधिक कॉलेज एकसएएमआई और एक्सएटी से जुड़े हैं और एक्सएटी का स्कोर स्वीकार करते हैं, ऐसे में यह परीक्षा छात्रों को मैनेजमेन्ट शिक्षा के लिए ढेरों अवसर प्रदान करती है।'एक्सएटी छात्रों को एप्टीट्यूट, लॉजिकल रीज़निंग, लैंगवेज दक्षता एवं निर्णय निर्धारण क्षमता के प्रदर्शन का मौका देती है। यह छात्रों के कौशल का मूल्यांकन कर मैनेजमेन्ट शिक्षा की संभावनाओं के लिए उनकी पहचान करती है। XAT 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन आधिकारिक वेबसाईट www.xatonline.in के ज़रिए ऑनलाईन भरे जा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन 15 जुलाई 2024 से शुरू होंगे, छात्रों को इसके लिए अकाउन्ट बनाना होगा, जिसके बाद ऐप्लीकेशन फॉर्म भर कर सभी ज़रूरी दस्तावेज जैसे फोटोग्राफ, सिग्नेचर आदि के साथ अपलोड करना होगा। एक्सएटी 2025 के लिए आवेदन शुल्क सभी उम्मीदवारों के लिए रु 2200 है। एक्सएलआरआई प्रोग्रामों का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवारों को रु 200 प्रत्येक के अनुसार अतिरिक्त शुल्क देना होगा। भुगतान क्रेडिट/ डेबिट कार्ड (रूपे/ वीज़ा/ मास्टर कार्ड/ मास्टरो), नेट बैंकिंग, आईएमपीएस या नकद के ज़रिए किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में अपडेट्स एवं विस्तृत निर्देश एक्सएटी की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध है।एक्सएटी 2025 का आयोजन देश के कई शहरों में किया जाएगा। इसके 100 से अधिक टेस्ट सेंटर मुंबई, बैंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, अहमदाबाद, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, थिरूवनंतपुरम आदि में हैं। परीक्षा की व्यापक पहुंच देश भर में मैनेजमेन्ट के महत्वाकांक्षी उम्मीदवारों को एक समान अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में 11 करोड़ की परियोजनाओं पर लगी मुहर

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** ब्लॉक सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख अर्चना सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में गांवों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष में कराए जाने वाले 11 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं पर मुहर लगी। बैठक में ब्लॉक टीए रामकृपाल ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि करते हुए नए कार्यों को पढ़कर बताया। अध्यक्षीय संबोधन में ब्लाक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह ने कहा कि क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। कहा कि सरकार की हर योजनाओं की जानकारी सबसे पहले क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों को होनी चाहिए। जिससे गांव के हर व्यक्ति को योजनाओं की जानकारी मिले और वह उसका लाभ पा सकें। आप लोगों के सहयोग से मोतीचक विकास का मॉडल बनने में कोई कोर कसर नही छोड़ेगा। खण्ड विकास अधिकारी



क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करती प्रमुख अर्चना सिंह

रामानंद वर्मा ने वित्तीय वर्ष के लिए राज्य वित्त, 15 वा वित्त व पंचम वित्त व मनरेगा के कुल 11 करोड़ की बजट पर स्वीकृति होने की जानकारी दिया। उन्होंने ने आवास, पेंशन, कृषि, स्वच्छता अभियान, मनरेगा आदि के बारे में विस्तार से बताया। बैठक को एडीओ प्रभारी राजकुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी मोतीचक डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया, प्रभारी खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक राजेश कुमार प्रजापति, एडीओ एजी प्रमोद कुमार सिंह, एडीओ आईएसबी विंद्रावती देवी, सीडीपीओ प्रभारी विभा शाही, एपीओ आलोक यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी विवेक कुमार आदि ने अपने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का उल्लेख किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रामनेति उर्फ छठ्ठू यादव, भाजपा नेता रामू राव, सचिव रिजवाना रूही, श्वेता यादव, शबाना खातून, समरजीत सिंह, प्रभात सिंह, शिवेंद्र गुप्ता, अमित यादव, अनवर अली, समियुल हक, धर्मेंद्र सिंह, कुंवर आकाश सिंह, लिपिक हरिओम शुक्ला, अलाउद्दीन, छोटेलाल कुशवाहा, अखिलेश सिंह, बृजेश गौंड, विनय कुमार, गंगा मद्धेशिया, गजाधर, इरेंज साहनी, प्रमोद कुमार सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**विकास का नया अध्याय लिख रहा मोतीचक : अर्चना**

**बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानों ने उठाया मुद्दा-** बैठक में ग्राम पंचायत नरायनपुर चरगहां के क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश कुमार मद्धेशिया ने सदन के समक्ष प्राथमिक विद्यालय में दूध और फल का वितरण कई महीनों से नही किया जा रहा है, इसके साथ ही नरायनपुर व राजपुर में सैकड़ों एकड़ फसल बाढ़ के पानी से डूब जाता है इसका निदान कराना अति अवशयक है, का मुद्दा उठाया। इसी प्रकार असना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पुष्टाहार नही वितरण किया जाता है। इस तरह के मामले को कई प्रधानों ने सदन में उठाया। इसके अलावा प्रधानों ने आवास, पेंशन, शौचालय आदि पर भी अपने विचार रखे। इन सभी बिंदुओं को प्रमुख अर्चना सिंह ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया।

# तहसील प्रशासन के बिना नोटिस व इत्तिला दिए आशियानों पर चला बुलडोजर

अवधनामा संवाददाता



**कप्तानगंज, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के गंभीरपुर गांव में प्रशासन की कार्यवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में है। बरसात के मौसम में बाढ़ और मूसलाधार बारिश में जहां सरकार लोगो के रहने की व्यवस्था करती हैं वही दूसरी तरफ कप्तानगंज तहसीलदार ने बुलडोजर लगा गरीबों के आशियाने को गिरवा दिया। जो कार्यवाही प्रशासन ने की उसमें बिना सूचना के लेखपाल, ग्राम प्रधान और तहसीलदार फोर्स के साथ पहुंचकर सड़क की जमीन से कब्जा हटाने के नाम पर गरीबों के आशियाना तो गिराने लगे लेकिन कुछ लोगो की बाउंड्री तक छूने की हिम्मत न कर सके। भेदभावपूर्ण कार्यवाही इलाके में चर्चा का विषय बना है। पीड़ितों ने सोमवार को एसडीएम से मिलकर सुनाई आपबीती। बुलडोजर की कार्यवाही फिर सवालों के घेरे में आ गई। तहसील प्रशासन का बुलडोजर गरीबों के छप्पर और उनके पशुओं के चारा खिलाने वाला नाद चकनाचूर कर दिया। लेकिन कुछ की बाउंड्री तक पर कार्यवाही करने में प्रशासन की हवा निकल गई। मामला जनपद के कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के गंभीरपुर गांव का हैं जहां वर्षो से आसियाना बना कर रह रहें लोगों का घर उजाड़ दिया गया। बिना नोटिस के शुरू बुलडोजर की कार्यवाही पर वे चिखते चिल्लाते रहें की कम-से-कम समान तो निकालने दिजिए। झोपड़ी खाली कर देंगे आप उजाड़ दिजियेगा लेकिन उनकी एक भी नहीं सुनी गई। कथित रूप से सड़क में बसे दर्जन भर लोगो में बुलडोजर चला जिसमे रामजी की पशुओं के खाने का छप्पर, मूर्ति सहानी के रहने का एकमात्र आशियाना, रामप्रताप यादव का कटरैन का घर, तेज नारायन के पशुओं को खिलाने वाला नाद समेत कई के अस्थाई घर पर कार्यवाही हुई। वही दूसरी तरफ सड़क तक सटे एक पाठक परिवार की बाउंड्री तक तोड़ने की हिम्मत नही हो सकी। पीड़ित परिवार का आरोप हैं की हम लोग अपने नम्बर की जमीन में रह रहें हैं। हल्का लेखपाल द्वारा न तो कोई नोटिस दिया गया और ना ही गिराने से पहले कोई जानकारी दी गई। हल्का लेखपाल द्वारा अधिकारियों को गुमराह कर हमारे कास्तकारी की जमीन को सड़क का नम्बर बता बुल्डोजर लगाकर गिरा दिया गया। जबकि गांव में सड़क की जमीन में पक्का मकान व दिवाल चला दर्जनों लोगों का कब्जा हैं। बरसात का समय हैं ऐसे में पीड़ित परिवार के पास कोई आशियाना न होने के चलते खुले आसमान तले रहने पर मजबूर हैं। वैसे यह बुलडोजर की कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

> इस सम्बंध में एसडीएम कप्तानगंज योगेश्वर सिंह ने बताया कि तहसील प्रशासन के द्वारा की गई कार्यवाही सही हैं। क्योंकि ये लोग अस्थाई निर्माण से अतिक्रमण किए थे सबको हटाया गया। वही कुछ पक्के निर्माण भी अतिक्रमण किए हैं जिनका मामला तहसीलदार कोर्ट में चल रहा है। जैसे फैसला आएगा उन्हें भी हटवाया जायेगा। जो लोग तहसील प्रशासन पर आरोप लगा रहे वह निराधार है।

**अतिक्रमण हटाने में भेदभाव बना चर्चा का विषय**

## गोमती नदी के बढ़ते जल स्तर को लेकर किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में गोमती नदी में जल स्तर बढ़ने की संभावनाओ के दृष्टिगत गोमती नदी के किनारे स्थित ग्रामों का आज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता के निर्देशन में उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी नायब तहसीलदार एवं तहसील स्टाफ तथा बाजार शुकुल के थाना प्रभारी के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया तथा गोमती नदी के जल स्तर बढ़ने पर की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही के बारे मे अपर जिलाधिकारी ने तहसील की तैयारियों का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी ने नदी के निचले भाग मे निवास करने वाले परिवारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए तथा तहसील प्रशासन को आवश्यकता पड़ने पर इन परिवारों को सुरक्षित स्थानों जो कि शरणालय स्थल के रूप में चिन्हित है पर पहुँचाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आम लोगों को आवश्यकता पड़ने पर उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना का फोन नंबर 9454416132 एवं तहसीलदार का नंबर 9454416179 पर सम्पर्क की सलाह दी है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार आज गोमती का जल स्तर 80.71 मीटर है जो कि खतरे के स्तर से लगभग 05 मीटर नीचे है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी द्वारा जल स्तर बढ़ने पर नदी में तैरने नौकायन एवं मछली पकड़ने के लिए गहरे पानी मे नहीं जाने की सलाह जनसामान्य को दी है।

## चरमराती बिजली व्यवस्था का जिम्मेदार कौन

**तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता।** एक कहावत सत्य है बारिश नहीं आई अपनी औकात भर, लाइट कट गई पूरी रात भर।तरकुलवा विद्युत सभ स्टेशन का मामला आज उपभोक्ता मामूली बारिश आती है तो समस्त उपभोक्ता अपने सीने पर हाथ रखकर कहते हैं कि काश पुराने जेई आप रहते। पुराने विद्युत खंड सब स्टेशन मास्टर संदीप कुमार के जाने के बाद जैसे ही कमान लवलेश सिंह ने संभाला की थोड़ी सी बारिश नहीं होती है कि बिजली रात भर कट जाती है।इसका एकमात्र रीजन है कि सरकारी लाइनमैन रात भर चैन से घर में सोते हैं। और संविदा पर काम कर रहे लाइनमैन पूरी रात पेट्रोलिंग करते हैं। जैसे यह लगता है कि सरकारी लाइनमैन अपनी बपौती बना करके स्टेशन पर राज कर रहे हैं।यह घटना रोज रात की है।थोड़ी सी बारिश रात में 8 बजे के पास आई और दिन में 2 बजे तक लाइट ठप रही। संविदा कर्मी लाइनमैन भी आदमी होते हैं उन्हें भी नींद आती है।शायद इस चीज का पता चलना चाहिए। काश अपनी चाबुक सरकारी लाइनें मैन पर चलाते जो एक बिजली पोल पर चढ़ने के लायक नही है। और अपने आप में सरकारी लाइनमैन बताते हैं।एक लाइन मैन द्वारका कुशवाहा तो डायरेक्ट कह दिया कि मैं छुट्टी पर हूं मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता लाइट रहे या ना रहे मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं। आखिर सूर्य प्रताप शाही कृषि मंत्री के परिक्षेत्र में कब तक सर्कुलर विद्युत सभी स्टेशन का मामला ऐसे चलता रहेगा आम जनमानस की सवाल को पूछता है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के दशहरी गांव में दस जुलाई को अपनी बाग गाए संगीत शर्मा उम्र 34 साल की पेड़ों के ऊपर लटक रहे जर्जर तार में करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को संगीत शर्मा अपनी आम की बाग गए थे बरसात की वजह से पेड़ों में करंट उतरा आया उसी समय आम की बाग पहुंच गया जिस समय करंट उतरा था उसकी चपेट में आ गया जानकारी मिलने पर आनन फानन परिजन ट्रामा सेंटर लेकर गए जहां पांचवे दिन इलाज के दौरान मौत हो गई परिजनों ने बिजली विभाग कर्मचारी की लापरवाही से जान जाने की बात कही है। अगर समय रहते जर्जर तार बदल जाते तो न जाती मेरे भाई की जान मृतक अपने पीछे पत्नी बेटा निशान शर्मा उम्र 09 वर्ष छोड़ गए।

# स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने खिलाएंगे फाइलेरिया रोधी दवा: सीएमओ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** फाइलेरिया जिसे हाथीपांव के नाम से भी जानते हैं एक लाइलाज बीमारी है। इसके संक्रमण से लिम्फोडिमा (हाथ, पैर, स्तन में सूजन) और हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) हो जाता है। प्रबंधन के जरिये लिम्फोडिमा को नियंत्रित किया जा सकता है लेकिन पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता है।

**फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 अगस्त से चलेगा एमडीए अभियान**

इस बीमारी से बचाव के लिए पांच साल तक लगातार साल में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन आवश्यक है। बीमारी से बचाव के लिए दवा के सेवन और इसका संक्रमण फैलाने वाले मच्छरों से बचाव आवश्यक है। यह बातें सीएमओ डॉ राजेश झा ने 10 अगस्त से 2 सितम्बर तक प्रस्तावित फाइलेरिया के सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान के ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों के जिला स्तरीय प्रशिक्षण को धनवंतरि सभागार में सोमवार को सम्बोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों के साथ साथ शहरी क्षेत्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को एमडीए अभियान के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। एसीएमओ वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि अभियान से जुड़े प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। फाइलेरिया विश्व में दिव्यांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। एमडीए अभियान को मजबूती प्रदान कर सुनिश्चित किया जाए कि जिले में एक भी नया संक्रमण न फैलने पाए। दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को (गर्भवती और अति गंभीर बीमार लोगों को छोड़ कर) फाइलेरिया से बचाव की दोनों दवाएं खिलानी हैं। डब्लूयूएचओ के जोनल कोआर्डीनेटर डॉ नित्यानंद ठाकुर ने कहा कि एक से दो वर्ष के बीच के बच्चों को सिर्फ पेट के कीड़े मारने की दवा दी जाएगी। अभियान 10 से 2 सितम्बर तक सोमवार, मंगलवार, गुरूवार और शुक्रवार को चलेगा। किसी को भी खाली पेट दवा नहीं खिलाई जाएगी। इसी वजह से अभियान का समय सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक रखा गया है। जिला मलेरिया मलेरिया अधिकारी चंद्रप्रकाश मिश्रा ने कहा कि अभियान के लिए बनाई गई प्रत्येक टीम प्रतिदिन 25 घरों का विजिट कर कम से कम 125 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएगी।

# पशुओं में मूंहपका व खुरपका रोग की रोकथाम हेतु डीएम ने दिखाई हरी झंडी

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पशुपालन विभाग की ओर से दुधारू पशुओं के लिए एक के बाद एक लगातार टीकाकरण अभियान चलाए जा रहे है। इसी कम में सोमवार से खुरपका, मुंहपका रोगों के बचाव के लिए टीकाकरण शुरू हो गया है। इसके लिए जनपद के विकास खण्ड स्तर पर टीकाकरण टीम का गठन कर लिया गया है, जो घर-घर पहुंचकर पशुपालकों की मौजूदगी में उनके मवेशियों को निःशुल्क टीकाकरण करेगी। यह अभियान 45 दिन तक अनवरत रूप से चलेगा।

जनपद में 20वीं पशुगणना के अनुसार 165224 गोवंश एवं 170194 महिष वंशीय कुल 335418 पशु है। जिनका टीकाकरण किया जाना है। जिसके लिए विभाग से 301900 डोज वैक्सिन प्राप्त हुआ है। डॉ रवीन्द्र प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कुशीनगर ने बताया कि टीकाकरण के लिए उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/पशुधन प्रसार अधिकारी एवं क्रियाशील पशु मित्रों को टीम के रूप में लगाया गया है। जिसके द्वारा टीकाकरण के बाद पोर्टल पर अपलोड करना होगा, जिन पशुपालकों ने पशुओं का पंजीकरण नहीं कराया है उनके पशुओं को कान में छल्ला लगाकर विभाग द्वारा पंजीकरण कराया जायेगा। पशुपालक के मोबाईल नम्बर से ओटीपी पश्चात् ही पंजीयन पूर्ण माना जायेगा। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने सभी पशु पालकों से हर हाल में अपने पशुओं के कान में छल्ला एवं टीकाकरण कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड कप्तानगंज-के ग्राम खैरटवां एवं विकास खण्ड तमकुहीराज के ग्राम डीबनी बंजरवा में गाय भैस के सैंपल भी लिए जायेंगे। पशुओं को लगाए जाने वाले वाली वैक्सीन की गुणवत्ता जांचने हेतु उपरोक्त ग्रामीण क्षेत्रों के 13,13 सीरम सैंपल (खून के नमूने) टीकाकरण से पहले तथा एक माह बाद (टीकाकरण) के बाद उन्ही पशुओं से सीरम सैंपल (खून के नमूने) लिए जायेंगे। जिनको जांच के लिए अनुसंधान केन्द्र वेटेरिनरी कालेज मथुरा की लैब में भेजा जायेगा जिससे वैक्सीन की गुणवत्ता का पता चल सके।

## शिक्षकों ने महानिदेशक स्कूली शिक्षा को भेजा मांग पत्र

**अमेठी।** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में मुखर प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित बीएसए कार्यालय पर पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद की और कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति से पूर्व हमारी मांगे पूरी की जाए। इससे संबंधित एक मांग पत्र महानिदेशक स्कूली शिक्षा को संबोधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। संगठन के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र की अगुवाई में एकत्रित शिक्षकों ने मांग पत्र में 15 सीएल 15 हाफ सी यल राज्य कर्मचारी का दर्जा कैशलेस चिकित्सा द्वितीय शनिवार को अवकाश पुरानी पेंशन आदि मांगे रखी है।साथ ही चेतावनी दी है कि 22 जुलाई तक यदि उनकी मांगों का निस्तारण नहीं किया जाता तो 23 जुलाई को वह बीएसए कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर अरुण कुमार सिंह शशांक शुक्ल वीरेंद्र कुमार यादव नागेंद्र बहादुर सिंह अशोक कुमार सिंह अखिलेश कुमार सिंह अविनाश शुक्ल राम ललन द्विवेदी रामदेव पांडे संजय पांडे गंगाधर शुक्ल कामता प्रसाद अनिल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन में कक्षा संचालन का कार्य प्रारंभ

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** ताला स्थित केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन में सोमवार से कक्षा संचालन का कार्य प्रारंभ किया गया।जिलाधिकारी निशा अनंत केंद्रीय विद्यालय पहुंचकर प्रधानाचार्य शिक्षकगणों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनका उत्साहवर्धन किया एवं उपस्थित शिक्षकों को बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इससे पहले केंद्रीय विद्यालय का संचालन पिंडोरिया स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के परिसर में किया जा रहा था तब से लेकर अब तक विद्यालय का संचालन वही हो रहा था आज प्रथम दिवस केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन में कक्षा संचालन का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नए भवन में पहुंचकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय में दीप प्रज्वलित किया एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प



अर्पित कर पूजा अर्चना की। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए हैं इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण भी किया तदोपरांत राष्ट्रगान का गायन किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया विद्यालय में आज ही बच्चों द्वारा करीब 200 पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य केडी मिश्र ने बताया कि विद्यालय में 406 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

## टैंकर और कार की टक्कर में एसआई की मौत

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र जायस अंतर्गत मुरगहिया गांधीनगर के पास सोमवार को एलपीजी गैस भरे टैंकर और कार की टक्कर में एक उपनिरीक्षक की मौत हो गई जबकि एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना में टैंकर सड़क पर पलट गया और गंभीर खतरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एक किलोमीटर के इलाके को खाली करा लिया है। टैंकर से एलपीजी गैस का रिसाव हो रहा है और विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है। बताया गया है कि मध्य प्रदेश के बीना से भारत गैस का एक टैंकर लखनऊ की ओर जा रहा था। वह जायस थाना क्षेत्र के मुरगहिया के पास कार से टकरा गया जिससे कार में सवार विद्युत थाना गौरीगंज में तैनात उप निरीक्षक बृज भूषण उम्र 58 वर्ष की मौके पर मौत हो गयी जबकि एक हेड कांस्टेबल इसमें गंभीर रूप से घायल है। उसे इलाज के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। टक्कर के बाद भारत गैस का एलपीजी टैंकर सड़क पर पलट गया।पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से एक किलोमीटर के इलाके को खाली करा लियाहै।

# जगदीशपुर में बजबजाती नालियां दे रही जानलेवा बीमारियों को दावत

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत स्थित जगदीशपुर गांव सफाईकर्मी के नदारद रहने से गांव में बजबजाती नालियां से संक्रमण बिमारी फैलने की अशंका है। बता दें एक तरफ जहां मौजूद सरकार स्वच्छ भारत मिशन चलाकर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें रहीं। वही जिम्मेदारों द्वारा सरकार के मनसूबे पर पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है। जिसका जीता जागता प्रमाण जगदीशपुर गांव में बजबजाती नालियां दे रही है। गांव में साफ सफाई को लेकर जिम्मेदार को गंभीर न होने से कई मुहल्ले में जल जमाव की स्थिति बनी हुई है।जिससे कई मोहल्लों में नाली के गन्दा पानी व कचरा नाली से बहकर रोड पर आ गया है। जिससे संक्रमित बिमारी फैलने की आशंका है। सनद रहे कि जगदीशपुर गांव में कई जगहों पर नालियों की सफाई व नाली के गन्दा पानी का सुचारू रूप से निकासी नहीं होने के कारण नाली का गंदे पानी नाली से बाहर बह रहा है। तथा नालियों के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने और साफ सफाई न होने के कारण लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।गांव के लोगों ने बताया कि यहां सफाई कर्मचारी के नदारद रहने के कारण नाली की साफ सफाई नहीं हो पा रही है। वहीं कई जगह नालियों से बदबू भी आ रही है। जो लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है।

**त्यौहारों के मद्देनजर गांव में नही हुई सफाई, जिम्मेदार बने अनजान**

# मौत के साए में चल रहा राजकीय पशु चिकित्सालय मथौली

## आवास भी हो गए जर्जर, छत से टपक रहा पानी, दीवारों में पड़ी दरार

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** एक तरफ जहां सरकार पशुपालन विभाग को बढ़ावा देने के साथ पशुपालकों के लिए अनेक प्रकार की योजनाओं से लैश करने की ढिंढोरा पीट रही है, वही जिले में तमाम ऐसे पशु चिकित्सालय है जिसकी हालत जर्जर व खस्ता हाल हो गई है। जिसका जीता जागता नमूना राजकीय पशु चिकित्सालय मोतीचक मथौली का है, जिसकी हालत बद से बदतर है। चिकित्सकों के रहने के लिए आवास भी जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो गया है। यहां ड्यूटी कर रहे चिकित्सकों व क्षेत्र से पहुंच रहे पशुपालक पर एक-एक पल मौत का साया मंडरा रहा है लेकिन विभाग के जिम्मेदारों का कुछ लेना-देना नही है, शायद मौत के इंतजार में है।

**हल्की सी बारिश में अस्पताल परिसर में लग जाता है जलजमाव**


जर्जर पशु चिकित्सालय मोतीचक मथौली


जर्जर व खंडहर में तब्दील आवास व शौचालय


छत से टपकता बरसात का पानी

**बरसात के दौरान कभी भी ढह सकता है अस्पताल**

अस्पताल परिसर में ही चिकित्सक के रहने की व्यवस्था है। क्योंकि भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है। हमेशा डर बना रहता है। सबसे ज्यादा डर तो बरसात के मौसम में बना रहता है। इसके अलावा अस्पताल में शुद्ध पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण कर्मी बगल के घरों से पानी लाकर प्यास बुझाते हैं और नित्य क्रिया करते हैं।

**निदेशालय को मरम्मत के लिए भेजा गया है प्रस्ताव**

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी रविंद्र प्रसाद ने कहा कि राजकीय पशु चिकित्सालय मोतीचक जो मथौली बाजार में स्थापित है जर्जर होने का मामला मेरे संज्ञान में है। इसके मरम्मत के लिए इस्टीमेट तैयार कर निदेशालय को भेज दिया गया है। जैसे ही धन स्वीकृति होती है कार्य शुरू करा दिया जायेगा।

बता दें कि एक दशक पूर्व पशुपालन विभाग द्वारा विकास खंड मोतीचक के मथौली बाजार (अब नगर पंचायत) में राजकीय पशु अस्पताल का निर्माण कराया गया था। ताज्जुब इस बात की है निर्माण के बाद अब तक अस्पताल की रंगाई पुताई भी नहीं हो सकी है। कई महत्वपूर्ण अवसरों पर सरकारी भवनों का रंग रोगन भी नही हुआ, लेकिन इस अस्पताल का कोई सुधि लेने वाला नहीं है। इस पशु अस्पताल में प्रतिदिन काफी संख्या में क्षेत्र के पशुपालक अपने मवेशियों को इलाज कराने आते हैं। अस्पताल का चार कमरा व बरामदा सहित भवन एवं आवास पुराना होने के कारण दीवारों में दरारें पड़ गई हैं। छत की सरिया दरक गई है और बरसात का पानी रिसाव होकर टपक रहा है। जंगला फाटक टूटी हुई हैं तथा नीचे की फर्श टूट कर गड्ढों में तब्दील हो गया है। जीर्णशीर्ण भवन में पशु चिकित्सक व कर्मी कामकाज निपटाते हैं। पशु अस्पताल का भवन शत प्रतिशत से भी अधिक जर्जरता में तब्दील हो चुका है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग का इसके पुर्ननिर्माण की ओर कोई ध्यान नहीं है। इसे जल्द नए सिरे से निर्माण नही कराया गया तो उक्त जर्जर भवन कभी भी गिर सकता है और जान-माल दोनों की हानी हो सकती है।

## पौधों की बारात को डीएम ने दिखाई हरी झंडी




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के अंतर्गत सोमवार को रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज में छात्राओं द्वारा निकाली गई पौधों की बारात को जिलाधिकारी निशा अनंत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पौधों की बारात निकालकर छात्राओं द्वारा जन सामान्य को इस वर्षा काल में अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनका संरक्षण करने एवं पर्यावरण को बचाने की अपील की गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्राओं को पौधों का वितरण किया तथा उनसे अपील की कि इस वर्षा काल में एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं तथा अपने अभिभावकों व अपने आसपास के लोगों को भी एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए जागरूक करें पेड़ लगाने के साथ ही उसकी देखभाल भी करें। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र शिक्षाविद् जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी सहित अन्य अधिकारी गणमान्य नागरिक एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों का डाटा तथा नम्बर ऑफ एडमिशन कम होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी को किया निर्देशित

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता वाले एजेंडा बिन्दुओं पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी आगरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ-साथ जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों व जिला समन्वयकों के साथ बैठक कर समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र एक सप्ताह में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने दिव्यांग छात्र-छात्राओं के नामांकन इत्यादि के सम्बन्ध में जिला समन्वयक, समेकित शिक्षा द्वारा समुचित जानकारी न दिये जाने पर उनको नोटिस दिये जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी शिकोहाबाद के द्वारा ग्रामीण और अर्बन की खराब स्थिति और दिव्यांग बच्चों का डाटा तथा नंबर ऑफ एडमिशन कम होने पर खंड शिक्षा अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि गतवर्ष में नामांकित दिव्यांग बच्चों का शतप्रतिशत अग्रिम कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित करायें, कोई भी बच्चा ड्राप आउट न हो। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि 24 मई 2024 तक 7165 नवीन छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ था, जो कि वर्तमान में 14380 हो गया है। इस प्रकार जनपद में कुल 125314 छात्र-छात्राओं का नामांकन हो गया है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने इस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस सत्र में 200000 (02 लाख) छात्र-छात्राओं का नामांकन किये जाने हेतु लक्ष्य देते हुए समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को विशेष प्रयास करते हुए लक्ष्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। उन्होंने हाउसहोल्ड सर्वे एक सप्ताह में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत डायट व ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी आदि अधिकारियों को बुलाये जाने एवं प्रशिक्षण सत्र के अन्त में शिक्षकों से फीडबैक प्राप्त कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निपुण लक्ष्य एप पर समस्त शिक्षकों द्वारा डाउनलोड व लॉगिन करने एवं शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं का आकलन किये जाने के निर्देश दिये गये तथा जिला समन्वयक प्रशिक्षण को निर्देशित किया गया कि जिन शिक्षकों द्वारा निपुण लक्ष्य एप लॉगिन नहीं किया जा रहा है अथवा आकलन नहीं कर रहें हैं, उनको चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निपुण भारत मिशन कार्यक्रम में अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत करने व खराब प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने निदेश दिए कि जनपद व ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा प्रतिमाह 15 तारीख तक अनिवार्य रूप से निरीक्षण का लक्ष्य पूर्ण किया जाये तथा 20-25 तारीख के मध्य उनके स्तर से पत्र जारी कर निरीक्षण कराये जाने के निर्देश प्रदान किये।

# वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने विशेष संचारी रोग, दस्तक अभियान के अन्तर्गत विकास भवन के डा. अम्बेडकर सभागार में आयोजित द्वितीय समीक्षा बैठक से अनुपस्थित सहायक विकास अधिकारी पंचायत करहल का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सरकारी तंत्र आमजन को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव की दिशा में कार्य करें, आपस में समन्वय स्थापित कर प्रत्येक गतिविधियों का रोस्टर बनाकर शहरी क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र तक नियमित रूप से सफाई, फॉगिंग, झाड़ियों का कटान का कार्य कराया जाए, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सफाई व्यवस्था के साथ-साथ एंटी लार्वा का छिड़काव, जल-भराव वाले स्थानों से जल निकासी के प्रभावी प्रबंध करायें, सफाई कर्मी प्रतिदिन अपने निर्धारित क्षेत्र में जाकर सफाई का कार्य कर नालियों में नियमित रूप से दवा का छिडकाव करें, जहां भी जल-भराव की स्थिति हो तत्काल जल निकासी कराकर वहां दबा का छिड़काव हो, पशु-पलकों को पशुओं के वार्डों की नियमित रूप से सफाई करने के लिए प्रेरित किया जाए।

# जियारत के लिए आज रखे जाएंगे अलम-ताजिये

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिला मौहर्रम कमेटी नई बस्ती अध्यक्ष दक्षिण क्षेत्र इकबाल हुसैन वारसी की सूचनानुसार मौहर्रम के कार्यक्रमों को शान्तिपूर्वक कराने हेतु सफाई व्यवस्था व पुलिस व्यवस्था तथा जुलूस मार्ग में सभी प्रकार के अतिक्रमण व अवरोधक तथा टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत तथा बिजली के जर्जर तारों व लटके हुए तारों को बंधवाने व सही कराने कराएं तथा जुलूस के समय आवारा पशुओं को बाड़ों में बन्द करा ने की अपील की गयी। तथा कहा कि मौहर्रम की 9 तारीख को जियारत के लिए अलम, ताजिये रखे जाएंगे एवं 10 तारीख को जुलूस निकालकर उन्हें करबला में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। आज 16 जुलाई को मौहर्रम की 9 तारीख है जहां रात को जियारत के लिए ताजिये व अलम रखे जाते हैं। उसमें पुलिस व लाइट की व्यवस्था संत टाकीज से नई बस्ती तक, राजाराम की पुलिया से नई बस्ती नानक वाली गली व बन्ने वाली गली, याकूब खां, गली भूतो वाली में पुलिस व्यवस्था व लाइट व्यवस्था करायी जाए। आगामी 17 जुलाई 2024 को मौहर्रम की 10 तारीख को दोपहर नगर के तमाम इलाकों से अलम व ताजिये सर्कूलर रोड, दुली चौराहा, डाकखाना चौराहा, गंज चौराहा, सेण्ट्रल चौराहा, धोबी वाली पुलिया, राजाराम चौराहा, मुश्ताक बिल्डिंग व संत टाकीज रोड पर मजार के पास टेलीफोन एक्सचेंज वाली गली के पास, नई बस्ती चौराहे पर पुलिस व पीएसी व टैऊफिक पुलिस की व्यवस्था अलम व ताजियों को निकालने के लिए जो नई बस्ती इकट्ठे होकर जुलूस के रूप में कर्बला में जाते हैं। इस दिन बहुत भीड़ होती है। सैंकड़ों औरतें व बच्चे भी शहर व देहातों से आते हैं।

# पूरे जनपद में किया जाये पौधरोपणः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान कहा की जनपद की प्रत्येक सरकारी, गैर सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, महा विद्यालयों, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, प्राथमिक विद्यालयों, थानों, संचालित गौशालाओं, जनपद में बहने वाली नदियों, नहरों के किनारे, अमृत सरोवर, ग्राम पंचायत सचिवालयों में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाए, प्रत्येक सरकारी कार्यालय, समस्त विद्यालयों, थानों में कम से कम 01-01 पीपल, बरगद, पाकड़ का पौधा अवश्य लगाया जाए, सभी अधिकारी, कर्मचारी एक पौधा अपनी मां के नाम रोपित कर उसकी देखभाल करें। उन्होने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी को आदेशित करते हुये कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम 02-02 बाल वन, युवा वन तथा शक्ति वन की स्थापना अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी पवित्र धारा वृक्षारोपण की स्थापना अरिन्द नदी के किनारे तथा वेटलैण्ड संरक्षण वन की स्थापना मारकण्डेय विधूना, सौज एव अहिरवा वेटलैण्ड में करायें।

श्री सिंह ने उप कृषि निदेशक को आदेशित करते हुये कहा कि पंजीकृत किसानों से कम से कम 10-10 पौधे रोपित कराकर रोपित पौधों को संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया जाये। उन्होने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कि वृक्षारोपण अभियान निर्वाचन पैटर्न पर कराया जाना है इसलिए जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती सम्बन्धी कार्यवाही उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार करायी जाये, साथ ही ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण की निगरानी हेतु अधिकारियों को नामित किया जाये, मा. मंत्री, जनपद के प्रभारी मंत्री द्वारा किये जाने वाले वृक्षारोपण हेतु उचित क्षेत्र स्थल का चयन पूर्व से ही कर लिया जाये, रोपित पौध रोपण स्थल की सुरक्षा एवं जियो टैगिंग तत्काल कराकर पौध रोपण स्थल की समीक्षा डिजिटल के माध्यम से कराने में सहयोग प्रदान किया जाये। दि. 20 जुलाई को एक ही दिन में जनपद में 37.18 लाख पौध रोपण के सफलतापूर्ण क्रियान्वयन हेतु सभी कार्यालय सभी विद्यालय तथा अन्य संस्थायें केवल वृक्षारोपण के कार्य में ही सहयोग दें।

जिलाधिकारी ने प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी से कहा कि वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं, वन विभाग के कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना कर उसमें लिखित रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए, कट्रोल रूम से प्रत्येक घंटे रोपित किए जाने वाले पौधों की जानकारी ली जाए।

# 188 व्यक्तियों के खातों में हस्तान्तरित किये गये रू. 114.705 लाख

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** अति वर्षा व जल भराव के दृष्टिगत जनपद में विशेषकर नदियों के निकट स्थित ग्रामों में उत्पन्न हुई बाढ़ जैसी परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपद में हुई जनहानि, पशुहानि, कटान इत्यादि आपदाओं से प्रभावित व्यक्तियों को राहत पहुंचाए जाने के उद्देश्य से 188 व्यक्तियों के खातों में रू. 114.705 लाख की धनराशि का हस्तान्तरण किया गया है। तहसील नानपारा अन्तर्गत अहैतुक सहायता/ गृह अनुदान के रूप में 03 प्व्यक्तियों के खातों में रू. 4.195 लाख, तहसील महसी अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता एवं पशु क्षति के रूप में रू. 12.375 लाख तथा तहसील सदर अन्तर्गत 02 के खातों में अहैतुक सहायता व गृह अनुदान के रूप में रू. 4.08 लाख की कुल 09 व्यक्तियो के खातों में कुल रू. 20.76 लाख की धनराशि 11 जुलाई 2024 को हस्तान्तरित की गई है। इसी प्रकार तहसील कैसरगंज अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 12.00 लाख, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 4.08 लाख, तहसील पयागपुर अन्तर्गत 06 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 12.00 लाख, तहसील महसी अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 12.04 लाख, तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 12.00 लाख, तहसील नानापारा अन्तर्गत 03 व्यक्तियों को अहैतुक /गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 0.195 लाख कुल 22 व्यक्तियो के खातों में कुल रू. 52.315 लाख की धनराशि 12 जुलाई 2024 को हस्तान्तरित की गई है। इसके अलावा तहसील नानपारा अन्तर्गत अहैतुक सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में अग्निकाण्ड से प्रभावित 19 व्यक्तियों के खातों में रू. 1.35 लाख एवं तहसील महसी अन्तर्गत 69 व्यक्तियों के खातों में रू. 3.99 लाख, तहसील मिहींपुरवा अन्तर्गत 15 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.94 लाख, तहसील सदर अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.20 लाख, तहसील कैसरगंज अन्तर्गत 11 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.76 लाख, तहसील पयागपुर अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.15 लाख तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत नदी की कटान से हुई झोपड़ी, कच्चे व पक्के मकानों की क्षति के फलस्वरूप 36 व्यक्तियों के खातों में गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 34.24 लाख कुल 157 व्यक्तियों के खातों में रू. 41.63 लाख की धनराशि 13 जुलाई 2024 को हस्तान्तरित की गई है।

## शान्तिपूर्वक निकाला जुलूस

**फिरोजाबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मौहर्रम की 1 तारीख व अंग्रेजी माह की तारीख 8 जुलाई से प्रारम्भ हो गयी। 1 तारीख से ही लोगों ने अपने-अपने घरों व इमामबाड़ों में मजलिसों का आयोजन करके तबररूख बांटने का सिलसिला जारी कर दिया। उक्त जानकारी जिला मौहर्रम कमेटी दक्षिण क्षेत्र नई बस्ती के अध्यक्ष इकबाल हुसैन वारसी ने दी। उन्होंने बताया कि मौहर्रम की 7 तारीख को अलम का एक जुलूस नई बस्ती, याकूब खां गली स्व0 मुन्ने खां के मकान से सायं 4 बजे प्रारम्भ किया गया जो कि नई बस्ती चौराहा याकूब खां मार्ग नानक वाली गली बन्ने वाली गली से मामा तम्बाकू वालों से जगदम्बा होता हुआ पुनः नई बस्ती चौराहा से रात्रि 8 बजे मुन्ने खां के मकान पर आकर समाप्त हुआ। वहीं मौहर्रम की 8 तारीख को यानि कि 15 जुलाई को अलम का जुलूस मुन्ने खां के मकान से शुरू होकर नई बस्ती चौराहा नानक वाली गली बन्ने वाली गली से मामा तम्बाकू वालों से जगदम्बा होता हुआ पुनः नई बस्ती चौराहा से रात्रि 8 बजे मुन्ने खां के मकान पर आकर समाप्त हो गया।

# पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** स्वदेशी समाज सेवा समिति के सौजन्य से स्थापित पर्यावरणीय एवम आध्यात्मिक वन माँ रुद्राणी धाम रुरिया में लॉर्ड कृष्णा हॉस्पीटल शिकोहाबाद के निदेशक सुशील यादव के 37वें जन्मदिन पर 37 पौधे अमलतास, गुलमोहर, कटहल, अमरूद, जामुन, कैथा के पौधे रौपित किये गए। समिति के संस्थापक सचिव एवम जिला पर्यावरण समिति के सदस्य विवेक यादव 'रुद्राक्ष मेन' ने कहा पौधारोपण करने से संस्कृति बचेगी, प्रकृति भी बचेगी और आने वाली संतति भी बचेगी। विशाल गुप्ता ने कहा वर्तमान समय मे स्वस्थ्य रहने के लिए सबसे बड़ी जरूरत हैं स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त वातावरण। सुशील यादव ने कहा हम सभी को मिलकर अधिक से अधिक बृक्षारोपण करना होगा द्य इस अवसर पर सुशील राव, नितिन यादव, निर्देश यादव, नितिन प्रताप सिंह, अनुजप्रताप सिंह, गगन कठेरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित प्रतिक्षालय में डीएम ने की जनसुनवाई



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** विनियमित क्षेत्र विकास निधि व क्रिटिकल गैप योजना अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित प्रतिक्षालय हाल में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनसुनवाई की। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा अपने में चैम्बर में जनसमस्याओं की सुनवाई की जाती थी। कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित प्रतिक्षालय में फरियादियों के बैठने के लिए माकूल बन्दोबस्त किये गये हैं। डीएम के जनता दर्शन में विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत ग्राम टिकोरा हेमरिया से आये श्रवण कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. हरिशंकर श्रीवास्तव ने इस आशय का प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया कि प्रार्थी न्यूरो रोग से ग्रसित है और उसकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। प्रार्थी का थम्ब इन्प्रेशन रीड न हो पाने के कारण उसका आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पा रहा है।

**श्रवण कुमार को सपत्नी मिला आयुष्मान कार्ड**

फरियादी की समस्या की सुनवाई करते हुए डीएम ने डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह को मोबाइल पर निर्देश दिया कि श्रवण कुमार को तत्काल आयुष्मान कार्ड निर्गत कर दिया जाय। डीएम के निर्देश पर फरियादी श्रवण कुमार व उनकी पत्नी को आयुष्मान कार्ड निर्गत कर दिया गया।

## 'ओ' लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भादद्वाज ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को निःशुल्क 'ओ' लेवल/ ट्रिपल सी (सी.सी.सी) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 05 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए उन्होनें बताया कि ऐसे छात्र जिनके अभिभावक की वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, आवेदक की न्यूनतम योग्यता इण्टरमीडिएट से कम न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे।

उन्होनें बताया कि आनलाइन आवेदन के पश्चात अभ्यर्थियों को पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 05 अगस्त 2024 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध करा दें।

# हवन पूजन के साथ भाजपा नेता ने गनपत सहाय पीजी कालेज में किया सत्र का आगाज

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर।** शहर के प्रतिष्ठित गनपत सहाय महाविद्यालय में नए सत्र की शुरुआत वरिष्ठ भाजपा नेता व कालेज के प्रबंधक ओमप्रकाश पांडेय बजरंगी ने सपरिवार पारंपरिक अंदाज में हवन में आहुति देने के साथ की। इस मौके पर विद्यार्थियों को शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत और खुद पर विश्वास के साथ गुरुजन का सम्मान का संदेश भी इस बार दिया गया है।

गनपत सहाय महाविद्यालय व इसकी सभी शाखाओं का संयुक्त हवन हुआ, जिसमें महाविद्यालय के प्रबंधक ओमप्रकाश पांडेय बजरंगी,प्राचार्य अंग्रेज सिंह राणा व स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने आहुति डाली। उन्होंने इस मौके पर कहा कि स्कूली पड़ाव विद्यार्थी के जीवन में बहुत अहम स्थान रखता है। इसलिए स्कूली शिक्षा में अपने आप को इतना प्रखर कर ले कि भविष्य में आपको कठिनाई का सामना न करना पड़ा, स्कूल में अपने शिक्षकों का आदर करे। पढ़ाई का सबसे पहला मंत्र अनुशासन है।

भाजपा नेता आशीष पांडेय सनी ने कहा कि जिस तरह हर नया काम प्रारंभ करने से पहले लगभग हम सभी मन ही मन उस कार्य की सिद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। उसके बाद ही कार्य प्रारंभ करते हैं। कदाचित यह मनोवृति बचपन में विद्यालय जाने पर प्रार्थना सभा के साथ पठन-पाठन आरंभ करने की आदत के चलते आरंभ हुई मानी जा सकती है। श्री पांडेय ने कहा कि विद्यालयी शिक्षा से अछूते रहे व्यक्तियों के संबंध में भी यह तथ्य विभिन्न शोधों से प्रमाणित हुआ है कि प्रत्येक व्यक्ति कोई नया कार्य आरंभ करने से पूर्व अपने इष्टदेव का स्मरण अवश्य करता है। ठीक उसी तरह जैसे प्रत्येक विद्यालय में शिक्षण कार्य दैनिक चेतना-सत्र के आयोजन से ही प्रारंभ होता है। चेतना सत्र किसी भी विद्यालय का एक ऐसा दर्पण है जो उस विद्यालय के भौतिक, शैक्षिक, सामाजिक, मानसिक, सांस्कृतिक और आध्यत्मिक वातावरण का साफ एवं स्पष्ट चित्र दिखलाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## ब्लाक प्रमुख ने जल जीवन मिशन की गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सुल्तानपुर।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन द्वारा विकास खण्ड सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में जल जनित मुद्दों दूषित पानी पीने से होने वाली बीमारियां और उनसे बचने के उपाय के बारे में बताया गया।जल जीवन मिशन की रूपरेखा को आगे और मजबूत करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। जिससे सरकार का लक्ष्य समय से पूरा किया जा सके।कार्यशाला में बीडीओ राधेश्याम वर्मा,एडीओ पंचायत दयावंत सिंह,सचिव अरविंद कुमार सिंह,बाल विकास अधिकारी राजवती सिंह समस्त आंगनबाड़ी सहायिका आदि उपस्थित रही। ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह,खण्ड विकास अधिकारी राधेश्याम वर्मा और एडीओ पंचायत दयावंत सिंह द्वारा जल जीवन मिशन की टीम की गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर गांव में रवाना किया गया।

## नहर व रजबहा में पानी न आने से किसान परेशान



**सुल्तानपुर।** जिले के विकासखंड कुड़वार के अंतर्गत जाने वाली माइनरो मे पानी न आने से किसानों को धान की फसल की खेती करने में बड़ी समस्या हो रही है।ज्ञातव्य है कि शारदा सहायक खंड 49 जौनपुर ब्रांच मुसाफिरखाना से औरंगाबाद माइनर से निकलकर रसूलाबाद माइनर से छोटी माइनर कोटिया, पूरे नरोत्तमपुर बढ़ई का पुरवा, मिठाई पांडे का पुरवा , पूरे शुक्ला का पुरवा पूरे बेनीदत्त,पिपरी,रसूलाबाद को जाने वाली लगभग 10 किलोमीटर तक जाती है। माइनर में पानी न होने से लगभग 200 किसानों को धान की खेती करने के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी न आने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसान धीरेंद्र कुमार शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, अरविंद मिश्रा मुख्तार अहमद, सफीक अहमद दिग्विजय यादव, रियाज अहमद रामकुमार तिवारी आदि किसानों ने माइनर समिति अध्यक्ष सुहेल खान पर आरोप लगाया कि माइनर की सफाई न करने से टेल तक पानी नहीं पहुंचता है।क्षेत्र के किसानों ने उत्तर प्रदेश सरकार तथा सिंचाई मंत्री से मांग की की अविलंब माइनर में पानी भेजा जाए, जिससे किसानों को धान की रोपाई करने में मदद मिल सके।

## महिला से सोने की चेन छीन कर उचक्के गायब



**सुल्तानपुर।** थाना कोतवाली देहात अंतर्गत हीरो होंडा मोटरसाइकिल पर बैठकर आए उचक्कों ने महिला की चेन छीन ली और रफूचक्कर हो गये। मामला कोतवाली देहात थाने से चंद कदम दूरी का है। जहां गायत्री देवी पत्नी प्रेमचंद कसौधन दोमुंहा बाजार स्थित अपनी दुकान पर बैठी थी।तभी अचानक बाइक पर सवार आए व्यक्ति ने उनकी सोने की चेन खींच ली और फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से परिवार के लोग सहमे हुए हैं। वहीं इस मामले में कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में आया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## ब्लूबेल्ट का सर्टिफिकेट देकर दी शुभकामनाएं




**सुल्तानपुर।** पुलिस लाइन में अमीना बनो ताइक्वांडो एकेडमी में सीखने वाले बच्चे अलक़ाब खान को लखनऊ ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में मिला ब्लूबेल्ट का सर्टिफिकेट-2 पाकर अलक़ाब खान का खिला चहेरा।ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 का आयोजन लखनऊ में किया गया।जिसमें राज्य के हर जिले के एकेडमी से बच्चों ने भाग लिया इस दौरान सुल्तानपुर जिले के अलक़ाब खान को ब्लूबेल्ट का सर्टिफिकेट उत्तर प्रदेश के सेक्रेटरी राजकुमार जी के हाथों से दिया गया।और राजकुमार जी ने अलक़ाब खान को बेल्ट प्रमोट करके सम्मानित कर आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। राजकुमार जी ने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इसके साथ ही खेलों से धैर्य, सहनशीलता, टीम वर्क आदि गुणों का विकास होता है। ताइक्वांडो एक ऐसा खेल है, जिसमें आत्मरक्षा का कौशल तो आता ही है, जीवन में अनुशासन भी आता है, जो हमें एक गहरी नदी के समान शक्तिशाली और गंभीरता से अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की सीख देता है। इसलिए शेर की तरह खेलें और जीवन में अपनी मंजिलें तय करें। उन्होंने ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में सभी भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से अगले पायदान पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों के लिए समय सारणी निर्धारित

**बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भादद्वाज ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्य दशमोत्तर योजनान्तर्गत जनपद के शिक्षण संस्थानों में अध्यनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं का वित्तीय वर्ष 2023-24 में समयान्तर्गत परीक्षा परिणाम घोषित न होने एवं कतिपय अन्य कारणों से वंचित छात्रों को छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ दिया जाना है शासन द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। उन्होनें बताया कि छात्रों के स्तर से आवेदन को ठीक करने की तिथि 24 जुलाई 2024 तक है। ठीक किये गये आवेदन को जमा करने एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित कराने की तिथि 16 से 30 जुलाई 2024 तक है।

## विधायक ने निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया



**शिकोहाबाद।** आज ग्राम पंचायत जालौपुरा में काफी समय से जल भराव की स्थिति को देखते हुए शिकोहाबाद विधायक मुकेश वर्मा ने विधायक निधि से सीसी निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया निर्माण कार्य के शुभारंभ के अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रधान अवनीश चंद्र जी, देवेश प्रधान जी, सतीश चंद्र जी, पुष्पराज, मंगल सिंह ,हरिओम, भूरी सिंह, विमल कुमार, बेणीराम, एस0 एस0 यादव, मानिकचंद आदि लोगों के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## भारत युग जनता पार्टी की बैठक संपन्न

**शिकोहाबाद।** आज भारत युग जनता पार्टी की एक बैठक दुर्गेश नगर गली नं 3 जिलाध्यक्ष इश्तियाक अली के निवास पर सम्पन्न हुई इस मौके पर पार्टी के विस्तार एवं आगामी कार्यक्रम के बारे मै विस्तृत चर्चा की गई और पार्टी से निष्कासित कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियो की अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी गई जिलाध्यक्ष इश्तियाक अली ने कहा की एक महीने मे जिले के कार्यक्रम तैयार करके भारत युग जनता पार्टी को आगे बढाने का कार्य करेगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इश्तियाक अली शिवकुमार भटनागर ठा मोहन सिंह चौहान शराफत अली अंगद सिंह बारे लाल शाह फैजल मनोज कुमार यातेन्द्र कुमार राठौर गौरव अग्रवाल बृजेश भदौरिया संजय गुप्ता दीपक चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसानों ने सोमवार को रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा कर जताया विरोध

**रेलवे के दोहरीकरण में लगे भारी वाहनों से खेतों को जाने वाला रास्ता हुआ ध्वस्त**

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** रेलवे के दोहरीकरण का कार्य कर रही केपीटीएल कंपनी के भारी वाहन आने जाने से खेतों की तरफ जाने वाला रास्ता खराब होने से नाराज किसानों ने रास्ते में ट्रैक्टर आदि खड़ा करके विरोध जताया। किसानों का आरोप है कि जब भी रास्ता ठीक कराने के लिए कहा जाता है तो कंपनी के कर्मचारी किसानों को धमकाते हैं। भीमसेन जंक्शन से खैरार जंक्शन के बीच दोहरीकरण का कार्य करने वाली केपीटीएल कंपनी ने अपना कार्यालय कस्बे के स्टेशन से उत्तर दिशा में बना रखा है। यहीं से उनके भारी वाहन, पोकलैंड व मशीनरी आदि आती जाती है। रात दिन भारी वाहनों के आने-जाने से खेतों की तरफ जाने वाला रास्ता पूरी तरफ से ध्वस्त हो गया है।रास्ते मे बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। इससे किसान अपने खेतों की तरफ नहीं जा पा रहे हैं। इससे नाराज किसानों ने सोमवार को रास्ते में ट्रैक्टर आदि खड़े करके मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महामंत्री रणवीर सिंह लाला, कुलदीप सिंह, गप्पू सिंह,धुन्नी पांडेय,महतो पांडेय, बब्बू बाजपेई, परीक्षित वर्मा आदि ने बताया कि खरीफ की फसल की बुवाई करनी है। वह लोग एक माह से कंपनी से रास्ता बनवाने के लिए कह रहे है। आरोप लगाया कि कंपनी रास्ता न बनाकर किसानों को उल्टा धमकाती है। किसानों ने कहा कि अगर जल्द रास्ता नहीं बनाया जाता तो इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करेंगे। कंपनी के एचआर मैनेजर रोहित चौहान ने बताया कि भारी वाहनों से सामान आने-जाने से रास्ता खराब हुआ है।यहां पर एक सप्ताह का कार्य शेष है। कार्य समाप्त होते ही रास्ते की मरम्मत कराकर आवागमन लायक बना दिया जाएगा। किसानों के आरोपो को निराधार बताया।

## मुख्यालय स्थित महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा का टूटा हाथ

**हमीरपुर।** मुख्यालय स्थित रानी लक्ष्मी बाई तिराहे पर वीरांगना लक्ष्मीबाई की विशाल प्रतिमा स्थापित है। जिसका अचानक तलवार सहित सीधा हाथ टूट गया है। माना यह जा रहा है की किसी अराजकतत्व द्वारा या किसी अन्य कारण से यह हाथ टूटा है। प्रशासन ने प्रतिमा दुरुस्त कराने की कवायद शुरू कर दी है। बुंदेलखंड की आन बान और शान कहलाने वाली वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की एक विशालकाय प्रतिमा हमीरपुर मुख्यालय में लक्ष्मीबाई पार्क में स्थापित है। इस पार्क को सुसज्जित करने के लिए नगरपालिका ने बीते साल लाखों रुपया खर्च किया था। पार्क के रखरखाव की जिम्मेदारी नगरपालिका की है। लेकिन बीती रात पार्क में स्थापित लक्ष्मीबाई की प्रतिमा का तलवार सहित दाहिना हाथ टूट कर लटके हुए जब लोगों की नज़र इस पर पड़ी तो लोगों ने इसकी फोटो खींच कर वायरल करनी शुरू कर दी। फोटो वायरल होने पर प्रशासन जागा है और प्रतिमा को दुरुस्त किए जाने की कवायद शुरू कर दी गई है। प्रशासन का मानना है की बारिश की वजह से प्रतिमा का हाथ टूट गया है।

# सपा नगर अध्यक्ष सभासद से सिपाही ने की थाने में अभद्रता

**सभासद ने डीजीपी को भेजी शिकायत**

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** मुख्यमंत्री सहित पुलिस के आला अफसरों ने भले ही जन प्रतिनिधियों एवं आम लोगों से अच्छे बर्ताव के आदेश दे रखे हैं। लेकिन धरातल में ऐसा नहीं है। आज भी पुलिसकर्मी वर्दी का रौब झाड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। सोमवार को सुबह एक वाकया थाने में ऐसा ही घटित हुआ। यहां पर पहरे में तैनात सिपाही ने कस्बे के एक सभासद को धक्के मारकर बाहर कर दिया। सभासद ने मामले की शिकायत डीजीपी को भेजी है।

कस्बे के वार्ड संख्या एक के सभासद रामगोपाल बजाज सपा के नगर अध्यक्ष भी हैं। सभासद ने बताया कि वह सोमवार को सुबह करीब 9:00 बजे बीती रात हुए एक विवाद का निपटारा करने थाने गए गया था। बताया कि पुलिस ने एक पक्ष के तीन युवकों हिरासत में ले रखा था। लिहाजा वह हिरासत में मौजूद युवकों को पानी देने व बातचीत के लिए अंदर जाने लगा। इससे पहरे पर तैनात सिपाही शिवम तिवारी आग बबूला हो गए और वह मुझ सभासद को धक्का मार कर चैनल गेट से बाहर कर दिया। इस पर दूसरे पुलिसकर्मियों ने बताया कि यह सभासद है। तो इसके बावजूद सिपाही ने उसके साथ अभद्रता की और कहा कि होगा सभासद अंदर नहीं जाएगा। सभासद ने मामले की शिकायत डीजीपी को भेजी है। उधर सिपाही ने बताया कि सभासद के आरोप निराधार है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। वह मामले की जांच करके उचित कार्यवाही करेंगे।

## पति की प्रताड़ना से तंग नवविवाहिता फंदे पर झूली

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम बांकी में सोमवार को सुबह करीब 6:30 बजे एक नवविवाहिता ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर छत के कुंडे से फंदा लगाकर झूल गई। देवर ने जान जोखिम में डालकर उसे बचाया। पीड़िता के पिता ने पति, सास, ससुर, देवर के खिलाफ प्रताड़ित करने की तहरीर पुलिस को सौंपी है। पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है। कस्बे के बांकी मार्ग निवासी सुरेश यादव ने अपनी पुत्री आकांक्षा यादव (22) की शादी मई 2023 में बांकी गांव निवासी रामप्रसाद उर्फ बंदर यादव के साथ की थी। उसने बताया कि शादी के बाद से ही वह शराब पीकर अपने परिजनों के इशारे पर उसकी बेटी के साथ मारपीट करता था। रविवार की रात में भी उसने आकांक्षा को गाली गलौज कर जमकर पीटा था। पति की प्रताड़ना से तंग होकर आकांक्षा सुबह 6:30 बजे फंदे में झूल गई। लेकिन देवर रामप्रकाश ने जान जोखिम में डालकर पक्के मकान के गाले को तोड़कर कमरे के अंदर कूदा और भाभी को फंदे से उतरकर जान बचाई। विवाहिता के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर पति समेत अन्य ससुराली जनों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है।

# दहेज में बाइक के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**पीड़िता ने थाने में की शिकायत, पति समेत ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप**

अवधनामा संवाददाता

**राठ,हमीरपुर।** राठ कोतवाली क्षेत्र के टीकुर गांव में अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग पूरी न होने से नाराज ससुराल वालों ने महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट कर उसे प्रताड़ित करते हुए घर पर भगा दिया। घटना के बाद पीड़ित महिला ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। राठ कोतवाली क्षेत्र के टीकुर गांव की निवासी महिला रीता पत्नी पवन ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह बीते डेढ़ वर्ष पूर्व राठ कोतवाली क्षेत्र के टीकुर गांव के निवासी पवन के साथ हुआ था। बताया कि उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर उसे विदा किया था। विवाह के कुछ समय के बाद उसका पति पवन, सास रामकली, जेठ बृजेंद्र, जेठानी कीर्ति एवं नंद रेखा विवाह में कम दहेज मिलने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करते हुए उसे मारने पीटने लगे। उसका पति पवन सहित अन्य सभी उस पर बाइक लाने का दबाव बनाने लगे। बताया कि जब मैंने पिता की गरीबी का हवाला देकर बाइक देने में असमर्थता जताई। तो उसके पति ने शनिवार की रात को उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसके सभी जेवरात छीन लिए। पीड़िता ने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कराई जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** संचारी रोग नियंत्रण ध्दस्तक अभियान की द्वितीय समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी राहुल पांडे की अध्यक्षता में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपादित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी विभागवार रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने विभागीय उपलब्धि एवं मॉनिटरिंग फीडबैक में अंतर होने पर नाराजगी व्यक्त की व शेष समय में उपलब्धि हासिल करने हेतु प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया एवं समन्वय भाव से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा झाड़ियों की सफाई,बरसात के दृष्टिगत जल निकासी की समुचित व्यवस्था ,तथा शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग, एन्टीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाय। नालियों की सफाई अनिवार्य रूप से की जाय। आशा तथा ऑगनवाड़ी अपने दायित्वों का समुचित रूप से निर्वहन करे तथा लोगो को साफ-सफाई तथा संक्रमण जनित बीमारियों के प्रति जागरूक करें। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया जो सुअर पालन है उनको भी संक्रमण जनित बीमारियों के प्रति संवेदीकरण किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान में कार्य कर रहे सभी मॉनीटर को प्रत्येक ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारी को अपनी फीडबैक को सांय कालीन बैठक में प्रस्तुत करने को कहा व निर्धारित समय के अन्तर्गत लक्ष्य प्राप्त करने को कहा। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण व समस्त अपरध् उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी, मलेरिया व फाइलेरिया स्टाफ उपस्थित रहे।

## नगर पालिका व निकायों में समस्याओं का निस्तारण

**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में आज दिनांक-15 जुलाई 2024 को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 3, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बाजार में 2, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

# 12 घंटे के विशेष भियान में 174 अभियुक्त हुए गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सोमवार को डीआईजी आर पी सिंह ने बताया कि परिक्षेत्र मे जनपदों में चलाया गया 12 घंटे के विशेष अभियान के अन्तर्गत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा विवेचनाओं के निस्तारण में प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनपद मीरजापुर में 04 विवेचनाओं, जनपद सोनभद्र में 40 विवेचनाओं तथा जनपद भदोही में 01 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया, इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर पर कुल 45 विवेचनाओं का निरस्तारण किया गया । जनपद मीरजापुर में 14 वारन्टियों, जनपद सोनभद्र में 58 वारन्टियों तथा जनपद भदोही में 04 वारन्टियों, इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर पर कुल 76 वारण्टियों तथा 170 बी0एन0एस0एस एक्ट के अंतर्गत जनपद मीरजापुर में 38 अभियुक्तों, जनपद सोनभद्र में 28 व जनपद भदोही में 31 अभियुक्तों, इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर पर कुल 97 अभियुक्तों एवं जनपद सोनभद्र के 01 वांछित अभियुक्त सहित कुल 174 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। डी.आई.जी मीरजापुर द्वारा परिक्षेत्र के जनपदों में अपराध नियन्त्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रभावी कार्यवाही एवं पुलिस/ प्रशासन/ आबकारी की संयुक्त टीम से संवेदनशील, संदिग्ध व चिन्हित स्थानों एवं जनपदों की सीमा से लगने वाले अंतर्राज्जीय बार्डर बैरियरों पर दबिश देकर सतत् चेकिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कबरबिज्जू ने गुल कर दी ब्लॉक कार्यालय की बिजली

**भरुआ सुमेरपुर।** दो दिन के अवकाश के बाद ब्लॉक कार्यालय खुलने पर बिजली गायब थी। मनरेगा पटेल के कंप्यूटर रूम में बदबू आने पर देखा तो कबरबिज्जू बिजली के तारों के मध्य फंसा हुआ था। इससे पता चला कि इसी वजह से बिजली गुल है। बिजली न होने से पूरे दिन ब्लॉक के किसी पटल में कोई कार्य नहीं हो सका और ब्लॉक कर्मी पेड़ों की छांव तले बैठ रहे। गत शुक्रवार को ब्लॉक कार्यालय में शाम 5 बजे तक सब कुछ सामान्य था। शाम को सभी कर्मी कार्यालय बंद करके घरों को चले गए। दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को सुबह 10 बजे जब कार्यालय खुला तो बिजली गायब थी। अन्य संस्थानों में बिजली होने पर छानबीन हुई। मनरेगा पटल के कंप्यूटर कक्ष में बदबू आने पर सबसे पहले उसी को देखा गया। यहां पर एक कबरबिज्जू बिजली के तारों के मध्य मरा हुआ फंसा था। कर्मियों ने इसको निकाल कर बाहर फेंका। तब पता चल सका कि इसी की वजह से कार्यालय की बिजली गुल हुई है। सोमवार को कार्यालय की बिजली गुल होने से मनरेगा सहित किसी पटल में कोई कार्य नहीं हो सका। सभी कर्मी कार्यालय के बाहर बैठकर समय काटते रहे। एपीओ मनरेगा विकास चंद्र ने बताया कि बिजली फाल्ट हुई है। फाल्ट ढूंढा जा रहा है। जल्द ही कार्यालय की आपूर्ति बहाल होगी।

### डीएम-एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**मौदहा हमीरपुर।** इस समय मोहर्रम का महीना चल रहा है सोमवार को जिस की 8 तारीख थी और आज नौ मुहर्रम है जिस में रात को मौदहा में आग के अलावा खेला जाता है इन सब प्रोग्रामों की एहमियात और मौदहा की कागजी अति संवेदनशीलता के मद्देनजर सोमवार की शाम जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मौदहा में साफ सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के को चुस्त व दुरस्त रगनें के लिए माहतहतों को निर्देशित किया। दोनों आला अधिकारीयों नें नगर के दोनों इमाम चौको का किया निरीक्षण। इस मौके पर उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका तथा कोतवाली प्रभारी के अलावा भारी पुलिस बल मौजूद।

### चन्द्र विजय सिंह का सोनभद्र में कार्यकाल रहा सराहनीय



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह को आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद सोनभद्र से जनपद अयोध्या में जिलाधिकारी के रूप में स्थानान्तरण होने पर भाव भीनी विदाई दी गयी, इस अवसर पर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने उपस्थित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं में स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया है, जो व्यक्ति सरकारी सेवाओं में आया है, वह समय-समय पर स्थानान्तरित होते हुए एक दिन सरकारी सेवा एक-दूसरे स्थान पर जाता रहता है। जो अधिकारी व कर्मचारी काफी मेहनती और ईमानदार होते हैं, उनके स्थानान्तरण के फलस्वरूप बिदाई देते वक्त मन भावुक हो जाता है। जनपद-सोनभद्र में मेरे आखिरी दिन को इतना यादगार बनाने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद और जनपद सोनभद्र में आने के दिन से आप सभी ने जो मेरा सहयोग किया है, यह कड़ी हमारे लिए यादगार रहेगी।

## धर्मगुरूओं के साथ मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक



**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आगामी पवित्र श्रावण मास, मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत हिन्दू-मुस्लिम सम्प्रदाय के प्रमुख पदाधिकारियों व संगठनों तथा गणमान्य क्षेत्रीय धर्मगुरूओं के साथ की गयी, बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के प्रमुख पदाधिकारियों, संगठनों तथा क्षेत्रीय धर्मगुरूओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी पवित्र श्रावण मास दिनांक 22 जुलाई,2024 से आरम्भ होकर दिनांकः 19 अगस्त,2024 तक चलेगा, इस दौरान रक्षा बन्धन का त्यौहार भी मनाया जायेगा। श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार के साथ ही शिवरात्रि, मोहर्रम का पर्व भी मनाया जायेगा, श्रवण मास मे सोमवार पूजन का विशेष महत्व है, जिसमे सभी प्रमुख मन्दिरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होकर पूजा-अर्चना एवं जलाविषेक करते है।

श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार को जनपद में कांवर यात्रा भी निकाली जायेगी। आगामी पर्वो व त्यौहारों, मोहर्रम पर्व के दौरान जनपद में पारस्परिक सहयोग, सौहार्द्र एवं विधि व शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु हिन्दू-मुस्लिम समुदाय में आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत विशेष सतर्कता एवं समयान्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोग आपस में चाई-चारे के साथ हर्षोल्लास के साथ आगामी त्यौहारों को मनायेंगें, इस दौरान उन्होंने धर्मगुरूओं व सामाजिक संगठनों के लोगों से सीधा संवाद कर त्यौहार के दौरान आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं का ससमय निस्तारण करने के निर्देश भी दियें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी व विभिन्न सम्प्रदाय के पदाधिकारीगण व धर्मगुरू उपस्थित रहें।

# रेस्क्यू कर कुँए से बाहर निकालती फायर की टीम

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको रेनूसागर पावर डिवीज़न की जाबाज़ पेंटा सेफ फायर सर्विस टीम ने अदम्य साह्स,तत्परता व बहादुरी दिखाते हुए परासी लक्ष्मण नगर वार्ड न0 13 स्थित कुँए में देर शाम पैर फिसलने से गिरे दो युवको को घंटो मशक्क्त कर सुरक्षित बाहर निकल कर जान बचाई। अनपरा थाना क्षेत्र अर्नतगत वार्ड न0 13 लक्ष्मण नगर में स्थित घटना स्थल पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि 55 फ़ीट गहरे कुँए में गिरे युवक की जान बचाने के प्रयास में दूसरा युवक भी कुँए में गिर गया। घटना की सूचना नगर पंचायत अनपरा लक्ष्मण नगर के सभासद् राम नरेश यादव ने ग्रामीण विकास विभाग रेनूसागर के प्रभारी अनिल झा को दी। हिण्डालको रेनूसागर पावर डिवीज़न रेणुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के निर्देशन में फायर फाइटिंग की पेंटा सेफ टीम ने अपने आनन फानन में तीव्र गति से मौके पर पहुँच कर कुँए में गिरे परासी के दो युवको सूरज विश्वकर्मा पुत्र गंगा विश्वकर्मा एंव राम प्रकाश पुत्र स्व0 नानहू को अदम्य साह्स,तत्परता व बहादुरी दिखाते हुए रेस्क्यू कर मानवता की मिसाल पेश करते हुए सकुशल बाहर निकाला, इस तरह दोनो युवको की जान बचाई गई। वही नगर पंचायत के ग्रामीणों ने हिण्डालको रेनूसागर संसथान व फायर सर्विस टीम की भूरि-भूरि प्रसंशा की।फायर सर्विस पेंटा सेफ रेस्क्यू टीम में प्रमुख रूप से जितेन्द्र प्रजापति, दिलीप कुमार, देव चंद, अर्जुन,राम सिंह व सभाजीत यादव प्रमुख रूप से शामिल थे।

# शिक्षकों ने जुलूस निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

**अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर बुलंद की आवाज मुख्यमंत्री नामित सौंपा पत्र**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सोमवार को ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में संयुक्त शैक्षिक संगठन संघर्ष समिति के बैनर तले समस्त शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारी व हजारों शिक्षकों , शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों ने पूर्व से लंबित बाधित समस्याओं का निराकरण किये जाने एवं विभाग द्वारा परिषदीय शिक्षक/ शिक्षिकाओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए परिषदीय शिक्षक /शिक्षिकाओं से विद्यालय की पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन व डिजिटल( डिजिटल फेस छायांकन )उपस्थित कराए जाने संबंधी किस निर्देश के संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण अधीन शिक्षक शिक्षिकाओं की पूर्व से लंबित बाधित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के संबंध में प्रदेश संगठन एवं जनपद संगठन द्वारा अनेकों अनेक पत्र शासन एवं विभागीय उच्च अधिकारियों को उचित माध्यम से मांग पत्र प्रेषित कर संज्ञानित किया जा चुका है जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षक शिक्षिकाओं के कैशलेस चिकित्सा सुविधा( बिना प्रीमियम) स्थानांतरण पदोन्नति वेतन विसंगति विद्यालयों में लिपिक की नियुक्ति एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति की मांगे समस्याएं पूर्व से बाधित व लंबित हैं ,वही प्रदेश के शिक्षक शिक्षिकाओं का गंभीर मुद्दा पुरानी पेंशन बहाली की मांग सम्मिलित है,शासन विभाग एवं विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदेश के परिषदीय शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए प्रदेश के शिक्षक शिक्षकों से विद्यालय पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन व डिजिटल ऑनलाइन फेस छायांकन उपस्थित कराए जाने जैसे निर्देश जारी कर दिया गये जो कि प्रदेश के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ पूर्णतः अव्यवहारिक है वह माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐसा किया जाना व्यक्ति के निजता का हनन माना गया है ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में एवं अपनी बहुत समय से लंबित मांगों के संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय के सम्मुख विभिन्न शैक्षिक संगठनों ने उपस्थित होकर आज धरना दिया एवं जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के लिए ज्ञापन भेजा गया।

# शिक्षकों ने डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में दिया ज्ञापन

वहाज अली निहाल



**इटावा।** जनपद के परिषदीय शिक्षकों ने हजारों की संख्या में सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में प्रांतीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर डिजिटल अटेंडेंस के विरोध एवम अपनी मांगों के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने शिक्षकों की डिजिटल अटेंडेंस लेने से पहले कहा राज्य कर्मचारियों की भाँति परिषदीय शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा, जीवन बीमा, उपार्जित अवकाश (ई0एल0), हाफ डे आकस्मिक अवकाश सहित शिक्षकों की 22 सूत्रीय मांगों पूरा करने की घोषणा करनी चाहिए। शिक्षक हाजिरी पहले भी देते रहे हैं और आज भी हाजरी दे रहे तभी आज बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आया है। उन्होंने यह भी कहा की शिक्षक अपने निजी वाहन तथा पैदल यात्रा करके इस दुर्गम मार्गों में नदी, जलभराव, पगडंडी से होते हुए अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। शिक्षक प्रतिदिन 50-60 किमी तक अपने निजी साधनों से यात्रा करके विद्यालय पहुंचते हैं। शिक्षक प्रतिमास कभी न कभी विद्यालय में विलम्ब से पहुंचने की संभावना बनी रहती है। वर्तमान में भी शिक्षकों की समय से विद्यालय पहुंचने की प्रतिबद्धता के कारण जल्दबाजी में प्रत्येक माह कोई न कोई शिक्षक दुर्घटना के कारण काल के गाल में समा जाते हैं। इस प्रकार शिक्षक के साथ मानवीय दृष्टिकोण न रखकर शिक्षकों को रोबोट की भांति नियम लागू करना न्यायोचित नहीं है। वर्तमान में प्रदेश भर में मानसून के चलते अधिकांश रास्ते जलभराव से बाधित हैं। कहीं कहीं सड़के पानी में डूब गई हैं तो कहीं कहीं शिक्षकों के द्वारा नाव से विद्यालय पहुंचने की तस्वीरे सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आ रही हैं जिससे स्पष्ट होता है दुर्गम मार्गो पर भी बाधाओं को पार करते हुए भी शिक्षक विद्यालय पहुंच रहे हैं। ऐसी स्थिति में डिजिटल हाजिरी पूर्ण रूपेण अव्यवहारिक है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने कहा की शिक्षकों की समस्याओं की अनदेखी नहीं की जाएगी तथा ज्ञापन की मांगों को आज ही शासन तक भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि डिजिटल अटेंडेंस के आदेश को 22 जुलाई तक निरस्त नही किया जाता है तो शिक्षक 23 जुलाई कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी इटावा पर धरना देने को बाध्य होंगे जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व विभाग का होगा। ज्ञापन देने वालों में जिला संरक्षक ब्रजेश यादव, जिला मंत्री अजय तिवारी, मंजू भदौरिया, राजदा खातून, आफताब हुसैन, संयुक्त मंत्री मुकेश यादव, जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी, देवेन्द्र सिंह सोलंकी, उपेन्द्र कुमार वर्मा, संगठन मंत्री के0पी0शाक्य, अमित त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष रामविलास, जितेन्द्र यादव, गोविंद सिंह चौहान, राकेश यादव, विपिन मिश्रा, प्रद्युम्न कुमार, संजीव कुमार, रविन्द्र सिंह जिला आय व्यय निरीक्षक कौशल तिवारी, ब्लॉक मंत्री हरिमोहन राजपूत, अनुपम कौशल, राजेश चतुर्वेदी, शरद प्रभात, योगेन्द्र यादव, मानवेंद्र गोयल, दीपक कनौजिया, अवधेश यादव जिला संगठन मंत्री राजेन्द्र यादव, जिला प्रचार मंत्री सुशील यादव, तहसील प्रमुख अमरपाल सिंह, नीरज बॉबी, शिववीर सिंह कुशवाहा, महाराज सिंह, सुनील कश्यप, नितिन यादव, महिला जिला संयोजक जौली शाक्य, सह संयोजक संजू शंखवार, शशिप्रभा राजपूत, राधा यादव, नंदकिशोर शाक्य, आरती सिंह अध्यक्ष संघर्ष समिति चकरनगर विजयपाल, सुशील कुमार, सत्यदेव आजाद आदि रहे।

# एसएमजीआई में बाँटे गये टैबलेट



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन्स के सभागार में बी फार्मा तथा एमबीए के 2022-23, 24 पास छात्रों को डिजी शक्ति के तहत उत्तर प्रदेश में अध्ययनतर युवाओं के तकनीकी कौशल विकास हेतु स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण अभियान के तहत टैबलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ एसएमजीआई के डायरेक्टर डा उमा शंकर शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के डिजी शक्ति प्रोग्राम के बारे में छात्रों को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि, यह टैबलेट आपके छात्र जीवन में बहुत महत्वपूर्ण डिवाइस है इसकी सहायता से आप पढ़ाई में मदद के साथ रोजगार की जानकारी भी प्राप्त कर सकते है और देश दुनियां की तकनीकी की जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि, प्रत्येक वस्तु का उपयोग दुरपयोग होता है अब यह आप पर निर्भर है कि आप इस टैबलेट का क्या और कितना उपयोग अपने भविष्य निर्माण में करेंगे। कालेज के एमबीए तथा बी फार्मा के छात्रों को कालेज के डायरेक्टर डा उमा शंकर शर्मा द्वारा कुल 120 टैबलेट वितरित किए गए। जिनमे एम बी ए के छात्रों को 19, बी फार्मा के छात्रों को 112 वितरित किए गए। छात्र छात्राएं भी टेबलेट पाकर बेहद ही खुश दिखाई दिए उन्होंने इसके लिए संस्थान सहित सरकार की योजना को विशेष धन्यवाद दिया। इस अवसर पर एसएमजीआई के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने सभी छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम होने शुभकामनायें देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एसएमजीआई के समस्त शिक्षकगण सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

# मुख्यमंत्री ने की कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा

## नियोजित प्रयासों से प्रदेश के कर-करेत्तर राजस्व संग्रह में सतत वृद्धि हो रही: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो



- वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में विविध माध्यमों से अब तक 51 हजार करोड़ रु. से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई
- यह जनता से एकत्रित राशि, जो प्रदेश के विकास, जनता के हित और लोककल्याणकारी कार्यों में व्यय होगी
- राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए हमें नए स्रोत बनाने चाहिए, नियमों को सरल बनाएं, तकनीक को अपनाएं और रिफॉर्म करें

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जी.एस.टी., वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीयन, परिवहन, भू-राजस्व और ऊर्जा में राजस्व संग्रह के लक्ष्य, उसके सापेक्ष प्राप्तियों का विवरण प्राप्त किया और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियोजित प्रयासों से प्रदेश के कर-करेत्तर राजस्व संग्रह में सतत वृद्धि हो रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में विविध माध्यमों से अब तक 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है। इसमें जी.एस.टी./वैट से लगभग 28 हजार करोड़ रुपये, एक्साइज टैक्स के रूप में 12 हजार करोड़ रुपये, स्टाम्प एवं पंजीयन से 7500 करोड़ रुपये, परिवहन से 03 हजार करोड़ रुपये, ऊर्जा से 733 करोड़ रुपये और भू-राजस्व के रूप में 114 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह हुआ है। यह स्थिति संतोषजनक कही जा सकती है। यह जनता से एकत्रित राशि है, जो प्रदेश के विकास, जनता के हित में और लोक कल्याणकारी कार्यों में व्यय होगी।

प्रदेश में अपार सम्भावनाएं हैं। लगातार प्रयासों से आज प्रदेश में 31 लाख से अधिक जी.एस.टी. पंजीकृत व्यापारी हैं। इस संख्या को और बढ़ाया जाना चाहिए। राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए हमें नए स्रोत भी बनाने चाहिए। नियमों को सरल बनाएं, तकनीक को अपनाएं और रिफॉर्म करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व की चोरी राष्ट्रीय क्षति है। जी.एस.टी. की चोरी/अपवंचन की कोशिशों को रोकने के लिए सजगता बढ़ाये जाने की जरूरत है। राज्य कर विभाग की विशेष अनुशासनिक इकाइयों और सचल दल इकाइयों की सक्रियता और बढ़ाये जाने की जरूरत है। यद्यपि हाल के समय में इनकी सजगता से कर चोरी/अपवंचन पर प्रभावी रोक लगाने में सफलता मिली है। इसके बावजूद कार्यशैली को और बेहतर करने की जरूरत है। इनके लिए टारगेट तय करें और प्रदर्शन की रिपोर्ट प्रत्येक माह मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

अवैध मदिरा/कच्ची शराब बनाने और बेचने की गतिविधियों को बंद करने में हमें सफलता मिली है। ऐसी गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही जारी रखी जानी चाहिए। दूसरे प्रदेशों से अनधिकृत मदिरा प्रदेश में न आने पाए। इसके लिए हर समय एक्टिव रहना होगा। राजस्व संग्रह लक्ष्य के सापेक्ष आबकारी विभाग द्वारा और बेहतर प्रयास किया जाना अपेक्षित है।

नोएडा/ग्रेटर नोएडा में बिल्डर-बायर्स के बीच समस्याओं का समाधान तेजी के साथ किया जाए। हमें हर एक बायर के हितों की सुरक्षा करनी है। बायर को उसके फ्लैट की रजिस्ट्री समय से मिलनी चाहिए। इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# पूरे देश-दुनिया ने देखा कि टैम्पो वाले के पास कौन गया: अजय राय

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों को सपने में राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, महासचिव प्रियंका गांधी के साथ हमारे कार्यकर्ता और पूरी सेना दिख रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के वक्त मोदी जी ने कहा था कि टैम्पो में भर-भर नोट कांग्रेस व राहुल गांधी के पास भेजे जा रहे हैं। कल पूरे देश-दुनिया ने देखा कि टैम्पो वाले के पास कौन गया। टैम्पो वालों ने किसे पैसा भेजा और कौन-कौन लोग जश्न में शामिल हुए। हमारे नेता राहुल गांधी देश के गरीब और साधारण लोगों के बीच काम कर रहे हैं। हमें ऐसे नेता पर गर्व है। श्री राय सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। शिक्षण संस्थानों को संघ का केन्द्र बना रही भाजपा श्री राय ने भाजपा पर शिक्षण संस्थानों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कहते हैं कि हमारी पार्टी अन्य पार्टियों से अलग है। भाजपा जितने भी कार्यक्रम कर रही है वह सभी विश्वविद्यालयों के अन्दर हो रहे हैं। चाहे राम मनोहर लोहिया विवि लखनऊ हो या वाराणसी में काशी विद्यापीठ। उन्होंने कहा कि आईटी बीएचयू की छात्रा के साथ बलात्कार की घटना हुई, जिसमें भाजपा आईटी सेल अध्यक्ष, महासचिव, सचिव और भाजपा पदाधिकारियों ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। बीएचयू के अंदर गेस्ट हाउस में विद्यार्थी परिषद के लोग किसी सांसद या विधायक के नाम पर रहते हैं। उसमें संघ प्रचारक और विद्यार्थी परिषद के लोग शाखा लगवाते हैं और दो-तीन दिन बाद नाम बदल कर दूसरे सांसद या विधायक के नाम अगली बुकिंग की जाती है। नड्डा के हिसाब से अनपढ़ कर रहे महंगाई-बेरोजगारी की बात श्री राय ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के महंगाई-बेरोजगारी अनपढ़ लोगों को दिखने के बयान पर कहा कि उनके हिसाब से जो लोग महंगाई-बेरोजगारी की बात कर रहे हैं वह सभी अनपढ़ हैं।

गुजरात के एक होटल में कुछ भर्तियां निकलने पर हजारों आवेदनकर्ता पहुंचते हैं, जिससे व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाती है। इसी गुजरात मॉडल के जरिए विकास का डंका बजाने की बात कही गयी थी। आईएलओ की रिपोर्ट के अनुसार 100 बेरोजगारों में 83 युवा हैं और प्रदेश की हालत सबसे बुरी है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा उच्च ब्याज दरों के साथ बॉब मानसून धमाका जमा योजना का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) भारत का एक अग्रणी बैंक ने आज बॉब मानसून धमाका जमा योजना के शुभारंभ की घोषणा की, जो उच्च ब्याज दरों की पेशकश करने वाला एक विशेष सावधि जमा उत्पाद है। बॉब मानसून धमाका जमा योजना दो अवधि में उपलब्ध हैं - 399 दिन जिसमें प्रतिवर्ष 7.25 प्रतिशत ब्याज दर एवं 333 दिनों के लिए प्रतिवर्ष 7.15 प्रतिशत ब्याज दर प्रदान किया जाता है। यह योजना जुलाई 15, 2024 से आरंभ हो रही है एवं रु. 3 करोड़ से कम के रिटेल जमा पर लागू होगा।

वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज दर प्राप्त होगी - 399 दिनों के लिए प्रतिवर्ष 7.75 प्रतिशत एवं 333 दिनों के लिए प्रतिवर्ष 7.65 प्रतिशत ; इसके साथ ही नॉन-कॉलेबल जमा पर 0.15 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज ( रु.1 करोड़ से अधिक एवं रु. 3 करोड़ से कम की न्यूनतम रिटेल जमा पर लागू) बॉब मानसून धमाका जमा योजना के अंतर्गत 399 दिनों के लिए प्रतिवर्ष अधिकतम 7.90 प्रतिशत ब्याज दर की पेशकश करती है। जिसके अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष अतिरिक्त 0.50 प्रतिशत एवं नॉन कॉलेबल जमा पर 0.15 प्रतिशत ब्याज शामिल है। एनआरई ग्राहक 399 दिनों वाले बॉब मानसून धमाका जमा योजना एवं नॉन कॉलेबल जमा पर रु. 2 करोड़ से कम का लाभ ले सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री संजय मुदालियर ने अवगत कराया कि बैंक ऑफ बड़ौदा को बॉब मानसून धमाका जमा योजना के शुभारंभ की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है, जिसके अंतर्गत ग्राहक अपनी बचत पर अधिकतम ब्याज दर अर्जित कर सकते हैं। यह दो अवधि में से चयन करने का अवसर भी प्रदान करता है। यह ग्राहकों के लिए उनकी जमा राशि पर उच्च ब्याज दर अर्जित करने का सुनहरा अवसर है। बॉब मानसून धमाका जमा योजना ऑनलाइन के माध्यम से या बैंक की किसी भी शाखा में जाकर खोला जा सकता है।

# मर्सिया ख्वानी का सिलसिला जारी



इमाम बाड़ा नाज़िम साहब में इदारे तहफ़्फ़ुज़ ए मर्सिया ख्वानी के ज़ेरे एहतेमाम बा उन्वान अहले बैत अस की पसंदीदा ज़ाकिरी मर्सिया ख्वानी का सिलसिला जारी है।
आज आठ मुहर्रम की मजलिस को जानशीन रविश लखनवी आली जनाब फैज़ बाक़र ने हज़रत अब्बास अस के हाल का मर्सिया अपने मख़सूस अंदाज में पढ़ा। कल की मजलिस को अहसन सईद आब्दी ख़िताब फरमाएंगे।

**आठ मुहर्रम की मजलिस में पढ़े जाने वाले बंद**
**ख़ेमे की सिम्त रुख़ को फिराए था वह बसीर**
**मक़सद ये था कि देख ले आक़ा को ये हक़ीर**
**फ़ौजे हटा के आ गए शब्बीर ने नज़ीर**
**भाई का हाल देख के होते थे अश्क गीर**
**ऐसा कभी कसी को न भाई मिला हुसैन**
**आँखों में तीर दिल में सिनांलब पे या हुसैन अस**

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मोहर्रम जुलूस के गलत तरीके को लेकर एफआईआर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मोहर्रम जुलूस को गलत तरीके से वायरल करने के विरोध में शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने सोमवार को चौक कोतवाली पहुंच कर एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दी। मौलाना ने मोहर्रम जुलूस में गलत तरीके से वीडियो वायरल करने वाले अली तय्यब के खिलाफ तहरीर देते हुए कहा कि जुलूस मोहर्रम का है, लेकिन जो वीडियो डाली गयी है वह आस्था के विपरीत है। मौलाना ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कुछ लोग फितना फैलाना चाहते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए। पुलिस ने मौलाना को एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया। मौलाना ने कहा कि अगर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गयी तो हम दूसरे विकल्प अपनाएंगे।

# ऐतिहासिक जुलजना और झूला हज़रत अली असगर अलैहिस्सलाम का जुलूस हुआ बरामद



**जौनपुर/लखनऊ।** जौनपुर का 8 मोहर्रम का ऐतिहासिक जुलूस इमामबाड़ा नाज़िम अली खां शिया कॉलेज रोड मंडी नसीब खान से अपने पारंपरिक तरीके से निकला।मजलिस में 3 अलग अलग सोजख्वान जनाब महताब साहब,जनाब गौहर अब्बास साहब,मेंहदी ज़ैदी साहब के हमनवाओं ने अपने सलाम और मरसिए बारगाह मजलूमे करबला में पेश किया।मजलिस को वैज्ञानिक और खतीबे अहलेबैत जनाब डॉक्टर सैयद कल्बे रज़ा साहब ने खिताब किया।बाद ख़त्म मजलिस शबीहे जुलजना और झूला हज़रत अली असगर अलैहिस्सलाम बरामद हुआ।हजारों की तादाद में आजादरों ने मजलिस में शिरकत और जियारत किया।मजलिस में संचालन तालिब ज़ैदी ने किया।इस मौक़े पर मुख्य रूप से जनाब शाहिद हुसैन,जनाब तौक़ीर हुसैन,जनाब मुर्तुजा हसनैन खान एडवोकेट, मिर्जा जावेद सुलतान,अकबर आब्दी, कासिम आब्दी,अल्हाज सैयद शबाब रज़ा ज़ैदी ( मुतवल्ली ) ,पूर्व सभासद शाहिद मेंहदी,निहाल हुसैन,डॉक्टर मेहर अब्बास,हसनैन क़मर,नजमी रिजवी,कलीम अब्बास ज़ैदी,खादिम अब्बास रिजवी मौजूद थे।

# आठवीं मोहर्रम का दिन हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भाई व लश्करे हुसैनी के अलमदार हजरत अब्बास (अ.स.) से मंसूब है

अवधनामा ब्यूरो











**आठवीं मुहर्रम पर गोलागंज मक़बरे के बाहर छुरियों का मातम व सीनाज़नी करते मातमदार**

**लखनऊ।** आठवीं मुहर्रम पर गोलागंज मक़बरे के बाहर छुरियों का मातम व सीनाज़नी करते मातमदार। रंभ की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है, जिसके अंतर्गत ग्राहक अपनी बचत पर अधिकतम ब्याज दर अर्जित कर सकते हैं। यह दो अवधि में से चयन करने का अवसर भी प्रदान करता है। यह ग्राहकों के लिए उनकी जमा राशि पर उच्च ब्याज दर अर्जित करने का सुनहरा अवसर है। बॉब मानसून धमाका जमा योजना ऑनलाइन के माध्यम से या बैंक की किसी भी शाखा में जाकर खोला जा सकता है। लखनऊ विक्टोरिया स्ट्रीट पर आठवीं मुहर्रम को हज़रत अब्बास की शहादत के अवसर पर शिया हुसैनी फण्ड की सबील पर नज़्र देते आयतुल्लाह हमीदुल हसन व अन्य उलेमा। मुहर्रम के जुलूस की वीडियो पर आपत्तिजनक नारे लगाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर माहौल ख़राब करने वाले व्यक्ति पर कार्यवाही किए जाने को चौक कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे मौलाना सैफ़ अब्बास नक़वी। लखनऊ आठवीं मुहर्रम पर गोलागंज मक़बरे के बाहर छुरियों का मातम व सीनाज़नी करते मातमदार।

**इमामबाड़ा नाजिम साहब में हुई मर्सिये की मजलिसः इमामबाड़ा नाजिम साहब में मर्सिये की मजलिस में फैज बाकर ने हजरत अब्बास (अ.स.) के हाल का मर्सिया अपने मख़सूस अंदाज में पढ़ा- ख़ेमे की सिम्त रुख़ को फिराए था वह बसीर,मकसद ये था कि देख ले आका को ये हकीर,फौजे हटा के आ गए शब्बीर ने नजीर,भाई का हाल देख के होते थे अश्क गीर,ऐसा कभी किसी को न भाई मिला हुसैन, आंखों में तीर दिल में सिनांलब पे या हुसैन।**

**लखनऊ।** आठवीं मोहर्रम दिन हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भाई व लश्करे हुसैनी के अलमदार हजरत अब्बास (अ.स.) से मंसूब है। सोमवार को उलमा ने मजलिसों में उनकी दर्दनाक शहादत को बयान किया, वही उनकी याद में जगह-जगह अलम की जियारत कराई गयी। दरगाह हजरत अब्बास सहित घरों में उनकी की नज्र दी गयी। तो विक्टोरिया स्ट्रीट पर सजे विशाल दस्तरखान। हजरत अब्बास (अ.स.) वह शख्सियत हैं जिन्होंने इमाम हुसैन (अ.स.) की गोद में आंखे खोली। वह तमन्ना-ए-अली और वफाओं का समन्दर हैं। कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन (अ.स.) ने हजरत अब्बास (अ.स.) से कहा अब्बास तुमने हमेशा मुझे आका कहा है एक बार भय्या कहकर पुकारों, यह सुनकर अजादारों में कोहराम मच गया। आज विक्टोरिया स्ट्रीट अजादारी स्ट्रीट लग रहा था जहां देर रात तक मातमदारों की भीड़ रही। आज मजलिसों के बाद जहां जबदस्त सीनाजनी की गयी।

इमामबाड़ा गुफरामाआब चौक में मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम (स.) की हदीस है कि अली (अ.स) हक के साथ और हक अली (अ.स) के साथ है, फिर आपने दुआ करते हुए खरमाया, परवरदिगार हक़ को उधर उधर मोड़ दे जिधर अली जाएं। इस हदीस से ये मालूम होता है जहां अली (अ.स) हैं हक वही हैं और जो अली (अ.स) से आगे बढ़ जाये वो बातिल है क्योकि हक अली (अ.स) के पीछे है। रसूल अल्लाह (स.) के जमाने में हम जिक्रे अली (अ.स) के जरिये मोमिन और मुनाफिक की पहचान करते थे, इसलिए आज भी मोमिन और मुनाफिक की पहचान के लिए अली (अ.स) का जिक्र कसौटी है।

इममाबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब चौक में मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि अहलेबैत की मिसाल उस चिराग कि तरह है जो रास्ते मे रौशनी का काम करता है। अब अगर किसी को जन्नत में जाना है तो विलायत की रौशनी मे जाना होगा। कुरान को समझना है तो विलायते अली की रौशनी मे समझना होगा तभी किताबे खुदा समझ मे आएगी।

इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि मौला अली (अ.स.) की अदालतों का कोई जवाब नहीं था। उनकी अदालत में हर किस्म के फैसले आते थे। उन्होंने रसूल (स.) की जिंदगी में उनके हुक्म से तमाम फैसले किये। जब उनकी हुकूमत नहीं रही तब भी लोग उन्ही के पास फैसला कराने आते थे।

मकबरा सआदत अली खां हजरतगंज में मौलाना कमर हैदर ने कहा कि कर्बला में हजरत इमाम हुसैन के चाहने वालों ने उनकी एक आवाज पर लब्बैक कहते हुए हाजिर हुए और शहादत दी। जिन लोगों ने कर्बला में इमाम हुसैन (अ.स.) की मोहब्बत में इंसानियत और मानवता के लिए शहादत दी उनका नाम रहती दुनिया तक बाकी रहेगा। बाकी जो सच्चाई और मानवता के खिलाफ थे वह कर्बला के मैदान में ही मिट गए थे और उन्हें कभी याद नहीं किया जाएगा।

इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने कहा कि हजरत अली अलैहिस्सलाम ने अपने दौरे हुकूमत में ऐसी मिसाली हुकूमत कायम की जिसमें अदल और इंसाफ कायम था। कर्बला की घटना समस्त मानवता के लिए सीख है। अगर कर्बला की एतिहासिक घटना से मिलने वाले पाठों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक स्थानांतिरत की जाये तो पूरी मानवता को उससे लाभ मिलेगा।

कर्बला अजमतुद्दौला बहादर मेंहदीगंज में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना फिरोज अब्बास ने कहा कि जमाना सदियों से इमाम की अजादारी को मिटाने की कोशिक करता आ रहा है लेकिन इसे खत्म करने की कोशिक करने वाले खत्म हो गये लेकिन इमाम की अजादरी बढ़ती ही जा रही है।

रौजाए जैनबिया टिकैत राय तालाब में मौलाना तकी रजा ने कहा कि कर्बला जो है हमारे लिए हक और इंसाफ की आवाज बुलन्द करने वाली है। हजरत इमाम हुसैन की शिक्षा ये सिखाती है कि जुल्म के आगे न झुको भले ही सर कट जाए।

हुसैनी इमाम बारगाह अलीगंज में मौलाना इब्राहीम कुम्मी ने कहा कि इस्लाम गदीर में मुकम्मल हुआ और कर्बला में महफूज हुआ। अगर हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम कर्बला के मैदान में अपनी व अपने साथियों की कुर्बानी नहीं देते तो आज इस्लाम न होता।

**हुई नज्रें सजे विशाल दस्तरखांनः** हजरत अब्बास (अ.स.) की याद में घरों-घरों शीरमाल-कवाब और कवाब-पराठों पर नज्र की जाती है। महिलाओं ने मौला अब्बास की नज्र के लिए घरों में कवाब-पराठा बनाया वहीं बाजार से शीलमालों की खरीदारी की गयी। और नज्रों का आयोजन किया गया। इसके अलावा विक्टोरिया स्ट्रीट पर विशाल दस्तरखांन भी किये गये जहां लोगों ने नज्र चखी।

**नंगे पैर मजलिसों में हुए शामिलः** कर्बला के गम में डूबे अजादार कल से नंगे पैर मजलिसों में शिरकत कर रहे हैं यह सिलसिला दसवीं मोहर्रम तक जारी रहेगा। आठवीं मोहर्रम पर आज विक्टोरिया स्ट्रीट अजादारी स्ट्रीट लग रहा था जहां देर रात तक मातमदारों की भीड़ रही। अजादार जमीन पर बैठकर मजलिसें सुन रहे हैं।

**जुलूस-ए-शबे आशूर आजः** कर्बला के शहीदों की याद में मंगलवार को इमामबाड़ा नाजिम साहब विक्टोरिया स्ट्रीट से नौवीं मोहर्रम पर जुलूस-ए-शबे आशूर अलम का जुलूस निकाला जाएगा। इससे पूर्व मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी रात 9 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। जुलूस यहां से निकल कर विभिन्न रास्तों होता हुआ दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) जायेगा।

# रवायती अंदाज में निकला जुलूस



**जौनपुर/लखनऊ।** अय्यामे अजा माहे मोहर्रम की आठ तारीख सोमवार को मोहर्रम का ऐतिहासिक जुलजनाह और हजरत अली असगर के झूले का जुलूस अपने रवायती अंदाज में निकाला गया। मण्डी नसीब खान स्थित इमामबाड़ा नाजिम अली खां से निकले जुलूस से पहले हुई मजलिस को डॉ. कल्बे रजा ने खिताब किया। मजलिस को खिताब करते हुए उन्होंने इमाम हुसैन के छह महीने के मासूम पुत्र जनाबे अली असगर की शहादत का जिक्र किया तो अजादार बेकरार हो उठे। इससे पहले महताब, गौहर अब्बास और मेहदी जैदी ने अपने साथियों के साथ सलाम और मर्सिया किया। मजलिस के बाद जुलूस निकाला गया, जिसमें शामिल जुलजनाह और हजरत अली असगर की निशानी झूले की अकीदतमंदों ने जियारत कर दुआएं मांगी। मजलिस और जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। मजलिस का संचालन इस्हाक हुसैन तालिब जैदी ने किया। इस मौके पर शाहिद हुसैन, तौकीर हुसैन, मुर्तजा हसनैन खान एडवोकेट, मिर्जा जावेद सुल्तान, अकबर आब्दी, कासिम आब्दी, हाजी शबाब रजा जैदी, पूर्व सभासद शाहिद मेहदी, निहाल हुसैन, डॉ. मेहर अब्बास, हसनैन कमर, नजमी रिजवी, कलीम अब्बास जैदी, खादिम अब्बास रिजवी सहित अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जुलूस ए अलमे फातेह फुरात

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भाई व लश्करे हुसैनी के अलमदार हजरत अब्बास (अ.स.) की दर्दनाक शहादत की याद में सोमवार को गोमती नदी किनारे स्थित दरियावाली मस्जिद से %जुलूस अलम-ए-फातेह फुरात निकाला गया। जुलूस इमामबाड़ा गुफरांमाब चौक पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये थे। जुलूस से पूर्व मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि जब भतीजी शहजादी जनाबे सकीना (स.अ.) प्यास से बेहाल हो गयीं, तो चचा हजरत अब्बास (अ.स.) से यह बर्दाश्त न हुआ। वह अलम व मशक लेकर घोड़े पर सवार होकर पानी लाने नहरे फुरात गये। जहां उन पर यजीदी फौज ने तीरों की बारिश कर दी और उनको शहीद कर दिया। यह सुनकर मजलिस में कोहराम मच गया। मजलिस के बाद मस्जिद से जैसे अलम बाहर आया तो पूरा माहौल या सकीना... या अब्बास... की सदाओं से गूंज उठा। जुलूस बड़ा इमामबाड़ा, नीबू पार्क होता हुआ चौक स्थित इमामबाड़ा गुफरांमआब पहुंचा। हजरत अब्बास (अ.स.) के अलम की जियारत करने वालों की जुलूस मार्ग पर जबरदस्त भीड़ थी। हजारों पर्दानशीन महिलाएं अलम की जियारत करने के लिए अपने बच्चों के साथ जुलूस का इंतजार कर रहीं थी। जुलूस के दौरान रास्ते में जगह-जगह लोग अलम पर फूलों के सेहरे व हार चढ़ाकर अपनी नजराने अकीदत पेशकर रहे थे। जुलूस के आगे अलम-ए-फातेह फुरात का बैनर था। बैनर के पीछे लोग जलती मशाले लिए थे। अजादार या सकीना, या अब्बास के नारों के बीच जोरदार सीनाजनी करते हुए चल रहे थे। इससे पूर्व मस्जिद में अलम सजने के बाद लोग अपनी मन्नते बढ़ाने वहां पहुंचे और नज्र दी।